वार्षिक रिपोर्ट

2019-20

विकासशील
परिवर्तनशील
उत्थानशील

बी एच ई एल
BHEL

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

बीएचईएल– ऊर्जा एवं उद्योग क्षेत्र में राष्ट्र को आत्मनिर्भर बना रहा है

परिचय

भारत का अपनी तरह का सबसे बड़ा इंजीनियरिंग और विनिर्माण उद्यम है

भारतीय कैपिटल गुड्स उद्योग में **दूसरा सबसे बड़ा नियोक्ता**

53% हिस्सेदारी के साथ देश की कुल स्थापित पारंपरिक विद्युत उत्पादन क्षमता में **शीर्ष योगदानकर्ता**

अखिल भारतीय उपस्थिति: **16 विनिर्माण इकाइयां; 8 सेवा केंद्र**

प्रस्ताव

बिजली– थर्मल, हाइड्रो, गैस, परमाणु और सौर पीवी

परिवहन

ट्रांसमिशन

रक्षा और एयरोस्पेस

तेल और गैस

उद्योग

ऊर्जा भंडारण

जल

उपस्थिति



देश के सभी राज्यों और 6 केंद्र शासित प्रदेशों में **452 कोयला, 420 हाइड्रो, 102 गैस, 12 परमाणु और 45 मेगावाट स्केल ग्रिड कनेक्टिड सोलर पीवी** प्लांट

सभी **6 बसे हुए महाद्वीपों** के 84 देशों तक पहुँच

ऊर्जा, उद्योग और अधोसंरचना क्षेत्रों के विभिन्न समाधानों का एकल स्रोत

एक प्रतिभाशाली और कुशल कार्यबल द्वारा समर्थित भारतीय विद्युत संयंत्र उपकरण निर्माताओं के बीच निर्विवाद शीर्ष स्थान

विश्व स्तरीय प्रौद्योगिकी और अत्याधुनिक संसाधन

भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास तथा नवाचार पर सबसे अधिक निवेश

एक नए बीएचईएल के निर्माण हेतु परिवर्तन पर ध्यान केंद्रित करना

कोरोना चुनौती का सामना !

देश की कोविड–19 महामारी से लड़ाई में योगदान करते हुए, बीएचईएल की इकाइयों ने कई अभिनव डिसइंफेक्शन मशीनों का निर्माण किया, जो कोरोना वायरस के प्रसार को नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण कदम था।

बीएपी रानीपेट ने भेल मिस्टर बनाया, जो कस्बों और शहरों को बड़े पैमाने पर सेनेटाइजेशन के लिये एक स्प्रे असेंबली है। रानीपेट प्रशासन द्वारा इसका व्यापक स्तर पर उपयोग किया गया है।

इसे अन्य विनिर्माण इकाइयों द्वारा अपने आसपास के क्षेत्रों में सेनेटाइजेशन के लिए प्रयोग किया गया है। देश के विभिन्न भागों में अब तक 130 से अधिक सेटों की आपूर्ति की जा चुकी है।

हीप हरिद्वार ने इनडोर क्षेत्रों के सेनेटाइजेशन के लिए सीएसआईआर के साथ मिलकर एक इलेक्ट्रोस्टैटिक कीटाणुनाशक स्प्रे मशीन का निर्माण किया।

राष्ट्रीय स्तर पर कोरोना के विरुद्ध युद्ध में योगदान करने के लिए, बीएचईएल के कर्मचारियों ने पीएम–केयर्स फंड में 15.72 करोड़ रुपये का योगदान किया।

बीएचईएल नोवेल कोरोनावायरस के प्रसार को रोकने और कर्मचारियों, सहयोगियों और अन्य हितधारकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सभी उपाय कर रहा है।

विषय सूची

वार्षिक समीक्षा 4

- शेयरधारकों को पत्र 4
- बीएचईएल का नेतृत्व 8
- वर्ष पर एक नजर 14

कॉर्पोरेट प्रोफाइल 16

- बीएचईएल के बारे में 16
- अखिल भारतीय उपस्थिति 20
- बीएचईएल की दुनिया 22
- उत्कृष्टता का सम्मान 24

बोर्ड की रिपोर्ट 26

- प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण 32
  - व्यवसाय क्षेत्रों की रूपरेखा और कार्य निष्पादन 34
  - वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण 60
- कॉर्पोरेट अभिशासन 74
- सतत विकास 115
- व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 132
- अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकीय प्रगति 140

वित्तीय सांख्यिकी 162

- एकल वित्तीय विवरण 164
- समेकित वित्तीय विवरण 238

अतिरिक्त जानकारी 322

- वित्तीय निष्पादन प्रवृति 323
- वर्षवार पूंजी व्यय 324
- लाभांश वितरण नीति 325
- बीएचएल के उत्पादों की सूची 327
- शब्दावली 334

सूचना 339

शेयरधारकों को पत्र

प्रिय शेयरधारको,

अपने बहुमूल्य शेयरधारको को 56वीं वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। इस समय पूरी दुनिया कोविड–19 महामारी के संकट से जूझ रही है, जिसका दुनिया भर के समाजों, अर्थव्यवस्थाओं और व्यवसायों पर दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। पूरे विश्व के जीडीपी की विकास दर में गिरावट और ताप विद्युत परियोजनाओं के ऑर्डर में कमी के कारण व्यावसायिक वातावरण पहले से ही चुनौतीपूर्ण बना हुआ था, कोविड–19 महामारी ने इसे और जटिल बना दिया है। अब जब दुनिया ने धीरे–धीरे इस अभूतपूर्व संकट की स्थिति को स्वीकार कर लिया है, तो हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम इस 'नए सामान्य' के साथ तालमेल बैठाएं और खुद को उसके अनुसार ढालें।

कोविड से निपटने की कार्रवाई और योगदान

आपकी कंपनी ने कोविड 19 की परिस्थिति से निपटने के लिए विभिन्न कदम उठाए हैं और अपने स्टेकहोल्डरों पर इसके प्रभाव को कम से कम करने के लिए तत्परता से कार्य किया है। लॉकडाउन के दौरान ''घर से कार्य'' को बढ़ावा देकर, विशेष रूप से डिजाइन और इंजीनियरिंग, प्रशिक्षण, जानकारी साझा करने जैसे क्षेत्रों में और मानव संसाधन एवं वित्त आदि से संबंधित गतिविधियों में व्यावसायिक निरंतरता एवं तत्परता सुनिश्चित की गई। लॉकडाउन के दौरान, स्थानीय प्राधिकारियों के सहयोग से महत्वपूर्ण स्थलों पर काम जारी रहा, जिसके परिणामस्वरूप तेलंगाना में 1 X 1800 मेगावाट की कोथागुडम थर्मल परियोजना रि–कमीशनिंग और भद्राद्री यूनिट–1 की कमीशनिंग की गई।

आपकी कंपनी ने कोविड–19 से निपटने के राष्ट्रीय प्रयासों में आगे आकर सहयोग किया और पी एम केयर्स फंड में 15.72 करोड़ रु. का योगदान किया। इसके अलावा, कम्पनी ने स्वयं के लिए तथा सरकार के विभिन्न विभागों / नगर पालिकाओं के उपयोग हेतु कई उत्पाद निर्मित किए। साथ ही, स्थानीय समुदायों को हर संभव सहायता प्रदान की।

महत्वपूर्ण निष्पादन

भले ही देश में 25 मार्च, 2020 से लॉकडाउन लागू किया गया था, लेकिन चीन, इटली, आदि से सामग्री की आपूर्ति में व्यवधान के कारण आपकी कंपनी के परिचालन पर प्रभाव बहुत पहले से महसूस किया जा रहा था, जो जनवरी 2020 से ही शुरू हो गया था और पूरी तिमाही के दौरान निष्पादन प्रभावित हुआ।

- पूंजीगत माल के आईआईपी में लगभग 14 प्रतिशत की भारी गिरावट के बावजूद, आपकी कंपनी ने वित्त वर्ष 19 में प्राप्त ऑर्डर के बराबर ऑर्डर बुक किए। 23,547 करोड़ रु. के ऑर्डर बुक किए गए।

- कंपनी ने पूर्व वर्ष में 29,423 करोड़ रु. के मुकाबले 20,491 करोड़ रु. का कारोबार दर्ज किया।
- संगठन द्वारा बजट को नियंत्रित करने और लागत को ऑप्टिमाइज करने के उपायों पर ध्यान केंद्रित करके हानि को 662 करोड़ रु. तक सीमित रखा जा सका।
- नकदी संग्रह पर जोर देकर, कंपनी ने 114 प्रतिशत के बिलिंग अनुपात में नकद संग्रह हासिल किया, जो पिछले दस वर्षों में सबसे अधिक है।
- बीएचईएल ने घरेलू उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण बाजार में सबसे बड़ी बाजार हिस्सेदारी के साथ खुद को मजबूती से स्थापित किया।
- कंपनी द्वारा नए व्यावसायिक क्षेत्रों जैसे परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस, ऊर्जा भंडारण व्यवसाय, जैसी कई पहलें की गईं, जिनसे आने वाले वर्षों में निष्पादन में सुधार होने की उम्मीद है।

आर्थिक और व्यावसायिक वातावरण

वैश्विक आर्थिक विकास, जो कि पिछले तीन वर्षों से मंद है, के वित्त वर्ष 2020–21 में और कम होने की उम्मीद है। भारतीय अर्थव्यवस्था के उच्च आवृत्ति सूचकांक भी औद्योगिक उत्पादन गतिविधि और खपत की मांग में गिरावट का संकेत दे रहे हैं। सरकार ने अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने के लिए अनेक कदम उठाए हैं और इनसे आने वाली तिमाहियों में सकारात्मक परिणाम मिलने की उम्मीद है। हमारे माननीय प्रधान मंत्री का 'आत्मनिर्भर भारत' का आह्वान मेक इन इंडिया पहल और घरेलू विनिर्माण को गति प्रदान करेगा।

नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन 2019 में 2024–25 तक लगभग 111 लाख करोड़ रु. के निवेश की योजना है, जिससे बीएचईएल जैसी इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनियों को अवसर मिलने की उम्मीद है। पावर सेक्टर से संबंधित सुधार जैसे कि DISCOMS में लिक्विडिटी इन्फ्यूजन, विद्युत अधिनियम 2003 के लिए प्रस्तावित संशोधन इत्यादि, इस क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास के लिए बहुत आवश्यक बल प्रदान करेंगे, जिसकी कि बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। हालांकि नए कोयला आधारित विद्युत उत्पादन उपकरणों के लिए पर्याप्त ऑर्डर नहीं मिल रहे हैं, फिर भी उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसाय की मांग मजबूत है और बढ़ रही है।

भारतीय रेल अपने परिचालनों को डि–कॉर्बनाइज करने और बुनियादी ढांचे के उन्नयन तथा आधुनिकीकरण के लिए शुरू की गई पहल के साथ आगे बढ़ रहा है। रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्रों में भी स्वदेशीकरण पर जोर दिए जाने के फलस्वरूप भी नए अवसर प्राप्त होंगे।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

आपकी कंपनी सख्त वित्तीय और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ परिचालन और निष्पादन दक्षता को बेहतर बनाने पर ध्यान देकर प्रारंभ में पावर सेक्टर की कम्पनी से विश्व स्तर के इंजीनियरिंग उद्यम में परिवर्तित होने के मार्ग पर है। तात्कालिक ध्यान एक परियोजना केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से निष्पादन की गति में सुधार करना और साथ–साथ बीएचईएल की एक मजबूत और विकासशील नींव रखने के लिए विविधीकरण गतिविधियों पर भी ध्यान देना है।

इसके लिए, कंपनी में परिवर्तन की पहलें की जा रही हैं और वर्ष 2020 को परिवर्तन का वर्ष घोषित किया गया है। निम्नलिखित क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित किया जा रहा है और हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं:

1. **व्यवसाय का विस्तार और विविधीकरण:** आपकी कंपनी पुर्जों और सेवाओं पर नए सिरे से बल देकर, डिजिटल सुविधाओं के माध्यम से मूल्य बढ़ाकर, उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसाय को मजबूत बनाकर और AUSC प्रौद्योगिकी के उपयोग से ऊर्जा दक्ष एवं पर्यावरण के अनुकूल विद्युत संयंत्र विकसित करके व्यवसाय को विस्तार देने पर ध्यान देकर अपने मुख्य व्यवसाय में अग्रणी बनी हुई है।

- इसके अलावा, रेल परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस, डाउनस्ट्रीम तेल एवं गैस में ईपीसी, उद्योग 4.0 समाधान और उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में संविदा विनिर्माण जैसे गैर–पावर व्यवसाय में वृद्धि प्रबंधन का फोकस क्षेत्र है। आत्मनिर्भर भारत के विजन के अनुरूप, कुछ रक्षा हथियारों और प्लेटफार्मों के आयात पर उत्तरोत्तर प्रतिबंध लगाने की भारत सरकार की हालिया पहल बहुत उत्साहजनक है।

आपकी कंपनी प्रतिकूल परिस्थितियों को अवसरों में बदलने में विश्वास रखती है और भारत में विनिर्माण आधार स्थापित करने के लिए बीएचईएल की सुविधाओं और क्षमताओं का लाभ उठाने हेतु विश्व की विनिर्माण कंपनियों को आमंत्रित किया है। इस ईओआई को उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली है और समर्पित टीमें इसे शीघ्र अंतिम रूप देने की दिशा में काम कर रही हैं।

2. **निष्पादन:** परियोजना का समय पर और किफायती ढंग से पूरा करना आपकी कंपनी की प्राथमिकता है। परियोजना की आवश्यकता के अनुसार सामग्री की आपूर्ति, रियल टाइम इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेन्ट सिस्टम (IPMS) का कार्यान्वयन, इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में सुधार, अग्रिम इंजीनियरिंग और खरीद गतिविधियां, बोली से पूर्व टाई अप के लिए ईपीसी नागरिक एजेंसियों को पैनल पर लेना, रियल टाइम साइट डेटा कैप्चर करना इस दिशा में उठाए गए अन्य महत्वपूर्ण कदम हैं।

3 **लागत को ऑप्टिमाइज करना** : लाभप्रदता पर प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, लागत को ऑप्टिमाइज करने के लिए दो आयामी दृष्टिकोण अपनाए गए हैं – डिजाइनों की समीक्षा और सुधार तथा खरीद की आवश्यकताओं/ प्रक्रियाओं की बल्किंग और सुधार। माल सूची प्रबंधन में सुधार और विक्रेता विकास पर बल के लिए किए गए अन्य उपाय संगठन की बॉटम लाइन के लिए सहायक सिद्ध होंगे।

4. **गुणवत्ता:** 1980 के दशक के बाद से बीएचईएल देश में गुणवत्ता आंदोलन में सबसे आगे है। इस गुणवत्ता परंपरा को पुनर्जीवित करने के लिए, कम्पनी स्तर पर 'गुणवत्ता सर्वप्रथम' की पहल शुरू की गई है, ताकि हमारे उत्पाद और सेवाएं वैश्विक बाजार के कड़े गुणवत्ता मानकों के अनुरूप रहें। सशक्तीकरण, शिक्षा, सहभागिता और प्रोत्साहन के माध्यम से सुदृढ़ गुणवत्ता संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है।

5. **प्राप्य प्रबंधन:** लिक्विडिटी की स्थिति में सुधार के लिए, कई कदम उठाए गए हैं–समय पर और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के माध्यम से चल रही परियोजनाओं में बकाया राशि की त्वरित वसूली, पुरानी कमीशन की गई परियोजनाओं में लंबित कार्यों की प्राथमिकता तय करना, ताकि भुगतान हो सके और बैंक गारंटी से छूट मिल सके। विभिन्न परियोजना लक्ष्यों को पूरा करके संविदा परिसंपत्तियों को प्राप्य में तत्काल परिवर्तित करना।

6. **जनशक्ति:** इस सिद्धांत के अनुरूप कि एक समर्पित और प्रेरित कार्यबल किसी भी संगठन की नींव है, नेतृत्व विकास, निष्पादन प्रबंधन प्रणाली में सुधार, आंतरिक संचार को मजबूत बनाने, ई–आधारित प्लेटफार्मों के

माध्यम से निरंतर ज्ञानार्जन के लिए प्रशिक्षण/पुनः प्रशिक्षण, नीतियों को कर्मचारी उन्मुख बनाने के लिए उन्हें सरल बनाना आदि अनेक प्रयास किए गए हैं।

7. **प्रौद्योगिकी विकासः** बीएचईएल अनुसंधान एवं विकास पर बल देकर पारंपरिक रूप से प्रौद्योगिकी में अग्रणी रहा है और भारत में पूंजीगत माल क्षेत्र में सबसे बड़ा ऋणदाता रहा है (इसके वार्षिक कारोबार का 2.5 प्रतिशत)। मदों के स्वदेशीकरण और मुख्य तकनीकी क्षमताओं के विकास के लिए अनेक पहलें शुरू की गई हैं, जैसे. फ्ल्यू गैस डेसफ्यूरिज़ेशन सब–सिस्टम, एयर कूल्ड कंडेन्सर, उच्च क्षमता पंप, प्रणोदन प्रणाली और विभिन्न आयातित उच्च मूल्य की आयातित मदें।

आपकी कंपनी ने राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं पर भी काम शुरू किया है जैसे – एनटीपीसी के साथ मिलकर उन्नत अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल टेक्नोलॉजी (AUSC) पर आधारित भारत के उच्चतम दक्षता थर्मल पावर प्लांट की स्थापना (वित्तीय वर्ष 2019–20 में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ) उच्च राख वाले कोयले को मेथनॉल में परिवर्तित करने के लिए पायलट प्लांट और उच्च दक्षता वाली पीईआरसी सैल्स।

हमें विश्वास है कि वर्तमान में चल रहे अनेक प्रयासों और भविष्य की योजनाओं को देखते हुए, आने वाले वर्षों में हम निरंतर विकास की स्थिति में होंगे।

आभार

मैं अपने सम्माननीय शेयरधारकों, ग्राहकों, व्यापारिक सहयोगियों और हमारी यात्रा में सहभागी रहे अन्य भागीदारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता हूँ और प्रशंसा करता हूँ कि उन्होंने हमारे ऊपर निरंतर विश्वास बनाए रखा और समर्थन प्रदान किया। बीएचईएल परिवार के प्रत्येक सदस्य और बोर्ड के मेरे साथी निदेशकों का जुड़ाव और समर्थन हमारी ताकत हैं। मैं भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों, विशेष रूप से भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय को उनके सतत मार्गदर्शन और हमारे प्रयासों में समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूँ।

मुझे विश्वास है कि आपके निरंतर सहयोग से बीएचईएल एक परिवर्तित रूप में देश को इंजीनियरिंग और विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

शुभकामनाओं सहित,

(डॉ. नलिन सिंघल)

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली

दिनांकः 1 सितम्बर 2020

आधुनिक परिवहन के लिए नई तकनीकें !

बीएचईएल द्वारा, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय रेलवे के लिए प्रस्तावों में पहली बार सम्मिलित किए गए कई बिन्दुओं में से एक है– बीएचईएल और आईसीएफ़ द्वारा निर्मित पहली वातानुकूलित लोकल ट्रेन, जिसे जनवरी, 2020 में यात्री सेवा के लिए ठाणे से मुंबई के बीच चलाया गया। बीएचईएल ने मुंबई के स्थानीय यात्रियों को मेट्रो जैसी सुविधा प्रदान करने हेतु पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के लिए अब तक नौ वातानुकूलित एसीईएमयू लोकल ट्रेनों की सफलतापूर्वक कमीशनिंग की है।

बीएचईएल ने, भारतीय रेलवे के एक दीर्घकालीन साझेदार के रूप में, इस वर्ष के दौरान डीजल इलेक्ट्रिक टॉवर कारें और थ्री फेज यात्री लोकोमोटिव में आईजीबीटी आधारित कम्पोजिट कनवर्टर की आपूर्ति और कमीशनिंग की है।

बीएचईएल में नेतृत्व

निदेशक मंडल (17.07.2020 की स्थिति)

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

कार्यकारी निदेशक

श्री सुबोध गुप्ता
निदेशक (वित्त)

श्री एस बालाकृष्णन
निदेशक (औद्योगिक प्रणालियां एवं उत्पाद)

श्री मनोज कुमार वर्मा
निदेशक (पावर)

श्री कमलेश दास
निदेशक (इंजीनियरिंग, आर एंड डी)

श्री अनिल कपूर
निदेशक (मानव संसाधन)

सरकारी निदेशक/अंशकालिक आधिकारिक निदेशक

श्री शशांक प्रिय
अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय

श्री अमित वरदान
संयुक्त सचिव, भारी उद्योग विभाग,
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय

स्वतंत्र निदेशक

श्री देश दीपक गोयल
स्वतंत्र निदेशक

श्री रंजीत रे
स्वतंत्र निदेशक

श्री राजेश शर्मा
स्वतंत्र निदेशक

श्री राज कमल बिंदल
स्वतंत्र निदेशक

श्री मनीष कपूर
स्वतंत्र निदेशक

कंपनी सचिव

श्री राजीव कालड़ा

बीएचईएल का नेतृत्व

प्रबंधन समिति

7.07.2020 को

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

सुबोध गुप्ता
निदेशक (वित्त)

एस. बालाकृष्णन
निदेशक (आई एस एंड पी)

मनोज कुमार वर्मा
निदेशक (पावर)

कमलेश दास
निदेशक (ई, आर एण्ड डी)

अनिल कपूर
निदेशक (मानव संसाधन)

सी. मूर्ति
कार्यपालक निदेशक (बीएपी), रानीपेट

संजय गुलाटी
र्यपालक निदेशक (एचईईपी), हरिद्वार

सी. आनंदा
र्यपालक निदेशक (एचईपी), भोपाल

सुनील परवानी
कार्यपालक निदेशक (ओएसडी), एचबीजी, नोएडा

सुरिंदर सिंह
परियोजना निदेशक (मैत्री), बांग्लादेश

गौतम चकलादर
कार्यपालक निदेशक (एफएसआईपी), जगदीशपुर

आर. पद्मनाभन
कार्यपालक निदेशक (एचपीबीपी–त्रिचि, पीपीपीयू–थिरुमयम, पीसी–चेन्नई)

पी. नागमणिकम
कार्यपालक निदेशक (पीएस–एसएसबीजी), नोएडा

पी. पी. यादव
कार्यपालक निदेशक (एनबीजी), नोएडा

पी. जगदीश्वर रेड्डी
कार्यपालक निदेशक (पीई और एसडी), हैदराबाद, अतिरिक्त प्रभार (एचपीवीपी)

जय प्रकाश सिंह
कार्यपालक निदेशक (सीएफएफपी), हरिद्वार

मनोज कुमार शाह
कार्यपालक निदेशक (आईओ), नई दिल्ली

ए. के. जैन
कार्यपालक निदेशक (ईडीएन), बेंगलुरु, अतिरिक्त प्रभार (ईपीडी)

शकील कुमार मनोचा
कार्यपालक निदेशक (पीएसईआर), कोलकाता

रेणुका गेरा
कार्यपालक निदेशक (ईएसएस एवं डबल्यूबी), नई दिल्ली

अनिल जोशी
कार्यपालक मनिदेशक (पीईएम), नोएडा

राजीव भटनागर
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीएसएम), नई दिल्ली, सचिव, प्रबंधन समिति

तरसेम लाल
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएसएसआर), चेन्नई

एस एम पाटिल
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (आईएस–सीपीपी और पीएमजी), नई दिल्ली

राजीव शर्मा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (आरओडी), नई दिल्ली

ए. बी. गुप्ता
महाप्रबंधक एवं प्रमुख सीओएम), नई दिल्ली

कौशिक आचार्य
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएसएनआर), नोएडा

संतोष नायर
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस–मुख्यालय), नई दिल्ली

अलका टुटेजा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (सीटीएम), नई दिल्ली, अतिरिक्त प्रभार (सीडीटी)

जी. मुरली
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस–मार्केटिंग, (टी एंड जी), नई दिल्ली

उपिंदर सिंह मठारू
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएस.पीएमजी), नई दिल्ली, अतिरिक्त प्रभार (पीसीएसजी)

अमित केरकेट्टा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (एचपीईपी), हैदराबाद

जय प्रकाश श्रीवास्तव
महाप्रबंधक एवं प्रमुख आरई आईपी एवं अआईपीएम), अतिरिक्त प्रभार (सीएफपी), रूद्रपुर

बी. आर. दिनेश
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (आईएसजी), बेंगलुरु

सुभाष चक्रवर्ती
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीएसडबल्यूआर), नागपुर

अनिमेष के. सरकार
महाप्रबंधक एवं प्रमुख सीक्यू एवं बीई), नई दिल्ली

रत्नाभ आचार्य
महाप्रबंधक एवं प्रमुख कॉर्पोरेट आर. एंड डी.), हैदराबाद

पुलक मुखोपाध्याय
महाप्रबंधक एवं प्रमुख पी.एस.टी.एस.), नोएडा

डॉ. बलवीर तलवार
महाप्रबंधक एवं प्रमुख एचआर और सीसी), नई दिल्ली

एम. जी. कोप्पिकर
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (पीसीएसजी), नोएडा

एस. वी. श्रीनिवासन
महाप्रबंधक एवं (प्रमुख) (टीबीएसजी), नई दिल्ली

टी. के. बागची
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (टीपी), झांसी

पंकज गुप्ता
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (डीएबीजी), नई दिल्ली

राजीव सिंह
महाप्रबंधक एवं प्रमुख (टीबीजी), नोएडा

डॉ. मुकेश अरोड़ा
महाप्रबंधक एवं प्रमुख सीएलडी एवं पीएसजी), नोएडा

पंकज जैन
महाप्रबंधक (वित्त.आरएम), नई दिल्ली

बीएचईएल में नेतृत्व

- **निदेशक मण्डल**
  - **अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**
    - **कार्यात्मक निदेशकों की समिति**
    - **निदेशक इंजीनियरिंग, आर एंड डी**
      - कॉर्पोरेट अनुसंधान एवं विकास
        - कॉर्पोरेट आर एंड डी, हैदराबाद
        - सिरेमिक तकनीकी संस्थान, बंगलूरू
        - एएसएससीपी, गुरुग्राम
      - कॉर्पोरेट प्रौद्योगिकी प्रबंधन
        - नवाचार रणनीति और निष्पादन
        - प्रौद्योगिकी लाइसेंसिंग
        - ज्ञान प्रबंधन
        - उन्नत विनिर्माण प्रक्रिया और प्रौद्योगिकी
        - संयुक्त उद्यम, विलय और अधिग्रहण
      - कॉर्पोरेट परिचालन प्रबंधन
        - परिचालन प्रबंधन
        - सोर्सिंग स्ट्रेटेजी एवं नीति
        - परिचालन सुधार पहल एवं पुरस्कार कार्यक्रम
      - कॉर्पोरेट डिजिटल ट्रान्सफोर्मेशन
        - डिजिटल रणनीति और अभिशासन
        - उत्पादों एवं सेवाओं का डिजिटलीकरण
        - आईटी सिस्टम और एप्लिकेशन का विकास
        - आईटी सेवा, सुरक्षा और सहायता
        - आईटी संबंधी आधारभूत सुविधाओं का प्रबंधन
      - कॉर्पोरेट गुणवत्ता एवं व्यावसायिक उत्कृष्टता
        - नई गुणवत्ता पहल
        - समग्र गुणवत्ता प्रबंधन
        - गुणवत्ता प्रमाणन
        - क्षेत्र गुणवत्ता आश्वासन
      - उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (एयूएससी) परियोजना
    - **निदेशक वित्त**
      - कॉर्पोरेट वित्त
        - बजट और बजटीय नियंत्रण
        - परियोजना और सामान्य बीमा
        - कॉर्पोरेट बहियां एवं खाते
        - वित्तीय योजना एवं रणनीतियां
        - विदेशी व्यापार नीति
      - निधि प्रबंधन और बैंकिंग
        - प्राप्य प्रबंधन
        - कोष एवं नकदी प्रबंधन
        - बैंकिंग परिचालन
        - विदेशी मुद्रा प्रबंधन
        - परियोजना वित्त
      - कराधान
        - प्रत्यक्ष कर प्रबंधन
        - अप्रत्यक्ष कर प्रबंधन
      - लेखा परीक्षा एवं अनुपालन
        - सांविधिक एवं लागत लेखापरीक्षा
        - आंतरिक लेखापरीक्षा
        - सी एवं एजी लेखापरीक्षा
        - (बीएचईएल एवं इसकी इकाइयां, क्षेत्र तथा व्यावसायिक खण्ड)
    - **निदेशक मानव संसाधन**
      - कॉर्पोरेट मानव संसाधन एवं कॉर्पोरेट संचार
        - मानव संसाधन –नीति
        - मानव संसाधन– एनेलीटिक्स
        - चिकित्सा सेवाएँ
        - वैकल्पिक विवाद समाधान और कॉर्पो. विधि
        - औद्योगिक संबंध
        - कॉर्पोरेट संचार
        - कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व
        - स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण
        - प्रशासन और सुरक्षा
        - केंद्रीय जन सूचना कार्यालय
      - जन रणनीतिक समूह
        - जनशक्ति योजना एवं नियुक्ति
        - जनशक्ति लेखापरीक्षा
        - प्रतिभा प्रबंधन
        - उत्तराधिकार योजना
        - कर्मचारी की तैनाती
        - निष्पादन प्रबंधन
      - कॉर्पोरेट ज्ञानार्जन और विकास
        - ज्ञानार्जन और विकास रणनीतिः तैयार करना, उसमें सुधार करना और रिपोर्ट करना
        - तकनीकी, व्यवहार, प्रबंधकीय, कौशल प्रशिक्षण
    - **मुख्य सतर्कता अधिकारी**
      - सतर्कता
    - कॉर्पोरेट रणनीतिक प्रबंधन
      - रणनीतिक योजना और निष्पादन
      - जोखिम की पहचान और प्रबंधन
      - बाहरी सहभागिता
      - परिवर्तन
      - विकास के नए क्षेत्र
      - सहयोग प्रबंधन
    - कंपनी सचिव
      - सचिवीय अनुपालनाएं और निवेशक सेवाएं
      - कंपनी अधिनियम और लिस्टिंग करार
      - एजीएम, बोर्ड और बोर्ड स्तर की समितियों की बैठकें
    - **निदेशक पावर**
    - **निदेशक औद्योगिक प्रणाली एवं उत्पाद**

कॉर्पोरेट संगठनात्मक ढांचा (17.07.2020)

प्रबंधन समिति

- पावर क्षेत्र – विपणन (थर्मल और गैस)
- न्यूक्लियर बिजनेस ग्रुप
- हाइड्रो बिजनेस ग्रुप
- परियोजना प्रबंधन समूह
- तकनीकी सेवा
- प्रोजेक्ट क्लोजर सिनर्जी ग्रुप
- परियोजना इंजीनियरिंग प्रबंधन
- स्पेयर्स एंड सर्विसेज बिजनेस ग्रुप
- हेवी इक्विपमेंट रिपेयर प्लांट, वाराणसी
- इंडस्ट्रियल सिस्टम्स ग्रुप, बंगलूरू
- पावर सेक्टर – उत्तरी क्षेत्र, नोएडा
- पावर सेक्टर – दक्षिणी क्षेत्र, चेन्नई
- पावर सेक्टर – पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता
- पावर सेक्टर – पश्चिमी क्षेत्र, नागपुर
- पावर सेक्टर – मुख्यालय, एमएसएक्स, मा. सं.

- कैप्टिव पावर प्लांट बिजनेस
- आईएस – पीएमजी और अनुबंध समापन
- औद्योगिक उत्पाद व्यवसाय (इलेक्ट्रिकल व मैकेनेकल)
- क्षेत्रीय परिचालन प्रभाग
- परिवहन व्यवसाय और सिस्टम समूह
- रक्षा और एयरोस्पेस बिजनेस ग्रुप

- नवीकरण
- ट्रांसमिशन बिजनेस ग्रुप
- परियोजना इंजीनियरिंग और सिस्टम डिवीजन
- ऊर्जा भंडारण समाधान समूह
- जल व्यवसाय

- अंतर्राष्ट्रीय संचालन

भोपाल
- हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट

हरिद्वार
- हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेंट प्लांट
- सेंट्रल फाउन्ड्री फ़ोर्ज प्लांट[1]

हैदराबाद
- हेवी पावर इक्विपमेंट प्लांट

त्रिची
- हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट, त्रिची
- सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट, त्रिची
- पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट, थिरुमयम एवं पाइपिंग सेंटर, चेन्नै
- इंडस्ट्रियल वॉल्व्स प्लांट, गोइंदवाल

रानीपेट
- बॉयलर ओग्जीलरी प्लांट

बंगलूरू
- इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन, बंगलूरू
- इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स डिवीजन, बंगलूरू
- इलेक्ट्रिकल मशीन रिपेयर प्लांट, मुम्बई
- इलेक्ट्रिक एवं फोटोवोल्टिक डिवीजन, बंगलूरू

झांसी
- ट्रान्सफॉर्मर प्लांट

जगदीशपुर
- फैब्रिकेशन, स्टैंपिंग एवं इंसुलेटर प्लांट[1]

रुद्रपुर
- कम्पोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट

विशाखापत्तनम
- हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट

1. निदेशक (इंजीनियरिंग, आर एंड डी) को रिपोर्ट करते हैं।

वर्ष 2019–20 की एक झलक

(आंकड़े ₹ करोड़ में हैं जब तक कि अन्यथा उल्लेख न हो)

प्राप्त ऑर्डर



राजस्व (कारोबार)



जनशक्ति (संख्या में) (कारोबार प्रति कर्मचारी) ₹ लाख



ईबीआईडीटीए (% कारोबार)



कर पूर्व लाभ (पीबीटी) (% कारोबार)



कोष में योगदान



आंकड़े इंड एएस के अनुसार हैं

वर्ष 2019–20 की एक झलक

01
कुल 1,09,000 करोड़
रुपए के ऑर्डर

02
गैर–कोयला व्यापार को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित किया गया – ट्रांसमिशन, सौर, एयरोस्पेस और रक्षा व्यवसायों में अब तक के सबसे अधिक ऑर्डर प्राप्त किए

03
आज तक भारत और विदेशों में 190 गीगावॉट से अधिक विद्युत उत्पादक उपकरण स्थापित किए

04
देश में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण व्यवसाय बाजार में एकमात्र सबसे बड़ा हिस्सेदार

05
उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल टेक्नॉलॉजी (एयूएससी) सही दिशा की ओर जा रहा है, हाई स्पिन रोटर टेस्ट रिग की कमीशनिंग की गई, उच्च तापमान अनुप्रयोगों और मिश्र धातु 617 ब्लेड के लिए, विनिर्माण प्रौद्योगिकी स्थापित की गई

06
1.2 गीगावाट से अधिक सौर पीवी पोर्टफोलियो, देश के फ्लोटिंग सोलर पीवी मार्केट में सबसे बड़ा ईपीसी समाधान प्रदाता

07
बीना, मध्य प्रदेश में कमीशन किए गए भारतीय रेलवे के कर्षण ग्रिड को सीधे बिजली की आपूर्ति करने वाले 1.7 मेगावाट एसपीवी का पहला संयंत्र

08
32.43 मिलियन यूनिट बिजली 28 एमडब्लयूपी इन–हाउस अक्षय ऊर्जा प्रणालियों के माध्यम से उत्पन्न हुई

09
क्षमता निर्माण, उत्पादकता बढ़ाने और स्वदेशीकरण के लिए कंपनी की संपत्ति में 330 करोड़ से अधिक का निवेश किया गया

10
अनुसंधान, एवं विकास और नवाचार में 750 करोड़ से अधिक का निवेश, 549 पेटेंट और कॉपीराइट दायर, 4,849 कुल बौद्धिक पूंजी

11
मानव पूंजी आधारः 33,752, 9000+ इंजीनियर

12
20 विश्वकर्मा पुरस्कार 88 बीएचईएल कर्मचारियों द्वारा जीते गए

बीएचईएल के बारे में

वर्ष 1964 में स्थापित बीएचईएल सशक्त और आत्मनिर्भर भारत निर्माण के लिए सबसे प्रारंभिक और सामर्थ्यवान प्रतिभागियों में से एक है। बीएचईएल भारतीय ऊर्जा और अधोसंरचना क्षेत्रों में सबसे बड़े इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण उद्यमों में अग्रणी है और विश्व स्तर पर एक प्रमुख विद्युत उपकरण निर्माता है। अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों में कार्य करते हुए, बीएचईएल पावर (थर्मल, हाइड्रो, गैस, नाभिकीय और सोलार फोटो वोल्टाइक), ट्रांसमिशन, उद्योग जिसमें तेल और गैस, परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा व एयरोस्पेस इत्यादि उद्योग सम्मिलित हैं, में ग्राहकों को उत्पादों, प्रणालियों और सेवाओं का एक व्यापक पोर्टफोलियो प्रदान करता है।

आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने में बीएचईएल की प्रतिबद्धता कई अर्थों में प्रकट होती है – देश की स्थापित विद्युत उत्पादन क्षमता में इसके योगदान में; देश के लिए अत्याधुनिक तकनीकें लाने में; पिछले कुछ वर्षों में भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में विद्युत अनुसंधान एवं विकास और नवप्रवर्तन पर अपने टर्नओवर का अधिकतम 2.5 प्रतिशत से अधिक का निरंतर व्यय करने में; अखिल भारतीय उपस्थिति में; विश्व स्तरीय परिसम्पत्तियों से सुसज्जित कारखाने, स्थायी व्यावसायिक समाधानों का सृजन और युवा कौशल विकास, स्वास्थ्य व आरोग्य, शिक्षा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण और अन्य पहलों के माध्यम से व्यापक स्तर पर समाज के लिए योगदान में।

बीएचईएल के ऐसे परिणाम प्राप्त करने और सफलता सुनिश्चित करने के पीछे सक्षम प्रक्रियाओं और प्रणालियों द्वारा समर्थित बीएचईएल का बहुमुखी प्रतिभा सम्पन्न कार्यबल है। 33,500 से अधिक कुशल कर्मचारियों की एक मजबूत टीम आज के साथ–साथ भविष्य के बीएचईएल के संचालन पर ध्यान केंद्रित किये हुए है।



एचपीईपी हैदराबाद में बीएचईएल के विद्युत उपकरणों पर सिमुलेशन स्टडी की जा रही है।

पावर सेक्टर

बीएचईएल थर्मल, गैस, हाइड्रो और नाभिकीय विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में सिद्धहस्त होने के साथ विद्युत परियोजनाओं की समूची श्रृंखला के विनिर्माण की क्षमता रखने वाली दुनिया की चुनिंदा कंपनियों में से एक है। बीएचईएल निम्नलिखित उत्पादों/सेवाओं का प्रस्ताव प्रस्तुत करता है:

- जीवाश्म–ईंधन अनुप्रयोगों के लिए अनुषांगिक उपकरणों सहित 1000 मेगावाट इकाई आकार तक के स्टीम टरबाइन, जरनेटर और बॉयलर
- SOx उत्सर्जन नियंत्रण के लिए फ्युल गैस डिसल्फराइजेशन (FGD) सहित उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण प्रणाली, कण उत्सर्जन नियंत्रण के लिए उच्च दक्षता इलेक्ट्रोस्टैटिक निस्सादक, NOx उत्सर्जन नियंत्रण के लिए बॉयलर मॉडिफिकेशन और सलेक्टिव कैटलिस्त रिडक्शन सिस्टम
  - 299 मेगावाट इकाई आकार तक के गैस टरबाइन और जनेरटर
  - 400 मेगावाट इकाई आकार तक गैस टरबाइन और जनेरटर
  - 220/235/500/540/700 MWe नाभिकीय टरबाइन जनेरटर सेट
  - संयंत्रों के जीवन चक्र विस्तार और नवीनीकरण, आधुनिकीकरण, उन्नयन, अवशेष जीवन चक्र आकलन, समस्या निदान के माध्यम से संयंत्र के निष्पादन में सम्वर्धन।

उपयोग की आधारशिला रखने पर कार्यरत है।

बीएचईएल की विश्व के सभी 6 बसे हुए महाद्वीपों में पहुंच और 84 देशों में संयंत्र स्थापित हैं, जिसमें पड़ोसी देश जैसे बांग्लादेश, अफगानिस्तान, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, ओमान, इराक, सूडान, संयुक्त राष्ट्र और न्यूजीलैंड सम्मिलित हैं। अब तक, बीएचईएल ने विदेशी बाजारों में लगभग 11 GW विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित की है। इसके अतिरिक्त बांग्लादेश में 2X660 MW मैत्री सुपर थर्मल पावर परियोजना और नेपाल में 4X225 मेगावाट अरुण .3 जल विद्युत परियोजना सहित 6GW की परियोजनाएं प्रक्रियाधीन है।

बीएचईएल उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों में एक जाना माना नाम है। भारतीय रेल के लोकोमोटिव और ईएमयू में ट्रेक्शन के आधे से अधिक उपकरणों की आपूर्ति बीएचईएल द्वारा की गई है। बीएचईएल ने देश में 200 से अधिक इलेक्ट्रिक सबस्टेशन और 5 प्रमुख एचवीडीसी परियोजनाओं की कमीशनिंग की है। बीएचईएल का देश भर में सोलार पोर्टफोलियो 1X2 GW से अधिक है जिसमें ग्राउंड माउंटेड, रूफटॉप, कैनाल टॉप और फ्लोटिंग पीवी प्लांट हैं। बीएचईएल देश में पावर ट्रांसफार्मर और इलेक्ट्रिकल एसी मशीनों के सबसे बड़े निर्माताओं और आपूर्तिकर्ताओं में से एक है।

बीएचईएल की अखिल भारतीय उपस्थिति में 16 विनिर्माण केंद्र, 2 मरम्मत इकाइयां, 4 क्षेत्रीय कार्यालय, 8 सेवा केंद्र, 1 सहायक कंपनी, 3 सक्रिय संयुक्त उपक्रम, 15 क्षेत्रीय विपणन केंद्र, 4 विदेशी कार्यालय और भारत और विदेशों में वर्तमान परियोजना निष्पादन की 150 परियोजना साइट का व्यापक नेटवर्क। बीएचईएल राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप विस्तृत श्रृंखला के उच्च गुणवत्ता और टिकाऊ उत्पादों का विनिर्माण करती है।

बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए विद्युत उत्पादक उपकरणों का विश्व भर में स्थापित आधार 190 GW से अधिक है जिससे बीएचईएल विद्युत संयंत्र उपस्कर बनाने वाली भारतीय कंपनियों में निर्विवाद रूप से अग्रणी है। देश में थर्मल, न्यूक्लियर, हाइड्रो, गैस और सोलर पीवी आधारित 1000 से अधिक विद्युत उत्पादन संयंत्र स्थापित करने के बाद बीएचईएल अब भविष्य में स्वच्छ और हरित ऊर्जा के

उद्योग क्षेत्र

उद्योग और अधोसंरचना क्षेत्रों के लिए बीएचईएल के प्रमुख प्रस्तावों में निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- परिवहन, आईजीबीटी आधारित प्रोपल्शन उपकरण (ट्रैक्शन कन्वर्टर / सहायक कन्वर्टर वाहन नियंत्रण इकाइयां), इलेक्ट्रिक लोको और एसीईएमयू / एमईएमयूए ईएमयू कोच, 9000 एचपी तक के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव और 3000 एचपी तक के डीजल इलेक्ट्रिक लोको के लिए ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर
- नवीकरण ऊर्जाः ग्रिड कनेक्टिड और एकल सोलार पीवी अनुप्रयोगों के लिए संकल्पना से कमीशनिंग तक ईपीसी समाधान

एक पांरपरिक सुपर क्रिटीकल पावर प्लांट का इरेक्शन किया जा रहा है। देशभर में बीएचईएल के पास 150 से अधिक प्रगतिशील परियोजनाएं हैं।

- ई–मोबालिटीः इलेक्ट्रिक वाहन चार्जर्स, इलेक्ट्रिक पावर ट्रेन, लिथियम आयन बैटरी पैक, इलेक्ट्रिक वाहन, पॉवर कंडीशनिंग सिस्टम, ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए कंटेनराईज्ड समाधान, रेलवे ट्रैक विद्युतीकरण के लिए ईपीसी समाधान

- रक्षा और एयरोस्पेसः नेवल शिप के सुपर रैपिड गन माउंट और इंटिग्रेटिड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम, कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स, स्पेस ग्रेड लिथियम आयन सेल्स, स्पेस ग्रिड सोलर पैनल और स्पेस ग्रिड बैटरी सहित भारतीय रक्षा बलों के लिए सामरिक उपकरण।

- ट्रांसमिशनः 132 केवी से लेकर 765 केवी रेंज के EHV और UHV सबस्टेशन और +/– 800KV तक के एचवीडीसी कनवर्टर स्टेशन, पावर ट्रांसफॉर्मर, शंट रिएक्टर, वैक्यूम और SF6 स्विचगियर, गैस इंसुलेटेड स्विचगियर, सिरेमिक इंसुलेटर,, फ्लेजिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम डिवाइसिस आदि।

- जलः पावर प्लांट्स, इंडस्ट्रीज और म्यूनिसिपल ऐप्लिकेशन के लिए प्री ट्रीटमेंट प्लांट्स, सीवर वाटर रिवर्स ऑस्मोसिस प्लांट्स, डिमिनरलाइजेशन प्लांट्स, एफ्लुसेट ट्रीटमेंट प्लांट्स, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स, टर्शियरी ट्रीटमेंट प्लांट्स और ज़ीरो वैक्यूम डिस्चार्ज सिस्टम्स सहित कम्प्लीट वाटर मैनेजमेंट सॉल्यूशन्स।

- औद्योगिक उत्पादः ऑयल रिग्स, वेलहेड्स और एक्समास ट्री वाल्व, मैकेनिकल पैकेज, फैब्रिकेटेड उपकरण और बॉयलर फीड पंप, कम्प्रेसर और एसी मशीन।

- कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट्स वाष्प और गैस टरबाइन आधारित

बीएचईएल तीन दशकों से अधिक समय से अपने अनुभवी विशेषज्ञों द्वारा सौलर ऊर्जा से संबंधित सभी आवश्यकताओं की पूर्ति कर रहा है

बीएचईएल स्वयं को परिवर्तित करने के लिए अपनी प्रौद्योगिकी क्षमताओं और प्रतिबद्ध श्रमशक्ति का लाभ उठा रहा है। मुख्य व्यवसाय पर शीर्ष नेतृत्व का ध्यान देना, व्यवसायों में विविधता लाना, दक्षता अनुकूलन और अभिनव तकनीकी समाधान कुछ प्रमुख कारक है जो वर्तमान व्यवसाय के लिए कंपनी सक्षमता को बढ़ाते हैं। दृढ़ संकल्प और सतत प्रयासों को नए भविष्य के निर्माण की दिशा में निर्देशित किया जा रहा है।

भारतीय रेल को आपूर्ति किए गए डब्ल्यू एजी 9 की झांसी में टेस्टिंग का एक दृश्य

विश्व की सबसे बड़ी लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए की आपूर्ति!

बीएचईएल ने तेलंगाना के कलेश्वरम में गोदावरी नदी पर स्थित कलेश्वरम् लिफ्ट सिंचाई परियोजना के लिए भारत के सबसे बड़े पंप मोटर सेटों की आपूर्ति और कमीशनिंग की है, जो विश्व की सबसे बड़ी बहु स्तरीय लिफ्ट सिंचाई परियोजना है।

बीएचईएल द्वारा अप्रैल 2019 से 13 महीने में 2747 मेगावाट के कुल 22 पंप मोटर सेट की आपूर्ति की गई है, जो लिफ्ट सिंचाई परियोजना चार पैकेजों के लिए परियोजना की कुल विद्युत आवश्यकता का 59% है। इनके नाम इस प्रकार हैं: पैकेज 6 (7X116) मेगावाट), पैकेज 8 (7X139) मेगावाट), पैकेज 10 (4 X 106 मेगावाट) और पैकेज 11 (4 X 134.4 मेगावाट)। बीएचईएल के कार्य क्षेत्र में ऊर्ध्वाधर पंप.मोटर सेटों और इसकी संबद्ध सहायक यंत्रों के लिए पूर्ण विद्युत और यांत्रिक कार्य सम्मिलित हैं।

बीएचईएल तेलंगाना में अब तक विभिन्न लिफ्ट सिंचाई के लिए विभिन्न रेटिंग्स के औसतन 3.3 GW के कुल 47 पंप.मोटर सेट कमीशन करने के साथ ही राज्य स्तरीय लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं के लिए पंप मोटर सेट (मेगावाट रेटिंग) का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना हुआ है। इस प्रकार बीएचईएल ने तेलंगाना राज्य के साथ अपने पगाढ़ संबंधों को बनाए रखा है।

अखिल भारतीय उपस्थिति

ग्राफिकल प्रस्तुति का आशय राजनीतिक नक्शा नहीं है।

16 विनिर्माण इकाइयां

08 सेवा केंद्र

15 व्यावसायिक कार्यालय

150+ भारत और विदेश में परियोजना स्थल

04 क्षेत्रीय कार्यालय

02 मरम्मत इकाइयां

विनिर्माण संयंत्र/इकाइयां

बीएचईएल की विनिर्माण इकाइयां	बेंगलूरू	1. इलेक्ट्रॉनिक्स डिवीजन (ईडीएन)
		2. इलेक्ट्रॉनिक्स सिस्टम्स डिवीजन (ईएसडी)
		3. इलेक्ट्रिक एवं फोटोवोल्टिक डिवीजन (ईपीडी)
	भोपाल	4. हेवी इलेक्ट्रिकल प्लांट (एचईपी)
	गोइंदवाल	5. इंडस्ट्रियल वॉल्व्स प्लांट (आईवीपी)
	हरिद्वार	6. हेवी इलेक्ट्रिकल इक्विपमेन्ट प्लांट (एचईईपी)
		7. सेंट्रल फाउन्ड्री फोर्ज प्लांट (सीएफएफपी)
	हैदराबाद	8. हेवी पावर इक्विपमेन्ट प्लांट (एचपीईपी)
	जगदीशपुर	9. फैब्रिकेशन स्टैम्पिंग इन्सुलेटर प्लांट (एफएसआईपी)
	झांसी	10. ट्रान्सफॉर्मर प्लांट (टीपी)
	रुद्रपुर	11. कम्पोनेंट फैब्रिकेशन प्लांट (सीएफपी)
	रानीपेट	12. बॉयलर ऑग्जिलरीज प्लांट (बीएपी)
	तिरुचिरापल्ली	13. हाई प्रेशर बॉयलर प्लांट (एचपीबीपी)
		14. सीमलेस स्टील ट्यूब प्लांट (एसएसटीपी)
	तिरुमयम	15. पावर प्लांट पाइपिंग यूनिट (पीपीपीयू)
	विशाखापट्टनम	16. हेवी प्लेट्स एंड वेसल्स प्लांट (एचपीवीपी)
बीएचईएल के रिपेयर प्लांट	मुम्बई	1. इलेक्ट्रिकल मशीन रिपेयर प्लांट (ईएमआरपी)
	वाराणसी	2. हेवी इक्विपमेन्ट रिपेयर प्लांट (एचईआरपी)
बीएचईएल की सहायक कम्पनी	कासरगोड	1. बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन्स लिमिटेड (बीएचईएल–ईएमएल)

बीएचईएल की दुनिया

विज़न
बेहतर कल के लिए समाधान प्रदान करने वाला वैश्विक अभियांत्रिकी उद्यम बनना

मिशन
ऊर्जा, उद्योग और अधोसंरचना के क्षेत्र में संधारणीय व्यावसायिक समाधान प्रदान करते हैं

राष्ट्रीय संस्थान

- अर्थव्यवस्था के मुख्य क्षेत्रों को सेवा प्रदान करने वाली भारत की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग और विनिर्माण कंपनियों में से एक
- विश्व स्तर पर 150+ परियोजना स्थल और 16 विनिर्माण इकाइयों के साथ अखिल भारतीय उपस्थिति

भारत को ऊर्जावान बनाना

- भारत और विदेशों में 190+ GW से अधिक विद्युत उत्पादन उपस्कर स्थापित
- 18,000+ मेगावाट कैप्टिव पावर प्लांट की कमीशनिंग की
- 1.2+ GW से अधिक सौर पोर्टफोलियो
- बीएचईएल निर्मित उपकरणों में ताप विद्युत उत्पादन क्षमता का 55%, परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता का 47% (सेकेंडरी साइड) और जल विद्युत उत्पादन क्षमता का 45% है।

वैश्विक पदचिह्न

- 84 देशों में उपस्थिति
- भारत के बाहर निर्मित 11 GW बिजली उत्पादन क्षमता; निष्पादन के तहत 6 GW
- 4x180 MW की मंगदेछु HEP, भूटान में भारत के बाहर बीएचईएल द्वारा आपूर्ति की जाने वाली उर्ध्वाधर पेल्टन टरबाइन की उच्चतम रेटिंग है।

क्या आप जानते थे?

- बीएचईएल ने एयूएससी अनुप्रयोगों के लिए, मिश्र धातु 625 से निर्मित दुनिया की सबसे भारी आईपी टरबाईन केसिंग (लोवर पार्ट 20 टन) का विनिर्माण स्वदेशी रूप से किया है।
- बीएचईएल ने भारतीय रेलवे के लिए मध्य प्रदेश के बीना में ट्रैक्शन प्रणाली को सीधे विद्युत आपूर्ति कराने वाला, अपनी तरह का पहला 1.7 मेगावॉट का सोलर पीवी प्लांट सफलतापूर्वक स्थापित किया है।
- बीएचईएल ने दुनिया की सबसे बड़ी बहु–स्तरीय लिफ्ट सिंचाई योजना– कलेश्वरम परियोजना के लिए भारत के सबसे बड़े पंप–मोटर सेट (106 मेगावाट से 139 मेगावाट तक) कुल 2,747 मेगावाट की आपूर्ति की है।
- बीएचईएल और आईसीएफ़ द्वारा सेंट्रल रेलवे के लिए निर्मित पहली वातानुकूलित लोकल ट्रेन, जिसे जनवरी, 2020 में यात्री सेवा के लिए ठाणे से मुंबई के बीच गया।
- बीएचईएल ने 2019–20 में देश की लिग्नाइट आधारित उच्चतम रेटिंग 500 मेगावाट के नेवेली टीपीपी की कमीशनिंग की।
- बीएचईएल ने अरुणाचल प्रदेश में 501 मीटर की ऊंचाई पर परिचालित द्वारा देश की सबसे अधिक ऊंची सर्वोच्च रेटिंग्स वाली जल विद्युत परियोजना कामेंग 1 और 2 के लिए फ्रांसिस टरबाइन का विनिर्माण किया है।
- बीएचईएल ने अब तक देश भर में 200+ इलेक्ट्रिक सबस्टेशनों की स्थापना की है।

कोर सेक्टर्स में अप्रतिम योगदान

- 6,40,000+ एमवीए ट्रांसमिशन उपकरण की आपूर्ति
- 32,000+ एसी मशीनों की आपूर्ति
- 730+ लोको की भारतीय रेलवे को आपूर्ति
- 400+ कंप्रेशर्स की आपूर्ति और 90 ऑयल ड्रिलिंग रिग्स की आपूर्ति
- 12000+ वेल हेड्स और क्रिसमस ट्री वाल्व की आपूर्ति
- 40+ सुपर रैपिड गन माउंट की भारतीय नौसेना के जहाजों के लिए आपूर्ति

प्रगति को गति...
जीवन को ज्योति

संधारणीय भविष्य के लिए प्रौद्योगिकियाँ

- उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल (AUSC) का घरेलू विकास और कोयले से मेथनॉल प्रौद्योगिकियों पर काम चल रहा है।
- भारत में कोयला आधारित बिजली संयंत्रों के लिए उत्सर्जन नियंत्रण उपस्कर के विकास और स्थापना में अग्रणी।
- स्वदेशी 28MWp सौर ऊर्जा संयंत्रों की स्थापन के माध्यम से लगभग 31,130 मीट्रिक टन CO_2 समतुल्य कार्बन फुटप्रिंट को कम करना
- बीएचईएल इकाइयों की 12 टाउनशिप को "एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त" घोषित किया गया
- उच्च दक्षता EHV ट्रांसमिशन सिस्टम और उत्पाद (±800KV HVDC सहित)

नवाचार

- अनुसंधान एवं विकास व्यय लगातार कारोबार के 2.5% से अधिक - भारतीय इंजीनियरिंग क्षेत्र में सबसे अधिक
- प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और अनुसंधान संगठनों के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान एवं विकास
- पांच शोध संस्थान; 14 उत्कृष्टता केंद्र
- डीएसआईआर द्वारा मान्यता प्राप्त 12 विनिर्माण इकाइयाँ और प्रभागों के इन-हाउस आरएंडडी केंद्र
- 12 विनिर्माण इकाइयों और प्रभागों के घरेलू अनुसंधान एवं विकास केंद्रों को वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग (DSIR) द्वारा मान्यता प्रदान की गई।

सामाजिक दायित्व / समाज को साथ लेकर आगे बढ़ना

- संयुक्त राष्ट्र ग्लोबल कॉम्पैक्ट के सिद्धांतों के लिए प्रतिबद्धता
- ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की सत्यनिष्ठा संधि पर हस्ताक्षर
- स्वस्थ भारत, शिक्षित भारत, हरित भारत और स्वच्छ भारत अभियानों में सक्रिय योगदानकर्ता
- बीएचईएल त्रिची, एक मिलियन से अधिक देशी वृक्षों का स्थान: बीएचईएल वन बना रही है, जो अपनी तरह का पहला प्रयास होगा जिससे देशी वृक्षों को संरक्षण मिलेगा और 2022 तक 5 लाख वृक्ष लगा कर हरित आवरण को और बढ़ाएगा।
- भारत सरकार से वर्ष 2019–20 में कौशल विकास में अनुकरणीय कार्य के लिए प्रशंसा का प्रमाण पत्र

कर्मचारियों का महत्त्व

- 33,500 से अधिक प्रतिबद्ध कर्मचारियों की संख्या
- ~2000 महिला कर्मचारी
- 9000+ इंजीनियर
- 1973 के बाद से सहभागी प्रबंधन संस्कृति

1964 से भारत में निर्माणरत

उत्कृष्टता का सम्मान

बीएचईएल के 88 कर्मचारियों ने 20 विश्वकर्मा राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए। बीएचईएल कर्मचारियों ने विभिन्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों और निजी क्षेत्र के संगठनों को वर्ष के दौरान प्रदान किए गए कुल विश्वकर्मा पुरस्कारों में 71 प्रतिशत से अधिक पुरस्कार प्राप्त किए हैं।

सबसे लंबी दुर्घटना मुक्त अवधि और सबसे कम दुर्घटना आवृत्ति दर के लिए **राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार**

भारी और मध्यम इंजीनियरिंग श्रेणी– निर्माण, प्रसंस्करण और उत्पादन में देश के विकास में योगदान के लिए **डन एंड ब्रैडस्ट्रीट पीएसयू अवार्ड 2019**

दि इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स द्वारा **सुरक्षा नवाचार पुरस्कार 2019**

ड्रीम कंपनी ईवर्क श्रेणी के अंतर्गत **एचआर लीडरशिप में उत्कृष्टता के लिए गोल्डन ग्लोब टाइगर्स अवार्ड 2019**

इंजीनियरिंग उद्योग वर्ग में कॉर्पोरेट **उत्कृष्टता के लिए एशिया पैसिफिक उद्यमिता पुरस्कार 2019**

कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए **गोल्डन पीकॉक अवार्ड 2019**

बीएचईएल के सीएमडी, डॉ. नलिन सिंघल को **राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट योगदान के लिए इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स** द्वारा सम्मानित किया गया।

बीएचईएल के निदेशक (वित्त), श्री सुबोध गुप्ता को वित्तीय क्षेत्र में नेतृत्व के लिए **'टॉप रैंकर्स एक्सीलेंस अवार्ड 2020'** से सम्मानित किया गया।

बीएचईएल के सीएमडी, डॉ. नलिन सिंघल को विश्व मानव संसाधन विकास कांग्रेस द्वारा **'सीईओ विद् एचआर ओरिएंटेशन'** से सम्मानित किया गया।

बीएचईएल हैदराबाद प्रोविडेंट फंड ट्रस्ट को कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा अपने 67वें स्थापना दिवस समारोह में **'बेस्ट परफोर्मिंग एग्जेम्प्टिड पीएफ ट्रस्ट अवार्ड'** से सम्मानित किया गया।

विश्व मानव संसाधन विकास कांग्रेस द्वारा प्रतिभा विकास, सक्सेशन प्लानिंग, प्रतिभा आकर्षण व प्रतिधारण संबंधी पहलों के लिए **राष्ट्रीय सर्वश्रेष्ठ नियोक्ता ब्रांड पुरस्कार 2019**

इंडियन चेम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा नवरत्न और महारत्न सीपीएसई श्रेणी में कॉर्पोरेट अभिशासन के लिए **पीएसई उत्कृष्टता पुरस्कार 2018**

त्रिची में अपने 7.5 मेगावाट सोलर पीवी प्लांट के लिए 'उत्कृष्ट नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन परियोजना' (सौर) के लिए **भारतीय हरित ऊर्जा पुरस्कार 2019**

सभी केंद्रीय तथा राज्य लोक उद्यमों में से मानव संसाधन उत्कृष्टता एवं कर्मचारी कौशल संवर्धन; अनुसंधान एवं विकास, तथा जियोस्ट्रेटेजिक रीच इन तीन श्रेणियों में **गवर्नेंस नाउ पीएसयू अवार्ड्स 2020**

इंजीनियरिंग क्षेत्र में पर्यावरण प्रबंधन में अनुकरणीय योगदान के लिए **गोल्डन पीकॉक एनवायरमेंट मैनेजमेंट पुरस्कार 2019**

बोर्ड रिपोर्ट

निदेशक मंडल की रिपोर्ट 27

अनुलग्नक–I 32
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

अनुलग्नक–II 74
कॉर्पोरेट अभिशासन

अनुलग्नक–III 114
सीईओ और सीएफओ प्रमाण पत्र

अनुलग्नक–IV 116
सतत विकास

अनुलग्नक–V 132
व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट

अनुलग्नक–VI 140
आर एंड डी और तकनीकी उपलब्धियां

अनुलग्नक–VII 144
ऊर्जा संरक्षण, प्रौद्योगिकी समामेलन
और विदेशी मुद्रा अर्जन एवं व्यय

अनुलग्नक–VII A 145

अनुलग्नक–VIII 147
फार्म एओसी–1 और एओसी–2

अनुलग्नक–IX 150
स्वतंत्र ऑडिटर की रिपोर्ट और
सीएजी की टिप्पणियाँ

निदेशक मण्डल रिपोर्ट

प्रिय सदस्यो,

निदेशक मंडल को आपकी कंपनी के व्यवसाय और परिचालनों के संबंध में 56वीं वार्षिक रिपोर्ट और 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय विवरण प्रस्तुत करने में प्रसन्नता हो रही है।

वित्तीय परिणाम

(रु. करोड़)

	वर्षांत के लिए	
	31 मार्च, 2020	31 मार्च, 2019
राजस्व	20491	29423
परिचालनों से राजस्व	21486	30423
ईबीआईडीटीए	348	2810
परिचालन ईबीआईडीटीए	(233)	2132
कर पूर्व लाभ	(662)	2048
कर पश्चात लाभ	(1473)	1209
कुल व्यापक आय	(1747)	1089
ईपीएस (रु. में)	(4.23)	3.33

ध्यान दें: () के अंदर दिये गए आंकड़े ऋणात्मक मान दर्शाते हैं।

कम्पनी के व्यवसाय की स्थिति

वर्ष की अंतिम तिमाही में कोविड–19 महामारी के कारण देशव्यापी लॉकडाउन होने से विनिर्माण केन्द्रों में परिचालन और परियोजना साइटों पर निष्पादन गतिविधियों के बाधित होने के कारण वित्त वर्ष 2019–20 का राजस्व बुरी तरह प्रभावित हुआ । कोविड –19 के वैश्विक प्रभाव के कारण अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों ने विनिर्माण इकाइयों में सामग्री की प्राप्ति को भी प्रभावित किया।

कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2018–19 में 2048 करोड़ के लाभ के मुकाबले वित्त वर्ष 2019–20 में 662 करोड़ का घाटा दर्ज किया है, जिसका प्रमुख कारण कम राजस्व और उच्च सामग्री लागत थे। हालांकि, कड़े बजटीय नियंत्रण उपायों और विवेकपूर्ण प्रावधानों ने नुकसान को कम रखने में सहायता की है।

वित्त वर्ष 2019–20 के लिए कर पश्चात हानि 1473 करोड़ है, जबकि 2018–19 में 1209 करोड़ का लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2019–20 के लिए स्थगित कर 34.944 प्रतिशत के मुकाबले 25.168 प्रतिशत की दर से पुनर्कथन के कारण कर पश्चात हानि तुलना में काफी अधिक है जो 957 करोड़ का है।

कंपनी ने वित्त वर्ष 2019–20 में रु. 23547 करोड़ के ऑर्डर प्राप्त किए। इनमें विद्युत क्षेत्र में 13784 करोड़ रुपये, उद्योग क्षेत्र में 8757 करोड़ रुपये और अंतरराष्ट्रीय परिचालन में 1006 करोड़ रु. के ऑर्डर सम्मिलित हैं। 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाली ऑर्डर बुक रु. 108443 करोड़ (रु. 88284 के निष्पादन योग्य ऑर्डर) के मुकाबले 31 मार्च, 2019 तक लगभग रु. 108680 करोड़ (रु. 86953 करोड़ का निष्पादन योग्य ऑर्डर) थी। ऑर्डर बुक के आंकड़ों में लागू कर शामिल है।

रु. करोड़





आरक्षित निधि में अंतरण

कंपनी ने 2019–20 के दौरान आरक्षित निधि में कोई राशि अंतरित नहीं की है।

लाभांश

कोविड–19 महामारी और अतिरिक्त असामान्य परिस्थितियों के कारण 13 जून, 2020 को आयोजित बैठक में निदेशक मण्डल द्वारा द्वारा वर्ष 2019–20 के लिए कोई लाभांश अनुशंसित नहीं किया गया है।

कंपनी की भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम (LODR) विनियम, 2015 के विनियम 43ए की आवश्यकताओं के अनुसरण में एक लाभांश वितरण नीति है। लाभांश वितरण नीति कंपनी की वेबसाइट www.bhel.com पर उपलब्ध है और वार्षिक रिपोर्ट में भी अलग से उपलब्ध कराई जाती है।

जमा

कंपनी ने वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान जनता से ऐसी कोई जमा स्वीकार नहीं की है जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 73 के दायरे में आती है।

एमओयू रेटिंग

आपकी कंपनी को भारत सरकार द्वारा वित्त वर्ष 2018–19 के लिए MoU प्रदर्शन पर 'उत्कृष्ट' के रूप में दर्जा दिया गया है।

क्रेडिट रेटिंग

आपकी कंपनी की क्रेडिट रेटिंग इस प्रकार है:

रेटिंग एजेंसी	रेटिंग की तिथि	दीर्घावधि रेटिंग	आउटलुक	अल्पावधि रेटिंग
सीआरआईएसआईएल	22.08.2019	CRISIL AA$	Negative	CRISIL A1+
	21.11.2019	CRISIL AA	Stable	CRISIL A1+
	24.07.2020	CRISIL AA	Negative	CRISIL A1+
इंडिया रेटिंग्स	21.08.2019	Ind AA$	Negative	Ind A1+
	06.07.2020	Ind AA	Negative	Ind A1+
केयर	03.09.2019	CARE AA$	Stable	CARE A1+
	24.06.2020	CARE AA	Stable	CARE A1+

वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले प्रत्यक्ष परिवर्तन और प्रतिबद्धताएं

वित्तीय वर्ष के अंत और वित्त वर्ष 2019–20 की इस रिपोर्ट की दिनांक के बीच कंपनी की वित्तीय स्थिति को प्रभावित करने वाले कोई भी प्रत्यक्ष परिवर्तन और प्रतिबद्धता नहीं हैं।

निदेशकों का उत्तरदायित्व विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 134(5) के अनुसरण में, निदेशक मंडल निम्नलिखित की पुष्टि करता है:

क. वार्षिक लेखा तैयार करते समय, उचित स्पष्टीकरण के साथ सामग्री प्रेषण से संबंधित लागू लेखा मानक (इंड एएस) का पालन किया गया है;

ख. निदेशकों ने इस तरह की लेखांकन नीतियों का चयन किया है और उन्हें निरंतर लागू किया है और निर्णय दिए हैं और जो उचित और विवेकपूर्ण हैं ताकि वित्तीय वर्ष के अंत में और कंपनी के लाभ के मामले में कंपनी की स्थिति का सही और निष्पक्ष विचार दिया जा सके;

ग. निदेशकों ने कंपनी की संपत्ति की सुरक्षा के लिए और धोखाधड़ी एवं अन्य अनियमितताओं को रोकने एवं पता लगाने के लिए इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पर्याप्त लेखा रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए उचित और पर्याप्त देखरेख की है;

घ. निदेशकों ने क्रियाशील इकाई के आधार पर वार्षिक लेखा तैयार किया है;

ड. निदेशकों ने कंपनी द्वारा पालन किए जाने वाले आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों को निर्धारित किया है और इस तरह के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर्याप्त और प्रभावी ढंग से संचालित हो रहे हैं;

च. निदेशकों ने सभी लागू कानूनों के प्रावधानों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणालियां तैयार की हैं और ये पर्याप्त और प्रभावी ढंग से संचालित हो रही है।

प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

वैश्विक और घरेलू दोनों ही स्तरों पर आर्थिक विकास की दर मंद रही है। पिछले वर्ष में 4.2 प्रतिशत दर के मुकाबले 2019–20 के दौरान 6.1 प्रतिशत दर की जीडीपी की वृद्धि के साथ, भारतीय अर्थव्यवस्था में औद्योगिक उत्पादन, और विद्युत खपत की मांग में गिरावट देखी गई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोविड–19 महामारी के प्रकोप के दीर्घकालीन प्रभाव और दुनिया के कई हिस्सों में भू–राजनीतिक घटनाक्रम ने संकट को और गहरा कर दिया है। आर्थिक विकास को पटरी पर लाने के लिए भारत सरकार ने वित्तीय तरलता में सुधार लाने, विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के द्वारा औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि और कृषि क्षेत्र का समर्थन करने के उद्देश्य से कई पहल शुरू की हैं।

इसके बीच, कारोबारी माहौल में अनिश्चितता अल्पावधि के साथ–साथ दीर्घकालिक चुनौतियां उत्पन्न ही रही है। बीएचईएल सख्त गुणवत्ता और लागत नियंत्रण के साथ, स्वयं को एक वैश्विक इंजीनियरिंग उद्यम के रूप में परिवर्तित कर रहा है, और निम्नलिखित विभिन्न परिवर्तन पहलों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है – अल्पावधि में लाभदायक विकास को बनाए रखना, मुख्य व्यवसाय में शीर्ष स्थान पर बने रहना और दीर्घकालीन अवधि में उभरते अवसरों का दोहन करके विविधता लाना। नए विकास क्षेत्रों में रणनीतियों की रचना व कार्यान्वयन कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। भारत में इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के लिए केन्द्र बिन्दु बने रहते समय हमारा सम्पूर्ण प्रयास एक सफल परिवर्तन की ओर अभिकेंद्रित हैं। अधिक जानकारी के लिए, कृपया निदेशक मण्डल रिपोर्टका अनुलग्नक–I देखें।

कॉर्पोरेट अभिशासन

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 34 के अनुसरण में, कॉर्पोरेट अभिशासन (निदेशक मंडल / समिति की बैठक के विवरण सहित) पर एक रिपोर्ट, निम्नलिखित के साथ निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक– II में दी गई है।

(1) सूचीबद्धता बाध्यताएं की अनुसूची V के अंतर्गत निदेशकों की गैर–अयोग्यता का प्रमाण पत्र

(2) कॉर्पोरेट अभिशासन पर सूचीबद्धता विनियमों और डीपीई दिशा निर्देशों के अंतर्गत कॉर्पोरेट गवर्नेंस पर लेखा परीक्षकों के प्रमाण पत्र

(3) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा की 204(1) के अंतर्गत सचिवीय अंकेक्षण रिपोर्ट और उस पर प्रबंधन का उत्तर

(4) कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 12 (1) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 92 (3) क अनुसरण में वार्षिक विवरणी का सारांश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) के अंतर्गत स्वतंत्र निदेशकों द्वारा स्वतंत्रता के मानदंडों से संबंधित घोषणा निदेशक मंडल को दी गई है।

निदेशक मंडल की राय में, वर्ष क दौरान नियुक्त किए गए स्वतंत्र निदेशक सत्यनिष्ठा एवं आवश्यक विशेषज्ञता और अनुभव रखते हैं। सभी स्वतंत्र निदेशकों ने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ कॉर्पोरेट अफेयर्स (IICA) के ऑनलाइन डेटाबेस में अपना पंजीकरण कराया है। आज तक, स्वतंत्र निदेशकों को अभी तक भारतीय कॉर्पोरेट मामलों के संस्थान (धारा 150 के अंतर्गत अधिसूचित) द्वारा आयोजित ऑनलाइन प्रवीणता स्व–मूल्यांकन परीक्षण से गुजरना है।

कंपनी की वेबसाइटों के लिए लिंक:

1. स्वतंत्र निदेशकों का परिचय कार्यक्रम:
   http://www.bhel.com/index.php/ind_dir
2. संबंधित पक्ष के लेन–देन सेसंबंधित सामग्री सहायक और नीति निर्धारण नीति:
   http://www.bhel.com/pdf/Policy_with_regard_to_Related_Party_Transactions_010419-pdf
3. वार्षिक विवरणी का सार
   http://www.bhel.com/index.php/notice_announce

लेखा परीक्षा समिति

कंपनी में, कंपनी अधिनियम, 2013 के अंतर्गत बनाये गए नियमों एवं सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 18 के अनुसार आवश्यक निदेशक मंडल स्तर की लेखा परीक्षा कमेटी का गठन किया गया है, जिसका विवरण कॉर्पोरेट अभिशासन रिपोर्ट के बिंदु 3 पर दिया गया है। इसके अलावा, ऐसा कोई उदाहरण नहीं है जहां निदेशक मंडल ने लेखापरीक्षा समिति की अनुशंसा को स्वीकार नहीं किया है।

सचिवीय मानकों का अनुपालन

कंपनी ने लागू सचिवीय मानकों का अनुपालन किया है।

निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों की स्थिति में परिवर्तन

नियुक्ति

श्री शशांक प्रिय, अतिरिक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय को अंशकालिक आधिकारिक निदेशक के रूप में 4 अक्टूबर, 2019 से नियुक्त किया गया है।

श्री अनिल कपूर को निदेशक (मानव संसाधन) का कार्यभार संभालने के लिए पूर्णकालिक (कार्यकारी) निदेशक के रूप में 15 अक्टूबर, 2019 से नियुक्त किया गया है।

श्री राज कमल बिंदल और श्री मनीष कपूर को अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक में 31 जनवरी, 2020 से नियुक्त किया गया है।

आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, श्री शशांक प्रिय, श्री अनिल कपूर, श्री राज कमल बिंदल और श्री मनीष कपूर आगामी वार्षिक आम बैठक तक पद पर रहेंगे हैं और बैठक में निदेशक के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र हैं।

सेवा का समापन

01 अगस्त, 2015 को निदेशक (मा.सं.) के रूप में नियुक्त किए गए श्री डी बंदोपाध्याय को 31 अगस्त, 2019 को अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने पर कंपनी के निदेशक पद से मुक्त कर दिया गया।

01 दिसम्बर, 2018 को अंशकालीन स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किए गए श्री आर स्वामीनाथन को उनका कार्यकाल समाप्त होने पर कंपनी के निदेशक पद से मुक्त किया गया।

निदेशक मंडल की बैठक के दौरान श्री बंदोपाध्याय एवं श्री आर स्वामीनाथन के द्वारा अपने कार्यकाल में दिए गए अमूल्य सेवाओं, परामर्श एवं दिशा निदेर्श के लिए लिखित प्रंशसा व्यक्त की।

इसके अलावा, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 152 और कंपनी एसोसिएशन ऑफ आर्टिकल्स के अनुच्छेद 67 (i) के अनुसार, श्री मनोज कुमार वर्मा और श्री कमलेश दास रोटेशन से रिटायर होंगे और वार्षिक आम बैठक में अपनी पुनः नियुक्ति का प्रस्ताव रखने के लिए पात्र होंगे।

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के नियम 36 (3) के अनुपालन में, नियुक्ति और पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तावित निदेशकों की विशिष्ट कार्य क्षेत्रों में उनकी विशेषज्ञता का प्रकार, उन कंपनियों के नामों, जिनमें वे निदेशक पद पर हैं और निदेशक मण्डल की विभिन्न समितियों में उनकी सदस्यता संबंधी जानकारी के साथ संक्षिप्त विवरण नोटिस के व्याख्यात्मक विवरण /अनुलग्नक में दिया गया है।

सीईओ / सीएफओ प्रमाण पत्र

सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियम 17 (8) के अनुसार सीईओ/ सीएफओ प्रमाण पत्र निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक–III में दिया गया है।

ऋण और निवेश

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 186 के प्रावधानों के अंतर्गत आने वाले ऋण और निवेश का विवरण वित्तीय विवरण का भाग है। वित्तीय वर्ष 2015–16 के दौरान बीएचईएल की सहायक कंपनी मेसर्स बीएचईएल ईएमएल को कार्यशील पूंजी के रूप में' रुपये 3 करोड़ का ऋण दिया गया था, जिसके ह्रास का प्रावधान किया गया है।

समेकित वित्तीय विवरण

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) और सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम 2015 के विनियम 34 के अनुसार तैयार किए गए समेकित वित्तीय विवरणों पर संक्षिप्त जानकारी प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण के पैरा 1.5.4 में दी गई है।

संधारणीय विकास

संधारणीयता का सिद्धांत हमारी व्यावसायिक प्रक्रियाओं का भाग है, जो हमारे मिशन स्टेटमेन्ट "ऊर्जा, उद्योग एवं बुनियादी सुविधा के क्षेत्र में संधारणीय व्यावसायिक समाधान प्रदान करना" में परिलक्षित होता है।

बीएचईएल अपने ग्राहकों के लिए सदैव ही ऐसे उत्पाद एवं प्रोद्योगिकी पर ध्यान केन्द्रित करता है जिसके पर्यावरणीय उत्सर्जन कम हों। अपनी आंतरिक प्रक्रियाओं में, कंपनी 3–आर सिद्धांत (रिड्यूस, रि–साइकल– र–यूज) के समावेश माध्यम से, अपने परिसरों में स्थापित किए गए घरेलू रूप से विकसित सौर ऊर्जा संयंत्रों के माध्यम से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाना, ऊर्जा दक्षता संवर्धन परियोजनाओं के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण, परिचालनों में कार्बन उत्सर्जन को कम करना,सघन वृक्षारोपन के हरित क्षेत्र को बढ़ाना एवं उसके अनुरक्षण से जैव विविधता का संरक्षण इत्यादि जल सहित प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण सम्मिलित है।

समाज में समावेशी विकास को बढ़ावा देने की दिशा में काम करने वाले एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, बीएचईएल के संरचित सीएसआर कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के लिए एक सामाजिक अधोसंरचना का निर्माण करना है। वर्ष 2019–20 के दौरान की गई इन पहलों का विवरण निदेशक मण्डल रिपोर्ट के अनुलग्नक–IV में दिया गया है।

व्यावसायिक दायित्व रिपोर्ट

सूचीबद्धता विनियम की अपेक्षा के अनुरूप, पर्यावरण, समाज और अभिशासन के क्षेत्र में कंपनी द्वारा की गई पहलों की व्यावसायिक दायित्व रिपोर्ट निदेशक मण्डल रिपोर्ट के अनुलग्नक V में संलग्न है।

अनुसंधान एवं विकास और प्रौद्योगिकी विकास की उपलब्धियां

बीएचईएल में स्थापित नवप्रवर्तन तथा अनुसंधान व विकास रूपरेखा वर्तमान और भविष्य की व्यावसायिक आवश्यकताओं की तकनीकी चुनौतियों का सामना करने के लिए पूर्णतः तैयार है। 2019–20 के लिए कंपनी का R & D खर्च रु 766 करोड़ था जो कुल कारोबार का लगभग 3.74 प्रतिशत है। इसमें अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं के अतिरिक्त विनिर्माण इकाइयों में ग्राहकों की आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पादों एवं डिजाइनों में संशोधन/उन्नयन के लिए किए गए अनुसंधान एवं विकास प्रयासोंकी लागात सम्मिलित नहीं है।

कंपनी ने वर्ष के दौरान बौद्धिक संपदा को 4849 तक बढ़ाते हुए 549 पेटेंट और कॉपीराइट आवेदन प्रस्तुत किए। कंपनी के राजस्व का लगभग 23.4 प्रतिशत अपने घरेलू रूप से विकसित किए गए उत्पादों से प्राप्त किया गया है जिसकी राशि 4792 करोड़ है। अधिक जानकारी निदेशक मण्डल रिपोर्टके अनुलग्नक– VI में प्रदान की गई है।

राजभाषा कार्यान्वयन

कंपनी की सभी इकाइयों/प्रभागों/कार्यालयों/साईटों में राजभाषा अधिनियम 1963 एवं राजभाषा नियम 1976 के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए निरंतर सक्रिय प्रयास किए जा रहे हैं। इस दिशा में हो रही प्रगति की निरंतर समीक्षा जा रही है। अधिक विवरण निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक VII ए में दिया गया है।

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा विभिन्न इकाइयों के निरीक्षण के समय राजभाषा क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई है। भारी उद्योग विभाग ने भी कुछ इकाइयों का निरीक्षण किया और राजभाषा कार्यान्वयन को लेकर संतोष व्यक्त किया है। भारी उद्योग विभाग द्वारा कुछ इकाईयों का निरिक्षण किया गया एवं राजभाषा क्षेत्र में बीएचईएल के प्रयासों को सराहा गया। अधिक विवरण निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक VII ए में दिया गया है।

सतर्कता प्रणाली

बीएचईएल के सतर्कता विभाग का नेतृत्व मुख्य सतर्कता अधिकारी (CVO) द्वारा किया जाता है, जिसे भारी उद्योग विभाग (DHI), भारी उद्योग एवंलोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। बीएचईएल की प्रमुख विनिर्माण इकाइयों/पावर क्षेत्र के प्रभागों में सतर्कता प्रणाली का नेतृत्व वरिष्ठ अधिकारी द्वारा किया जाता है, जो सीवीओ को रिपोर्ट करते हैं।

भ्रष्टाचार की संभावनाओं को कम करने के लिए निवारक सतर्कता हमेशा बीएचईएल सतर्कता का फोकस क्षेत्र रहा है। सिस्टम में खामियों को दूर करके प्रक्रियाओं में अस्पष्टता और विवेकाधिकार को उत्तरोत्तर कम करना मुख्य उद्देश्य है, जिससे निर्णय लेने की प्रक्रिया को अधिक उद्देश्यपूर्ण और पारदर्शी बनाया जा सकता है और साथ ही कदाचार के लिए गुंजाइश कम हो सके। निवारक सतर्कता के प्रमुख क्षेत्रों में से एक निगरानी है। वर्ष के दौरान, इकाइयों में अपनाई जा रही विभिन्न प्रक्रियाओं का अध्ययन करने और सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के उद्देश्य से कॉर्पोरेट सतर्कता टीम द्वारा बीएचईएल की कई विनिर्माण इकाइयों/क्षेत्रों का निरीक्षण लिए किया गया। बीएचईएल से संबंधित ऑडिट रिपोर्ट (आंतरिक, वैधानिक और सीएजी रिपोर्ट) की भी जांच की गई है ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि इस तरह की रिपोर्टों में सामने आई अनियमितताओं में कोई सतर्कता जांच योग्य बिन्दु तो नहीं है। वर्ष के दौरान लगभग 4200 कर्मचारियों की वार्षिक संपत्ति विवरण

की जांच की गई। संगठन में गतिविधियों की यादृच्छिक जाँच नियमित निरीक्षण, औचक निरीक्षण, प्रणाली अध्ययन, सीटीई प्रकार निरीक्षण आदि के माध्यम से की गई।

इन निरीक्षणों / जांच के निष्कर्षों के आधार पर, बीएचईएल की विभिन्न नीतियों, दिशानिर्देशों एवं मैनुअलों में कई संशोधनों का सुझाव दिया गया ताकि विवेकाधीन शक्तियों को कम किया जा सके तथा गलत अर्थ निरूपण की संभावना वाले प्रावधानों स्पष्टता लाई जा सके। तदनुसार, आपूर्तिकर्ताओंः ठेकेदारों से व्यावसायिक व्यवहार के निलंबन के लिए दिशानिर्देशों तथा आदेश जारी करने के लिए गुणवत्ता सह लागत के आधार पर चयन (क्यूसीबीएस) के लिए दिशानिर्देशों हेतु संशोधित प्रतिवर्ती नीलामी (आरए) दिशानिर्देश, 2020, जारी किए गए हैं। विस्तृत जानकारी निदेशक मंडल रिपोर्ट के अनुलग्नक VII । में प्रदान की गई है।

स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई)

संगठन के लिए व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण महत्वपूर्ण है। परिचालन अनुशासन में संवर्धन एवं निहित सुरक्षा उपायों को विकसित करने के लिए कंपनी स्तर पर एचएसई सुरक्षा प्रबंधन लक्ष्यों और प्रक्रियाओं की स्थापना की गई है।

दुर्घटना विहीनता के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए प्रणालियों को लगातार मानकीकृत और उन्नत किया जाता है। बीएचईएल में तीन स्तरीय एचएसई निगरानी प्रणाली है। एचएसई संबंधित मुद्दों की समीक्षा विभिन्न स्तरों जैसे प्लांट लेवल एपेक्स कमेटी, संयुक्त समिति, केंद्रीय सुरक्षा समिति, शॉप स्तर समिति, जोखिम प्रबंधन समिति आदि में की जाती है।

हमारी इकाइयोंका आईएसओ14001 और ओएचएसएएस 18001/45001 प्रमाणीकरण हमें एचएसई संबंधित जोखिम का प्रबंधन करने और हमारे एनएसई निष्पादन में उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। इस वर्ष एचएसई प्रशिक्षण की प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए कई नई पहल की गई जैसे – अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण, आईएसओ 14001 और आईएसओ 45001 पर जागरूकता कार्यक्रम, सुरक्षा प्रशिक्षकोंका प्रशिक्षण, आईएसओ 14001 एवंआईएसओ 45001 क`लिए ई–मॉड्यूल विकास, अग्नि सुरक्षा स्टीवर्ड प्रशिक्षण इत्यादि। अधिक विवरण निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक VII ए में दिया गया है।

डेटा और साइबर सुरक्षा

बीएचईएल साइबर हमलों के प्रभाव को कम करने और सूचना एवं सूचना प्रसंस्करण अधोसंरचना की सुरक्षा बनाए रखने क लिए विभिन्न सरकारी एजेंसियों के साथ डेटा और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग कर रहा है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY), भारत सरकार के तत्वावधान में "साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस जनरेशन के लिए स्केलेबल अटैक डेटा कैप्चरिंग एंड एनालिसिस फ्रेमवर्क" परियोजना को कार्यान्वित किया जा रहा है।

इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम (CERT&In MeitY के अंतर्गत साइबर सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय नोडल एजेंसी) मुख्य भागीदार और उपयोगकर्ता एजेंसी है, जो इस परियोजना सेउत्पन्न साइबर खतरे की खुफिया सूचना प्राप्त करेगी और उनकी आवश्यकता के अनुसार देश के साइबर इकोसिस्टम की सुरक्षा के लिए इसका उपयोग करेगी। इस परियोजना के एक भाग के रूप में, खतरा डेटा/लॉग कैप्चर करने के लिए बीएचईएल में एक हनीपोट सेंसर लगाया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर साइबर खतरे की खुफिया सूचना तंत्र के निर्माण के लिए सरकार की पहल के अंतर्गत इसे यह सेंसर केप्चर करता है और साइबर थ्रेट इंटेलिजेंस को अग्रेषित करता है।

अन्य प्रकटीकरण

कंपनी अधिनियम (2013) की धारा 134 (3) (एम) सहपठित कंपनियों (लेखा) नियमों, 2014 के प्रावधानों के अनुसार ऊर्जा के संरक्षण, प्रौद्योगिकी समामेलन और विदेशी मुद्रा आय और व्यय के संबंध में जानकारी निदेशक मण्डल रिपोर्ट के अनुलग्नक–VII में दी गई है।

कंपनियों (प्रबंधकीय कार्मिकों की नियुक्ति और पारिश्रमिक) नियम, 2014 के नियम 5 सहपठित कंपनी अधिनियम, 2013 केखंड 197 के प्रावधानों के अनुसार, प्रत्येक सूचीबद्ध कंपनी को निदेशक मण्डल रिपोर्ट में निदेशकों आदि के पारिश्रमिक का विवरण देना आवश्यक है। तथापि, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या जीएसआर 463 (ई) दिनांक 5 जून, 2015 के अनुसार, सरकारी कंपनियों को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 197 के प्रावधानों का अनुपालन करने से छूट दी गई है। बीएचईएल एक सरकारी कंपनी है, इसलिए निदेशक मंडल की रिपोर्ट में ये विवरण शामिल नहीं किए गए हैं।

सहायक कंपनी और संयुक्त उपक्रम से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 (फार्म एओसी –1) की धारा 129 और कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 (2) के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 134 (3) (एच) के अनुसरण में फार्म एओसी –2 के अनुसार विवरण निदेशक मंडल की रिपोर्ट में अनुलग्नक–VIII में दिया गया है।

लेखा परीक्षक

आपकी कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षक भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। सांविधिक लेखा परीक्षकों की तीन फर्मों को संयुक्त सांविधिक लेखा परीक्षकों के रूप में और पांच फर्मों को शाखा लेखा परीक्षकों के रूप में नियुक्त किया गया था। वित्त वर्ष 2019–20 के लिए नियुक्त ऑडिट फर्मों के नाम अलग से वार्षिक रिपोर्ट में दिए गए हैं।

लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

कंपनी के वित्त वर्ष 2019–20 के एकल और समेकित वित्तीय विवरणों पर भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट और टिप्पणियां निदेशक मंडल की रिपोर्ट के अनुलग्नक–IX में दी गई हैं। कंपनी के वित्तीय विवरणों पर लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में कोई परिवर्तन नहीं है।

सचिवीय लेखा परीक्षा

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 204 (1) के संदर्भ में, कंपनी ने मैसर्स के.के. सचदेवा एंड एसोसिएट्स, पूर्णकालिक कंपनी सचिव कोवित्त वर्ष 2019–20 के लिए सेक्रेटेरियल ऑडिट करने के लिए सेक्रेटरी ऑडिटर के रूप में नियुक्त किया और उनकी रिपोर्ट कॉर्पोरेट अभिशासन खंड का हिस्सा है।

सचिवीय लेखा परीक्षक द्वारा अपनी लेखापरीक्षा रिपोर्ट में की गई टिप्पणियां निम्नानुसार हैं:

निदेशक मंडल की संरचना भारत के प्रतिभूति और विनिमय निदेशक मंडल (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 के विनियमन 17 (1) एवं कॉर्पोरेट शासन पर डीपीई दिशानिर्देशों के पैरा 3.1.4 के अनुपालन में नहीं है, क्योंकि कंपनी के निदेशक मंडल में स्वतंत्र निदेशक अपेक्षित संख्या में नहीं हैं।

उपर्युक्त टिप्पणी पर प्रबंधन का उत्तर निम्नानुसार है:

बीएचईएल एक सरकारी कंपनी होने के नाते, स्वतंत्र निदेशकों का चयन प्रशासनिक मंत्रालय अर्थात भारी उद्योग विभाग द्वारा लोक उद्यम विभाग की सर्च समिति के परामर्श से किया जाता है। हमारी कंपनी सेबी लिस्टिंग विनियम के प्रावधानों तथा एवं लोक उद्यम विभाग के दिशानिर्देशों के अनुपालन हेतु अपने निदेशक मंडल में अपेक्षित संख्या में स्वतंत्र निदेशक

नियुक्त करने लिए भारी उद्योग विभाग के निरंतर संपर्क में रहती है।

लागत लेखा परीक्षक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के प्रावधानों और कंपनी (लागत रिकॉर्ड एवं ऑडिट) नियम, 2014 तथा उनके संशोधनों के अनुसार, निदेशक मंडल ने लेखा परीक्षा समिति की सिफारिश पर वित्त वर्ष 2019–20 के लिए आपकी कंपनी के लागत लेखों की लेखापरीक्षा के लिए लागत लेखा परीक्षकों के रूप में सात लागत लेखाकारों फर्मों की नियुक्ति को अनुमोदन प्रदान किया। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 की उप–धारा (1) के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट लागत लेखे और रिकॉर्ड समुचित ऊप में रखे गए हैं और उनका अनुपालन किया गया है।

वित्त वर्ष 2019–20 के लिए नियुक्त लागत लेखा परीक्षकों का विवरण वार्षिक रिपोर्ट में अलग से दिया गया है। वित्त वर्ष 2017–18 के लिए लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट 23 अगस्त, 2018 को एक्सबीआरएल मोड के अंतर्गत दायर की गई है, जो कि भरने की नियत तारीख के भीतर है और लागत लेखा परीक्षा रिपोर्ट में कोई विसंगति नहीं थी।

प्रशंसा और आभार

आपके निदेशक कंपनी के संचालन और विकास योजनाओं में भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय और भारत सरकार के सभी अन्य विभागों और एजेंसियों द्वारा किए गए सहयोग और मार्गदर्शन के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। निदेशक मंडल भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक, लेखा परीक्षा निदेशक मंडल के अध्यक्ष और सदस्यों, सांविधिक लेखा परीक्षकों, शाखा लेखा परीक्षकों, सचिवीय लेखा परीक्षक और लागत लेखा परीक्षकों को रचनात्मक सुझाव और निरंतर सहयोग के लिए आभार व्यक्त करता है।

निदेशक मंडल भारत और विदेशों में मौजूद कंपनी के बहुमूल्य ग्राहकों और सम्मानित शेयरधारकों द्वारा किए गए सहयोग और कंपनी के प्रबंधन में व्यक्त किए गए विश्वास के लिए प्रशंसा करता है और आशा व्यक्त करता है कि भविष्य में भी हम एक– दूसरे के सहयोग से काम करते रहेंगे।

निदेशक सभी प्रौद्योगिकी सहयोगियों, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों से प्राप्त निरंतर सहयोग तथा वित्तीय संस्थाओं, बैंकरों तथा स्टॉक एक्स्चेंजों के प्रति आभार व्यक्त करते हैं।

आपका निदेशक मंडल बीएचईएल कर्मचारियों को, निष्ठापूर्ण प्रयासों, कड़ी मेहनत और प्रतिबद्धता द्वारा इस संगठन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए हृदय की गहराईयों से धन्यवाद देता है।

निदेशक मंडल की ओर से और के लिए
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28.03.2020

निदेशक मंडल रिपोर्ट का अनुलग्नक–1
प्रबंधन चर्चा और विश्लेषण

1.1 आर्थिक और व्यावसायिक परिदृश्य का अवलोकन

आईएमएफ के अनुसार 2019 मेंविश्व अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर घटकर 2.9 प्रतिशत हो गई, जो वर्ष 2018 में 3.6 प्रतिशत थी। कोविड–19 महामारी के आने से आपूर्ति श्रृंखला, उत्पादन और व्यापार में व्यापक व्यवधानों के कारण विश्व आर्थिक गतिविधि को बहुत बडा नुकसान उठाना पड़ा है। 2020 के उत्तरार्ध में धीरे–धीरे ठीक होने की प्रत्याशा के साथ, 2020 में विश्व आर्थिक वृद्धि होने का अनुमान है। औद्योगिक उत्पादन प्वाइंट से सिंक्रनाइज़ और आपूर्ति में गिरावट उच्च आवृत्ति संकेतक हैं। लॉकडाउन, बेरोजगारी, आय में कमी और कमजोर उपभोक्ता विश्वास के कारण उपभोग और सेवा उत्पादन में गिरावट आई है।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने 2019–20 में पिछले वर्ष के दौरान 6.1 प्रतिशत के मुकाबले जीडीपी की 4.2 प्रतिशत वृद्धि देखी है। उच्च आवृत्ति संकेतक, मार्च, 2020 के प्रारम्भ से शहरी तथा ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में औद्योगिक उत्पादन गतिविधियों और खपत की मांग में गिरावट का संकेत देते हैं। लॉकडाउन की अवधि के दौरान विद्युत की खपत में गिरावट आई और पूंजीगत वस्तुओं, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और गैर–टिकाऊ वस्तुओं का उत्पादन लक्षित किया गया था।

घरेलू विद्युत क्षेत्र में, विद्युत मूल्य श्रृंखला के वितरण और खुदरा पक्ष में सुधार जारी है। विद्युत अधिनियम में हाल ही में मसौदा संशोधन हुआ है और डिस्कॉम को 90000 करोड़ रुपए वित्तीय पैकेज दिया गया है। थर्मल पावर व्यवसाय में, हालांकि नए कोयला–आधारित विद्युत उत्पादन उपकरणों के लिए ऑर्डर स्थिति कमजोर रही, वहीं, उत्सर्जन नियंत्रण कारोबार की मांग मजबूत रही। इस वर्ष भी परमाणुऊर्जा क्षेत्र से व्यावसायिक गतिविधि देखी गई।

भारतीय रेलवे, अपने परिचालन को डीकार्बोनाइज करने, बुनियादी ढांचे के उन्नयन और आधुनिकीकरण और सेवा की गुणवत्ता बढ़ाने की पहल के साथ आगे बढ़ रही है। इसके अलावा, टियर–II और टियर–III शहरों से मेट्रो रोलिंग स्टॉक की मांग बढ रही है। ई–मोबिलिटी क्षेत्र में, भारत सरकार की फेम(FAME)–II योजना के शुभारम्भ के बाद, निजी इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन क्षेत्र दोनों में बढती मांग को पूरा करने के लिए बाजार कमर कस रहा है।

1.2 अवसर और जोखिम

कोविड–19 महामारी के प्रकोप, भू–राजनीतिक घटनाक्रम ने दुनिया भर में अभूतपूर्व आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उथल–पुथल मचा दी है। इन घटनाओं के प्रभाव की मात्रा और सीमा अभी तक पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है। हालांकि, अतीत में ऐसी अधिकांश घटनाओं की तरह, यह उतार–चढाव भरा समय, चीजों के नए क्रम में प्रमुख स्थान बनाने के लिए जोखिम के साथ–साथ नए अवसर भी प्रदान करता है। अपने परिचालन पर लगातार विकसित होती स्थिति के तात्कालिक प्रभावों से निपटने के दौरान, बीएचईएल इन घटनाक्रमों के परिणामस्वरुप उभरने वाली संभावनाओं को भी देख रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था ने कोविड –19 के प्रकोप से पहले ही, पिछली पाँच तिमाही से विकास में गिरावट देखी थी। निरंतर कमजोर खपत से उभरने के लिए, सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक ने तरलता को कम करने के लिए विभिन्न उपाय किए थे। इस तथ्य को रेखांकित करते हुए कि आधारभूत संरचना, विकास का एक प्रमुख प्रवर्तक है, सरकार द्वारा दिसंबर 2019 में एक राष्ट्रीय आधारभूत संरचना पाइपलाइन रिपोर्ट जारी की गई थी, जिसमें 2024–25 तक बुनियादी ढांचे पर 111 लाख करोड़ रुपए के निवेश की परिकल्पना की गई थी। हालाँकि, महामारी तथा अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में आगामी मंदी के चलते, यह उम्मीद की जाती है कि सरकार का प्राथमिक ध्यान सभी नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और आजीविका के साधन सुनिश्चित करने पर होगा। बीएचईएल भी अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान, परियोजना स्थलों पर श्रम की कमी और नकदी की कमी के कारण परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना कर रहा है।

कोविड–19 महामारी से उत्पन्न विभिन्न परिचालन और व्यावसायिक चुनौतियों के बावजूद, विनिर्माण संबंधी आपूर्ति श्रृंखलाओं में एक महत्वपूर्ण अवसर देखा जा रहा है, जिसमें कुछ देशों में उनकी मौजूदा एकाग्रता से उत्पन्न आर्थिक और राजनीतिक जोखिमों के मद्देनजर भौगोलिक विकल्प भी खोजने होंगे। कम्पनी, इसके विशाल परिसंपत्ति आधार, इंजीनियरिंग क्षमताओं और विनिर्माण क्षमता की विविधता को देखते हुए, विनिर्माण क्षेत्र में इस तरह के आगामी अवसरों को भुनाने के लिए लक्ष्य बना रही है।

कोविड–19 और हाल के राजनीतिक घटनाक्रम के बाद भूमंडलीकरण को झटका लगा है, आत्मनिर्भरता को रणनीतिक महत्व प्राप्त हुआ है। भारत सरकार के "आत्मनिर्भर भारत" और "मेक इन इंडिया" जैसे प्रयासों में भारतीय औद्योगिक परिदृश्य को एक नया रूप देने की क्षमता है। बीएचईएल भी मूल, टिकाऊ और लाभदायक व्यावसायिक क्षेत्रों को अपनाकर इस पुनरुत्थान का हिस्सा बनने का प्रयास कर रहा है, जो घरेलू इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमताओं में अंतर को कम करते हुए विकास के नए मार्गप्रदान करेगा। कंपनी वैश्विक ओईएम के साथ भारत में संयंत्र स्थापित करने की अपनी सुविधा एवं क्षमता के उपयोगों के विभिन्न अवसरों को तलाश रही है।

1.3 संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

ऊर्जा संक्रमण, विघटनकारी प्रौद्योगिकी विकास, बदलते व्यावसायिक मॉडल और ग्राहक की कडी अपेक्षाओं जैसे कारकों ने परिवर्तन की आवश्यकता पर बल दिया है। बदलते व्यवसायिक माहौल द्वारा सौंपी गई अल्पकालिक और दीर्घकालिक चुनौतियों को दूर करने के लिए, कंपनी, लाभदायक विकास को और अल्पावधि में मुख्य व्यवसाय में हमारे नेतृत्व को बनाए रखते हुए तथा दीर्घावधि में उभरते अवसरों का दोहन करते हुए कुछ बहुत ही मजबूत कदम उठा रही है।

कंपनी में एक परिवर्तन प्रक्रिया पहले ही शुरू की जा चुकी है, जिसमें विभिन्न प्रक्रियाओं को फिर से शुरू करना, परियोजना के निष्पादन में सुधार लाना, व्यवसाय मॉडल को पुनः डिज़ाइन करना, नए व्यवसायों में विस्तार करना और लोगों को उनके कार्यों में लगाए रखना शामिल हैं।

मुख्य व्यवसाय का संरक्षण

कंपनी अपने मुख्य व्यवसाय में अपने नेतृत्व की रक्षा करने और उसे बनाए रखने के लिए वचनबद्ध है। बीएचईएल समय पर परियोजना सुपुर्दगी करते हुए निष्पादन में सुधार, पुर्जो और सेवाओं के क्षेत्र में नए सिरे से जोर देने, उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसाय को मजबूत करने और एयूएससी प्रौद्योगिकी का उपयोग करके ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल विद्युत संयंत्रों के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

2X660 मेगावाट की टीएचडीसीआईएल खुर्जा परियोजना के टीजी पैकेज के आदेश के साथ, बीएचईएल द्वारा देश में प्राप्त सुपरक्रिटिकल सेटों के अपने कुल ऑर्डरों में स्टीम जेनरेटर्स के 56 सेट और टर्बाइन जेनरेटरों (टीजी) के 51 सेट शामिल हैं, जो देश में किसी भी अकेले विद्युत संयंत्र उपकरण आपूर्तिकर्ता द्वारा प्राप्त उच्चतम ऑर्डर है। घरेलू विद्युत उत्पादन क्षमता में सबसे बड़े योगदानकर्ता के रूप में अपनी प्रमुखता के साथ, कंपनी घरेलू उत्सर्जन नियंत्रण व्यवसाय में अग्रणी है, जिसमें 63 फ्ल्यू गैस डिसल्फराइजेशन सेट, 11 चुनिंदा केटेलिटिक रिडक्शंस सेट और अन्य महत्वपूर्ण ऑर्डर शामिल हैं। नए व्यवसाय अवसरों के लिए डिजिटलाइजेशन सहित नए विकास क्षेत्रों की पहचान करके पावर प्लांट पुर्जों और सेवाओं के कारोबार में मूल्य प्रस्ताव को बढ़ाने के लिए समर्पित प्रयास जारी हैं। बीएचईएल ट्रांसमिशन और कैप्टिव पावर व्यवसायों में भी अपनी सेवाओं में विस्तार कर रहा है।

भारत के पड़ोस में अपनी प्रमुख उपस्थिति की पुष्टि करते हुए, बीएचईएल ने 2X20 मेगावाट की राहुघाट जल–विद्युत परियोजना के इलेक्ट्रो–मैकेनिकल पैकेज के लिए एक आदेश प्राप्त किया है। वर्ष 2018–19 में अरुण –3 के बाद जलविद्युत परियोजना के लिए नेपाल से यह दूसरा ऑर्डर है।

नए विकास क्षेत्र

आधारभूत और नए लाभदायक विकास क्षेत्रों की पहचान, और इन क्षेत्रों में व्यवसाय निष्पादन रणनीतियों की योजना बनाना और उन्हें लागू करना सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। रेलवे परिवहन, रक्षा और एयरोस्पेस, डाउनस्ट्रीम, तेल और गैस में ईपीसी परियोजनाएं, विद्युत संयंत्रों के लिए उद्योग 4.0 समाधान व्यवसाय, और अनुलग्नक विनिर्माण कुछ ऐसे अवसर हैं जहां बीएचईएल विकास की नई परिभाषा के निर्माण के लिए नए उत्पादों और प्रणालियों की एक श्रृंखला पर काम कर रहा है। अतीत में शुरू की गई विविधीकरण पहलों के कारण उद्योग क्षेत्र में अब तक की उच्चतम ऑर्डर बुकिंग की उपलब्धि प्राप्त हुई है, जिसमें 2019–20 में ट्रांसमिशन, सौर और रक्षा और एयरोस्पेस के उच्चतम ऑर्डर शामिल हैं। प्रमुख उपलब्धियों में रिजेनरेटिव ब्रेकिंग सहित WAG&7 इलेक्ट्रिक इंजनों के विनिर्माण और आपूर्ति के लिए रेलवे निदेशक मंडल से महत्वपूर्ण आदेश, एनटीपीसी से रामागुंडम में सबसे बड़े एकल स्थान फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट (100MW) के लिए ऑर्डर भारतीय रेलवे तथा अन्यों के साथ साझेदारी में विकसित अपनी तरह का पहला सौर पीवी विद्युत संयंत्र है जो बीना में ट्रैक्शन सब–स्टेशन को सीधे विद्युत आपूर्ति करता है शामिल हैं। ।

परियोजना निष्पादन में सुधार

परियोजनाओं के समय पर निष्पादन/सुपुर्दगी सुनिश्चित करने के लिए कंपनी कई कदम उठा रही है। प्रोजेक्ट की आवश्यकता अनुसार सामग्री डिस्पैच करना, आईटी आधारित इंटीग्रेटेड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (IPM) का कार्यान्वयन, एकीकृत प्रोजेक्ट इंजीनियरिंग में सुधार, बोली–पूर्व टाई अप के लिए ईपीसी सिविल एजेंसियों का सूचीबद्ध करना आदि कुछ प्रमुख पहल हैं।

लागत अनुकूलन

डिजाइन और क्रय प्रक्रियाओं के अनुकूलन के माध्यम से सभी स्तरों पर लागतों का अनुकूलन करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा, लागत के इष्टतम स्तर को प्राप्त करने के लिए डिजाइन और इंजीनियरिंग मानकीकरण, स्वदेशीकरण, थोक वस्तुओं की केंद्रीकृत खरीद, बेहतर सूची प्रबंधन और केंद्रित विक्रेता विकास प्रगति पर हैं।

गुणवत्ता सर्वप्रथम

कंपनी के उत्पादों और सेवाओं की पहचान के रूप में गुणवत्ता को और मजबूत करने के लिए एक कंपनी–व्यापी 'गुणवत्ता सर्वप्रथम' पहल शुरू की गई है। सशक्तिकरण, शिक्षा, सहभागिता और प्रोत्साहन के माध्यम से एक सशक्त गुणवत्ता संस्कृति का पोषण हो रहा है। सभी बीएचईएल प्रभागों की गुणवत्ता प्रबंधन प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए नया गुणवत्ता परिपक्वता मॉडल "क्वालिटी 360" विकसित और लॉन्च किया गया है। नित्य सुधार के लिए सभी प्रभागों (विनिर्माण इकाईयों, पावर सेक्टर क्षेत्रों, इंजीनियरिंग केन्द्रों) के क्वालिटी हेल्थ इंडेक्स का मूल्यांकन किया जा रहा है।

प्राप्य प्रबंधन

कंपनी की नकदी की स्थिति में सुधार कंपनी के लिए एक फोकस क्षेत्र बना हुआ है। परियोजनाओं के समय पर निष्पादन, अनुक्रमिक आपूर्ति, बिलिंग एवं सत्यापन, तथा प्राप्य के संग्रहण और अनुलग्नक परिसंपत्तियों को संग्रहण योग्य रूप में रूपांतरण के लिए अनुलग्नकों को बंद करने के लिए लक्षित प्रयास कड़ाई से लागू किए जा रहे हैं। 2019–20 में, प्राप्त बिलिंग अनुपात का नकद संग्रह 114 प्रतिशत था, जो पिछले 10 वर्षों में सबसे अधिक है। संग्रहणीय देनदार में 22 प्रतिशत की कमी आई है।

कर्मचारी विकास एवं सहभागिता

कंपनी, नीतिगत और संरचनात्मक परिवर्तनों पर नई प्रेरणा के साथ साथ अपने कर्मचारियों के विकास में निवेश जारी रखे हुए है। व्यक्तियों और संगठन के बीच संरेखण में सुधार के लिए कई प्रगतिशील योजनाएं लागू की गई हैं। निष्पादन प्रबंधन प्रणाली में सुधार, कर्मचारी सहभागिता में वृद्धि, आंतरिक संचार को मजबूत करना, शिक्षण और विकास के लिए ई–प्लेटफ़ॉर्म आधारित प्रणालीयों का उपयोग और नेतृत्व विकास जैसी कुछ विशिष्ट पहलों पर कार्य चल रहा है।

परिचालनात्मक दक्षता

कार्य की गति और परिचालन क्षमता को बेहतर बनाने के लिए प्रक्रियाओं को डिजिटल सक्षम बनाना, जिसके अंतर्गत ई–ऑफिस का कार्यान्वयन और एक अद्यतन रिवर्स ऑक्शन दिशा निर्देश जैसी कुछ पहल लागू की गई हैं। परियोजना राजस्व पहचान से संबंधित प्रैक्टिस में परिवर्तन भी परिचालन दक्षता और क्षमता उपयोग को बढ़ाएगा।

परिवर्तन की इस यात्रा में, हमने पहले से ही जो कदम उठाए हैं, और जो प्रयास शुरु किए हैं, इनसे हम आने वाले वर्षों में निरंतर विकास के लिए एक मंच निर्धारित करने में सक्षम होंगे। (आगे का रास्ता चुनौतीपूर्ण है, लेकिन हमें विश्वास है कि सफलतापूर्वक रूपांतरित बीएचईएल भारत में इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रमुख भूमिका निभाएगा)

व्यावसायिक खंडों की रूपरेखा एवं निष्पादन

पावर सेक्टर



1.4 व्यवसाय खंडों की रूपरेखा और निष्पादन

संक्षिप्त विवरण

एक राष्ट्र के आर्थिक विकास का वहां के ऊर्जा क्षेत्र के विकास के साथ गहरा संबंध है। निरंतर आर्थिक विकास के लिए सस्ती दरों पर विश्वसनीय और गुणवत्तापूर्ण ऊर्जा की उपलब्धता महत्वपूर्ण है। भारत में वर्तमान में 31 मार्च 2020 तक 1,389 बिलियन यूनिट से अधिक वार्षिक विद्युत उत्पादन के साथ 370 गीगावाट से अधिक की स्थापित क्षमता का आधार है। विद्युत क्षेत्र में वर्ष में पारंपरिक स्रोतों से लगभग 7 गीगावॉट की क्षमता वृद्धि देखी गई, जो मुख्य रूप से तापीय विद्युत संयंत्रों से है। दूसरी ओर, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (आरईएस) से क्षमता वृद्धि वर्ष में ˎ 9.4 गीगावॉट थी, जिसमें सौर ऊर्जा क्षमता का योगदान ˎ6.4 गीगावॉट का रहा है।

संस्थापित उत्पादन क्षमता



31 मार्च, 2020 को, स्रोत : केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए), विद्युत मंत्रालय

1.4.1 पावर सेक्टर

वर्तमान व्यापारिक परिदृश्य

कई वर्षों से वार्षिक विद्युत उत्पादन की औसत वृद्धि दर 5–6 प्रतिशत रही है। वर्ष 2019–20 में विद्युत उत्पादन लगभग 1 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ लगभग स्थिर होगया है। विशेष रूप से, थर्मल पावर प्रोजेक्ट्स से उत्पादन में 2.75 प्रतिशत की गिरावट आई है। हालांकि, सरकार ने विद्युत क्षेत्र सहित बुनियादी ढांचा क्षेत्र के विकास चक्र को फिर से शुरू करने के लिए प्रोत्साहित किया है। 2024–25 तक $ 5 ट्रिलियन के सकल घरेलू उत्पाद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, भारत को बुनियादी ढांचे पर $ 1.5 ट्रिलियन (111 लाख करोड़ रुपए) खर्च करने की आवश्यकता है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, 2019–25 के लिए नेशनल इन्फ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट तैयार की गई, जिसमें ऊर्जा क्षेत्र (यानी पावर, आरईएस, परमाणु ऊर्जा और पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस) को कुल निवेश योजना का 24 प्रतिशत आवंटित किया गया।

सरकार का लक्ष्य सभी परिवारों, उद्योग, वाणिज्यिक व्यवसायों और कृषि को 24X7 स्वच्छ और कम लागत की विद्युत उपलब्ध कराना है। राष्ट्र 100 प्रतिशत घरेलू विद्युतीकरण प्राप्त करने की कगार पर है। इसके अलावा, सरकार की पहल जैसे 'मेक इन इंडिया', 'स्मार्ट सिटीज़', '24X7 पावर फ़ॉर ऑल', आदि से आने वाले वर्षों में देश मेंविद्युत की मांग और अधिक बढने की उम्मीद है। रेलवे के विद्युतीकरण और ई–मोबिलिटी समाधान के विकास पर बल दिए जाने से विद्युत की मांग कोऔर बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

बुनियादी ढांचे के विकास पर केंद्रित नीतिगत वातावरण और घरेलू विनिर्माण क्षेत्र के लिए सकारात्मक सुधार के प्रयासों के साथ, मध्यम अवधि में विद्युत की मांग और बढने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरुप, विद्युत प्रणालियों में क्षमता वृद्धि की आवश्यकता होगी। सीईए की राष्ट्रीय विद्युत योजना के अनुसार 2027 तक विद्युत की मांग ˎ 2,050 बीयूतक होगी और सीईए की ऑप्टिमल जेनरेशन मिक्स रिपोर्ट के अनुसार 2030 तक कोयला आधारित परियोजनाओं से स्थापित क्षमता वर्तमान स्तर ˎ 205 GW से बढकर ˎ 267 GW होगी। यह वर्तमान स्तरों से विद्युत उत्पादन, पारेषण और वितरण क्षमताओं के पर्याप्त संवर्द्धन की आवश्यकता को रेखांकित करता है।

मौजूदा और आगामी थर्मल पावर प्लांट के लिए दिसंबर 2015 में अधिसूचित संशोधित उत्सर्जन मानदंडों के अनुसार, थर्मल पावर प्लांट में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण स्थापित करना जरुरी हो गया है। नवीकरण और आधुनिकीकरण (आर एंड एम) व्यवसाय में भी महत्वपूर्ण अवसर उत्पन्न होने की उम्मीद है, क्योंकि आने वाले वर्षों में निलंबित पार्टिकुलेट मैटर (एसपीएम), एनओएक्स और एसओएक्स के लिए देश में उपयोगिताओं (यूटिलिटीज) के लिए नए पर्यावरण मानदंड लागू किए जा रहे हैं। उपयोगिताओं (यूटिलिटीज) से उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों के लिए आदेश देने से 2019–20 में और अधिक प्रगति हुई है। मौजूदा विद्युत संयंत्रों में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों की रेट्रोफिटिंग के लिए दोनों केंद्रीय और राज्य क्षेत्र की परियोजनाओं के लिए कई निविदाएं पाइपलाइन में हैं। हाल ही में थर्मल पावर प्लांट केटेंडरों में मुख्य संयंत्र उपकरण के साथ उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण को भी कार्यक्षेत्र के एक भागरूप मेंशामिल किया गया है और यह परम्परा आगामी परियोजनाओं में भी जारी रहने की उम्मीद है।

बीएचईएल ने देश भर में 1000 से अधिक संयंत्र स्थापित किए

पिछले कुछ वर्षों में पावर सेक्टर, ईंधन की आपूर्ति, मंजूरी में देरी और भूमि अधिग्रहण, वित्तपोषण और DISCOM के साथ पावर ऑफ–टेक समझौतों को प्राप्त करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर काम कर रहा है। सरकार इन मुद्दों को हल करने के लिए कई सुधार करने जा रही है, जिनमें DISCOMs को उनकी वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए चरणबद्ध और निष्पादन–लिंक तरीके से 90,000 करोड रुपए उधार देने की एक नई योजना शामिल है। कोयले की उपलब्धता में सुधार के साथ कोयला आधारित विद्युत परियोजनाओं की मुश्किलें कुछ आसान हो गई हैं। हालांकि, वितरण कंपनियों द्वारा देरी से भुगतान, गैस आपूर्ति की कमी, क्षेत्र में परिसंपत्तियों संबंधी मुश्किलों आदि से विद्युत उत्पादकों के लिए चुनौतियां बनी हुई हैं। नई क्षमताओं के लिए आदेश मुख्य रूप से सरकारी उपयोगिताओं (यूटिलिटीज) से ही मिलते हैं, निजी क्षेत्र अभी भी मौजूदा क्षमताओं के मुद्दों से जूझ रहे हैं।

हाल के दिनों में, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (आरईएस) आधारित क्षमता वृद्धि, विद्युत के पारंपरिक स्रोतों से क्षमता वृद्धि में आगे निकल गई है। हालांकि, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (आरईएस) पावर सेगमेंट ने पिछले कुछ वर्षों में विकास दर में गिरावट देखी है, जो सौर मॉड्यूल के लिए मूल्य वृद्धि, भूमि अधिग्रहण में समस्या, विद्युत की मांग में धीमी वृद्धि तथा नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (आरईएस) डेवलपर्स और डिस्कॉम के बीच पुनः बातचीत और विद्युत खरीद समझौतों (PPA) का निरस्तीकरण आदि प्रमुख कारक है। कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के वर्षों तक परिचालन के लिए उनकी उपयुक्तता, देश में बड़े घरेलू कोयला भंडार को देखते हुए भारत के विद्युत उत्पादन में कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों के मुख्य आधार बने रहने की उम्मीद है। इसके अलावा, प्रौद्योगिकी उन्नयन के माध्यम से दक्षता और उत्सर्जन के स्तर में उल्लेखनीय सुधार से कोयला आधारित विद्युत संयंत्र स्वच्छ और हरित विद्युत उत्पन्न करने में सक्षम होंगे। हाइड्रो–इलेक्ट्रिक क्षमता, विशेष रूप से पंप भंडारण संयंत्रों, और गैस आधारित विद्युत संयंत्रों की वृद्धि में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत (आरईएस) आधारित विद्युत उत्पादन का उच्च योगदान महत्वपूर्ण है, जो कि आरईएस आधारित विद्युत प्रणालियों की अंतर्निहित परिवर्तनशीलता द्वारा आवश्यक ग्रिड संतुलन और स्थिरीकरण आवश्यकताओं को पूरा करता है।

जल विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि एक संभावित समाधान प्रतीत होता है। भारत में अब तक 149 गीगावाट की विशाल जल–विद्युत क्षमता का केवल लगभग 38 प्रतिशत ही उपयोग में लाया जा रहा है। दिलचस्प बात यह है कि भारत के 30 प्रतिशम से अधिक जलविद्युत संयंत्रों ने 30–35 वर्ष का परिचालन पूरा कर लिया है, जिससे उनके जीवन विस्तार, कार्य–निष्पादन और दक्षता उन्नयन के लिए नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आर एंड एम) क्षेत्र में व्यावसायिक सम्भावना बढ गई है।

आत्मनिर्भरता और दीर्घकालिक स्थिरता के लिए परमाणु ऊर्जा भारत के मिशन का एक अभिन्न अंग बनी हुई है। चरणबद्ध तरीके से फ्लीट मोड में 700 मेगावाट रेटिंग के 10 रिएक्टरों की स्थापना के भाग रूप, 10X700 मेगावाट पीएचडब्ल्यूआर (2X700 मेगावाट गोरखपुर–हरियाणा परमाणु ऊर्जा परियोजना (जीएचएवीपी) के अलावा) के लिए खरीद गतिविधियां न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा कार्यान्वयन केविभिन्न चरणों में हैं। यह एक महत्वपूर्ण व्यवसाय अवसर के रूप में फलित होने की उम्मीद है।

प्रस्ताव

थर्मल, गैस, जल–विद्युत और परमाणु विद्युत परियोजनाओं के निष्पादन की सिद्ध क्षमताओं के साथ, बीएचईएल विश्व की उन कुछ कंपनियों में से एक है जिसके पास पावर प्लांट उपकरणों की पूरी श्रृंखला विनिर्माण की क्षमता है।

बीएचईएल के पास 1000 मेगावाट रेटिंग तक के स्टीम टरबाइन, जेनरेटर, बॉयलर और सहायक उपकरण सहित थर्मल विद्युत संयंत्रों के लिए अवधारणा से कमीशनिंग तक की निष्पादन क्षमता है। बीएचईएल को ईपीसी आधार पर 600/700/800 मेगावाट रेटिंग के सुपर क्रिटिकल थर्मल सेट के साथ कई प्रतिष्ठित परियोजनाओं के निष्पादन का अनुभव है।

बीएचईएल, थर्मल संयंत्रों के लिए सर्कुलेटिंग फ्लुडाइज्ड बेड कम्बशन (सीएफबीसी) बॉयलर जो पेट–कोक, लिग्नाइट इत्यादि जैसे कम–कैलोरीफिक ईंधन की विस्तृत श्रृंखला के लिए उपयुक्त है, का भी निष्पादन और आपूर्ति करता है। बीएचईएल खुले और कम्बाइंड साइकिल दोनों की विशिष्ट आवश्यकता की पूर्ति के`लिए 299 मेगावाट (आईएसओ) तक श्रेणी के लिए गैस टर्बाइन और मैचिंग जेनरेटर ऑफर करता है।

परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में, बीएचईएल उन कुछ संगठनों में से है, जो देश के स्वदेशी परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के सभी तीन चरणों में प्राथमिक और गौण रूप से जुडा है। बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए 220/235/500/540 मेगावाट परमाणु टरबाइन जेनरेटर सेट पहले से ही परिचालन में हैं। वर्तमान में, बीएचईएल 700 मेगावाट सेटों का निष्पादन कर रहा है।

बीएचईएल में 400 मेगावाट तक के फ्रांसिस और पेल्टन टरबाइनों, 100 मेगावाट तक के कपलान टरबाइनों और 10 मेगावाट तक के बल्ब प्रकार के कस्टम–निर्मित पारंपरिक हाइड्रो टरबाइनों की इंजीनियरिंग और विनिर्माण की क्षमता है। इसके अलावा, बीएचईएल में रिवर्सिबल पंप टर्बाइन (250 मेगावाट तक), लिफ्ट सिंचाई योजनाओं के लिए उच्च क्षमता वाले पंप (150 मेगावाट तक) और छोटे हाइड्रो पावर प्लांट के लिए टरबाइन की इंजीनियरिंग और विनिर्माण क्षमता है। बीएचईएल की विनिर्माण श्रेणी के अन्य हाइड्रो उत्पादों में कस्टम–मेड मुख्य पोल वर्टिकल सिंक्रोनस हाइड्रो जेनरेटर और लिफ्ट सिंचाई योजनाओं (LIS) के लिए 400 मेगावाट तक कीमोटर और मैचिंग स्टैटिक/ब्रशलेस उत्तेजना प्रणाली के साथ–साथ 20 मेगावाट तक के क्षैतिज जनरेटर शामिल हैं।

थर्मल पावर संयंत्रों से संशोधित उत्सर्जन मानदंडों को पूरा करने के लिए आवश्यक उपकरणों के संबंध में बीएचईएल इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रिपिसिटेटर्स (ईएसपी), फ्ल्यू गैस डिसल्फराइजेशन (एफजीडी), एनओएक्स नियंत्रण उपकरणों के इन–फर्नेस मॉडिफिकेशन सॉल्यूशंस के माध्यम से कस्टमाइज्ड समाधान प्रदान करता है। बीएचईएल ने न केवल स्वयं के निर्मित बॉयलरों बल्कि गैर–बीएचईएल अन्य विनिर्माताओं के बॉयलरों के लिए भी कणों (पार्टिकुलेट) के नियंत्रण के लिए ईएसपी की आपूर्ति की है।

कम्पनी ने नवीकरण, आधुनिकीकरण और विभिन्न प्रकार के विद्युत संयंत्र उपकरणों के उत्थान के माध्यम से संयंत्र के निष्पादन सुधार में सिद्ध विशेषज्ञता प्राप्त की है। इसके अलावा, अवशिष्ट जीवन मूल्यांकन, स्वास्थ्य निदान और संयंत्रों के जीवन विस्तार के बारे में भी विशेष ज्ञान प्राप्त है। बीएचईएल द्वारा अत्याधुनिक तकनीक के साथ ईएसपी, एफजीडी और सी एंड आई के लिए रेट्रोफिट पैकेज भी पेश किए जा रहे हैं।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

ऑर्डर बुकिंग

वर्ष 2019–20 में, भारतीय विद्युत क्षेत्र के सीमित बाजार में तीव्र प्रतिस्पर्धा और ऑर्डरों को पूरा करने में देरी देखी गई। चुनौतीपूर्ण कारोबारी माहौल के बावजूद, संगठन ने पावर सेक्टर में 13,784 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त किए हैं। इसमें थर्मल सेगमेंट में 9,257 करोड़ रुपए, हाइड्रो सेगमेंट में 463 करोड़ रुपए, परमाणु सेगमेंट में 966 करोड़ रुपए तथा पुर्जो और सेवाओं तथा आरएवंएम बिजनेस सेगमेंट में 3,098 करोड़ रुपए के ऑर्डर शामिल हैं।

वर्ष में प्राप्त महत्वपूर्ण यूटिलिटी आदेश हैं:

थर्मल

- 2X660 मेगावाट टीएचडीसीआईएल/खुर्जा (टीजी पैकेज)
- 3X660 मेगावाट एनपीजीसीएल/नबीनगर एसटीपीपी (एफजीडी पैकेज)
- 4X250 मेगावाट बीआरबीसीएल/नबीनगर (एफजीडी पैकेज)
- 3X200 + 3X500 + 1X500 मेगावाट एनटीपीसी/कोरबा एसटीपीएस स्टेज I, II और III (एफजीडी पैकेज)
- 3X200 + 3X500 मेगावाट एनटीपीसी/रामागुंडम एसटीपीएस स्टेज I और II (एफजीडी पैकेज)
- 2X250 मेगावाट एनएसपीसीएल/भिलाई विस्तार (एफजीडी पैकेज)
- 4X210 + 3X500 मेगावाट एनटीपीसी/कहलगांव स्टेज I और II (एफजीडी पैकेज)

हाइड्रो

- 3X27.5 मेगावाट के एसईबी/कुट्टियाडी एचईपी (आरएमयूवर्क्स)
- 6X33 + 1X8 मेगावाट पीएसपीसीएल/शाहपुरकंडी एचईपी (अतिरिक्त ऑर्डर)
- 1X70 मेगावाट टैंगेडको/कोडायार एचईपी (आरएमयू)
- 4X39 मेगावाट यूजेवीएनएल/चिल्ला एचईपी (आरएमयू)

परमाणु

- 2X1000 मेगावाट एनपीसीआईएल/कुडनकुलम 3 व 4 (द्वितीयक साइड निर्माण पैकेज)
- 2X1000 मेगावाट एनपीसीआईएल/कुडनकुलम 3 व 4 (प्राथमिक साइड निर्माण पैकेज सहित प्राथमिक पाइपिंग)

पुर्जे और सेवाएं

- 3X210 मेगावाट जीएसईसीएल वानकबोरी (ईएसपी रेट्रोफिट)
- 3X500 मेगावाट एनटीपीसी रामागुंडम (ईएसपी रेट्रोफिट)
- 4X330 टीपीएच आरआईएनएल वैजाग (ईएसपी रेट्रोफिट)

थर्मल सेक्टर में, 2X660 मेगावाट की टीएचडीसीआईएल/खुर्जा परियोजना का टीजी पैकेज पहला ऑर्डर है जिसे बीएचईएल ने अपने सहयोगी पर निर्भर न होकर अपनी स्वयं की योग्यता से प्राप्त किया है। इस ऑर्डर के साथ, बीएचईएल ने देश में सुपरक्रिटिकल सेटों के अपने कुल ऑर्डर टैली को स्टीम जेनरेटर्स (एसजी) के 56 सेट और टर्बाइन जेनरेटर्स (टीजी) के 51 सेट तक कर लिया है, जो देश में किसी भी एकल विद्युत संयंत्र उपकरण आपूर्तिकर्ता द्वारा उच्चतम है। इनमें से 23 एसजी सेट और 19 टीजी सेट को 31 मार्च, 2020 तक चालू कर दिया गया है।

उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण व्यवसाय में अपने पिछले निष्पादन के आधार पर, बीएचईएल ने 2019–20 के दौरान एफजीडी के 29 सेटों के लिए जो ऑर्डर प्राप्त किए, उनमें एनटीपीसी और उसके संयुक्त उद्यम (जेवी) से 10.5 गीगावॉट की परियोजनाओं क लिए ऑर्डर शामिल हैं। भारत और विदेश में एफजीडी के 63 सेट और एससीआर के 11 सेटों के ऑर्डर प्राप्ति के साथ, बीएचईएल ने इस क्षेत्र में एकल सबसे बड़े बाजार हिस्सेदारी के साथ विनिर्माता के रूप में अपनी स्थिति बनाए रखी है।

इसके अतिरिक्त, बीएचईएल ने 2X800 मेगावाट एनटीपीसी तेलंगाना एसजी पैकेज और 3X250 मेगावाट एनटीपीसी बोंगाईगाँव एफजीडी पैकेज के लिए बदलाव के ऑर्डर प्राप्त किए हैं।

परमाणु सेंगमेंट में प्रस्तावों का विस्तार करते हुए, कंपनी कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा संयंत्र (रूसी सहयोग से स्थापित किए जा रहे) के लिए प्रतिष्ठित ऑर्डर प्राप्त करने में सफल रही है:

- 2X1000 MWe इकाइयों 3 और 4 केलिए टर्बाइन जेनरेटर (टीजी) द्वीप का निर्माण।
- 2X1000 MWe इकाइया 3 और 4 केलिए रिएक्टर साइड उपकरण का निर्माण: यह अपनी–तरह–का–प्रथम ऑर्डर है जिसमें बीएचईएल एक अन्य आपूर्तिकर्ता द्वारा विनिर्मित रिएक्टर साइड उपकरण के निर्माण में अपनी क्षमता प्रदान कर रहा है।

पुर्जों और सेवाएं व्यवसाय में, बीएचईएल ने दीर्घअवधि के पुर्जों की आपूर्ति हेतु 02 समझौते (एलटीएसएसएएस) किए।

- मेजिया, चंद्रपुरा, अंदल और कोडरमा परियोजनाओंकेमैक्स डीएनए की अप ग्रेडिंग के लिए डीवीसी के साथ।
- मिल स्पेयर्स के लिए सिंगरेनी कोलियरीज के साथ

परियोजनाओं का निष्पादन

बीएचईएल ने 2019–20 में 3,580 मेगावाट की क्षमता वृद्धि प्राप्त की, जो इस वर्ष में किसी एकल उपकरण निर्माता द्वारा प्राप्त की गई सबसे बड़ी क्षमता वृद्धि है। ये परियोजनाएं हैं:

- 2X660 मेगावाट ओपीजीसीएल/आईबी वैली टीपीएस की 02 इकाइयाँ
- 1X800 मेगावाट जीएसईसीएल/वनकबोरी टीपीएस की 01 इकाई
- 2X500 मेगावाट एनएलसी/नई नेवेली टीपीएस की 01 इकाई
- 2X660 मेगावाट आरवीयूएनएल/सूरतगढ़ टीपीएस की 01 इकाई
- 4X150 मेगावाट एनईईपीसीओ/कामेंग एचईपी की 02 इकाइयाँ

बीएचईएल ने वर्ष में 1,460 मेगावाट परियोजनाओं के लिए एसजी पैकेजों और 2,260 मेगावाट की परियोजनाओं के लिए ईएसपी पैकेज कोभ ी कमीशन किया है। इसके अलावा,

2 X 660 मेगावाट खुर्जा पॉवर प्रोजेक्ट के लिए टीजी पैकज की अनुबंध पर हस्ताक्षर करते हुए बीएचईएल व टीएचडीसीआईएल अधिकारीगण

बीएचईएल द्वारा अरूणाचल प्रदेश में स्थापित 4 x 150 मेगावाट की मांग एचईपी, राज्य की सबसे अधिक रेटिंग वाला जल विद्युत संयंत्र है

इस वर्ष, बीएचईएल ने यूटिलिटी विद्युत परियोजनाओं से1,206.15 मेगावाट और लिफ्ट सिंचाई योजना से 2,103 मेगावाट सिंक्रोनाइज किया।

सिंक्रोनाइज की गई यूटिलिटी विद्युत परियोजनाएं

- 4X270 मेगावाट टीएसजीईएनसीओ/भद्राद्री (मनुगुरु) टीपीएस की 01 इकाई
- 2X500 मेगावाट एनएलसी/न्यू नेवेली टीपीएस की 01 इकाई
- 98.4 मेगावाट (जीटी–62.5 मेगावाट, एसटीजी–36.15 मेगावाट) एपीजीसीएल/नामरूप सीसीपी की एसटीजी (36.15 मेगावाट)
- 4X200 मेगावाट एनएचपीसी/पारबती स्टेज–प्प एचईपी की 02 इकाइयाँ

एसजी/ईएसपी परियोजनाएं

- 2X800 मेगावाट एनटीपीसी/दरलीपाली (एसजी और ईएसपी पैकेज) टीपीएस की 01 इकाई

बीएचईएल ने तेलंगाना में विश्व की सबसे बड़ी सिंचाई परियोजना कलेश्वरम में पंपसेट स्थापित किए

- 3X660 मेगावाट एनपीजीसीएल/नबीनगर (एसजी पैकेज) टीपीएस की 01 इकाई
- 2X660 मेगावाट एनटीपीसी/टांडा (ईएसपी पैकेज) टीपीएस की 01 इकाई
- 2X800 मेगावाट एनटीपीसी/लारा (ईएसपी पैकेज) टीपीएस की 01 इकाई

लिफ्ट सिंचाई योजनाएं (2,103 मेगावाट):

- 7X139 मेगावाट I एवं सीएडी, तेलंगाना/कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना (एलआईएस) पैकेज–8 की ईकाइयाँ आई
- 7X116 मेगावाट I एवं सीएडी, तेलंगाना/कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (एलआईएस) पैकेज–6 की 7 ईकाइयाँ आई
- 4X106 मेगावाट आई एवं सीएडी, तेलंगाना/कलेश्वरम लिफ्ट सिंचाई योजना (एलआईएस) पैकेज–10 की 3 इकाइयाँ

बीएचईएल द्वारा उड़ीसा में स्थापित 2X260 मेगावाट आईबी वैली ताप विद्युत संयंत्र

बीएचईएल ने हिमाचल प्रदेश में 4X130 मेगा वाट पारबती एचईपी की चारों इकाइयां सफलतापूर्वक स्थापित की

वर्ष के लिए प्रमुख परियोजना निष्पादन माइलस्टोन में शामिल हैं:

- तमिलनाडु में 500 मेगावाट के नेवेली नई थर्मल पावर परियोजना जो देश में उच्चतम रेटिंग लिग्नाइट आधारित थर्मल इकाई है, के एक सेट की कमीशनिंग। संयंत्र वन्स–थ्रू टॉवर टाइप बॉयलर डिजाइन उपयोग करता है, जिसे देश में लिग्नाइट आधारित थर्मल यूनिट के लिए पहली बार अपनाया गया है।
- कामेंग एचईपी इकाइयों 1 एवं 2 के लिए क्षमता वृद्धि। अरुणाचल प्रदेश राज्य में किसी भी हाइड्रो पॉवर परियोजना के लिए 150 मेगावाट रेटिंग की इस परियोजना की सबसे बड़ी इकाई है। परियोजना में कमीशन किए गए फ्रांसिस टरबाइन को 501 मीटर के रेटेड हेड पर संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो देश में उच्चतम हेड फ्रांसिस टाइप हाइड्रोटरबाइन है।
- 3X60 मेगावाट बैरा सियूल आरएंडएम परियोजना की पहली इकाई आरएंडएम के बाद वापस परिचालन में आ गई।

1964 में अपनी स्थापना के बाद से, बीएचईएल ने 2019–20 तक भारत में 452 कोयला आधारित सेट, 420 हाइड्रो यूटिलिटी सेट, 102 गैस आधारित यूटिलिटी सेट और 12 परमाणु आधारित यूटिलिटी सेट स्थापित किए हैं। भारत में बीएचईएल आपूर्ति यूटिलिटी सेटों की स्थापित क्षमता् 160 गीगावाट है, जिसमें् 128 गीगावाट कोयला आधारित और 21 गीगावाट हाइड्रो आधारित उपकरण शामिल हैं। इसके साथ, देश की कुल स्थापित पारंपरिक क्षमता में बीएचईएल की हिस्सेदारी 53 प्रतिशत है।

स्थापित क्षमता – यूटिलिटी*

3,01,670 MW (31 मार्च, 2020)



कोयला, गैस एवं सीसीपी, डीजल, न्यूक्लियर एवं हाइड्रो शामिल हैं;
इसमें अक्षय ऊर्जा शामिल नहीं है। संस्थापना के समय रेटिंग पर आधारित

उपकरण निष्पादन

देश के 994 बीयू के कुल जेनरेशन में 57 प्रतिशत योगदान बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए थर्मल यूटिलिटी (कोल बेस्ड) सेटों से है, जो कि बीएचईएल सेटों के बेहतर निष्पादन की पुष्टि करते हैं।

जेनरेशन – यूटिलिटी (कोयला एवं लिग्नाइट)

994 BU (2019–20)

बीएचईएल की पहली सुपरक्रिटिकल इकाई 660 मेगावाट बाढ़–4 ने 6 मार्च 2019 से 26 नवंबर 2019 (पीएलएफ 62%, ओए 74.1%) तक 265 दिनों के लिए निरंतर परिचालन के साथ, लगभग 42,630 घंटे का परिचालन किया है। बीएचईएल द्वारा आपूर्ति किए गए सभी सुपरक्रिटिकल सेटों में से इसका निरंतर परिचालन सबसे अधिक रहा।

परमाणु खंड में, बीएचईएल परमाणु ऊर्जा उपकरणों का उत्कृष्ट निष्पादन जारी है। नाभिकीय सेटों ने 85.3% का ओए दर्ज किया। 4 सेटों ने 300 दिनों से अधिक का निरंतर परिचालन किया है। इसके अलावा, बीएचईएल आपूर्ति उपकरणों से सुसज्जित एनपीसीआईएल कैगा परमाणु ऊर्जा संयंत्र की प्रत्येक 220 मेगावाट की इकाइयों 1 और 2 ने 90 प्रतिशत से अधिक प्लांट लॉड फैक्टर (पीएलएफ) प्राप्त किया।

कर्नाटक में कैगा परमाणु विद्युत संयंत्र में बीएचईएल द्वारा विनिर्मित टर्बो जनरेटर सेट

31 इकाइयों के लिए संपूर्ण मुख्य संयंत्र पैकेज (टर्बाइन, बॉयलर, ईएसपी एंड मिल्स, जो लागू हो) के लिए निष्पादन गारंटी (पीजी) परीक्षण पूरा कर लिया गया। इसके अलावा, आरएंडएम परियोजनाओं में 18 इकाइयों के लिए पीजी परीक्षण पूरा किया गया।

इनमें, प्रगति बवाना मॉड्यूल– I एवं II में उच्चतम रेटिंग सीसीपीपी प्रोजेक्ट (2 जीटीजी + 2 एचआरसीजी + 1 एसटीजी – संयोजन) का पीजी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इसके अलावा, नबीनगर–3 टीजी और बॉयलर पीजी परीक्षण, ट्रायल रन से पहले पूरा किया गया।

बीएचईएल आपूर्ति उपकरणों के साथ पॉवर प्लांट का ऑपरेटिंग उपलब्धता (ओए), प्लांट



विश्व का सबसे बड़ी व भारी 625 ग्रेड मिश्र धातु कास्टिंग आईपी इनर केसिंग (एलएच– 21एमटी एवं यू एच –9एमटी) एयूएससी मिशन प्रोजेक्ट के लिए सीएफएफपी हरिद्वार में निर्मित की गई।

लोड फैक्टर (पीएलएफ), और आउटेज के संबंध में उत्कृष्ट निष्पादन जारी है। बीएचईएल सेट के निष्पादन की प्रमुख उपलब्धियों में शामिल हैं:

- थर्मल सेटों ने 55.7 प्रतिशत का पीएलएफ और 84.9% का ओए दर्ज किया है। 2018–19 में 6,09,747 एमयू की तुलना में 5,65,983 एमयूका उत्पादन किया गया।
- 195 मेगावाट और उससे अधिक के सेटों (जो देश की विद्युत उत्पादन का आधार है) से उत्पादन पीएलएफ 56.2% और 85.3% ओए के साथ 5,53,278 एमयू तक पहुँचा है।
- 110 थर्मल सेट ने 70 प्रतिशत से ऊपर पीएलएफ प्राप्त किया; 12 थर्मल सेट ने 90 प्रतिशत से ऊपर पीएलएफ प्राप्त किया; 35 थर्मल सेट ने 80 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच पीएलएफ प्राप्त किया; 63 थर्मल सेटों ने 70 प्रतिशत से 80 प्रतिशत के बीच पीएलएफ प्राप्त किया।
- 192 थर्मल सेटों ने 90 प्रतिशत से ऊपर ओए दर्ज किया है।
- 660 / 700 / 800 मेगावाट सेटों ने पीएलएफ 40.2% और ओए 72.1% दर्ज किया हैं।
- 490 / 500 / 520 / 525 / 600 मेगावाट सेटों ने 63.3% का पीएलएफ और 87.2% का ओए दर्ज किया है।
- 250 / 270 मेगावाट सेटों ने 52.8% का पीएलएफ और 87.2% का ओए दर्ज किया है।
- 195 / 200 / 210 मेगावाट सेटों ने पंजीकृत पीएलएफ 51.6% और ओए 86.0% दर्ज किया है।

परिचालन उपलब्धता की गणना करते समय निम्न प्रणाली मांग, कोयले की कमी और आरक्षित शट डाउन की इकाइयों को शामिल किया जाता है। पीएलएफ और ओए गणना के लिए, केवल स्थिर अवधि यानी सीओडी के बाद की अवधि को लिया गया है।

नवीनीकरण और आधुनिकीकरण (आर एंड एम)

वर्ष के दौरान, बीएचईएल ने विभिन्न ग्राहकों के लिए पांच इलेक्ट्रो स्टेटिक प्रीसिपिटेटर्स कार्य के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण सफलतापूर्वक संपन्न किए, एपीसीपीएल झज्जर यूनिट # 1 एवं 3 आरएंडएम के दहन संशोधन, और टीएएनजीइडीसीओ तूतीकोरिन यूनिट 1 की कंडेनसर आरएंडएम। अदानी दहानू यूनिट # 1 के लिए फ्लैक्जीबल स्टडी ऑपरेशन भी पूरे हुए।

समय पर परियोजना के पूरा करने, उपकरण निष्पादन और बिक्री के उपरांत सेवाएं (एसएएस) में सुधार के माध्यम से ग्राहकों को उच्च वरीयता प्रदान करने के लिए बीएचईएल के प्रयासों को विभिन्न ग्राहकों द्वारा सराहा गया है:

- एपीएच–बी मॉड्यूल इरेक्शन को 25 दिनों की रिकॉर्ड अवधि में पूरा करना –एनएसपीसीएल
- सीईएससी की यूनिट –3 की ओवरहालिंग जॉब
- जमशेदपुर साइट पर मूक भाप उड़ाने का कार्य सम्पन्न करना – टाटा स्टील
- हाइड्रो इलेक्ट्रिक सेफ्टी वाल्व का ट्रायल ऑपरेशन और हाइड्रोलिक गैगिंग, जिसके परिणामस्वरूप बाढ एसटीपीपी में बॉयलर यूनिट –1 के लिए तय समय में हाइड्रो टेस्ट सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- भुसावल टीपीएस यूनिट –5 में कैप्टिल ओवरहाल – महाजेनको
- यूनिट # 1 में कंडेंसर रेट्रोफिटिंग – टेनजेनको तूतीकोरिन
- 1000 मेगावाट जनरेटर का प्रतिस्थापन – एनपीसीआईएल, कुडनकुलम

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

पांच दशकों से अधिक के अपने समृद्ध अनुभव का उपयोग करते हुए, बीएचईएल राष्ट्र के विद्युत क्षेत्र के उपकरण खंड के विकास की अगुवाई कर रहा है। संगठन विभिन्न क्षेत्रों में विश्व नेतृत्व कर रही प्रौद्योगिकी का न केवल स्वदेशीकरण कर रहा है, बल्कि उसने अपने तकनीकी–व्यावसायिक नेतृत्व को बनाए रखने और विद्युत क्षेत्र की चुनौतियों और अवसरों का पता लगाने के लिए अत्याधुनिक इन–हाउस विनिर्माण बुनियादी ढांचे और क्षमताओं का भी निर्माण किया है।

उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण व्यवसाय में, संशोधित उत्सर्जन मानदंडों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हुए डेवलपर्स की अपेक्षाओं को पूरा करते हुए, बीएचईएल नई परियोजनाओं के लिए और साथ ही पहले से परिचालन में लगे सेटों के लिए अनुकूलित उत्सर्जन नियंत्रण समाधान प्रदान करता है। अपनी प्रक्रियाओं और प्रौद्योगिकियों में निरंतर सुधार के माध्यम से, बीएचईएल उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण व्यवसाय के पूरे स्पेक्ट्रम के लिए एफजीडी डोमेन में अपने बाजार नेतृत्व का विस्तार करने के लिए तैयार है।

पुरानी सबक्रिटिकल क्षमता का उच्च दक्षता वाली नई सुपरक्रिटिकल क्षमता केसाथ प्रतिस्थापन से पुराने संयंत्रों के निराकरण केलिए समाधान मिल सकता है। बीएचईएल ऐसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए डेवलपर्स को इष्टतम तकनीकी–आर्थिक समाधान प्रदान करने के लिए तैयार है।

ग्रिड में आरईएस आधारित विद्युत प्रणालियों के बड़े पैमाने पर प्रवाह के साथ, थर्मल पावर प्लांटों के लिए फ्लेक्सिबिलेशन समाधानों की आवश्यकता होगी, जिन्हें गैस और हाइड्रो आधारित परियोजनाओं के अनुरूप काम करना पड़ सकता है। साथ ही, आगामी विस्तार परियोजनाओं में स्थान की कमी और परियोजनाओं के लचीले और दो–शिफ्ट संचालन की आवश्यकता को देखते हुए, भविष्य में कम रेटिंग वाली सुपरक्रिटिकल परियोजनाओं की आवश्यकता उभरकर सामने आ सकती है। बीएचईएल ने इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए समाधान विकसित किया है और ग्राहकों को अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए ऐसे समाधानों के और अधिक अनुकूलन केलिए काम कर रहा है।

बीएचईएल देश के पहले उन्नत अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल टेक्नोलॉजी आधारित प्लांट, जो एनटीपीसी और इंदिरा गांधी सेंटर फॉर एटॉमिक रिसर्च (आईजीसीएआर) के साथ संयुक्त रूप से शुरू की गई एक अग्रणी आरएंडडी परियोजना है, के स्वदेशी विकास में पहले से ही

अग्रणी रहा है। परियोजना के लिए आरएंडडी चरण संपन्न होने वाला है और बीएचईएल ने प्रौद्योगिकी प्रदर्शन संयंत्र की स्थापना करने हेतू एक जेवी स्थापित करने के लिए एनटीपीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस प्रौद्योगिकी के विकास से न केवल दक्षता में क्वांटम उछाल में मदद मिलेगी, बल्कि कोयले की खपत के साथ–साथ सीओ2 उत्सर्जन का स्तर भी कम होगा।

बीएचईएल अपने मौजूदा सेटों के निष्पादन सुधार के लिए उपयोगिताओं के नवीनीकरण और आधुनिकीकरण और लाइफ एक्सटेंशन में अपना अनुभव उपलब्ध कराने का प्रस्ताव प्रदान करता है। बीएचईएल अपने पुर्जों और सेवाओं के कारोबार सहित ग्राहकों के लिए अपने मूल्य प्रस्तावों को बढ़ाने के लिए डिजिटल तकनीकों का भी उपयोग कर रहा है।

कंपनी अपने पावर सेक्टर पोर्टफोलियो में जल प्रबंधन प्रणाली, एयर कूल्ड कंडेनसर, बीओपी सिस्टम, उत्सर्जन नियंत्रण उपकरण चुनिंदा गैर–उत्प्रेरक रिडक्शन आदि जैसे नए उत्पादों को शामिल करने के साथ अपने प्रस्ताव के क्षेत्रों को भी बढ़ा रही है।

हाइड्रो और गैस, उनकी तीव्र स्टार्ट–अप और रैंपिंग क्षमताओं को देखते हुए, ऊर्जा मिश्रण में आरईएस की बढ़ती हिस्सेदारी के साथ, ग्रिड स्थिरता को बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। हाइड्रोपावर सेगमेंट में, संगठन ने 400 मेगावाट रेटिंग तक के हाइड्रो सेट बनाने की अपनी क्षमताओं को बढ़ाया है। बीएचईएल भी लिफ्ट सिंचाई योजना परियोजनाओं हेतु बड़े आकार के पंप–मोटर्स में एक अग्रणी खिलाड़ी के रूप में उभरा है और पंप की गई भंडारण परियोजनाओं की भावी मांग को पूरा करने के लिए क्षमताओं का विकास भी कर रहा है।

हाइड्रो सेक्टर में ईपीसी व्यवसाय की सम्भावनाओं के मद्देनजर, बीएचईएल ने सिविल और हाइड्रो मैकेनिकल कार्यों के लिए कंसल्टेंसी सेवाओं और ईपीसी हाइड्रो परियोजनाओं में संयुक्त बोली लगाने के लिए एनएचपीसी के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है।

परमाणु खंड में, बीएचईएल आगामी पीएचडब्ल्यूआरएस, जो एनपीसीआईएल द्वारा फ्लीट मोड के अंतर्गत खरीदे जा रहे हैं, के लिए ईपीसी आधार पर 700 मेगावाट टीजी द्वीप व्यवसाय के लिए पूरी तरह तैयार है। प्राथमिक साइड उपकरणों के लिए, बीएचईएल ने अपनी बेजोड़ इंजीनियरिंग और तकनीकी क्षमता के साथ, एनपीसीआईएल को पूरी तरह से समर्थन दिया है और त्रिची में अपने प्रमुख विनिर्माण संयंत्र में अपनी विनिर्माण क्षमताओं के समेकन में प्रतिबद्ध है। बीएचईएल परमाणु परियोजनाओं में अपने प्रस्ताव का विस्तार भी कर रहा है जो कुडनकुलम 2X100 मेगावाट इकाई 3 और 4 में विदेशी सहयोग (रूस) के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे हैं।

परमाणु ऊर्जा कार्यक्रम के तीसरे चरण में राष्ट्र की प्रविष्टि में मदद करने के लिए, बीएचईएल ने भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बीएआरसी) के साथ मिलकर 300 मेगावाट उन्नत भारी जल रिएक्टर (एएचडब्ल्यूआर) परमाणु ऊर्जा संयंत्र का द्वितीयक टरबाइन चक्र विकसित किया है। परमाणु ऊर्जा में अन्य उभरते अवसरों का दोहन करने के लिए, कंपनी अपनी क्षमताओं को और मजबूत कर रही है। अपनी मजबूत विनिर्माण क्षमता के साथ, बीएचईएल परमाणु परियोजनाओं में अपने योगदान को बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

बीएचईएल का लक्ष्य अपने ग्राहकों को इस क्षेत्र में बदलाव के प्रति सफलतापूर्वक कार्य करने के लिए उच्च मूल्य के प्रस्ताव प्रदान करना है।

एचपीईपी हैदराबाद स्थित अत्याधुनिक टरबाइन ब्लेड शॉप

बीएचईएल
निर्मित विद्युत उपयोगिता (यूटिलिटी) संस्थापना
31.03.2020 तक स्थापित



बीएचईएल विद्युत यूटिलिटी स्थापित आधार
(कोयला, गैस, न्यूक्लीयर, डीजल और हाइड्रो परियोजनाएं)

प्रकार	सेट	मेगावाट
कोयला	452	128315
गैस एवं सीसीपी	102	7622
डीजल	23	199
परमाणु	12	3340
हाइड्रो	420	20998
कुल	1009	160474

भारत में मेगावाट पैमाने सोलर स्थापना
(31.03.2020 की यथास्थिति अनुसार)

परियोजनाएं	मेगावाट
45	513

व्यावसायिक खंडों की रूपरेखा एवं निष्पादन

उद्योग क्षेत्र



1.4.2 उद्योग क्षेत्र

संक्षिप्त विवरण

उद्योग क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों के लिए औद्योगिक प्रणालियों और उत्पादोंकी एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है। कंपनी के गैर–कोयला आधारित व्यापार के विकास पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, उद्योग क्षेत्र जिसमें बाजार केंद्रित समूह शामिल हैं, परिवहन, ट्रांसमिशन, नवीनीकरण, ऊर्जा भंडारण प्रणालियों और ई–मोबिलिटी, जल प्रबंधन, रक्षा और एयरोस्पेस, कैप्टिव पावर जनरेशन तथा मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल औद्योगिक उत्पाद के लिए व्यापक समाधान प्रदान करता है।

2019–20 के दौरान, उद्योग क्षेत्र ने 8,757 करोड़ रुपए के ऑर्डर प्राप्त किए हैं, जिसमें सौर, रक्षा और एयरोस्पेस और ट्रांसमिशन उत्पादों के क्षेत्रों से अभी तक के सबसे उच्च मूल्य के ऑर्डर शामिल हैं। उच्च स्तर की प्रतिस्पर्धा के बावजूद, पिछले नौ वर्षों में ऑर्डर बुकिंग सबसे अधिक रही है, और लगातार 3 वर्षों से यह 7000 करोड़ रुपए से अधिक रही है।

एचपीईपी हैदराबाद में कैप्टिव प्लांट जनरेटर की वाइंडिंग का कार्य

1.4.2.1 परिवहन

व्यावसायिक वातावरण और अवसर

घरेलू परिवहन क्षेत्र तीव्र, सुरक्षित और अधिक विश्वसनीय तकनीकोंकोअपना रहा है। भारतीय रेलवे द्वारा अपने सिस्टम को अपग्रेड करने के साथ, भारतीय रेलवे के पूंजीगत निवेश परिव्यय में वृद्धि ने विद्युतीकरण, पटरियों के उन्नयन, सिग्नलिंग, स्टेशन विकास आदि के लिए जोर दिया है। यहॉं नए प्रकार के रोलिंग स्टॉक जैसे कि ट्रेनसेट, उच्च हॉर्स पावर (एचएचपी) लोको, वातानुकूलित इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयू) और मेनलाइन ईएमयू की आवश्यकता है। अगले कुछ वर्षों में औसत वार्षिक मांग लगभग 300–400 ईएमयू / मेमू कोचों के होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2018–19 में इन–हाउस विकसित सेमी–हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस को चालू करने के बाद, भारतीय रेलवे अतिरिक्त 44 ऐसे ट्रेन सेट को शामिल करने की योजना बना रहा है।

दो मिलियन से अधिक की आबादी वाले शहरों में मास रेपिड ट्रांसिट परियोजनाओं, और छोटे शहरों में लाइट रेल/मोनोरेल कार्य के लिए राज्य अधिकारियों के साथ विचार–विमर्श किया जा रहा है। शहरी परिवहन क्षेत्र भी बढ़ रहा है। 50 से अधिक शहरों में मेट्रो परियोजनाओं की घोषणा पहले ही की जा चुकी है।

टीपी झांसी में भारतीय रेल के लिए निर्माणाधीन डब्ल्यूएजी–9 लोकोमोटिव

बीएचईएल प्रस्ताव

रोलिंग स्टॉक

- 9000 एचपी तक के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव
- 3000–एचपी तक केडीजल–इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव
- डीजल इलेक्ट्रिक टॉवर कारें

- **ट्रैक्शन मशीनें**
- ट्रैक्शन मोटर्स और अल्टरनेटर्स
- **ट्रैक्शन ड्राइव सिस्टम और नियंत्रण**
  - ट्रैक्शन और सहायक कनवर्टर के रोलिंग स्टॉक के लिए आईजीबीटी आधारित प्रणोदन प्रणाली।
  - रेल नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली और वाहन नियंत्रण इकाई
  - होटल लोड कनवर्टर और कम्पोजिट कनवर्टर
  - पारंपरिक रोलिंग स्टॉक के लिए नियंत्रण गियर उपकरण
  - पारंपरिक रोलिंग स्टॉक के लिए रिजेनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम
- **इलेक्ट्रिक लोको और एसीईएमयू/मेमू के लिए ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर**
- **रोलिंग स्टॉक के लिए पारंपरिक ट्रैक्शन इलेक्ट्रिक्स**

प्राप्त ऑर्डरः

वित्त वर्ष 2019–20 के दौरान परिवहन क्षेत्र ने ऑर्डर बुकिंग में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। प्राप्त महत्वपूर्ण ऑर्डर इस प्रकार हैं:

- **पहली बार विकासात्मक ऑर्डर प्राप्त हुएः –**
- रेलवे निदेशक मंडल से रिजेनेरेटिव ब्रेकिंग के साथ 25 डब्ल्यूएजी –7 इलेक्ट्रिक इंजनों के निर्माण व आपूर्ति के लिए।
- सीएलडब्ल्यू, चितरंजन से 7775 केवीए ट्रासफार्मर रेटिंग के लिए 2 सेट व 6531 केवीए ट्रासफार्मर रेटिंग के लिए एल्यूमीनियम टैंक
- ट्रांसफार्मर के लिए एल्यूमीनियम टैंक के 3 सेट की आपूर्ति के लिए।
- पश्चिम रेलवे से डीजल इलेक्ट्रिक टॉवर कार के लिए ट्रैक्शन इंजन और अंडरस्लांग टाइप इलेक्ट्रिक्स के 10 सेटों के लिए।
- जेएसडब्ल्यू, डोल्वी से पर्यावरण अनुपालन यूएस ईपीए टायर II के साथ तीन 1400 एचपी डीजल के लिए, यह भारत में पहली बार निर्मित किया जाएगा।
- लोकोमोटिव के आईजीबीटी आधारित प्रणोदन प्रणाली के व्यापक एएमसी के साथ 75 डब्ल्यूएजी–9एच इलेक्ट्रिक इंजनों के निर्माण और आपूर्ति के लिए रेलवे निदेशक मंडल से प्रतिष्ठित ऑर्डर।
- 818 3–फेज ट्रैक्शन मोटर टाइप 6एफआरए–6068 –डीएलडब्ल्यू, वाराणसी से सबसे बड़ा ट्रैक्शन मोटर ऑर्डर।
- सीएलडब्ल्यू, चितरंजन से आईजीबीटी आधारित कम्पोजिट कनवर्टर के 30 सेट हेतु पहला नियमित ऑर्डर।

बीएचईएल द्वारा भारतीय रेलवे को आपूर्ति हेतु निर्मित रिट्रोफिटिंड रीजेनरेटिव सिस्टम वाला 5000 एचपी डबल्यूएजी–7 इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव

अन्य उपलब्धियांः

- सेंट्रल रेलवे की पहली वातानुकूलित स्थानीय ट्रेन जिसे आईसीएफ और बीएचईएल द्वारा बनाया गया है, 31.01.2020 को ठाणे से पनवेल के लिए यात्री सेवा में लगाई गई है।
- पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे के लिए नौ वातानुकूलित एसीईएमयू लोकल ट्रेनों को सफलतापूर्वक कमीशन किया गया।
- विभिन्न जोनल रेलवे के लिए 53 डीजल इलेक्ट्रिक टॉवर कारें कमीशन और रवाना की गईं।
- 3–फेज यात्री लोकोमोटिव पर बीएचईएल निर्मित आईजीबीटी आधारित कम्पोजिट कनवर्टर (ट्रैक्शन कन्वर्टर और होटल लोड कनवर्टर का संयोजन) विकसित और कमीशन किया गया।
- एचईपी भोपाल में पारंपरिक डब्ल्यूएजी –7 प्रकार के इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए प्रोटोटाइप आईजीबीटी आधारित पुनर्जनन प्रणाली के विकास के लिए उत्पाद विकास में इनोवेशन श्रेणी केअंतर्गत बीएचईएल को एआईएमए इनोवेशन प्रैक्टिशनर केस स्टडी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

- **प्रौद्योगिकी आत्मनिर्भरता**
  - सभी प्रकार केरोलिंग स्टॉक के लिए आईजीबीटी आधारित प्रणोदन प्रणाली के डिजाइन और निर्माण के लिए पूर्ण इन–हाउस क्षमता है। वातानुकूलित एसी ईएमयू के लिए ट्रेन नियंत्रण प्रबंधन प्रणाली सहित आईजीबीटी आधारित प्रणोदन प्रणाली विकसित की गई है। डीई लोकोमोटिव, डेमू और मेमू के लिए आईजीबीटी आधारित प्रणोदन उपकरण का विकास, और 3–फेस इलेक्ट्रिक इंजन के लिए आईजीबीटी आधारित कम्पोजिट कनवर्टर कार्य भी बीएचईएल द्वारा किए गए हैं।
  - मौजूदा उत्पादों के लिए बेहतर तकनीक विकसित की गई
  - डब्ल्यूएजी–7 लोकोमोटिव के लिए रिजेनेरेटिव ब्रेकिंग सिस्टम
  - 3 फेस इलेक्ट्रिक इंजनों के लिए कम्पोजिट कनवर्टर
  - 9000 एचपी लोको के लिए अपग्रेडेशन किट

नए अवसर

- मेट्रो और हाई स्पीड रेल के क्षेत्रों में व्यावसायिक संभावनाएं।
- उभरते हुए अवसरों में उत्पाद प्रस्ताव का विस्तारः
  - उच्च गति संचालन के लिए लोकोमोटिव।
  - भारतीय और विदेशी बाजारों हेतु शंटिंग प्रयोग के लिए आईजीबीटी आधारित 3000 एचपी डीई लोको।
  - डीजल लोकोमोटिव्स को इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्स में बदलना
  - ट्रैक मशीनें

1.4.2.2. पारेषण

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

- वर्ष 2022 तक अक्षय ऊर्जा के 175 गीगावॉट के भारत सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, ट्रांसमिशन सिस्टम को महत्वपूर्ण विस्तार और मजबूती की आवश्यकता होगी और ग्रिड स्तर पर ऊर्जा भंडारण प्रणाली एकीकरण के साथ–साथ विद्युत की निकासी के अवसर प्रदान करेगा।
- अधोसंरचना परियोजनाओं में निवेश के लिए पंच वर्षीय योना के रोडमैप के अनुसार (अवसंरचना पाइपलाइन रिपोर्ट के अनुसार) पारेषण व्यापार के लिए एक बड़ा अवसर प्रदान करता है।
- टीसीबीसी (टैरिफ आधारित प्रतियोगी बोली प्रक्रिया) के अंतर्गत ट्रांसमिशन परियोजनाओं

के निष्पादन (उपकेंद्रों,पारेषण लाइनों) का बढ़ता रूझान है, जिसके भविष्य में भी जारी रहने की आशा की जाती है।

- गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन (जीआईएस) परियोजनाएं प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में अपना वर्चस्व बनाए रखेंगी, जिसका मुख्य कारण विश्वसनीय प्रौद्योगिकी, गिरती जीआईएस कीमतें, अनुकूलित भूमि की आवश्यकता और ओ एंड एम व्यय में कमी है ।

प्रस्ताव

- ईपीसी और यूएचवी सबस्टेशन और ईपीसी आधार पर एचवीडीसी कनवर्टर स्टेशनों सहित अवधारणा से कमीशनिंग तक टर्नकी ट्रांसमिशन परियोजना का निष्पादन।
- 765 केवी, 1200 केवी सीवीटी और 1200 केवी के ट्रांसफॉर्मर और शंट रिएक्टर ऑटो ट्रांसफॉर्मर, इंस्ट्रूमेंट ट्रांसफॉर्मर (सीटी, पीटी), ट्रैक्शन पावर ट्रांसफॉर्मर, ड्राई टाइप ट्रांसफॉर्मर, वैक्यूम और एसएफ 6 स्विचगियर, कैपेसिटर बैंक, सर्किट ब्रेकर, कंट्रोल एंड प्रोटेक्शन उपकरण, थाइरिस्टरवाल्व, आदि
- 420 केवी तक के गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस)
- सिरेमिक और कंपोजिट इन्सुलेटर बीएचईएल के पास ईएचवी और यूएचवीएसी /डीसी अनुप्रयोगों के लिए 1200 केवीएसी, 800 केवी डीसी के डिस्क, 400 के वी तक के ठोस कोर इंसुलेटर और 765 के वी एसी तक के हौलो पोर्सलेन इंसुलेटर के लिए डिस्क इंसुलेटर की एक श्रृंखला उपलब्ध है।
- फ्लेक्सिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम (एफएसीटीएस) 400 केवी लाइनों के लिए फिक्स्ड सीरीज़ कॉम्पेंसेशन जैसे डिवाइस, 765 केवी तक के अनुप्रयोगों के पावर फ्लो को

800 केवी क्लास सिंगल केस एचवीडीसी कनवर्टर ट्रांसफार्मर के लिए 295–1 एमवीए, 800 केवी, एचवीडीसी ट्रांसफार्मर की एचईपी भोपाल से रवानगी

नियंत्रित और संतुलित करने के लिए कंट्रोल्ड शंट रिएक्टर (सीएसआर) और फेज़ शिफ्टिंग ट्रांसफार्मर (पीएसटी)।

प्रमुख आदेश प्राप्त

- 48570 एमवीए (कुल 247 नग) ट्रांसफॉर्मर की अब तक की सर्वाधिक बुकिंग।
- पावर ग्रिड से पहली बार 765 केवी ट्रांसमिशन सिस्टम में 1565 एमवीए तक की कुलमानक रेटिंग केलिए 765 केवी ट्रांसफर्मर और रीएक्टर्स के लिए प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से आदेश।
- एचपीपीएनएल के लिए मेसर्स एआईएल (एंजेलिक इंटरनेशनल लिमिटेड) और मैसर्स टीबीए प्रत्येक से प्राप्त 26 पैनलों में से 33 केवी गैस इंसुलेटेड स्विचगियर के दो ऑर्डर।
- पावरग्रिड के सबस्टेशन विस्तार पैकेज – सोलापुर, औरंगाबाद और वर्धा में 765 केवी सबस्टेशन, राजगढ़, खण्डवा, चंपा, इटारसी और जबलपुर में 400 केवी सबस्टेशन
- पावरग्रिड के सबस्टेशन विस्तार पैकेज –,टीबीसीबी मार्ग के माध्यम से फतेहगढ़ और भडला में 765 केवी सबस्टेशन
- आईओसीएल – पानीपत रिफाइनरी 220 के वी जीआईएस ईपीसी प्रोजेक्ट।
- भारतीय रेलवे के आठ 42 एमवीए 220 केवी ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर का विकास श्रेणी के अंतर्गत ऑर्डर।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- 765 केवी ट्रांसफॉर्मर और रिएक्टरों के लिए पीजीसीआईएल से पहला ऑर्डर प्राप्त करने में बड़ी सफलता ।
- निम्नलिखित से सब स्टेशन कमीशनिंग के बाद टेकिंग ओवर प्रमाणपत्र प्राप्त
  - पावर ग्रिड तुमकुर–मैसूर
  - पावरग्रिड यलहंका
  - एनपीजीसीएल नबीनगर
- लगभग 9 वर्षों के अंतराल के बाद प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से पावरग्रिड में 400 केवी आईसीटी में पुनः प्रवेश।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

यूएचवीएसी और यूएचवीडीसी प्रणालियां:

बीएचईएल ने 765 केवी श्रेणी के ट्रांसफॉर्मर और रिएक्टरों का सफलतापूर्वक डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति और कमीशनिंग की है, और बीएचईएल के पास यूएचवीडीसी उपकरणों के लिए विनिर्माण सुविधाएं जैसे कि कन्वर्टर ट्रांसफॉर्मर, थायरिस्टर वाल्व, फिल्टर कैपेसिटर इत्यादि और यूएच एसी एवं डीसी अनुप्रयोगों के लिए, 1200 केवी ट्रांसफॉर्मर, कैपेसिटिव वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर हैं। 420 केएन और 530 केएन डिस्क इंसुलेटर भी सफलतापूर्वक संस्थापित कर दिए गए हैं और परिचालन में हैं।

बीएचईएल ने विश्व के सबसे बड़े 800 केवी के बहुटर्मिनल एचवीडीसी परियोजना (एनई आगरा) के लिए द्विध्रुवीय–1 और द्विध्रुवीय–2 दोनों को सफलतापूर्वक कमीशन कर दिया है जो सितंबर 2017 के बाद वाणिज्यिक परिचालन में हैं। बीएचईएल ने सभी प्रमुख आपूर्तियों को पूरा कर दिया है, जिनमें रायगढ़ पुगलूर एचवीडीसी परियोजना के लिए ओपन लाइन टैस्टिंग के साथ पोल 1 और पोल 2 दिसंबर 2019 को पूरे किए गए . 800 केवी के कनवर्टर ट्रांसफॉर्मर तथा थाइरिस्टर वाल्व शामिल हैं। यूएसवी सीए और एचवीडीसी सेगमेंट में भविष्य की बाजार आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बीएचईएल अब पूरी तरह से तैयार है।

पानीपत रिफाइनरी में 220 केवी ग्रिड पावर आयात की आईएसबीएल कार्य के लिए आईओसीएल के 220 केवी जीआईएस स्विचायार्ड और संबद्ध प्रणालियों के आदेश के साथ बीएचईएल ने पावर सिस्टम ऑग्मेंटेशन व्यवसाय में सफलतापूर्वक प्रवेश किया गया। यह अपने प्रकार का पहला ऑर्डर है जिसमें लोड मैनेजमेंट सिस्टम, फॉल्ट करेंट लिमिटर्स आदि जैसे सिस्टम्स शामिल हैं।

पावरग्रिड के साथ एक करार ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं बीएचईएल निर्मित डिजिटल सबस्टेशन समाधान के लिए जिसमें पावर ग्रिड के भिवाड़ी सब–स्टेशन मेंबीएचईएल निर्मित 400 के वी फाइबर ऑप्टिक करेंट ट्रांफॉर्मर (एफओसीटी), मर्जिंग यूनिट (एमयू), स्विचगियर कंट्रोलर (एसजीसी) और बे–कंट्रोल यूनिट (बीसीयू) को क्षेत्र परीक्षण में उतारा जाएगा। इसके कार्यान्वयन केबाद, बीएचईएल भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान का समर्थन करते हुए स्वदेशी प्रौद्योगिकी प्रदान करने की स्थिति में होगा।

गैस इंसुलेटेड स्विचगियर (जीआईएस):

टीएस ट्रांसको (TSTRANSCO) के विट्ठलवाड़ी सबस्टेशन में बीएचईएल का पहला स्वदेशी 145केवी जीआईएस संस्थापित है, जिसने दिसंबर 2019 में सफल फील्ड ट्रायल ऑपरेशन (टीएस ट्रांसको को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस सपोर्ट सहित) के दो वर्ष पूरे कर लिए हैं।

1.4.2.3 अक्षय ऊर्जा

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

देश में भारत सरकार की वर्ष 2020 से 2022 तक सोलर फोटोवोल्टिक विद्युत संयंत्रों के 100 गीगावाट क्षमता के लक्ष्य में से 31 मार्च, 2020 तक 35,605 मेगावाट स्थापित हो चुकी है।

बीएचईएल का सोलर पीवी पोर्टफोलियो 1,2 जीगावाट से अधिक है जिसमें ग्राउंड माउंटेड, रूफटॉप कैनाल टॉप एवं फ्लोटिंग सोलर प्लांट सम्मिलित है।

सीपीएसईयोजना फेज–II के माध्यम से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने और मैंयुफैक्चरर लिंक्ड–डेवलपर टेंडर जैसी प्रोत्साहन देने वाली योजनाओं पर बल दिए जाने के बावजूद स्वदेशी निर्मित पीवी पैनलोंऔर अन्य घटको का आयात स्वदेशी निर्मित से सस्ता पाया गया है । सोलर पीवी प्लांट्स के साथ बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) के एकीकरण पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। उपलब्ध क्षेत्र से उच्च उत्पादन में नई प्रौद्योगिकी विकास द्वारा सौर की वृद्धि को संचालित किया जाता है, जो सौर–पवन और ऊर्जा भंडारण संकर समाधानों द्वारा निरंतर चौबीस घंटे विद्युत की आपूर्ति सुनिश्चित करता है। तथापि, गिरते टैरिफ, भूमि अधिग्रहण, अस्थिर निविदा एवं नीलामी गतिविधियां, विद्युत निकासी की बाधा, पीपीए रिनेगोशियशन, एंटी–डंपिंग ड्यूटी, जीएसटी आदि के कारण इस क्षेत्र द्वारा सामना की जाने वाली कुछ बाधाएं हैं।

बीएचईएल द्वारा नयवेली तमिलनाडु में स्थापित 65 मेगावाट एसपीवी संयंत्र के साथ एकीकृत बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस)

प्रस्ताव

- अवधारणा से लेकर कमीशनिंग तक बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस) सहित या रहित सोलर पी वी प्लांटों के लिए ईपीसी समाधान।
- ग्राउंड माउंटेड, रूफ टॉप, कैनाल टॉप और फ्लोटिंग सोलर पावर प्लांट।
- सौर–आधारित सिंचाई और पीने के पानी के पंप
- उपयोगिता और ट्रैक्शन अनुप्रयोगों के लिए सौर इनवर्टर
- नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की घरेलू साम्रगी आवश्यकताओं (डीसीआर) को पूरा करने के लिए लूज सोलर पीवी सेल तथा मॉड्यूल्स

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- अक्षय ऊर्जा (आरई) परियोजनाओं के लिए उच्चतम ऑर्डर बुकिंग: 502 मेगावाट– वित्त वर्ष 18–19 के ऑर्डर बुक में 202 प्रतिशत की वृद्धि, जिसमें तीन 100 मेगावाट वाले लार्ज स्केल युटीलिटी सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल हैं।
- भारत में सबसे बड़े एकल स्थान फ्लोटिंग सौर ऊर्जा संयंत्र के लिए ईपीसी आदेश–एनटीपीसी रामागुंडम 100 मेगावाट। फ्लोटिंग सोलर पोर्टफोलियो 220 मेगावाट से अधिक की डीसी क्षमता के साथ 152 मेगावाट तक पहुंच गया, जिससे भारत में अस्थायी सौर बाजार में बीएचईएल सबसे बड़ा ईपीसी प्रदाता बन गया।
- जीएसईसीएल के 275 मेगावाट के ऑर्डर जिसमें राघनेस्ड़ा अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क में 100 मेगावाट और गुजरात के धुवरन में 75 मेगावाट के दो लार्ज स्केल युटीलिटी ईपीसी आदेश शामिल हैं।
- सौर पोर्टफोलियो में कमीशनिंग की गयी और कमीशनिंग के अधीन परियोजनाओं में बीएचईएल ने 1.2 गीगावाट का आंकड़ा पार कर लिया है।
- भारतीय रेलवे के साथ साझेदारी में बीना मेंट्रैक्शन सब–स्टेशन की 25केवी बस को सीधे सौर ऊर्जा देने वाले अपने प्रकार से सबसे पहले सोलर पीवी प्लांट का विकास।
- सोलर अनुप्रयोगों केलिए पहली बार सिंगल फेज, 850 केवी एइन्वर्टर (ईडीएनमेंइन–हाउस विकसित) और बीएचईएल झॉंसी में1000 केवीए 400V/25 केवी कास्ट रेसिन सिंगल फेज ड्राइ टाइप इन्वर्टर ट्रांसफॉर्मर भारतीय रेलवे के लिए 1.7 MW बीना परियोजना हेतु करने हेतु स्वीकार किया गया।
- बीएचईएल निर्मित पीसीयू की 20 मेगावाट जीएसीएल चरनका, 5 मे.वा. डब्ल्यूबीपीडीसीएल सागर दीघी, 30 मे.वा. एससीसीएल मनुगुरु और 10 मेवा एससीसीएल एसटीपीपी के लिए करने हेतु स्वीकार किया गया।
- एसजेवीएन और गेल के साथ" सौर ऊर्जा संयंत्रों के विकास में सहयोग के लिए "समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर।
- सीएसआईआर एनईईआरआई के साथ लार्ज स्केल आउटडोर एयर प्यूरीफायर विकसित करने के लिए 4 मी ऊंचाई के प्रोटोटाइप के निर्माण के लिए मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन (एमओए) पर हस्ताक्षर किए गए ।
- इंडियन फेडरेशन ऑफ ग्रीन एनर्जी (आईएफजीई) से "सार्वजनिक/निजी क्षेत्र में उत्कृष्ट आरई परियोजना" की श्रेणी मेंप्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किया।

चालू (कमीशन) की गयी परियोजनाएं

वित्त वर्ष 19–20 के दौरान 97.1 मेगावाट एसपीवी (95 मेगावॅाट ग्राउंड माउंटेड और 2.11 आरटीएस एसपीवी संयंत्रों) की कमीशनिंग की गयी,

- जीआईपीसीएल, चरनका, गुजरात 50 मेगावाट
- जीएसएफसी, चरनका, गुजरात 10 मेगावाट
- जीएसीएल, चरनका,गुजरात 20 मेगावाट
- डब्ल्यूबीएसईडीसीएल संतालडीह, गुजरात, 5 मेगावाट
- एससीसीएल, एसटीपीपी, तेलंगाना, 10 मेगावाट

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

- फोकस्ड आरएंडडी प्रयास की ओर हुई मोनो–पीईआरसी सेल दक्षता, 1500 वी मॉड्यूल का विकास, उच्च रेटिंग 2.5 मेगावाट पीसीयू आदि।
- सीपीएसयू योजना फेज–II में एसजेवीएनएल और गेल के साथ रणनीतिक गठजोड़ के माध्यम से विकासकर्ता के रूप में नए व्यापार के अवसर तलाशना
- देश में सबसे बड़े फ्लोटिंग सोलर ईपीसी पोर्टफोलियो के निष्पादन में बीएचईएल की तकनीकी क्षमता का लाभ उठाकर फ्लोटिंग सोलर संबंधी कार्यों को प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करना।

1.4.2.4 जल व्यापार

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

नीति आयोग द्वारा जारी कम्पोजिट वाटर मैनेजमेंट इंडेक्स (सीडब्ल्यूएमआई) रिपोर्ट के अनुसार, दिल्ली, बेंगलूरु, चेन्नई और हैदराबाद सहित 21 प्रमुख शहरों में 2020 तक शून्य

बीएचईएल द्वारा तेलीबंधा झील, रायपुर में फाइटराइड आधारित सीवेज ट्रीटमेंट तकनीकी को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया

भूजल स्तर का सामना करना पड़ सकता है। शहरी क्षेत्रों में लगभग 70 प्रतिशत सीवेज उत्पन्न होता है, और इससे अधिक औद्योगिक अपशिष्टों का आधा भाग अनुपचारित, प्रदूषित नदियों, झीलों और अन्य जल निकायों में जाता है। उद्योग उच्च औद्योगिक टैरिफ और जल निर्वहन नियमों को लागू करने के लिए अपनी बढ़ती जल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग कर रहे हैं। नव गठित जल शक्ति मंत्रालय ने जल जीवन अभियान के अंतर्गत 2024 तक सभी ग्रामीण परिवारों को'हर घर जल' सुनिश्चित करने के लिए जल स्तर मिशन शुरू किया है, जिसमें स्थानीय स्तर पर एकीकृत मांग और आपूर्ति पक्ष प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, घरेलू अपशिष्ट जल प्रबंधन और स्थानीय बुनियादी ढांचे के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में रु. 3.6 लाख करोड़ खर्च किया जाएगा।

प्रस्ताव

विद्युत संयंत्रों, उद्योगों और नगर निगम अनुप्रयोगों हेतु व्यापक समाधान के साथ पूर्ण जल प्रबंधन समाधान

- प्री ट्रीटमेंट प्लांट्स (पीटी)
- सी वाटर रिवर्स ऑस्मोसिस (एसडब्ल्यूआरओ) और डेमिनेरलाइजेशन (डीएम) संयंत्र
- एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (ईटीपी)
- सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) और तृतीयक उपचार संयंत्र (टीटीपी)
- जीरो लिक्विड डिस्चार्ज (ज़ेड एला डी) प्रणालियां
- जल निकायोंजल शुद्धि के लिए पर्यावरण मैत्री समाधान

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- राष्ट्रीय पर्यावरण इंजीनियरिंग अनुसंधान संस्थान (एनईईआरआई) की साझेदारी में रायपुर के तेलीबांधा झील में बीएचईएल द्वारा कार्यान्वित फाइटोरिड आधारित सीवेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट (एसटीपी) परियोजना लगातार संविदात्मक आवश्यकताओं के अनुरूप मापदंडों के साथ निष्पादन कर रही है। यह तकनीक एनईईआरआई द्वारा विकसित की गई है और इसका उपयोग बीएचईएल द्वारा एक समझौता ज्ञापन के अंतर्गत किया जा रहा है। मेसर्स रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड (आरएससीएल) ने इस परियोजना क`लिए अगस्त '19 में राष्ट्रीय शहरी विकास शिखर सम्मेलन में 'राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार' प्राप्त किया है।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

बीएचईएल सक्रिय रूप से विद्युत, उद्योग और नगर निगम के क्षेत्र में समग्र जल प्रबंधन व्यापार के अवसरों में सक्रिय रूप से अनुवर्ती कार्यवाही में जुटा हुआ है ।

- बीएचईएल तथा काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रीयल रिसर्च (सीएसआईआर) ने औद्योगिक अनुप्रयोग उन्मुख अनुसंधान कार्यक्रम और उन के बड़े पैमाने पर व्यावसायीकरण में सहयोग के लिए दिसंबर 2019 में एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। सीएसआईआर द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित प्रौद्योगिकियों का देश में सीएसआईआर और बीएचईएल द्वारा संयुक्त रूप से वाणिज्यिकरण और कार्यान्वित किया जाएगा।
- इस पहली संयुक्त परियोजना में सीएसआईआर द्वारा विकसित की गयी प्रौद्योगिकी द्वारा विभिन्न जल शुद्धीकरण/मलिन जल निपटान से संबंधित प्रौद्योगिकियों का बीएचईएल द्वारा व्यावसायीकरण किया जाएगा ।
- सीएसआईआर के साथ बीएचईएल नदियों, झील, अन्य जल निकायों के कायाकल्प, 'हर घर जल' योजना में परियोजना प्रबंधन और भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों मेंजल आपूर्ति के लिए जल शक्ति मंत्रालय (एमओजेएस) के साथ जुड़ने का अवसर तलाश रहा है। नगरपालिका के पानी के कारोबार को व्यापक रूप से समाधान प्रदान के लिए रणनीतिक साझेदारी के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) जारी की गई है।

बीएचईएल द्वारा रक्षा अनुप्रयोगों के लिए विनिर्मित 500 केवी मेन मोटर जनरेटर (एमएमजी) (एसी और डीसी मशीन का युग्म) सेट

1.4.2.5 रक्षा और एरोस्पेस

व्यावसायिक परिदृश्य एवं अवसर

भारत के आस पड़ोस के कुछ भाग में तेजी से उभरते सुरक्षा परिदृश्य में भारत के लिए अपने रक्षा उपकरणों के आधुनिककरण, अद्यतन और यहां तक की स्वदेशीकरण में निवेश एक महत्वपूर्ण तथ्य बना दिया है। यह महत्वपूर्ण भारत आधुनिकीकरण में निवेश करने केलिए एक नाजुक स्थिति उत्पन्न कर दी है, जिसमें प्रौद्योगिकी उन्नयन के साथ–साथ भारत के रक्षा उपकरणों की स्वदेशीकरण भी शामिल है। भारत द्वारा अपने सैन्य आधुनिकीकरण को तेजी से बढ़ाए जाने के कारण देश के रक्षा क्रय और निवेश बढ़ने की उम्मीद है क्योंकि नए हथियार खरीदने पर अगले दशक में भारत के $ 130 बिलियन से अधिक क्रय करने की उम्मीद है। रक्षा क्षेत्र सरकार की 'मेक इन इंडिया' योजनाओं में स्वदेशी रक्षा उत्पादन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शामिल है।

इस क्षेत्र के कुछ मुख्य आकर्षण बिंदु इस प्रकार हैं

- मार्च' 2020 में जारी रक्षा खरीद प्रक्रिया मसौदा (डीपीपी) 2020 प्रक्रियात्मक बाधाओं को हटाकर और रक्षा में ' मेक इन इंडिया को बढ़ावा देकर खरीद प्रक्रिया को तेज करने पर केंद्रित है। मसौदे ने मौजूदा खरीद श्रेणियों को संशोधित किया है, विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत स्वदेशी सामग्री (आईसी) की आवश्यकता को बढ़ाया है, और रक्षा खरीद की कुछ नई अवधारणाओं को शामिल किया है। इसके अलावा, इसने मौजूदा ऑफसेट

दिशा निर्देशों को भी संशोधित किया है और अनुलग्नक टेम्पलेट और दस्तावेज़ के अन्य प्रावधानों में बदलाव किए हैं। इन बदलावों का उद्देश्य रक्षा में मेक इन इंडिया पहल को बढ़ावा देना है, नई श्रेणी विदेशी वेंडरों को अपनी सहायक कंपनियों के माध्यम से भारत में निर्माण करने का अवसर प्रदान करती है।

- आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत सरकार ने रक्षा एवं एरोस्पेस क्षेत्र के लिए निम्नलिखित उपायों की घोषणा की है:
  - रक्षा विनिर्माण में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की सीमा ऑटोमैटिक रूट के अंतर्गत 49 प्रतिशत से बढ़ाकर 74 प्रतिशत की गयी है।
  - स्वदेशी उत्पादन के लिए आयातित हथियारों के लिए एक नकारात्मक सूची बनाना
  - आयुध निर्माणी निदेशक मंडल (ओएफबी) का निगमीकरण
  - एयरक्राफ्ट एमआरओ के लिए भारत को वैश्विक हब बनाना
  - निजी उद्यमों के लिए अंतरिक्ष क्षेत्र को खोलना और उपग्रहों और अंतरिक्ष प्रक्षेपणों के लिए घरेलू और वैश्विक मांगों को पूरा करने में मदद करने के लिए निजी संस्थाओं द्वारा इसरो सुविधाओं के उपयोग की अनुमति देना।

प्रस्ताव

- एसआरजीएम, प्रशिक्षण और स्वास्थ्य लेखा परीक्षा सहित इसके पुर्जे और सेवाएं
- आईएमपीएस (एकीकृत प्लेटफ़ॉर्म प्रबंधन प्रणाली)
- रक्षा और एयरोस्पेस अनुप्रयोगों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स
- ओईएम से प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर आधारित जटिल और एडवांस डिफेंस उपकरण/सिस्टम के स्वदेशी निर्माण के लिए प्रमाणित क्षमता।
- क्रायोजेनिक टैंक, टाइटेनियम शेल/डोम, वेल्डिंग और टाइटेनियम शीट और ट्यूबों के मशीनिंग हेतु स्वदेशी क्षमता।
- भारतीय नौसेना की विभिन्न कस्टमाइज्ड आवश्यकताओं की आपूर्ति।
- स्पेस अनुप्रयोगों के लिए
- विभिन्न क्षमताओं के स्पेस ग्रेड सौर पैनलों और बैटरियों के परीक्षण के लिए अत्याधुनिक सुविधा
- लिथियम आयन सैल्स निर्माण हेतु समर्पित विनिर्माण सुविधा।
- इसरो के लॉन्च वाहनों के लिए एल्यूमीनियम मिश्र धातु के टैंकों के निर्माण के लिए अत्याधुनिक सुविधा की स्थापना की जा रही है।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

ऑर्डर बुक

- इसरो के लॉन्च वाहनों के लिए एल्यूमीनियम एलॉय प्रणोदक (प्रोपलेंट) टैंकों, पानी की टंकियों और फीड लाइन हेतु ऑर्डर प्राप्त किए।
- डीआरडीओसेएयर साइकिल आधारित लिक्विड कूलिंग सिस्टम केविकास हेतु ऑर्डर प्राप्त किया ।

अन्य उपलब्धियां

- रणनीतिक अनुप्रयोग क लिए रिजर्व प्रोपल्शन मोटर का सफलता पूर्वक विकास और सुपुर्दगी की गयी है।
- 06 फरवरी 2020 को लखनऊ में डिफेंस एक्पो में आयोजित 5वीं भारत रूस सैन्य औद्योगिक सम्मेलन के दौरान सहयोग और संयुक्त परियोजनाओं का संचालन करने एक ज्वाइंट स्टॉक कंपनी "रोसोबोर्नो एक्स्पोर्ट (Rosoboronexport) के साथ समावेश ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । इससे रूसी ओईएम के सहयोग से रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया पहल कदमी के अंतर्गत बीएचईएल की ताकत/क्षमताओं के प्रदर्शन और भारतीय रक्षा सेनाओं को रक्षा क्षेत्रों में स्वदेशी समाधान प्रदान करनेमें में सहायता मिलेगी ।
- 06 फरवरी 2020 को लखनऊ में आयोजित डिफेंसएक्पो के दौरान भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, (बीईएल) एक नवरत्न रक्षा उपक्रम, के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं जिसके अनुसार बीएचईएल और बीईएल की क्षमताओं का लाभ लेते हुए रक्षा तथा गैर रक्षा दोनों क्षेत्रों में बीएचईएल और बीईएल को दोनों कंपनियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से या संयुक्त रूप से विकसित उत्पादों के लिए बाजार तलाशने के लिए संयुक्त प्रयास करने में सहायता मिलेगी।

बीएचईएल द्वारा कर्नाटक में स्थापित 1 x 120 मेगा वाट ग्रासिम हरिहर कैप्टिव प्लांट

1.4.2.6 कैप्टिव पावर प्लांट्स

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार से उम्मीद की जा सकती है कि कैप्टिव पावर और भाप की मांग बढ़ेगी।

रिफाइनरी क्षेत्र:

मार्च 2020 में भारत की शोधन क्षमता 249 एमटीपीए के बराबर है, जिसे 030 तक 440 एमटीपीए और 2040 तक 667 एमटीपीए तक विस्तारित करने की योजना है, जिससे क्षेत्र में विद्युत और भाप की आवश्यकता पूरी की जा सके। हालांकि विद्युत की आवश्यकता का अधिकांश हिस्सा ग्रिड पावर द्वारा पूरा किया जाएगा, लेकिन कैप्टिव पावर प्लांट केलिए कुछ मांग की उम्मीद है।

विद्युत आवश्यकता धीरे–धीरे जीटीजी आधारित कोजेन से सीएफबीसी आधारित विद्युत संयंत्रों में स्थानांतरित हो रही ह जिसका प्राथमिक ईंधन पेटकोक है। योजना अधीन कुछ प्रमुख विस्तार निम्न हैं:

– आईओसीएल की योजना 2030 तक अपनी रिफाइनरी क्षमता को दोगुना कर 150 एमटीपीए तक पहुंचाने की है

– नुमालीगढ़ रिफाइनरी (3 एमटीपीए से 9 एमटीपीए)

– सीपीसीएल नागपट्टिनम (9 एमटीपीए ग्रीनफील्ड)

– आईओसीएल बरौनी (3 एमटीपीए से 9 एमटीपीए)

धातु और खनन क्षेत्र:

निर्यात में सीमेंट क्षेत्र :

इस्पात नीति की 2017 की परिकल्पना है कि वर्ष 2030 तक स्टील विनिर्माण क्षमता 130 मीट्रिक टन (एमटी) से बढ़कर 300 एमटी तक पहुंचे। एलुमिनियम क्षेत्र में अगले 5 वर्षों में 3.6 एमटीपीए से 7.2 एमटीपीए तक पहुंचने का लक्ष्य है। सैकेंडरी स्टील उद्योगों ने विस्तार की मांग की है जिसके कारण एसटीजी आधारित सीपीपी की मांग 50 मे.वा. तक होगी। नाल्को क्षमता विस्तार के अंतर्गत 45,000 करोड़ रुपए के निवेश की योजना बना रहा है जिसके अंतर्गत 0.4 एमटीपीए से 1 एमटीपीए तक विस्तार की योजना है। इससे सीपीपी के लिए जिससे बीटीजी पैकेज की आवश्यकता होगी ।

सीमेंट क्षेत्र :

भारत की सीमेंट निर्माण क्षमता 505 एमटीपीए है, जिसे 2025 तक 550 एमटीपीए तक विस्तारित किया जाना है । इस क्षेत्र में 50 मे.वा. रेंज में एसटीजी की मांग लगातार बढ़ रही है। अनेक प्रमुख सीमेंट उद्योगों का विस्तार हो रहा है।

बीएचईएल द्वारा तेलंगाना में स्थापित किया जा रहा आरएफसीएल रामागुंडम कैप्टिव पावर प्लांट 32X5 मेगावाट रेटिंग वाले गैस टरबाइन सहित एवं इसके साथ उपयोग होने वाले बॉयलर व हीट रिकवरी स्टीम जनरेटर

प्रस्ताव

- स्टीम टर्बाइन आधारित कैप्टिव पावर प्लांट्स
- गैस टर्बाइन आधारित ओपन, कॉजनरेशन और कंबाइंड साइकल कैप्टिव पावर प्लांट

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- 385.75 मेगावाट सीपीपी परियोजनाओं का सिंक्रनाइज़ेशन
- 150 मेगावाट एमईआईएल (नागाई पावर लिमिटेड के लिए)
- 60 मेगावाट कच्छ केमिकल इंडस्ट्रीज लि.।
- 45 मेगावाट ओएमपीएल यूनिट –1
- 30 मेगावाट श्याम मेटालिक्स एंड एनर्जी लि.।
- 30 मेगावाट श्याम ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज, जमुरिया
- 27 मेगावाट श्री सीमेंट लिमिटेड, रास सीमेंट परियोजना
- 27 मेगावाट श्री सीमेंट लिमिटेड, रायपुर
- 16.75 मेगावाट आरएसपीएल, यूनिट –3

प्राप्त प्रमुख ऑर्डर

- 40 मेगावाट रेंज की 4 एसटीजी सहित 9 एसटीजी।
- जीएनएफसी से ऊर्जा दक्षता टरबाइन केलिए पहला ऑर्डर।
- ओएमपीएल, ग्रासिम, श्याम ग्रुप सेरिपीट ऑर्डर।
- नया ग्राहक –गैलेंट इस्पात लिमिटेड और अंकुर उद्योग लिमिटेड ।
- संबद्ध क्षेत्रों में कोयला मिलों के लिए थरमैक्स से और स्टैंडअलोन हीटर के लिए सीमेंस से।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

बॉयलर क्षेत्र में की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सीएफबीसी बॉयलर के लिए प्रौद्योगिकी क्षमता का निर्माण किया जा रहा है।

1.4.2.7 औद्योगिक उत्पाद (तेल एवं गैस और विद्युत मशीनों सहित)

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

रिफाइनरी और पैट्रोकैमिकल क्षेत्र में विस्तार के कारण उपकरण आपूर्ति के लिए अवसरों की उम्मीद है।

इन योजनाओं के साकार हो जाने से कंप्रेसर, फायर्ड हीटर्स, क्रायोजेनिक नाइट्रोजन संयंत्रों, उच्च टनेज कॉलम और वेसल्स के क्षेत्रों में व्यापार के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे।

एचपीईपी हैदराबाद में प्रेषण के तैयार मड पंप जिसे आयल रिंग सिस्टम में उपयोग किया जाता है।

इस्पात क्षेत्र और राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 में प्रत्याशित वृद्धि स्वदेशी इस्पात बनाने वाले उपकरण निर्माता के रूप मे खुद को स्थापित करने के लिए बीएचईएल को एक अवसर प्रदान करती है।

प्रस्ताव

- ऑयल रिग्स– 9,000 मीटर की गहराई तक ड्रिलिंग के लिए एसी–वीएफडी और एसी–एससीआर तकनीक के साथ विभिन्न समुद्रीय किनारों पर ड्रिलिंग रिग, 6,100 मीटर की गहराई तक सर्विसिंग के लिए कार्य–ओवर रिग्स, 3,000 मीटर गहराई तक ड्रिलिंग के लिए मोबाइल रिग्स। पूरा रिग पैकेज के अलावा, बीएचईएल

बीएचईएल द्वारा विशाखापट्टनम में स्थापित किया जा रहा साओर वाटर स्लीपर स्टेज–एन कॉलम

ऑन–शोर ड्रिलिंग रिग के मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रिकल उपकरणों जैसे ड्रा वर्क,मास्ट और सब–स्ट्रक्चर,एसी और डीसी पीसीआर, मोटर आदि की भी आपूर्ति करता है। बीएचईएल ऑयल रिग्स केरि–फर्बिसमेंट और उन्नयन का कार्य भी करता है।
- वैल हैड्स तथा एक्स–मस ट्री– 10,000 पीएसआई तक के मड लाइन सस्पेंशन, चोक और किल मैनिफोल्ड, सीबीएम वेलहेड्स, डीएसपीएम एच– मैनिफोल्ड असेंबली, मड वाल्व, ईएसपी हैंगर, ब्लॉक टाइप एक्स–मस ट्री और केसिंग हैड्स के लिए लैंडिंग बेस ।
- कंप्रेसर– एपीआई 617 अनुप्रयोगों के अनुसार फर्टिलाइजर्स, पेट्रोकैमिकल्स, पाइपा लाइंस, गैस प्रोसेसिंग, स्टील उद्योगों आदि के लिए विभिन्न प्रकार के मल्टीस्टेज सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर्स। बीएचईएल के पास सेंट्रीफ्यूगल कंप्रेसर स्टेशनों के ईपीसी/एलएसटी के आधार पर कांट्रेक्ट निष्पादित करने की क्षमता है ।
- मैकेनिकल पैकेज– क्रायोजेनिक एयर सेपरेशन यूनिट, फायर्ड हीटर्स, कॉलम, रिएक्टर, प्रेशर वेसल, हीट एक्सचेंजर्स और पर्ज गैस रिकवरी यूनिट जैसे उपकरण।
- इलेक्ट्रिकल मशीनें–एसी स्क्विरिल केज , स्लिपरिंग, सुरक्षित और खतरनाक क्षेत्र के अनुप्रयोगों के लिए सिंक्रोंस मोटर्स, विभिन्न गति की मोटर्स, औद्योगिक अल्टरनेटर और विशेष प्रयोजन मशीनें।

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- एनटीपीसी विंध्याचल के लिए नए फ्रेम आकार 2 आरएन श्रृंखला (3500 केडब्ल्यू, 11केवी 10 पोल बूस्टर फैन मोटर कम किए आकार के साथ) का सफलतापूर्वक विकास और परीक्षण किया गया ।
- आईओसीएल हल्दिया परियोजना के लिए बीएचईएल से सहयोग के लिए मेसर्स न्यूमेन एसर से प्रशंसा पत्र प्राप्त।

प्राप्त ऑर्डर

- आईओसीएल पानीपत रिफाइनरी में पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स के लिए एथिलीन गैस कंप्रेसर के लिए पहला ऑर्डर।
- मेसर्स टोयो इंजीनियरिंग प्रा. लि. से एचआरआरएल के लिए रीसायकल गैस कंप्रेसर के लिए पहले अब तक का पहला ऑर्डर।
- बीपीसीएल मुंबई स मौजूदा कंप्रेसर के साथ समानांतर ऑपरेशन के लिए कंप्रेसर के रूप में रीसायकल गैस कंप्रेसर लिए आदेश।
- मेसर्स एलएंडटी हाइड्रोकार्बन इंजीनियरिंग से एचपीसीएल वाइजैग पैकेज के लिए 23 हाई टनेज प्रैसर वैसल्स का अब तक का पहला बल्क ऑर्डर।
- मेसर्स ओआईएल से 2 वर्क–ओवर रिग्स (125एमटी) के लिए ऑर्डर ।
- ओएनजीसी, जोरहाट से ड्रिलिंग रिग क्षमता (760 एचपी रिग से 1400 एचपी) के उन्नयन के लिए पहली बार आदेश।
- ओएनजीसी की विभिन्न परिसंपत्तियों के लिए, ओआईएल तथा निजी ड्रिलरों से वैलहैड्स तथा एक्स–मस ट्रीज ऑर्डर ।
- विभिन्न पंप ओईएम्स से 71 एक्स ''डी' मोटर्स के रिफाइनरियों, पेट्रोरसायन और पाइपलाइनों के लिए ऑर्डर।
- विभिन्न ओईएम से एचयूआरएल सिंदरी, बरौनी और गोरखपुर क`लिए 30 मोटरों का ऑर्डर।
- मेसर्स न्यूमेन एंड एसर और एसेर से इसरो के लिए 400 किलोवाट कंप्रेसर मोटर के लिए ऑर्डर।
- आरसी सीपी एल से उनके सीमेंट संयंत्रों के लिए 24 मोटरों के लिए ऑर्डर ।
- रामको सीमेंट से 20 मोटरों के लिए ऑर्डर।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

बीएचईएल एलएसटी के व्यवसाय में डाउनस्ट्रीम तेल एवं गैस क्षेत्र में प्रवेश करने की तैयारी में लगा हुआ है ।

1.4.2.8 ऊर्जा भंडारण समाधान समूह

ऊर्जा भंडारण तथा ई–मोबिलिटी के क्षेत्र आगामी अवसरों को व्यावसाय स्वरूप में लाने के लिए बीएचईएल घरेलू विकास और रणनैतिक साझेदारी द्वार, वर्तमान में इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, बैटरी एनर्जी भंडारण प्रणाली (बीईएसएस) के क्षेत्र में अनेक अवसरों की उपलब्धता तथा रेलवे ट्रैकों के विद्युतीकरण की आवश्यकताओं पर ध्यान रहा है।

इलेक्ट्रिक मोबिलिटी

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

- भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना (एनईएमएमपी) 2020 को वर्ष 2013 में आरंभ किया गया था, जिसमें देश में वर्ष 2020 से 6–7 मिलियन हाइब्रिड और इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री प्राप्त करने का एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया था।
- भारी उद्योग विभाग द्वारा आरंभ की एनईएमएमपी केएफएएमई–1 योजना के अंतर्गत कुछ राज्य परिवहन उपक्रमों ने इलेक्ट्रिक बसों और चार्जरों की खरीद की तथा उन्हें काम पर लगाया। विभिन्न नोडल एजेंसियों द्वारा इलेक्ट्रिक डीसी 001 और एसी 001 चार्जरों के साथ ईवी चार्जिंग स्टेशन भी स्थापित किए गए।
- चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए दिशा निर्देश और मानक जारी किए गए हैं, जिनके अनुसार 3 किमी X 3 किमी के ग्रिड की दूरी पर कम से कम एक चार्जिंग स्टेशन लगाया जाना

है। राजमार्गों के लिए प्रत्येक 25 कि.मी. की दूरी पर राजमार्गों के दोनों ओर पर एक चार्जिंग स्टेशन लगाया जाना है ।

- भारी उद्योग विभाग द्वारा इलेक्ट्रिक वाहनों, उनकी असेम्बली / सब–असेम्बली / पुर्जो के ग्रेडेड ड्यूटी स्ट्रक्चर के स्वदेशी विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 6 मार्च, 19 को चरणबद्ध विनिर्माण कार्यक्रम (पीएमपी) जारी किया है।
- एफएएमई–2 योजना को 01 अप्रैल 2019 से 3 वर्षों के लिए 10,000 करोड़ आउट्ले के साथ विद्युत और ढांचागत विकास के लिए लागू किया गया है। भारी उद्योग विभाग ने विभिन्न राज्य परिवहन उपक्रमों को अब तक कुल 5595 इलेक्ट्रिक बसों का विनिर्माण ग्रोस कौस्ट बेसिस (जीसीसी) मॉडल आधार पर आबंटित किया है तथा 2000 और इलेक्ट्रिक बसें विभिन्न राज्य परिवहन उपक्रमों को आबंटित की जाएंगी।
- भारी उद्योग विभाग द्वारा जनवरी 20 में कुल 62 शहरों के लिए 2636 ईवी चार्जिंग स्टेशनों की मंजूरी दी है जिनमें से 1633 फास्ट चार्जिंग स्टेशन और 1003 स्लो चार्जिंग स्टेशन हैं । एनटीपीसी, ईईएसएल, आरईआईएल और पीजीसीआईएल ने इन चार्जिंग स्टेशनों को स्थापित करने और संचालन के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति (ईओआई) में भाग लिया था । इन ईवी चार्जिंग स्टेशनों की ईपीसी के लिए टेंडरिंग प्रक्रिया, जो शुरू होगई थी, जिसमें कोविड 19 के कारण विलंब हो गया है।
- भारी उद्योग विभाग द्वारा 9 बड़े शहरों और राज्यों की राजधानियों को जोड़ने वाले विभिन्न राजमार्गो और एक्सप्रेसवे पर 1000 सार्वजनिक ईवी चार्जिंग स्टेशन बनाने और संचालित करने के लिए इच्छा की अभिव्यक्ति जारी किए जाने की संभावना है ।

प्रस्ताव

- ईवी चार्जिंग स्टेशन
- ई बसें
- ईवी कंपोनेंट्स – पावर ट्रेन,बैटरी पैक

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

- दिल्ली–चंडीगढ़ राजमार्ग ई–मोबिलिटी के अनुकूल बनाया गया है। बीएचईएल द्वारा एचटीसीएल रिसॉर्टस में 6 सौर आधारित ईवी चार्जिंग स्टेशन और एचपीसीएल के रिटेल आउटलैट्स पर 5 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए।
- 12 मीटर एसी इलेक्ट्रिक बस प्रोटोटाइप को विकसित कर आईसीएटी मानेसर से प्रमाणित कराया गया है।
- घरेलू रूप में टाइप –2 एसी सहित 50 के डब्ल्यू ईवी चार्जर विकसित किया गया, जो एआरएआई में परीक्षण प्रमाणन के अधीन है।
- ईवी पॉवर ट्रेन, ईवी चार्जर और ई–बस का विकास कार्य प्रगति पर है ।

प्राप्त प्रमुख ऑर्डर

- भारत भर में 20 डीसी 001 ईवी चार्जर्स स्थापित करने के लिए ईईएसएल से रिपीट ऑर्डर।
- प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम शहरी परिवहन निदेशालय से कैपेक्स मोड में गोरखपुर शहर के लिए 212 मी. लो फ्लोर एसी इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति के ऑर्डर।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

देश के ई–मोबिलिटी मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के साथ करने के लिए, बीएचईएल ने कई इन–हाउस विकास कार्य शुरू किए हैं तथा इस दिशा में प्रसिद्ध कंपनियों के साथ रणनैतिक साझेदारी भी की।

ई–मोबिलिटी और एनर्जी स्टोरेज क्षेत्र की आवश्यकताओं को संबोधित करने के लिए भारत में लीथियम–ऑयन सेल सेल विनिर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए बीएचईएल विभिन्न वैश्विक कंपनियों से साझेदारी करने की ओर भी अग्रसर है।

बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

व्यापार परिदृश्य

विद्युत ग्रिड में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी में वृद्धि के साथ, ऊर्जा भंडारण ग्रिड स्थिरता और विद्युत की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा प्रणाली का एक अभिन्न अंग बनने के लिए निर्धारित है। इंडियन एनर्जी स्टोरेज एलाइंस (ईआईएसए) के अनुमान के अनुसार, ऊर्जा भंडारण बाजार के लिए बाजार की संभावना 2022 तक 2– 3.5 GWh तक पहुंचने की उम्मीद है। एनटीपीसी, एसईसीआई, एनएलसी जैसी कंपनियों ने सौर संयंत्रों का समर्थन करने केलिए ऊर्जा भंडारण प्रणालियों के लिए निविदाएं जारी की हैं।

ट्रांसफोर्मेटिव मोबिलिटी और बैटरी स्टोरेज पर राष्ट्रीय मिशन केअंगस्वरूप, सरकार भारत में40 गीगावाट (GW) की बैटरी बनानेकी क्षमता की स्थापना की सुविधा केलिए कोबढ़ावा देने के लिए विचार कर रही है। इससे ईवी और आरईएस पहल कदमियों में $ 40 अरब रुपए के निवेश की आशा है ।

प्रस्ताव

- पीसीएस (पावर कंडीशनिंग सिस्टम)
- ईएमएस (ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली)
- बीईएसएस के लिए पूरा कंटेनरीकृत ईपीसी समाधान

वर्ष के दौरान प्राप्त किए गए प्रमुख ऑर्डर

बीएचईएल ने प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से मैसर्स द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट (टीईआरआई) से अपना पहला बीईएसएस ऑर्डर प्राप्त किया। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्रदिल्ली में तीन अलग–अलग स्थलों पर स्थित इस परियोजना की संचयी रेटिंग 410 kWh है

बीएचईएल कॉर्पोरेट आर एंड डी हैदराबाद द्वारा घरेलू उपयोग के लिए विकसित स्थापित 1 मेगावाट बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम (बीईएसएस)



एचपीईपी हैदराबाद में कैप्टिव प्लांट अनुप्रयोगों के लिए प्रयुक्त सर्वाधिक रेटिंग वाला 1/150 मेगावाट आईपी टरबाइन की टेस्टिंग की जा रही।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

बीएचईएल ग्राहकों स्टैंडअलोन और ग्रिड–इंटरेक्टिव बीईएसएस आवश्यकताओं दोनों के लिए आवश्यकतानुरूप ईपीसी समाधान प्रदान करने लिए वचनबद्ध है।

रेलवे विद्युतीकरण

व्यापार परिदृश्य एवं अवसर

भारतीय रेलवे ने वर्ष 2022 तक लगभग 30,000 रूट किलोमीटर रेलवे लाइनों के ईपीसी आधार पर निविदा जारी कर विद्युतीकरण की योजना है। सेंट्रल ऑर्गेनाइजेशन फॉर रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन सीओएआई के माध्यम से कुल 7 खंडों मेंलगभग 6266 रूट किलोमीटर रेल लाइनों का दो स्टेज बिडिंग प्रक्रिया (आर एफ क्यू एवं आरएफपी) के माध्यम से निविदाएं जारी की गई। आर एफ क्यू के आधार पर बिड स्टेज में प्रतिभागिता के लिए एक आवेदक के रूप में (बीएचईएल को शॉर्टलिस्ट किया गया था। कुल 7 खंडों में से चार खंडों की निविदाओं को रद्द कर दिया गया था तथा उन्हें नए ईपीएस मॉडल सिंगल स्टेज 2 पैकेट सिस्टम आईआरपीएस के माध्यम से फिर से जारी किया गया। इन निविदाओं को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है।

प्रस्ताव

रेलवे विद्युतीकरण के लिए पूरा ईपीसी समाधान

वर्ष के दौरान उपलब्धियां

बीएचईएल वर्तमान में बिड़ला नगर– इटावा परियोजना (440टीकेएम) सैक्शन को निष्पादित कर रहा है और जीआर 239, 240, 241 का निष्पादन काफी प्रगति कर चुका है।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

- बीएचईएल ने रेलवे विद्युतीकरण के सभी अवसरों में सक्रिय रूप से भाग लेकर रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं को निष्पादित करने के लिए अपने गहन परियोजना निष्पादन अनुभव का लाभ उठाया है।
- मैसर्स कोर (सीओआरई) के 2571 आरकेएम/3241 टीकेएम के लिए नए टेंडर में प्रतिभागिता।

बीएचईएल द्वारा महाराष्ट्र में स्थापित 2X150 मेगावाट सिंटेक्स धूले कैप्टिव पावर प्रोजेक्ट

सौर ऊर्जा की उपयोगिता

बीएचईएल भारत की उन कुछ कंपनियों में से एक है जो सौर ऊर्जा से सबंधित सभी आवश्यकताओं के लिए एंड–टू–एंड समाधान प्रदान करती है। बीएचईएल ने देश भर में ग्राउंड माउंटेड, रूफ टॉप, कैनाल टॉप से लेकर फ्लोटिंग सोलर पीवी प्लांट की विविध श्रृंखला के 1200 मेगावाट से अधिक संयंत्र स्थापित किए है।

बीएचईएल ने भारतीय रेलवे के लिए मध्य प्रदेश के बीना में अपनी तरह का पहला 1.7 मेगावॉट का सोलर पीवी प्लांट सफलतापूर्वक स्थापित किया है। यह ऐतिहासिक निर्माण 25kV सिंगल फेस सौर ऊर्जा एक बार में प्राप्त करता है और सीधे ट्रैक्शन सब स्टेशन में फीड करता है। इस परियोजना के लिए आउटडोर ड्यूटी हेतु 850 kW सिंगल फेस सौर इनवर्टर और 400V /25 kV ड्राई टाईप ट्रांसफार्मर विशेष रूप से बीएचईएल में ही विकसित किए गए।

इस विकास से भारतीय रेलवे की विस्तृत भूमि का सदुपयोग केप्टिव हरित ऊर्जा उत्पादन के लिए करने का मार्ग प्रशस्त होने की अपेक्षा है जिससे ग्रिड पॉवर पर निर्भरता कम होगी सौर ऊर्जा का सर्वोत्तम पूरा–पूरा उपयोग हो सकेगा।

भारतीय रेलवे हेतु बीना, मध्य प्रदेश मे 1.7 मेगावाट सौर पीवी संयंत्र का चित्र

व्यावसायिक खंडों की रूपरेखा एवं निष्पादन

अंतर्राष्ट्रीय परिचालन

1.4.3 अन्तर्राष्ट्रीय परिचालन

संक्षिप्त विवरण

विश्व अर्थव्यवस्थाएं मध्य–पूर्व में अमेरिका–चीन व्यापार विवाद, भू–राजनीतिक तनाव और बढ़ती संरक्षणवादी प्रवृत्ति के कारण मंदी की स्थिति में हैं। वैश्विक व्यापार प्रणाली के भविष्य के बारे में अनिश्चितता और नाजुक अन्तरराष्ट्रीय सहयोग ने व्यापार विश्वास और निवेश संबंधी निर्णयों को बुरी तरह से प्रभावित किया है।

वर्ष 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट के बाद से विनिर्माण गतिविधि बहुत धीमी गति से बढ़ रही है। इस मंदी के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में वस्तुओं की कीमतें मंदी के बीच कमजोर होने के संकेत दे रही हैं। विद्युत के लिए नवीकरणीय विद्युत उत्पादन के स्रोत की ओर धीरे–धीरे बदलाव और कमजोर आर्थिक विकास से कोयले की मांग कम हो रही है।

पहले से ही चुनौतियों का सामना कर रही विश्व अर्थव्यवस्था को, कोविड –19 का प्रकोप हाल के दिनों में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक खतरा बन गया है। विश्व स्तर पर, उत्पादन लाइनें बाधित हुई हैं और मानव के साथ–साथ वस्तुओं की आवाजाही भी बाधित हुई है। इस पृष्ठभूमि में, वैश्वीकरण से क्षेत्रीयकरण में अंतरण दर्शाया है।

वैश्विक अर्थव्यवस्था के वर्ष 2008 के दौरान आए वित्तीय संकट से भी अधिक खराब स्थिति में जाने की संभावना है। वर्ष 2020 की दूसरी तिमाही में वैश्विक महामारी ने अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित किया है और यह माना जा रहा है कि वर्ष वर्ष 2021 में अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 5.8 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। वैश्विक विकास में अनिश्चितताओं के कारण आर्थिक गिरावट तथा अनिश्चितता बनी हुई है और भविष्य में भी कठिन परिस्थितियों के ही आसार नजर आ रहे हैं। इन में निम्नलिखित शामिल है, महामारी के फैलने के मार्ग उत्पादन गतिविधियों में अवरोध उत्पादकता को हानि, वैश्विक वित्तीय बाजारों में सख्ती पाई जाना, खर्च के तरीकों में बदलाव तथा वस्तुओं की परिवर्तनशील कीमतें आदि ।

निर्यात में हमारा अनुभव

सत्तर के दशक में पहली बार निर्यात के साथ अपनी यात्रा शुरू करते हुए, कंपनी ने बांग्लादेश, भूटान, नेपाल, इंडोनेशिया, ओमान, इराक, सूडान, अफगानिस्तान, संयुक्त राष्ट्र तथा न्यूजीलेंड सहित दुनिया के सभी छह महाद्वीपों के 84 देशों तक पहुंचने में लंबी यात्रा तय की है। बीएचईएल ने विदेशों में 11 गीगावॉट से अधिक विद्युत उत्पादन क्षमता स्थापित की है। वर्तमान में, कंपनी कई प्रमुख परियोजनाओं को निष्पादित कर रही है, जिसमें बांग्लादेश में 2X660 मेगावाट की मैत्री थर्मल पावर परियोजना और नेपाल में 900 मेगावाट की अरुण –3 पनबिजली परियोजना शामिल है, जिसमें 6GW तक के कुल ऑर्डर शामिल हैं। कंपनी अपने विदेशी ग्राहकों पुर्जो और सेवाएं प्रदान कर बिक्री उपरांत सहयोग प्रदान कर रही है।

प्राप्त ऑर्डर

वर्ष के दौरान, बीएचईएल ने निम्नलिखित विदेशी ऑर्डर प्राप्त किए:

- 2 X 20 मेगावाट की राहुघाट पनबिजली परियोजना का इलेक्ट्रो–मैकेनिकल पैकेज, जो नेपाल से पनबिजली परियोजना का दूसरा क्रमिक ऑर्डर है। यह ऑर्डर नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के स्वामित्व वाली 100 प्रतिशत कंपनी रघुगंगा हाइड्रो पावर लिमिटेड (आरजीएचपीएल), द्वारा दिया गया है, जोनेपाल सरकार के स्वामित्व वाली कंपनी है।
- लगभग 7 वर्षों की लंबी पकड़ के बाद, 2 X 200 मेगावाट के तिश्रीन थर्मल पावर प्रोजेक्ट को पुनर्जीवित किया गया। अनुबंध पर फिर से बातचीत की गयी थी और बीएचईएल ने इस ऑर्डर को उल्लेखनीय वृद्धि के साथ सुरक्षित कर लिया।
- डिजरमाया सीडेन एनर्जी एसएआरएल (Djermaya CDEN Energy SARL), चाड से 32 मेगावाट सौर पीवी परियोजना के लिए पाइरैनोमीटर तथा एनमोमीटर का प्रथम ऑर्डर।

बीएचईएल द्वारा बांग्लादेश में 2X660मेगा वाट की मैत्री सुपर क्रिटिकल पावर परियोजना निष्पादित की जा रही है

ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भूटान, मिस्र, इंडोनेशिया, इराक, इटली, कजाकिस्तान, केन्या, मलावी, मोज़ाम्बिक, नेपाल, न्यू कैलेडोनिया, ओमान और यूएई सहित विभिन्न देशों के साथ पुर्जों, सेवाओं और उत्पादों के लिए बिक्री उपरान्त सहायता हेतु सघन प्रयास ।

- **उत्पाद और बिक्री उपरांत सहायता**
  - फ्रेम 9 ईजनरेटर रोटर के साथ ही जेबीए इंटरनेशनल एफजेडसी, यूएई सेस्टेटर की आपूर्ति के लिए दो ऑर्डर
  - इंडोनेशिया के पीटी तेरोस एफकेएस से 9 मेगावाट के कोयले से चलने वाले पावर प्लांट के लिए पावर प्लांट सलाहकार सेवाओं (प्लांट ऑडिट) का ऑर्डर
  - जेबीए इंटरनेशनल एफजेड्सी, यूईएसे फ्रेम 9E गैस टर्बाइन के लिए जनरेटर रोटर की मरम्मत का ऑर्डर
  - भूटान के 4 x 84 मेगावाट छुखा जलविद्युत संयंत्र के यूनिट –1 के जनरेटर की बहाली का ऑर्डर
- **मोटर्स के लिए कई आदेश, जैसे**
  - टीसीआई सैनमार केमिकल्स एसएई, मिस्र से 1300 किलोवाट मोटर
  - सिमेंटोज डे मोज़ांबिक, मोज़ांबिक से 1300 किलोवाट एसआरआईएम
  - शायोना सीमेंट कॉर्पोरेशन, मलावी के लिए 3050, 1400, 950, 550 और 370 किलोवाट एसआरआईएम मोटर्स
  - लाफार्ज होल्सीम बांग्लादेश लिमिटेड, बांग्लादेश से 3800 किलोवाट एसआरआईएम
  - स्टार सीमेंट कंपनी एलएलसी, रास अल खैमाह, यूएई से 3000 किलोवाट एसआरआईएम
  - हम्बोल्ट वेदाग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नेपाल से 950 किलोवाट (4 नग।) एसआरआईएम

विदेशी परियोजना निष्पादन

- भूटान में संस्थापित हाइड्रो पावर परियोजना

बीएचईएल ने भूटान के 4 x 180 मेगावाट के मंगदेछु हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर प्लांट को सफलतापूर्वक संस्थापित किया। इस परियोजना का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधान मंत्री और भूटान के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा किया गया था।

भूटान में 4X180 मेगावाट की मांगदेछू एचएपी परियोजना का टरबाइन हॉल

- **अनबंध समापन**
  - बीएचईएल ने 3X18 मे.वा. पीटीसीकेपी, इंडोनेशिया परियोजना के अनुलग्नक को सफलतापूर्वक संपन्न कर दिया है और ग्राहक ने परियोजना के सफल समापन के लिए बीएचईएल को एक प्रशंसा पत्र जारी किया है।

भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भूटान के माननीय प्रधानमंत्री डॉ.लोतेय त्शेरिंग की उपस्थिति में भूटान के थिंपू में बीएचईएल द्वारा स्थापित 4X180 मेगावाट की बिजली मांगदेछू पनबिजली (हाइड्रोइलेक्ट्रिक) परियोजना का उद्घाटन किया।

- ताइवान के लिए 62.5 मेगावाट की बिहाई हाइड्रो इलेक्ट्रिक परियोजना, अनुबंध को सफलतापूर्वक संपन्न कर दिया गया है। परियोजना के सफल निष्पादन के लिए ग्राहक से प्रशंसा पत्र भी प्राप्त किया।

पुरस्कार एवं सम्मान

- निर्यात के लिए ईईपीसी राष्ट्रीय पुरस्कार श्रेणी के लिए उत्कृष्टता 'इंजीनियरिंग सेवाओं के निर्यात में उत्कृष्टता के लिए विशेष ट्रॉफी – 50वें पर ईईपीसी इंडिया निर्यात उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार
- वर्ष 2016–17 के लिए शीर्ष निर्यातक की श्रेणी में के अंतर्गत": के लिए इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट एक्सीलेंस के लिए ईईपीसी इंडिया नॉर्दर्न रीजन अवार्ड ''सिल्वर ट्रॉफीः लार्ज एंटरप्राइज" पुरस्कार ।
- जियो–स्ट्रेटेजिक रीच केलिए "गवर्नेंस नाउ" पीएसयू अवार्ड्स 2020
- इंडोनेशिया के पूर्व कालीमंतन, संगता में 3 x 18 मेगावाट के कोयला संचालित विद्युत संयंत्र के सफल समापन के लिए पीटी सीकेपी, इंडोनेशिया से प्रशंसा पत्र।
- डीजीपीसी, भूटान से 4 x 84 मेगावाट चुक्का जल विद्युत संयंत्र, भूटान के आर एंड एम चरण– III के सफल समापन के लिए प्रशंसा पत्र।
- बेलारूस के 126 मेगावाट के ग्रोड्नो सीएचपी –2 के प्रमुख ओवरहाल के सफल समापन के लिए ग्रोड्नोएनर्गो से प्रशंसा पत्र।

संकल्पपूर्वक आगे बढ़ना

वैश्विक विद्युत क्षेत्र में मौजूद विभिन्न चुनौतियों के बावजूद, बीएचईएल अपनी पहुंच और प्रस्तावों को देने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी प्रमुख पहल कदमियों में नवीकरणीय ऊर्जा में सुधार, परियोजना निष्पादन, प्रौद्योगिकी को तेजी से अपनाना और आत्मसात करने और भारत सरकार का समर्थन करने के अवसरों पर ध्यान देना शामिल है। बीएचईएल ने अपने राजस्व विविधीकरण द्वारा पन विद्युत परियोजनाओं को अपना लक्ष्य बनाने में सक्रिय रूप से जुटा हुआ है । इन परियोजनाओं में बीएचईएल दक्षिण एशिया में हाइड्रो परियोजनाओं, अफ्रीका, दक्षिण एशिया और दक्षिण पूर्व एशिया में थर्मल परियोजनाएं, दक्षिण एशिया, अफ्रीका और मध्यपूर्व में गैस परियोजनाएं एवं अफ्रीका, यूरोप और एशिया प्रशांत में मोटरों की बिक्री तथा मध्य पूर्व में कंप्रेशर व ऑयल फील्ड उपकरण व्यापार पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने राजस्व के विविधीकरण पर सक्रिय रूप से लगा हुआ है।

बीएचईएल का वैश्विक विस्तार



सभी 6 आवासीय महाद्वीपों के

84 देशों में प्रसार



एशिया

अफगानिस्तान
अजरबेजान
बांग्लादेश
भूटान
चीन
हाँगकाँग
इंडोनेशिया
ईरान
इराक
जापान
जॉर्डन
कजाकिस्तान
कुवैत
लाओस
मलेशिया
म्यांमार
नेपाल
ओमान
फिलिपींस
सऊदी अरब
सिंगापुर
दक्षिण कोरिया
श्रीलंका
सीरिया
ताइवान
तजाकिस्तान
थाईलैंड
यू.ए.ई.
वियतनाम
यमन

ओसिआनिया

आस्ट्रेलिया
न्यू केलेडोनिया
न्यूजीलैंड
समोआ

■ बीएचईएल की उपस्थिति वाले देश

यह भौगोलिक प्रतिरूप विश्व के भौतिक मानचित्र को नहीं दर्शाता है

1.5 वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण

1.5.1 बीएचईएल के एकल

वित्तीय परिणाम

1. परिचालन से राजस्व

(रु. करोड़ मे)

विवरण	2019–20	2018–19
सेल्स लैस रिटर्न	15057	22476
बाह्य इरेक्शन तथा अन्य सेवा से आय	5434	6947
टर्नओवर	20491	29423

वित्त वर्ष 2019–20 की अंतिम तिमाही में कोविड–19 महामारी के कारण वर्ष के लिए राजस्व मुख्य रूप से प्रभावित हुआ, जिसके कारण विनिर्माण सुविधाओं और परियोजनाओं के निष्पादन की गतिविधियों में संचालन में बाधा उत्पन्न हुई। कोविड के वैश्विक प्रभाव के कारण अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधानों ने विनिर्माण इकाइयों में सामग्री की प्राप्ति को भी प्रभावित किया।

अन्य परिचालन आय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
अन्य परिचालन आय	995	1000

आपूर्तिकर्ताओं से वसूली और देनदारियों के राइट–बैक को बनाए रखने की आवश्यकता नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप स्थिर परिचालन आय होती है। अन्य परिचालन आय के विवरण के लिए 29 एकल वित्तीय विवरणों को संदर्भित किया जा सकता है।

2.अन्य आय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
ब्याज आय	509	512
म्यूचुअल फंड्स की इकाई की बिक्री पर लाभ	6	17
संयुक्त उद्यम में निवेश पर लाभांश – बीजीजीटीएस	16	16
आयकर वापसी पर ब्याज	-	87
पीपीई की वस्तुओं की बिक्री पर लाभ, सरकारी अनुदान और अन्य	50	46
योग	581	678

3. व्यय

क) सामग्री की खपत, निर्माण और इंजीनियरिंग व्यय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
कच्चे माल तथा उपकरणों की खरीद	11780	14971
सिविल, इरेक्शन और इंजीनियरिंग व्यय	2947	3866
उप योग	14727	18837
तैयार माल की इंवेंट्री और वर्तमान में प्रगति पर चल रहे कार्य में परिवर्तन	(1016)	(991)
योग	13711	17846

वर्ष 2019–20 के दौरान, कंपनी के राजस्व के प्रतिशत के रूप में सामग्री की लागत काफी अधिक थी, 66.9 प्रतिशत पर, जबकि पिछले वर्ष दर्ज की गई लागत 60.7 प्रतिशत थी। उपरोक्त बड़े पैमाने पर टर्नओवर की संरचना में बदलाव, डीजेयू (डीड ऑफ ज्वाइंट अंडरटेकिंग) के अंतर्गत निर्धारित शर्तों और बाजार में गिरती हुई वास्तविकताओं के कारण आयातित बाहरी सामग्री अधिक है।

ख) कर्मचारी लाभ व्यय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
कर्मचारी लाभ व्यय	5403	5502
कर्मचारियों की संख्या	33752	35471

परिवर्तनशील घटकों भुगतान पर कड़े नियंत्रण के कारण समग्र कर्मचारी लाभ व्यय कम है।

ग) विनिर्माण, प्रशासन, बिक्री एवं वितरण व्यय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
निर्माण, प्रशासन, बिक्री और वितरण व्यय	2430	2761
विनिमय दर में परिवर्तन हानि / (लाभ)	(435)	(;67)
कुल	1995	2694

निर्माण, प्रशासन, बिक्री और वितरण व्यय की सभी वस्तुओं पर कठोर बजटीय नियंत्रण के परिणाम स्वरूप वित्त वर्ष 2019–20 में कमी आई।

विनिमय दर में परिवर्तन लाभ मुख्य रूप से निम्न के लिए था। वित्त वर्ष 2019–20 में भारतीय रूपये v/s यूरो में 7.1 प्रतिशत मूल्यह्रास हुआ जो वित्त वर्ष 2018–19 में 3.5 प्रतिशत था (ब) वित्त वर्ष 2018–19 6.1 प्रतिशत मूल्यह्रास के स्थान पर भारतीय रूपये v/s यूएसडी में वित्त वर्ष 2019–20 में 8.8 प्रतिशत मूल्यह्रास हुआ।

घ) व्यवस्थापन (निवल)

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
संदिग्ध ऋण, ऋण नुकसान और अन्य	845	1640
डूबत ऋण, एलडी और बट्टे खाते में डाला गया नुकसान	223	93
अपेक्षित ऋण हानि का प्रावधान (समय मूल्य)	(676)	150
संविदात्मक दायित्व	(137)	(50)
जेवी में निवेश की हानि	0	4
संपूर्ण	255	1837

कंपनी की लेखांकन दिशा निर्देशों और नीतियों के अनुरूप प्रावधान किए गए हैं। वर्ष के दौरान प्रावधान में गिरावट निम्न कारणों से थी। कुछ परियोजनाओं में संविदा के निपटान के फलस्वरूप कुछ प्रावधानों को छोड़ दिया जाना ख) वर्ष के दौरान बेहतर संग्रह के परिणाम स्वरूप प्रत्याशित क्रेडिट नुकसान (ईसीएल) में सुधार के कारण बहुत से प्रावधानों को हटा दिया तथा कम वृद्धिशील उधार।

4. वित्त लागत

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
उधार लागत	196	191
ब्याज व्यय	105	87
वाणिज्यिक पत्रों पर छूट	206	9
योग	507	287

उधार लेने की लागत लंबी अवधि के प्रावधाना पर ब्याज प्रभाव की अनिच्छा का प्रतिनिधित्व करती है। वित्त वर्ष 2019–20 में अल्पकालिक परिचालन नकदी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए किए गए उच्च अल्पकालिक उधारों के कारण मुख्य रूप से वित्तीय लागत में वृद्धि हुई है। कंपनी ने अपने खजाने के संचालन को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया है, ब्याज के बहिर्गमन को कम से कम किया है, और आंतरायिक नकदी अधिशेषों पर उच्च रिटर्न अर्जित किया है। पीसीएफसी ऋण ने कंपनी को प्राकृतिक प्रतिरक्षा लाभ भी प्रदान किया है।

5. मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
मूल्यह्रास और परिशोधन व्यय	503	475

6. कर व्यय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
चालू कर – वर्तमान वर्ष	64	719
–पूर्ववर्षों में	(62)	16
आस्थगित कर–वर्तमान वर्ष	(162)	3
–पूर्ववर्षों में	971	101
योग	811	839

वर्तमान वर्ष में, कंपनी ने आयकर अधिनियम 1961 के नए खंड 115 BAA को चुना है। तदनुसार, (क) वर्तमान और स्थगित कर के लिए प्रावधान 25.168 प्रतिशत की दर से निर्धारित किया गया है; और (ख) के रूप में 1 अप्रैल 2019 को आस्थगित कर संपत्ति, 25.168 प्रतिशत की दर से आंकी गयी है जिसके परिणामस्वरूप आस्थगित कर संपत्ति का रु. 974 करोड़ का प्रत्यावर्तन हुआ है।

7. लाभप्रदता

वित्तीय वर्ष 2018–19 में रु. 2048 करोड़ लाभ के मुकाबले वित्तीय वर्ष 2019–20 रु. 662 करोड़ की हानि हुई है जिसका मुख्य कारण उच्च सामग्री लागत और निम्न राजस्व है। हालांकि, कठोर बजटीय नियंत्रण उपायों और विवेकपूर्ण प्रावधान करने के लिए नुकसान को रु. 662 करोड़ तक सीमित करने में सहायता मिली है।

वित्तीय वर्ष 2019–20 में कर पश्चात हानि रु. 1473 करोड़ है जबकि वित्तीय वर्ष 2018–19 में रु. 1209 करोड़ का लाभ हुआ । वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए कर पश्चात हानि आस्थगित कर संपत्ति के पुनः निर्धारण की वजह से हुई है। आस्थगित कर परिसंपत्ति 34.944 प्रतिशत की तुलना में 25.168 प्रतिशत होने के कारण रु. 957 करोड़ का प्रभाव पड़ा है ।

8. अन्य व्यापक आय

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
परिभाषित कर्मचारी हित (लाभ)/हानि का पुनर्मापन	342	183
उपरोक्त मद से संबंधित आयकर	(68)	(64)
कुल	274	119

अन्य व्यापक आय पुनर्मापन लाभ/हानि परिभाषित लाभों जैसे ग्रेच्युटी, पीएफ, सेवानिवृत्ति के बाद चिकित्सा लाभ (पीआरएमबी) आदि पर व्यापक आय को दर्शाता है ।

निधि वस्तु स्थिति

9. निधि प्रवाह की स्थिति और तरलता

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20	2018–19
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पहले परिचालन से उत्पन्न नकदी	51	4154
कार्यशील पूंजी परिवर्तन के बाद परिचालन गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	(2891)	(3856)
निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	1837	1915
वित्तपोषण गतिविधियों से शुद्ध नकदी प्रवाह / (बहिर्वाह)	1661	(32)
वर्ष के लिए कुल शुद्ध नकदी प्रवाह (बहिर्वाह)	607	(1973)

परिचालनात्मक गतिविधियों से निवल नकदी को बहिर्वाह रु. 2891 करोड़ तक रोका जा सका जबकि वर्ष 2018–19 में नकदी बहिर्वाह पर विभिन्न उपायों के कारण नकदी बहिर्वाह रु. 3856 करोड़ रहा ।

वित्तीय स्थिति

10. संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (पीपीई), अमूर्त संपत्ति और पूंजी डब्ल्यूआईपी (प्रगतिशील कार्य)

(रु. करोड़ में)

विवरण	पर जैसा					
	मार्च 31, 2020			31, 2019 मार्च		
	पीपीई	अमूर्त	संपूर्ण	पीपीई	अमूर्त	संपूर्ण
सकल धारित मूल्य	6051	280	6331	5746	250	5996
घटावः संग्रहीत मूल्यह्रास एवं ऋण मुक्ति	3315	202	3517	2862	167	3029
शुद्ध वहन मूल्य (शुद्ध ब्लॉक)	2736	78	2814	2884	83	2967
विकास के अंतर्गत सीडब्ल्यूआईपी एवं अमूर्त परिसंपत्तियां	307	7	314	223	12	235
संपूर्ण			3128			3202

पीपीई और अमूर्त संपत्ति का शुद्ध वहन मूल्य वर्ष के दौरान मूल्यह्रास/परिशोधन और पूंजीकरण के समायोजन के बाद है। पूंजी निवेश पर संक्षिप्त विवरण" पूंजी निवेश" पर अलग से दिया गया है।

कंपनी ने इंडएएस 101 के अंतर्गत छूट का चयन किया हुआ है और तदनुसार 31 मार्च 2015 तक धारित मूल्य को इंड एएस परिवर्तन पर विचारणीय लागत माना गया था।

11. इक्विटी निवेश

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	निवेश	हानि	जाल	निवेश	हानि	जाल
संयुक्त उद्यमों में निवेश	723	57	666	723	57	666
सहायक कंपनी में निवेश	5	5	.	5	5	.
अन्य इक्विटी प्रपत्रों में निवेश	6	3	3	6	3	3
योग	734	65	669	734	65	669

संयुक्त उद्यम (जेवी) और सहायक कंपनी में निवेश को क्षति के नुकसान पर विचार करने के बाद लागत पर ध्यान दिया गया था, यदि कोई हो, इंड एएस के अनुसार। अन्य इक्विटी साधनों में निवेश का लाभ और हानि के माध्यम से उचित मूल्य पर होता है और रिपोर्टिंग तिथि पर उचित मूल्य के आधार पर ले जाने के मूल्य में परिवर्तन किए गए हैं। अन्य इक्विटी साधनों में निवेश में नीलाचंल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) में निवेश शामिल है। निदेशक मंडल ने उसी के रणनीतिक विनिवेश के लिए अपनी मंजूरी दे दी है।

12. व्यापार प्राप्य (निवल)

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	गैर वर्तमान	वर्तमान	योग	गैर वर्तमान	वर्तमान	योग
व्यापार प्राप्य	5270	7108	12378	3935	11861	15796

इंड एएस 115 की आवश्यकता के अनुसार, ग्राहकों को भुगतान की गई राशि और अनुबंध के कारण भुगतान को ट्रेड प्राप्य के रूप में बुक किया गया है। ये आंकड़े कंपनी की नीति/दिशा निर्देशों के अनुसार बनाए गए प्रावधानों के निवल हैं। वर्तमान व्यापार प्राप्तियों में कमी है क्योंकि ग्राहक के संग्रह के रूप में वर्ष के दौरान नैट बिलिंग का प्रतिशत 114 प्रतिशत था, जबकि पिछले वर्ष में 97 प्रतिशत था। गैर वर्तमान व्यापार प्राप्तियों संग्रहणीय ऋण जहां ऋण वसूली योग्य हैं का गठन, लेकिन प्राप्ति (समय विस्तार के निपटान, आदि जैसे संविदात्मक मुद्दों की वजह से लंबे समय तक समय लग सकता है। या जहां कानूनी कार्रवाई ऋण की वसूली क लिए शुरु कर दिया गया)। बकाया राशि की प्राप्ति क पिछले अनुभव और विभिन्न ग्राहकों की भुगतान क्षमता पर कोविड 19 के प्रभाव पर विचार करने के आधार पर, व्यापार प्राप्तियों का अधिक से अधिक अनुपात 12–महीने से अधिक होने की संभावना है और इसलिए गैर–वर्तमान व्यापार में वृद्धि संभव है। हालांकि कुल व्यापार प्राप्यों द्वारा कम खुले हिस्से पर 3418 करोड़, लेकिन आरएफओ के दिनों की संख्या के मामले में, वहाँ (वित्तीय वर्ष 2018–19 में 165 के मुकाबले 186 दिन) 21 दिन की वृद्धि परिचालनों की मात्रा में कमी के कारण है।

13. नकद और नकद समतुल्य और बैंक शेष

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020	यथा 31 मार्च, 2019
नकद और नकद समतुल्य	1403	796
3 महीनों से अधिक किंति 12 महीनों से अधिक नहीं जमाओं की परिपक्वता राशि जमा करना	5000	6700
मार्जिन मनी पर बैंक–शेष राशि और एफडी	16	7
योग	6419	7503

नकद और बैंक शेष (अल्पकालिक उधारी की शुद्ध वर्ष2018–19 में रु. 5072 करोड़ की तुलना में रु. 1485 करोड़ है । यह मुख्य रूप से विक्रेताओं / उप–ठेकेदारों (जिनमें से कई एमएसएमई हैं)को भुगतान पर नकद बहिर्वाह की अधिक आवश्यकता के कारण है। इन फ्लो पक्ष में, ग्राहकों के साथ कड़े भुगतान की शर्तों से चुनौतियां पैदा हो रही हैं, राज्य उपयोगिताओं पर बिल प्रसंस्करण के लंबे समय तक चक्र, स्थगित ऋण से धीमी प्राप्ति/प्रमुख भुगतान परियोजना स्थलों पर कमीशन के अग्रिम चरण में निर्धारित लक्ष्य के पूरा होने से जुड़ेहैं।

चल रहे घाटे के महत्वपूर्ण स्तर को पूरा करने के लिए, कंपनी को उधार का सहारा लेना पड़ता है, जो मुख्य रूप से वाणिज्यिक पत्रों, पीसीएफसी, खरीदारों क्रेडिट आदि के रूप में सबसे अधिक लागत प्रभावी तरीके से बनाया जा रहा है।

14. आस्थगित कर परिसंपत्तियां (शुद्ध)

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020	यथा 31 मार्च, 2019
आस्थगित कर परिसंपत्तियां (शुद्ध)	2756	3497

आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध) भविष्य की अवधि के कर योग्य लाभ के विरूद्ध समायोजित करने के लिए, अस्थायी अंतर की प्रकृति में होने वाले व्ययों पर कर प्रभाव का प्रतिनिधित्व करती है। आस्थगित कर परिसंपत्ति की दर 1 अप्रैल, 2019 को 25.168 प्रतिशत दर है जिसके द्वारा आस्थगित कर परिसंपत्ति का प्रत्यावर्तन रु. 974.41 करोड़ किया गया है ।

15. अन्य परिसंपत्तियां

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण
अनुलग्नक–परिसंपत्ति	16422	7670	24092	14392	8427	22819
इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्य	.	927	927	.	1188	1188
वसूली योग्य दावा	.	688	688	.	710	710
कर प्राधिकारियोंऔर अन्य के पास जमा	135	460	595	160	496	656
अग्रिम और अन्य	170	232	402	171	258	429
घटा : प्रावधान	67	193	260	51	188	239
योग	16660	9784	26444	14672	10891	25563

अनुलग्नक परिसंपत्तियां (आस्थगित देनदार और बिल रहित राजस्व) उस राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो अनुलग्नक की शर्तों/ग्राहकों के साथ सहमत निर्धारित समयावधि के अनुसार भुगतान के लिए अभी देय नहीं है/संबंधित गतिविधियों/लक्ष्यों के पूरा होने पर इस राशि का भुगतान किया जाएगा।

16. वस्तुसूची (इन्वेंट्री)

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020	यथा 31 मार्च, 2019
कच्चा माल और उपकरण	3967	3931
डब्ल्यूआईपी	4120	3220
एफ जी	892	776
स्टोर और स्पेयर पार्ट्स	254	238
अन्य सूची	215	188
उप कुल	9448	8353
घटा : चालन रहित इन्वेंट्री के लिए प्रावधान	542	555
इन्वेंट्री	8906	7798

वित्त वर्ष 2019–20 में कारोबार के दिनों में वस्तुसूची 159 दिनों की थी, जबकि वित्त वर्ष 2018–19 में यह 97 दिनों की अवधि थी। इन्वेंट्री स्तर में वृद्धि (मुख्य रूप से डब्ल्यूआईपी) कंपनी के परिचालनों पर कोविड के प्रभाव के कारण हुई है, जिसके परिणामस्वरूप इन–प्रोसेस सामग्री को अंतिम उत्पादों में परिवर्तित नहीं किया जा सका/वेंडरों से सामग्री न मिलने, ग्राहकों द्वारा निरीक्षण न हो पाने और इसके फलस्वरूप विनिर्माण गतिविधियों में बाद में व्यवधान देशव्यापी लॉक डाउन के कारण हुआ है।

17. चालू कर परिसंपत्तियाँ/देनदारियाँ (शुद्ध)

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020	यथा 31 मार्च, 2019
चालू कर परिसंपत्तियां/देयताएँ (प्रावधानों का शुद्ध)	229	(91)

यह कर प्रावधानों के लिए स्रोत पर कर कटौती और शुद्ध अग्रिम कर प्रस्तुत करता है।

18. शेयर पूंजी

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020	यथा 31 मार्च, 2019
प्राधिकृत शेयर पूंजी	2000	2000
जारी , अभिदत्त एवं शेयर पूंजी भुगतान	696	696

19. अन्य इक्विटी

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च	
	2020	2019
प्रारंभिक शेष	30735	31906
वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	;1747द्ध	1089
जमा : आईएनडी एएस 115 – परिवर्तन समायोजन	.	126
घटा : शेयरों की वापस खरीद (बॉयबैक)	.	1599
घटा : वर्ष के दौरान किए गए लाभांश (अंतरिम लाभांश सहित) का भुगतान	418	653
घटा : कॉर्पोरेट लाभांश कर	86	134
अंतिम शेष	28484	30735

20. उधार

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण
उधार	.	4933	4933	.	2432	2432
वित्त पट्टा बाध्यता की परिपक्वता	75	54	129	95	58	153
योग	75	4987	5062	95	2490	2585

पीसीएफसी ऋण के रूप में अल्पावधि उधार, नकदी अंतर्वाह और बहिर्प्रवाह में भिन्नता होने के कारण क्रेता ऋण और वाणिज्यिक पत्र के रूप में न्यूनतम संभव ब्याज दर पर कार्यशील पूंजी का अल्पावधि संचालन आवश्यकताओं को पूरा करने के लाभ लिया गया । उधारों के पुनर्भुगतान की अनुसूची के लिए, से वित्तीय विवरणों के नोट 24 का संदर्भ लिया जाए।

21. वित्तीय देयताए

(रु. करोड़ में)

	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण
व्यापार देयताएं	1008	8892	9900	703	11375	12078
अन्य वित्तीय देयताएं	159	1429	1588	92	2010	2102
योग	1167	10321	11488	795	13385	14180

व्यापार देयताओं में कमी मुख्य रूप से विक्रेताओं/उप ठेकेदारों (इनमें से अधिकांश एमएसएमई हैं) को समय पर भुगतान के कारण होती है। अन्य वित्तीय देयताओं में कर्मचारी के बकाया, अन्य बकाया राशि, ठेकेदारों तथा अन्यों से प्राप्त जमा के प्रति देयता शामिल है।

22. प्रावधान

(रु. करोड़ में)

विवरण	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण
संविदात्मक दायित्वों के लिए प्रावधान	3791	1564	5355	3852	1443	5295
कर्मचारी लाभार्थ प्रावधान	1170	1121	2291	1303	781	2084
अन्य प्रावधान	278	390	668	306	242	548
सीएसआर के लिए प्रावधान	9	7	16	2	19	21
योग	5248	3082	8330	5463	2485	7948

23. अन्य देयताएं

(रु. करोड़ में)

	यथा 31 मार्च, 2020			यथा 31 मार्च, 2019		
	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण	गैर वर्तमान	वर्तमान	संपूर्ण
ग्राहकों से अग्रिम (मूल्य निध्ारण समायोजन सहित)	2921	3797	6718	3578	3261	6839
वैधानिक देय	.	454	454	.	1311	1311
सरकारी अनुदान	32	6	38	38	6	44
योग	2953	4257	7210	3616	4578	8194

परियोजना के निष्पादन के दौरान ग्राहकों से अग्रिमों को प्रगामी रूप से समायोजित किया जाता है। वैधानिक देयताओं में मुख्य रूप से जीएसटी देयताएं शामिल हैं जिनका नियत तिथियों पर भुगतान किया जाना है। उपलब्ध इनपुट क्रेडिट को भी उपरोक्त मद क्रमांक 15 के अंतर्गत अन्य परिसंपत्तियों के अंतर्गत दिखाया गया है।

24. खंड निष्पादन

कंपनी के दो परिचालन खंड हैं, पावर और उद्योग खंडों का निष्पादन निम्नवत है:

(रु. करोड़ में)

विवरण	2019–20		2018–19	
	शक्ति	उद्योग	शक्ति	उद्योग
खंड राजस्व	14960	5530	23474	5949
खंड रिणाम	804	;206द्ध	2802	437
खंड पूंजी नियोजन	20279	4681	20409	4122
खंड खंडपरिणाम : खंड राजस्व के रूप में	5 प्रतिशत	4 प्रतिशत	12 प्रतिशत	7 प्रतिशत

उच्च सामग्री लागत के साथ परिचालनों में कमी के परिणामस्वरूप खंड राजस्व : में कमी आई है।

1.5.2 सहायक कंपनियों की वित्तीय समीक्षा

बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स मशीन लिमिटेड

दिनांक 19 जनवरी, 2011 को बीएचईएल की सहायक कंपनी "बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड" की स्थापना हुई थी। बीएचईएल की इसमें 5.36 करोड़ रुपए के पूंजी निवेश के रूप में 51 प्रतिशत का स्वामित्व है। शेष 49 प्रतिशत का स्वामित्व केरल सरकार के पास है ।

निदेशक मंडल ने 29 मई, 2018 को बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के 51 प्रतिशत स्वामित्व को केरल सरकार को स्थानांतरण करने हेतु अनुमोदित किया है जो कि भारी उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अनुमोदनाधीन है। बीएचईएल द्वारा केरल सरकार से विधिवत स्वीकृत करार, अनुमोदन हेतु भारी उद्योग विभाग, भारत सरकार को प्रस्तुत किया गया है।

बीएचईएल–ईएमएल का संक्षिप्त वित्तीय विवरण नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2019–20*	2018–19
बीएचईएल की हिस्सेदारी (प्रतिशत)	**51**	51
बीएचईएल का इक्विटी में निवेश	**5.36**	5.36
परिचालन से राजस्व	**3.95**	18.65
वर्ष के दौरान हानि	**4.79**	5.46

* लेखा परीक्षा से पूर्व अनंतिम आँकड़ोंपर आधारित

1.5.3 संयुक्त उद्यम कंपनियों की वित्तीय समीक्षा

क. बीएचईएल जीई गैस टरबाइन प्राइवेट लिमिटेड (BGGTS):

बीएचईएल–जीई गैस टरबाइन प्राइवेट लिमिटेड (BGGTS) बीएचईएल और अमेरिका की जीई कंपनी का एक संयुक्त उद्यम है । इसे जीई द्वारा डिजाइन किए गए गैस टरबाइन केरिपेयर और सर्विसिंग के लिए स्थापित किया गया था । संक्षिप्त वित्तीय विवरण नीचे सारणीबद्ध किया गया है।

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2019–20	2018–19
बीएचईएल की हिस्सेदारी (प्रतिशत)	**50 से एक शेयर कम**	50 से एक शेयर कम
बीएचईएल का पूंजी निवेश	**2.38**	2.38
परिचालन से आय	**685.84**	675.07
कर के पश्चात लाभ	**58.14**	60.73
कुल मूल्य	**317.40**	298.83

वित्तीय वर्ष 2019–20 के लिए BGGTS ने 490 प्रतिशत के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया है तथा अंतिम लाभांश के रूप में 200 प्रतिशत के रूप में कुल 4.76 करोड़ रुपए की शेयर पूँजी प्रस्तावित है।

ख. एनटीपीसी बीएचईएल पॉवर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (NBPPL):

एनटीपीसी बीएचईएल पॉवर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (NBPPL) बीएचईल और एनटीपीसी लिमिटेड का एक संयुक्त उद्यम है, जिसका उद्देश्य पॉवर संयंत्रों के ईपीसी संविदाओं का निष्पादन करना तथा पॉवर सयंत्र उपकरणों का विनिर्माण को प्रोत्साहन देना है। संयुक्त उद्यम की आंध्र प्रदेश के मन्नावरम में बेलेंस ऑफ प्लांट उपकरणों की विनिर्माण इकाई है। संक्षिप्त वित्तीय विवरण नीचे सारणीबद्ध किया गया है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2019–20*	2018–19
बीएचईएल की हिस्सेदारी (प्रतिशत)	**50**	50
बीएचईएल का पूँजी निवेश	**50.00**	50.00
परिचालन से राजस्व	**60.90**	75.33
वर्ष के दौरान हानि	**26.15**	114.33

*लेखा परीक्षा से पूर्व अनंतिम आँकड़ों पर आधारित

एनटीपीसी–बीएचईएल पॉवर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड में निवेश के मूल्य में कमी का प्रावधान पूरी तरह से शुद्ध वित्तीय स्थिति के आधार पर किया गया है। निदेशक मंडल द्वारा 8 फरवरी, 2018 को आयोजित बैठक में एनबीपीपीएल को बंद करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी दे दी गई है। ऊर्जा मंत्रालय ने एनटीपीसी को बीएचईएल की हिस्सेदारी खरीदने पर विचार करने की सलाह दी है और उसके बाद या तो इसे एक ई–हाउस ईपीसी शाखा के रूप में जारी रखने या वर्तमान काम पूरा होने के बाद इसे बंद करने का फैसला किया है।

ग. रायचूर पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (RPCL):

रायचूर पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (RPCL) बीएचईएल, कर्नाटक पॉवर कॉरपोरेशन लिमिटेड (KPCL) और आइएफसीआई लिमिटेड की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है, जिसका उद्देश्य कर्नाटक के येरामरस, रायचूर में 2X800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर सयंत्र एवं एडलापुर, रायचूर में 1X800 मेगावाटसुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर सयंत्र के निर्माण, स्वामित्व एवं परिचालन के आधार पर स्थापित की गई है । 31 मार्च, 2020 तक प्रदत्त इक्विटी पूंजी रु. 2373.76 करोड़ थी, जिसमें केपीसीएल का 1709.72 करोड़ रुपए और बीएचईएल का 664.04 करोड़ रुपए का योगदान था। कंपनी का वित्तीय विवरण नीचे दिया गया है:

(करोड़ रुपए में)

विवरण	2019–20*	2018–19
बीएचईएल की हिस्सेदारी (प्रतिशत)	**27.97**	27.97
बीएचईएल का पूंजी निवेश	**664.04**	664.04
परिचालन से राजस्व	**247.87**	1047.53
वर्ष के दौरान हानि	**2205.73**	1251.30

* लेखा परीक्षा से पूर्व अनंतिम आँकड़ों पर आधारित

घ. दादा धूनीवाले खंडवा पॉवर लिमिटेड (DDKPL)

दादा धूनीवालेखंडवा पॉवर लिमिटेड (DDKPL) बीएचईएल और मध्य प्रदेश पॉवर जेनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (MPPGCL) का एक संयुक्त उद्यम है । इसका उद्देश्य खंडवा, मध्य प्रदेश में निर्माण, स्वामित्व एवं परिचालन केआधार पर 2X800 मेगावाट सुपर क्रिटिकल थर्मल पॉवर संयत्र स्थापित करना है ।

कोयले की अनुपलब्धता एवं भूमि अधिग्रहण में समस्याओं के चलते दोनों सहयोगियों ने स्वैच्छिक आधार पर संयुक्त उद्यम कंपनी को बंद करने का निर्णय लिया है । वित्तीय वर्ष 2018–19 में संयुक्त उद्यम में 22.50 करोड़ रूपये निवेश करने पर कुल 17.30 करोड़ रूपये की राशि प्राप्त हुई है। सकल वित्तीय स्थिति के आधार पर निवेश पर हानि का मूल्य 5.20 करोड रूपये का प्रावधान (पिछले वर्ष 5.50 करोड़ रूपये) किया गया है। संयुक्त उद्यम कंपनी परिसमापन पर है ।

ड. पॉवर प्लांट परफोरमेंस इप्रूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड (PPIL)

पुराने जीवश्म ईंधन पॉवर संयत्रों के निष्पादन में सुधार को प्रोत्साहन हेतु पॉवर प्लांट परफॉरमेंस इंप्रूवमेट प्राइवेट लिमिटेड (PPIL), बीएचईएल और सीमेन्स, एजी, जर्मनी की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है ।

कंपनी को उचित कारोबार नहीं प्राप्त होने से सहयोगी पार्टनर कम्पनी को बंद करने पर सहमत हो गए हैं। सभी लंबित अनुबंधों को समाप्त कर दिया गया है और 2018–19 के दौरान कंपनी को बंद करने की शुरुआत की गई थी। संयुक्त उद्यम कंपनी अब परिसमापन पर है ।

1.5.4 समेकित वित्तीय विवरण (CFS)

समेकित वित्तीय विवरण, आइएनडी AS–110 ''समेकित वित्तीय विवरण'' एवं आइएनडी AS 28 ''सहयोगी और संयुक्त उद्यमों में निवेश '' के अनुसार तैयार किया गया है ।

सहायक कंपनियों के वित्तीय विवरण को संयुक्त रूप से पंक्ति दर पंक्ति द्वारा अंतर्समूह शेष व अंतर्समूह लेनदेन को पूर्ण रूप से खत्म करते हुए तैयार किया गया है तथा संयुक्त उद्यमों के लिए आइएनडी A के अनुसार इक्विटी विधि अपनाई गई है । मैसर्स डीडीकेपीएल और मैसर्स पीपीपीआइएल को समेकित वित्तीय विवरण के लिए विचार नहीं किया गया है क्योंकि ये कंपनियॉं बंद होने की प्रक्रिया में हैं ।

वित्तीय निष्पादन के परिणाम का संक्षिप्त विवरण पूर्व लिखित भारतीय लेखा मानक के अनुसार निम्नलिखित है :–

वित्तीय निष्पादन

(करोड़ रुपए में)

विवरण	वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर	
	31 मार्च, 2020	31 मार्च, 2019
परिचालन से राजस्व	21490	30441
कर पूर्व लाभ	(659)	1840
कर पश्चात लाभ	(1468)	1002
अन्य व्यापक आय/ व्यय	(274)	(119)
कुल व्यापक आय	(1742)	883

संयुक्त उद्यम के रूप में वित्तीय वर्ष 2018–19 में 185.60 करोड़ रुपए की हानि के सापेक्ष वित्तीय वर्ष 2019–20 में लाभ में हिस्सेदारी 25.72 करोड़ रुपए थी।

संयुक्त उद्यम कंपनियों (NBPPL और RPCL) को वित्तीय वर्ष 2018–19 के दौरान हानि हुई है। समूह ने अपने समेकित वित्तीय विवरण 2018–19 में निवेश लागत के बराबर संचित हानि पहले ही दर्शायी है।

वित्तीय स्थिति

(करोड़ रुपए में)

विवरण	वर्ष के लिए	
	31 मार्च, 2019	31 मार्च, 2020
परिसंपत्तियॉं		
संपत्ति, संयत्र एवं उपस्कर, अमूर्त परिसंपतियॉं एवं सीडब्ल्यूआइपी (कुल मूल्य)	3131	3206
इक्विटी विधि से गणना किया गया निवेश	159	149
गैर–वर्तमान वित्तीय परिसंपतियॉं	5357	4021
विलंबित कर परिलब्धियॉं (कुल)	2766	3505
गैर–वर्तमान अन्य परिलब्धियॉं	16660	14672
वर्तमान परिसंपतियॉं	32711	38381
कुल	60784	63934
इक्विटी एवं देनदारी		
इक्विटी शेयर पूँजी	696	696
अन्य इक्विटी	27964	30208
गैर– नियंत्रित ब्याज	(9)	(7)
गैर–वर्तमान देनदारी	9456	9982
वर्तमान देनदारी	22677	23055
कुल	60784	63934

1.6 पूँजी निवेश

वित्तीय वर्ष 2019–20 के दौरान बीएचईएल ने कंपनी की परिसंपत्तियों के आधुनिकीकरण, उत्पादन प्रक्रिया में आने वाले वाले गतिरोधों को दूर करने, गुणवत्ता में सुधार एवं परियोजनाओं के निष्पादन के लिए बुनियादी ढांचे को सक्षम बनाने के लिए लगभग 336 करोड़ रुपए का निवेश किया है ।

बीएचईएल, ईपीडी बेंगलुरु में थर्मल सेक्टर में उत्सर्जन नियंत्रण के लिए सेलेक्टिव कैटेलिटिक रिडक्शन (SCR) तकनीक के साथ फ्लू गैसों में NOx कमी के लिए उत्प्रेरक के निर्माण के लिए सुविधाएं स्थापित कर रहा है। इसके अतिरिक्त, कंपनी के ऊर्जा–मिश्रण में हरित ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए, कंपनी द्वारा घरेलू रूप से विकसित किए गए अनेक रूफटॉप सोलर पीवी प्लांट लगाए गए ।

1.7 गुणता निष्पादन

बीएचईएल की गुणता नीति के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए एक सुव्यवस्थित गुणता प्रबंधन प्रणाली है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के अनुमोदन के बाद दि. 1 नवंबर, 2019 को बीएचईएल की गुणता नीति को 'गुणता सर्वप्रथम' की कंपनी व्यापी संस्कृति के निर्माण के उद्देश्य से संशोधित कर जारी किया गया है।

कंपनी को भविष्य के लिए तैयार वैश्विक इंजीनियरिंग संगठन में बदलने के अपने प्रयासों के अंतर्गत, बीएचईएल ने कंपनी के उत्पादों और सेवाओं की एक पहचान बनाने के उद्देश्य से अत्याधुनिक प्रक्रियाओं को लागू करने के लिए एक कंपनी व्यापी 'गुणता सर्वप्रथम' पहल शुरू की है।

मिशन 'गुणता सर्वप्रथम' चार उद्देश्यों पर केंद्रित है– सशक्त करना, शिक्षित करना, वचनबद्ध होना और कर्मचारियों को प्रोत्साहित करना तथा कंपनी के अंदर गुणता की आदत को और मजबूत करने के लिए नवीनतम गुणवत्ता प्रक्रियाओं और प्रणालियों को लागू करना ।

प्रक्रिया और उत्पाद की गुणवत्ता में निरंतर सुधार और गुणता प्रबंधन प्रणाली प्रभावशीलता में वृद्धि के लिए विभिन्न पहल की गई है । विनिर्माण इकाइयों, इंजीनियरिंग केंद्रों और पॉवर सेक्टर परियोजना स्थलों में आवधिक गुणता लेखापरीक्षा, गुणवत्ता प्रबंधन प्रभावशीलता की

समीक्षा (गुणता 360 मॉडल के अनुसार) CQ & BE द्वारा CII के मार्गदर्शन में मौजूदा गुणता प्रणाली को मजबूत करने के लिए, यूरोपीय फाउंडेशन ऑफ़ क्वालिटी मैनेजमेंट (EFQM) के अनुसार संपूर्ण गुणता प्रबंधन (TQM) मूल्यांकन व्यापारिक उत्कृष्टता मॉडल तैयार किया जा रहा है

वर्ष 2019–20 के दौरान बीएचईएल के 23 प्रभागों में EFQM 2013 के अनुसार गुणता 360 समीक्षा एवं संपूर्ण गुणता प्रबंधन मूल्यांकन किया गया ।

उत्पाद एवं सेवा की गुणता में वृद्धि के उद्देश्य से 15 विनिर्माण इकाइयों में लगभग 50 तथा परियोजना साइट पर 30 उत्पाद / प्रक्रियाओं का गुणता लेखा परीक्षा किया गया।

गुणता के संबंध में 23 प्रभागों के गुणता स्वास्थ्य के मूल्यांकन हेतु एकीकृत गुणता स्वास्थ्य सूचकांक (QHI) का प्रतिपादन किया गया है जिनमें शामिल हैं:

क. गुणता निष्पादन सूचकों में सुधार

ख. गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली की परिपक्वता और समग्र व्यापार उत्कृष्टता में सुधार

ग. गुणता छवि

गुणता क्षेत्र में कर्मचारियों की क्षमता निर्माण के लिए इकाइयों के मानव संसाधन विकास (HRD)केंद्रों के अलावा बीएचईएल के विभिन्न केंद्रों में गुणता प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। 2019–20 के दौरान कॉर्पोरेट गुणता और व्यावसायिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा आयोजित गुणवत्ता प्रबंधन विषयों में 550 से अधिक कार्यपालकों को कुल 1650 श्रम दिवसों के प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

डिजिटलीकरण संबंधी पहल

वैल्डिंग निष्पादन निगरानी प्रणाली (WPMS)

गुणता सुधार हेतु वैल्डरों के निष्पादन का मूल्यांकन, वैल्डिंग प्रक्रियाओं एवं वेल्ड ज्वाइंट के ऑकड़ों का विश्लेषण आदि के लिए 6 पॉवर सेक्टर प्रोजेक्ट साइटों के लिए ऑनलाइन वैल्डिंग निष्पादन निगरानी प्रणाली को आंतरिक रूप से विकसित एवं कार्यान्वित किया गया है । इसके अतिरिक्त, स्वचालित निर्माण वेल्डिंग शेड्यूल (ईडब्ल्यूएस) सीधे वैल्डिंग निष्पादन निगरानी प्रणाली में पॉप्युलेट किया जाता है, जो साइट पर वैल्ड ज्वाइंट की योजना समय चक्र को कम करने में सहायता प्रदान करता है।

त्वरित प्रतिक्रिया सूचना प्रणाली (QRN)

साइटों एवं विनिर्माण इकाइयों में उत्पाद खराबी की घटना घटित होने के 24 घंटों के अंदर रिपोर्टिंग के उद्देश्य के लिए मोबाइल एप्लिकेशन के साथ केंद्रीय ऑनलाइन प्रणाली विकसित की गई है ।

यह प्रणाली प्रमुख गुणता के मुद्दों/ उपकरणों/ उत्पाद की विनिर्माण, परीक्षण के साथ–साथ स्थापना, कमिशनिंग तथा कमिशनिंग के बाद आने वाले खराबी के बारे उच्च प्रबंधन को त्वरित रिपोर्टिंग को सक्षम बनाती है ।

गुणता चक्र

बीएचईएल में कामगारों एवं पर्यवेक्षकों द्वारा गुणता चक्र अभियान चलाया जाता है देश में एक प्रेरणा का स्त्रोत है । हर वर्ष बीएचईएल में वार्षिक गुणता चक्र सम्मेलन आयोजित किया जाता है जिसमें गुणता चक्र अपनी केस स्टडी प्रस्तुत करते हैं । 29 वाँ BAQCS (बीएचईएल वार्षिक गुणता चक्र सम्मेलन:2018–19) दिनांक 26 अप्रैल, 2019 को हीप हरिद्वार में आयोजित किया गया। 15 इकाइयों के 48 गुणता चक्रों ने सम्मेलन में प्रतिभागिता की । HPBP तिरुच्चि के गुणता चक्र सं. 582 को ''ज्यादा मोटाई वाले हाइड्रो एंड कवर प्लेट वेल्डिंग का स्वचालन'' केस स्टडी के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणता चक्र एस आर उडपा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया ।

आरसीए

विनिर्माण इकाइयों एवं प्रोजेक्ट साइटों में गुणता संबंधी समस्याओं के लिए मूल कारण विश्लेषण (RCA) पर बल दिया जाता है । आंतरिक इकाई स्थायी आरसीए समिति और अंतर इकाई विशेष आरसीए समिति, गुणता संबंधी समस्याओं का विश्लेषण करती है और उनके लिए सुधारात्मक कार्रवाई की संस्तुत करती है । आरसीए के निष्कर्ष, ग्राहकों से एवं प्रबंधन समिति बैठकों (MCM) में साझा किए जाते हैं। संस्थान में आरसीए पहल को सुसंस्थापित किया गया है ।

अन्य पहलें

बीएचईएल में मई, 2019 को केंद्रीय लोक उद्यमों में गुणता प्रबंधन एवं व्यापारिक उत्कृष्टता पर एक दिवसीय परस्पर ज्ञान आदान–प्रदान (नॉलिज शेयरिंग) कार्यक्रम आयोजित किया गया । इसमें सेल, एनटीपीसी, बीईएल, आईओसीएल, बीपीसीएल, टीएचडीसी, आईजीएल, ओएनजीसी, गेल, पॉवर ग्रिडऔर एनएचपीसी के प्रतिनिधियों ने प्रतिभागिता की और अपनी सर्वोत्तम परंपराएं साझा की ।

मानकीकरण पहल के रूप में एनटीपीसी दादरी साइट में इरेक्शन जाँच एवं कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन (FGD) के लिए फील्ड गुणता योजना (FQPs) तैयार की गई । पॉवर सेक्टर के लिए हीट ट्रीटमेंट एवं एनडीई नियमावली की समीक्षा की गई एवंसंशोधन के बाद जारी की गई।

विनिर्माण इकाइयों से निर्यात की जाने वाली आपूर्तियों की साज सज्जा (पेंटिंग एवं पेकेजिंग) पर ध्यान केंद्रित किया गया । कॉर्पोरेट क्वालिटी एवं व्यापारिक उत्कृष्टता विभाग द्वारा विनिर्माण इकाइयों में प्रेषण से पूर्व निरीक्षण किया गया ।

गुणता प्रमाणन एवं व्यापारिक उत्कृष्टता पुरस्कार

क्वालिटी सर्कल फोरम ऑफ इंडिया (QCFI), हैदराबाद चेप्टर द्वारा आयोजित 33वें चेप्टर कन्वेंशन ऑन क्वालिटी कंसेप्ट (CCQC–2019) में एचईपीपी हैदराबाद इकाई को ''भारत में गुणता चक्र अभियान की प्रगति और इसके विकास में योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ संगठन'' के रूप में सम्मानित किया गया ।

निदेशक ई आर एंड डी अन्य प्रबंधन समिति सदस्यों के साथ वार्षिक गुणवत्ता चक्र शिखर सम्मेलन 2019 में एचईईपी में तकनीकी विकास फोटो को साझा करते हुए।

बीएचईएल भोपाल में स्थितअल्ट्रा हाई वोल्टेज लाइव

वाह्य एजेंसियों द्वारा प्रमाणन एवं मान्यता

- बीएचईएल की सभी विनिर्माण इकाइयाँ, पॉवर सेक्टर एवं अभियांत्रिकी केंद्र आइएसओ 9001–2015 प्रमाणित हैं ।
- एचपीईपी हैदराबाद को अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मेकेनिकल इंजीनियरिंग (ASME) द्वारा 'U' "U2" प्रमाणन से पुनः प्रमाणित किया गया जिसकी वैधता 24 अगस्त, 2022 तक है ।
- एचईपी भोपाल को एएसएमई द्वारा एएसएमई 'यू'स्टेंप प्रमाण पत्र प्रदान किया गया जिसकी वैधता 10 जनवरी, 2020 से 20 अक्तूबर, 2022 तक है ।
- एचईपी भोपाल के तकनीकी सेवा प्रभाग (मैकेनिकल, मेटलर्जी, केमिकल एवं इलेक्ट्रिकल) के सभी परीक्षण प्रयोगशालाओं को एनएबीएल द्वारा नवीनतम आइएस/आइसी –17025:2017 वर्जन से 14 अगस्त, 2019 से 2 वर्षों के लिए मान्यता दी गई है । यूएचवी प्रयोगशाला द्वारा मानक आइएसओ/ आइसी 17025:2017 के अनुसार एनएबीएल प्रमाण पत्र प्राप्त किया गया जिसकी अवधि 2 वर्षों के लिए है ।
- एचपीवीपी विजाग को रॉकेट के फ्यूल स्टोरेज सिस्टम में ECS (पर्यावरण नियंत्रण प्रणाली एवं एसपीएस (सहायक पॉवर प्रणाली) के कूलिंग सिस्टम की डिजाइनिंग, विकास एवं विनिर्माण के लिए एएस 9100:2016 प्रमाणन प्राप्त हुआ । प्रमाण पत्र की वैधता 18 फरवरी, 2023 तक है ।

1.8 आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली

बीएचईएल का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण (IFC) अच्छी तरह से प्रलेखित नीतियों और प्रक्रियाओं के रूप में निर्मित किया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह उनके व्यवसाय के क्रमबद्ध और कुशल आचरण को सुनिश्चित करने, कंपनी की नीतियों का पालन, परिसंपत्तियों की सुरक्षा, धोखाधड़ी और त्रुटियों की पहचान और रोकथाम, सटीकता और पूर्णता का पता लगाने लेखांकन के रिकॉर्ड, और विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी के लिए है ।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के कार्यान्वयन और रखरखाव के स्रोत नियम पुस्तकें, दिशा निदेश, शक्तियों का प्रत्यायोजन, आईटी प्रणाली और नियंत्रण हैं और अच्छी तरह से परिभाषित संगठनात्मक संरचना अर्थात प्रक्रियाओं के प्रत्येक चरण में विभिन्न स्तरों पर कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों के माध्यम से प्रभावित होती है ।

बीएचईएल के पास इन–हाउस आंतरिक लेखा परीक्षा विभाग है जो अपने व्यवसाय के संचालन और प्रकृति के आकार के अनुरूप है। इसके अलावा, सभी स्थानों पर आंतरिक लेखा परीक्षा गतिविधियों को कवर करने के लिए कंपनी में 12 आंतरिक लेखा परीक्षा कक्ष स्थापित किए गए हैं। आईएफसी की पर्याप्तता और प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए, आंतरिक ऑडिट जोखिम वाले क्षेत्रों के निरंतर ऑडिट और संबंधित स्थानों पर प्रक्रियाओं और प्रणालियों के कामकाज का महत्वपूर्ण मूल्यांकन करता है ।

लेखा परीक्षा निदेशक मंडल स्तरीय ऑडिट कमेटी (बीएलएसी) द्वारा अनुमोदित वार्षिक ऑडिट कार्यक्रम के अनुसार की जाती हैं । आंतरिक लेखा परीक्षा गतिविधियों के मुख्य बिंदु विभिन्न मंचों पर वरिष्ठ अधिकारियों को प्रस्तुत किए जाते हैं और इसे इकाइयों और क्षेत्रों के साथ साझा किया जाता है। बीएलएसी प्रमुख आंतरिक ऑडिट टिप्पणियों और सीएजी ऑडिट निष्कर्षों की भी समीक्षा करता है और कंपनी के गतिशील वातावरण को ध्यान में रखते हुए, आईएफसी को मजबूत करने के लिए जहां भी आवश्यकता होती है, दिशा निदेश जारी करता है ।

बीएचईएल के पास प्रणालियों और प्रक्रियाओं के सुधार और शासन तंत्र के सुदृढ़ीकरण की दिशा में की जाने वाली कार्रवाई की निरंतर निगरानी के लिए एक प्रक्रिया है। कंपनी अपने सभी प्रक्रियाओं और नियंत्रणों को सर्वोत्तम वैश्विक और राष्ट्रीय प्रथाओं के साथ संरेखित करने के अपने प्रयासों को जारी रखती है।

बीएचईएल में आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का मूल्यांकन आंतरिक परीक्षण द्वारा सभी स्थानों पर वर्ष के दौरान नियंत्रणों के परीक्षण को लागू करके किया गया है, और परीक्षण किए गए नियंत्रणों को कंपनी के भीतर प्रभावी ढंग से संचालित किया गया है।

1.9 मानव संसाधन

1.9.1 ज्ञानार्जन एवं विकास

वर्ष 2019–20 के दौरान पूरी कंपनी में प्रति कर्मचारी औसतन 3.70 श्रम दिवस प्रशिक्षण प्रदान किया गया । बीएचईएल की सभी इकाइयों में लगभग 5500 गैर–कर्मचारियों जैसे–अप्रेंटिस, प्रशिक्षुओं, ग्राहकों, विक्रेताओं आदि को भी प्रशिक्षण प्रदान किया गया । कॉर्पोरेट ज्ञानार्जन एवं विकास (CLD) नोयडा / इकाइयों / आईआईएम द्वारा 115 प्रशिक्षण कार्यक्रम (42 तकनीकी और 68 गैर–तकनीकी, आयोजित किए गए जिनमें लगभग 2650 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।

मध्यम और वरिष्ठ प्रबंधन स्तर के अधिकारियों सहित लगभग 251 कार्यपालकों के लिए सात कार्यक्रम आयोजित किए गए । वरिष्ठ प्रबंधन के अधिकारियों के लिए उन्नत प्रबंधन कार्यक्रम (एएमपी) आयोजित किए गए, जो कि प्रतिस्पर्धात्मक लाभ के लिए नेतृत्व क्षमता विकसित करने और प्रतिस्पर्धी लाभ के लिए परिवर्तन को लागू करने पर केंद्रित थे। प्रभावित एवं प्रेरित करने हेतु नई नेतृत्व क्षमता अर्जित करने पर केंद्रित नेतृत्व प्रबंधन कार्यक्रम (LMPs) भी आयोजित किए गए । मध्यम प्रबंधन स्तर के कार्यपालकों के लिए उत्कृष्टता प्रबंधन कार्यक्रम (ईएमपी) आयोजित किए गए, जो विशिष्ट क्रॉस–फंक्शनल विषयों को एकीकृत करने की क्षमता विकसित करने पर केंद्रित थे।

सीएलडी नोएडा में मार्च, 2020 में आयोजित डिजाईन थिंकिंग कार्यशाला

मार्च 2020 में पहली बार रेवेन्यू जनरेशन मोड में एक डिज़ाइन थिंकिंग वर्कशॉप आयोजित की गई, जिसमें जीई, गेल, बामर लारी, वोल्टास, केईआइ, एमएमटीसीआदि विभिन्न संगठनों के अधिकारियों ने भाग लिया।

वर्ष 2019–20 में मुख्य कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मचारियों के विकास के लिए, छह वरिष्ठ प्रबंधन कार्यक्रम, छह सामान्य प्रबंधन कार्यक्रम और दो युवा प्रबंधक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें क्रमशः 124, 145 और 58 कार्यपालकों ने प्रतिभागिता की।

मौजूदा व्यावसायिक क्षेत्रों में तकनीकी क्षमता बढ़ाने के लिए, मौजूदा व्यवसाय को कवर करने वाले विभिन्न तकनीकी प्रशिक्षण आयोजित किए गए । इसके अलावा, ई–मोबिलिटी और बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम, रेलवे इलेक्ट्रिफिकेशन, वॉटर बिजनेस, डेटा एनालिटिक्स, हाइड्रो एंड सोलर प्रोजेक्ट्स का डिज़ाइन, एफजीडीऔर एससीआर आदि जैसे नए व्यावसायिक क्षेत्र में प्रशिक्षण भी आयोजित किए गए। इकाइयों के मानव संसाधन विकास केंद्रों में आयोजित किए गए कार्यक्रमों के अलावा सीएलडी में वर्ष के दौरान 16 तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किए गए ।

सीएलडी द्वारा कर्मचारियों के लिए उन्नयन नामक चौबीस घंटे ऑनलाइन लर्निंग सिस्टम (LMS), लांच किया गया जिसका उद्देश्य सीखना, साझा करना और विकास करना है। वर्ष में उन्नयन द्वारा विभिन्न तकनीकी, प्रकार्यात्मक और विकास संबंधी विषयों पर 16 वेब लर्निंग कार्यक्रम आयोजित किए गए जिनमें लगभग 8000 प्रशिक्षण मानव घंटे का समय व्यतीत किया गया । लॉकडाउन की अवधि के दौरान, उन्नयन ने भौगोलिक बाधाओं को दूर करने में मदद करते हुए हर कर्मचारी को कभी भी, कहीं भी सीखने और विकास की प्रक्रिया – जारी रखने का अवसर दिया ।

पनकी, भुसावल और पतरातू परियोजनाओं के लिए प्रिज्म (परियोजना सुधार और साइट प्रबंधन) कार्यशालाएं आयोजित की गईं। साइट, क्षेत्र मुख्यालय और पीएमजी के साथ–साथ पीएस–मार्केटिंग के कर्मचारियों ने टीम निर्माण अभ्यास में उत्साह के साथ भाग लिया और साथ ही अनुलग्नक के नियमों और शर्तों और परियोजनाओं के अन्य पहलुओं पर चर्चा की । संबंधित परियोजनाओं के ग्राहक प्रतिनिधि भी वार्तालाप में शामिल हुए। निदेशक (पॉवर) और निदेशक (ई, आर एंड डी) भी पीआरआइएसएम– भुसावल में प्रतिभागियों के साथ एक संयुक्त वार्तालाप में शामिल हुए ।

पुरस्कार एवं उपलब्धियाँ

- गवर्नेंस नाव पीएसयू अवार्ड 2020, तीन श्रेणियों में: मानव संसाधन उत्कृष्टता और कर्मचारियों की रि स्किलिंग, अनुसंधान एवं नवीकरण और जिओ–स्ट्रेटजिक रीच ।
- वर्ष 2019–20 में कौशल विकास में अनुकरणीय कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा प्रशस्ति पत्र।
- सार्वजनिक क्षेत्र की श्रेणी के अंतर्गत आइ एसटीडी द्वारा स्थापित अभिनव प्रशिक्षण परंपराओं के लिए 29वें राष्ट्रीय पुरस्कारों में विशेष प्रशंसा पुरस्कार।

1.9.2 निष्पादन एवं कैरियर विकास

पारदर्शिता लाने, उत्तरदायित्व और जवाबदेही बढ़ाने, मूल्यांकन में पूर्वाग्रह की धारणा को समाप्त करने और उच्च निष्पादन संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए, बीएचईएल निष्पादन प्रबंधन प्रणाली, ई–मैप 2019–20 की अंतिम समीक्षा और निष्पादन योजना 2020–21 के लिए संशोधित की गई।

जॉब डिस्क्रिप्शन (JDs) की उपलब्धता स्पष्टता और तर्कसंगत कार्य वितरण को बढ़ावा देती है। जॉब डिस्क्रिप्शन सृजन प्रक्रिया के मानकीकरण के लिए SAP में एक मॉड्यूल तैयार किया गया है जिसका कार्य जॉब डिस्क्रिप्शन एवं सक्षमता प्रोफाइल तैयार करना है जिसके द्वारा प्रमुख पदों की महत्त्वपूर्ण वर्तमान जिम्मेदारियों एवं तकनीकी व व्याहारिक सक्षमता सृजित की जा सके एवं इन्हें जारी रखा जा सके । प्रमुख पदों के जॉब डिस्क्रिप्शन एवं सक्षमता प्रोफाइल का मानकीकरण उत्तराधिकारियों की पहचान, केरियर की प्रगति का आकलन एवं तकनीकी व व्याहरिक सक्षमता के विकास के लिए किया जा सकता है ।

कंपनी और इकाई स्तर पर सुधार (OFI) के अवसरों की पहचान, चिह्नित क्षेत्रों में समयबद्ध तरीके से सुधार लाना, विभिन्न इकाइयों में आंतरिक बेंच मार्किंग आदि के लिए हर दूसरे वर्ष कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण किया जाता है । जिससे बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों की सर्वोत्तम परंपराओं को लागू किया जा सके।

वर्ष 2019–20 में केंद्रीय ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीएचईएल की सभी इकाइयों के विभिन्न वर्ग के कर्मचारियों के लिए कर्मचारी संतुष्टि सर्वेक्षण (ESES) का आयोजन किया गया । सर्वेक्षण के लिए क्षेत्रीय भाषाओं को भी शामिल किया गया। ईएसईएस 2019–20 में 17000 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुई जो कि कुल जनशक्ति का 50 प्रतिशत से अधिक है। इन प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण किया गया और कार्य और संतुष्टि के स्तर को बनाए रखने और इसमें अभिवृद्धि के लिए कार्य योजना का प्रस्तुतीकरण शीर्ष प्रबंधन को किया गया।

कर्मचारी से संबंधित उत्तम कार्य प्रणाली को लागू करने और मानव संसाधन की क्षमता में लगातार सुधार करने के लिए, 2018–19 से बीएचईएल में पीपुल्स–कैपेसिटर मैच्योरिटी मॉडल (सीएमएम) तैयार किया गया है। तदनुसार, मैसर्स क्यूएआई इंडिया लिमिटेड बीएचईएल के मार्गदर्शन में 2018–19 के दौरान पूरे संगठन में आकलन किया गया था, जो कुछ सुधार क्षेत्रों के साथ पी–सीएमएम स्तर 2 के साथ काफी हद तक सही पाया गया। बीएचईएल ने पी–सीएमएम लेवल 3 की दिशा में अपनी यात्रा शुरू की है जिसमें योग्यता आधारित प्रक्रिया क्षेत्रों की दिशा में प्रयासों में उत्कृष्टता की परिकल्पना की गई है ।

उच्च स्तरीय भूमिकाओं को शुरू करने के लिए तैयार गठबंधन अधिकारियों के एक समूह को तैयार करने के लिए, इन–हाउस बीएचईएल ऑनलाइन डेवलपमेंट सेंटर (बीओडीसी) कार्ययोजना को पिछले अनुभव के आधार पर डिजाइन और विकसित किया गया और व्यक्तिगत एवं संगठन स्तर पर व्यवहारिक दक्षताओं के स्तर का आकलन करने, पहचानने, शुरू करने और विकसित करने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में परीक्षण किया गया था । बीओडीसी में जॉब से संबंधित सिमुलेशन, व्यक्तिगत लर्निंग पैटर्न, एसएचएल क्विकसिफ्ट, परिस्थिति के अनुरूप निर्णय लेना, परीक्षण आदि सहित कई मूल्यांकन तकनीक शामिल हैं। ये परीक्षण उत्तरदाताओं का व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए विभिन्न प्रकार की दक्षताओं का आकलन करते हैं। इस दौरान 124 वरिष्ठ अधिकारियों को इस कार्य–योजना में शामिल किया गया। इसमें मध्यम और वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों को शामिल करने की योजना है।

कंपनी अधिनियम की धारा 134 (3) (पी) के अंतर्गत प्रकटीकरण

कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 134 (3) (पी) के अनुसार, एक सूचीबद्ध कंपनी की निदेशक मंडल रिपोर्ट में निदेशक मंडल , व्यक्तिगत निदेशकों आदि के औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन की विधि को दर्शाने वाला विवरण शामिल होगा। दिनांक 5 जून, 2015 को कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों से सरकारी कंपनियों को छूट को अधिसूचित किया गया, जो अन्य बातों के साथ धारा 134 (3) (पी), औपचारिक वार्षिक मूल्यांकन विवरणिका के संबंध में सरकारी कंपनियों पर लागू नहीं होगी यदि निदेशक मंत्रालय द्वारा मूल्यांकन किया जाता है जो प्रशासनिक रूप से प्रभारी है।

इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त छूट के अनुरूप, नियुक्ति, प्रदर्शन मूल्यांकन और पारिश्रमिक के संबंध में धारा 178 की उप–धारा (2), (3) और (4) सरकारी कंपनियों के निदेशकों पर लागू नहीं होगी।

सीपीएसई में, कंपनी और भारत सरकार के बीच हस्ताक्षरित एमओयू उन मापदंडों और पहलुओं का विवरण देता है जो कंपनी को उस वित्तीय वर्ष के दौरान करने के लिए आवश्यक हैं। वर्ष के अंत में इस एमओयू का सरकार द्वारा मूल्यांकन किया जाता है एवं निर्धारित मानदंडों के आधार पर बीएचईएल को निष्पादन रेटिंग दी जाती है । इसके अलावा, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और कार्यात्मक निदेशकों के प्रदर्शन मूल्यांकन के लिए एक निर्धारित प्रक्रिया है । सार्वजनिक उद्यम विभाग (डीपीई) ने एक प्रारूप तैयार किया है और कार्यकारी निदेशक के निष्पादन मूल्यांकन हेतु एक प्रक्रिया निर्धारित की है। कार्यकारी निदेशकों के कार्यकाल की अवधि पाँच वर्ष या उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख, जो भी पहले हो; को नियुक्ति के शर्तानुसार नियम एवं शर्तो में उल्लेख किया गया है। स्वतंत्र निदेशकों के संबंध में, उनकी नियुक्ति और कार्यकाल (सामान्यतः तीन वर्ष की अवधि) भारत सरकार द्वारा तय की जाती है। निदेशक मंडल स्तर की समितियों के विचारार्थ विषय को निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया जाता है । निदेशक मंडल स्तर की समितियों के कार्यवृत्त को निदेशक मंडल के समक्ष अवलोकनार्थ प्रस्तुत किया जाता है।

बीएचईएल के प्रशासनिक मंत्रालय (डीएचआइ) के माध्यम से मई, 2018 से डीपीई ने कंपनी के निदेशक मंडल में गैर–अधिकारिक (स्वतंत्र प्रभार) निदेशकों के निष्पादन मूल्यांकन का कार्यान्वयन प्रारम्भ कर दिया गया है।

1.9.3 औद्योगिक संबंध

हमारी औद्योगिक संबंध यात्रा का मूल मंत्र 'सभी की प्रतिभागिता से सबका विकास संभव है' के माध्यम से बीएचईएल के सभी वर्गो के कर्मचारियों के साथ खुला एवं निरंतर संचार नीति को सुनिश्चित किया गया। सहभागी संस्कृति को दिया गया प्रोत्साहन विभिन्न कर्मचारी समूहों के सहयोग से प्रबंधन द्वारा उचित व्यवहार के साथ निरंतर एक सौहार्दपूर्ण एवं सामंजस्यपूर्ण वातावरण बनाए रखने में सहायक रहा है।

वितीय वर्ष 2019–20 के दौरान कंपनी की विभिन्न विनिर्माण इकाइयों, प्रभागों और कार्यालयों में औद्योगिक संबंध सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण रहा। कंपनी में प्रचलित इको सिस्टम के परिणामस्वरूप, कंपनी की नीतियों के खिलाफ हड़ताल के कारण वर्ष के दौरान 'शून्य मानव–दिवस हानि रही, जो प्रबंधन और कर्मचारी समूहों द्वारा किए गए संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।

वर्ष के दौरान शीर्ष स्तरीय द्विदलीय मंच, अर्थात् ''संयुक्त समिति'' की 02 बैठकें आयोजित की गई । प्लांट काउंसिल की 45 बैठकें और शॉप काउंसिल की 501 बैठकें हुई। इसके

अलावा, व्यावसायिक संभावनाओं और चुनौतियां, कंपनी स्तर के मुद्दों आदि पर अधिकारियों और पर्यवेक्षकों के प्रतिनिधियों के साथ बैठकें भी हुईं।

विभिन्न द्विदलीय मंचों पर कंपनी के समग्र प्रदर्शन में सुधार पर केंद्रित ग्राहक प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए उत्पादकता, कंपनी की वित्तीय स्थिति में सुधार हेतु लागत में कमी के लिए विभिन्न प्रयासों, गुणवत्ता और सुपुर्दगी में सुधार विभिन्न चर्चाओं में ध्यान आकृष्ट किया गया है।

बीएचईएल के कर्मचारियों ने कोविड–19 वैश्विक महामारी के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर की लड़ाई को मजबूती प्रदान करने के लिए एक दिन की वेतन राशि रु. 8.72 करोड़ का योगदान किया ।

1.9.4 श्रमशक्ति

बीएचईएल की सबसे बड़ी शक्ति इसके अति कुशल और प्रतिबद्ध कर्मचारी हैं जिनकी संख्या 31 मार्च, 2020 को 33,762 थी।

1.9.5 राष्ट्रपति के निदेशों की स्थिति

1.9.5.1 आरक्षित वर्ग हेतु आरक्षण नीति पर निर्देश

केंद्र सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण नीति पर राष्ट्रपति के निदेश सीधी भर्ती में कुछ प्रतिशत आरक्षण साथ–साथ निर्दिष्ट पदों पर पदोन्नति के लिए और अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और विकलांग व्यक्तियों के लिए प्रावधान प्रदान करते हैं। इसके अलावा, निर्देशों में प्रत्यक्ष भर्ती और पदोन्नति में कर्मचारियों की निर्दिष्ट श्रेणी के लिए कुछ रियायतें और छूट का भी प्रावधान है । संदर्भित विषय पर राष्ट्रपति के निदेश का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है और सरकार द्वारा निर्धारित पोस्ट आधारित रोस्टर प्रणाली के रखरखाव के माध्यम से आरक्षण का प्रतिशत सुनिश्चित किया जाता है। हालांकि, कंपनी की वित्तीय स्थिति पर इन दिशा–निर्देशों का कोई प्रत्यक्ष प्रभाव नहीं है।

उक्त विषय से संबंधित जानकारी नीचे दी गई है:

i. एससी/ एसटी/ ओबीसी/ ईडब्लूएस कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व

दिनांक 31/12/2019 को कुल जनशक्ति में एससी/ एसटी/ ओबीसी कर्मचारियों का कुल प्रतिनिधित्व क्रमशः 20.56 प्रतिशत, 7.27 प्रतिशत और 34.25 प्रतिशत था। वर्ष 2019 के दौरान सीधी भर्ती में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए प्रतिशत क्रमशः 14.47 प्रतिशत, 7.24 प्रतिशत एवं 25.00 प्रतिशत था ।

वर्ष 2019 में एससी, एसटी और ओबीसी के लिए मौजूदा आरक्षण के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण आरंभ किया गया। कैलेंडर वर्ष 2019 के दौरान, सीधी भर्ती में ईडब्ल्यूएस का प्रतिशत 8.55 प्रतिशत था।

दिनांक 31/12/2019 के अनुसार, सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप वार्षिक विवरणिका में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग का प्रतिनिधित्व को वर्ष के दौरान की गई नियुक्तियों की संख्या को अनुलग्नक–ए में दर्शाया गया है ।

ii. 31 दिसम्बर, 2019 को पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की स्थिति

दिनांक 31/12/2019 को कुल पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की संख्या 896 थी। वर्ष 2019 में पीडब्ल्यूडी श्रेणी के अंतर्गत 06 व्यक्तियों की नियुक्ति की गई। दिनांक 31/12/2019 को कंपनी में पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों की समूहवार जनशक्ति की स्थिति अनुलग्नक– बी में दी गई है ।

1.9.5.2 कार्यस्थल पर महिला सुरक्षा

कार्यस्थल पर महिलाओं के विरूद्ध लैंगिक उत्पीड़न निवारण अधिनियम एवं लैगिक उत्पीड़न शिकायतों एवं इससे संबंधित मामलों की "महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013" 9 दिसम्बर, 2013 से प्रभाव में आया । यह अधिनियम भारत सरकार के महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत "महिलाओं का कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम 2013" कहा जाता है ।

इस अधिनियम एवं नियम के प्रावधानों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है । इस अधिनियम के अनुसरण में बीएचईएल द्वारा सभी इकाइयों में आंतरिक समितियों का गठन किया गया है एवं उनके गठन एवं संपर्क सूत्र इकाई की वेबसाइट में दिया गया है। अधिनियम के मुख्य प्रावधान, नियोक्ता के कर्तव्य, शिकायत निवारण कार्यप्रणाली, विद्वेषपूर्ण शिकायतों पर कार्रवाई एवं यौन उत्पीडन संबंधी त्रुटियों को हिन्दी, अंग्रेजी और क्षेत्रीय भाषाओं में पोस्टरों के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर प्रदर्शित किया गया है । इकाई स्तर पर, यौन उत्पीड़न अधिनियम, लिंग संवेदीकरण, महिलाओं के खिलाफ अपराध और साइबर–अपराध पर 37 कार्यशालाएं / जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

वर्ष 2019–20 के दौरान प्राप्त यौन उत्पीड़न की शिकायतों की संख्या और 31.03.2020 की स्थिति के बारे में विवरण वार्षिक रिपोर्ट अनुलग्नक–सी में दिया गया है ।

अनुलग्नक – ए

समूह	एससी/ एसटी/ ओबीसी/ ईडब्ल्यूएस का प्रतिनिधित्व (31 दिसम्बर,2019 के अनुसार)					केलेण्डर वर्ष 2019 में की गई नियुक्तियों की सख्या											
						सीधी भर्ती द्वारा					पदोन्नति द्वारा			प्रतिनियुक्ति/ समायोजन द्वारा			
	कर्मचारियों की कुल संख्या	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	ओबीसी	ईडब्ल्यूएस	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	ओबीसी	ईडब्ल्यूएस	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	कुल	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति	ओबीसी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
समूह ए	11028	1953	899	2690	13	143	22	11	36	13				1	1	0	0
समूह बी	7270	1437	639	1811	0	1	0	0	0	0				0	0	0	0
समूह सी	15479	3524	937	7059	0	8	0	0	2	0				0	0	0	0
समूह सी बिना SW)	316	65	5	132	0	0	0	0	0	0	लागू नहीं			0	0	0	0
समूह डी (SW)	41	38	1	0	0	0	0	0	0	0				0	0	0	0
कुल	**34134**	**7017**	**2481**	**11692**	**13**	**152**	**22**	**11**	**38**	**13**	**0**	**0**	**0**	**1**	**1**	**0**	**0**

* बीएचईएल में, पदोन्नति के आधार पर कोई नियुक्ति नहीं की जाती है।

अनुलग्नक – बी

समूह	कर्मचारियों की कुल संख्या				सीधी भर्ती द्वारा							पदोन्नति द्वारा*						
	कर्मचारियों की कुल संख्या	वीएच	एचएच	ओएच	आरक्षित रिक्तियों की सं.			कुल	कुल नियुक्तियाँ की गई			आरक्षित रिक्तियों की सं.			कुल	कुल नियुक्तियाँ की गई		
					वीएच	एचएच	ओएच		वीएच	एचएच	ओएच	वीएच	एचएच	ओएच		वीएच	एचएच	ओएच
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18	19
समूह ए	11028	6	17	241	2	2	2	143	1	0	4							
समूह बी	7270	1	16	185	0	0	0	1	0	0	0							
समूह सी	15479	16	29	373	0	0	1	8	0	0	1	लागू नहीं						
समूह डी	357	2	5	5	0	0	0	0	0	0	0							
कुल	**34134**	**25**	**67**	**804**	**2**	**2**	**3**	**152**	**1**	**0**	**5**							

नोटः (1) VH का अर्थ है दृष्टिहीन विकलांग (अंधेपन या अल्प दृष्टि से पीड़ित व्यक्ति)

(2) HHV का अर्थ है हियरिंग हैंडीकैप्ड (श्रवण दोष से पीड़ित व्यक्ति)

(3) OH का अर्थ है ऑर्थोपेडिकली हैंडीकैप्ड (लोकोमोटर अपंगता या मस्तिष्क पक्षाघात से पीड़ित व्यक्ति)

* आरपीडब्ल्यूडी अधिनियम 2016 के अनुसार, पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों के लिए पदोन्नति में कोई आरक्षण नहीं है।

अनुलग्नक– सी

कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा पर वार्षिक रिपोर्ट

1	वर्ष 2019–2020 के दौरान प्राप्त शिकायतों की संख्या (पिछले वर्ष से केरीफारवर्ड की शिकायतें)	3
2	वर्ष 2019–20 के दौरान निपटाई गई शिकायतों की संख्या (पिछले वर्ष से केरीफारवर्ड की शिकायतें)	3
3	90 से अधिक दिनों से लंबित मामलों की संख्या	1
4	यौन उत्पीड़न के खिलाफ कार्यशाला या जागरूकता कार्यक्रम की संख्या	37
5	**आईसीसी की सिफारिशों पर नियोक्ता द्वारा की गई कार्रवाई की प्रकृति**	
.	एक प्रशिक्षु द्वारा शिकायत की गई थी जिसमें उसने उल्लेख किया था कि वह कुछ आधिकारिक काम के लिए एक वरिष्ठ अधिकारी के केबिन में गई थी, अधिकारी ने उस पर कुछ टिप्पणी की, जिसे उसने अनुचित पाया। समिति ने दोनों पक्षों को बुलाया और उनके विचार सुने। शिकायतकर्ता ने औपचारिक माफी के लिए आग्रह किया जिसके लिए प्रतिवादी सहमत हो गया। आईसीसी ने अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार पक्षों के बीच मामले को सुलझाया और मामला समाप्त कर दिया गया।	मामला समाप्त
.	एक महिला कर्मचारी ने कार्यस्थल पर एक पुरुष कर्मचारी के खिलाफ यौन उत्पीड़न के बारे में शिकायत की, आईसीसी ने नियमानुसार कार्रवाई की। पुरुष कर्मचारी को एक चेतावनी पत्र जारी किया गया।	मामला समाप्त
.	आईसीसी द्वारा एक महिला कर्मचारी से एक पुरुष कर्मचारी के खिलाफ शिकायत की गई, जिसने उसे कार्यस्थल पर संपर्क किया और अश्लील टिप्पणी की। उसने कैंटीन और अन्य काम के स्थानों पर भी उसका पीछा किया। पुरुष कर्मचारी को चार्जशीट जारी की गई और आईसीसी द्वारा जांच पूरी करने पर, उसके खिलाफ लगाए गए आरोप आंशिक रूप से साबित हुए। पुरुष कर्मचारी पर "सेंसर' का जुर्माना लगाया गया।	मामला समाप्त

* 01 मामला जो अभी भी चल रहा है, शामिल है

प्रतिवादी की अनुपस्थिति के कारण जो लंबे समय से अवकाश पर था और लगातार ड्यूटी पर नहीं आ रहा था।

1.10 सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (अधिनियम) के प्रावधानों के अनुरूप, बीएचईएल पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ावा देने की दिशा में काम करता है। कॉर्पोरेट कार्यालय में केंद्रीय जन सूचना अधिकारी (सीपीआईओ) के साथ–साथ 24 प्रमुख प्रशासनिक इकाइयों में एक–एक सीपीआईओ कंपनी में कार्य कर रहे हैं। अधिनियम के अंतर्गत 25 प्रथम अपीलीय प्राधिकारी भी दायर की गई प्रथम अपील के निपटान के लिए कंपनी में कार्य कर रहे हैं ।

नागरिकों को अपने आरटीआई आवेदन और ऑनलाइन अपील दायर करने में सुविधा प्रदान करने के उपाय के रूप में, बीएचईएल ने कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग द्वारा शुरू किए गए ऑनलाइन आरटीआई वेब पोर्टल (https://rtionline.gov.in) को अपनाया है । इसके फलस्वरूप, इस ऑनलाइन आरटीआई पोर्टल पर दायर आरटीआई आवेदन और आरटीआई प्रथम अपील को ऑनलाइन माध्यम से ही उत्तर दिया जाता है। धारा 4 (1) (बी) की जानकारी को बीएचईएल की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है। इसके अलावा, कुछ दिशानिर्देश और प्रोफार्मा (एस) जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया और बीएचईएल की वेबसाइट पर आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत प्रथम अपील दायर करने के लिए दर्शाए गए हैं।

सीपीआईओ और अन्य आंतरिक हितधारकों को प्रशिक्षण और कार्यशालाओं के माध्यम से अधिनियम के अंतर्गत अपने दायित्वों के बारे में जागरूक किया जाता है।

सार्वजनिक उद्यम के स्थायी सम्मेलन (स्कोप) द्वारा गठित आरटीआई संचालन समिति के सदस्य होने के नाते बीएचईएल सक्रिय रूप से बैठकों और स्कोप द्वारा आयोजित मामलों में सूचना का अधिकार से संबंधित विचार विमर्श में भाग लेता है। सभी चार तिमाही के लिए त्रैमासिक आरटीआई रिटर्न केंद्रीय सूचना आयोग को प्रस्तुत की गई है। 2019–20 के दौरान, 1333 आवेदन तथा 255 अपील प्राप्त हुई थीं और 1321 आवेदन एवं 214 अपील का निपटारा किया गया ।

1.11 जोखिम और चिंताएं

संरचनात्मक और व्यापक उद्यम जोखिम प्रबंधन प्रणाली को लागू करने के लिए बीएचईएल के पास निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित ''जोखिम प्रबंधन चार्टर और नीति'' है । इस प्राधिकार का उद्देश्य जोखिमों की पहचान, आकलन, प्रतिक्रिया, निगरानी और रिपोर्टिंग के लिए एक सामान्य समझ, भाषा और कार्यप्रणाली स्थापित करना है और प्रबंधन को यह आश्वासन देना है कि कंपनी में महत्वपूर्ण जोखिमों की सही पहचान और और प्रभावी रूप से प्रबंधित किया जा रहा है ।

निदेशक मंडल स्तर की 'जोखिम प्रबंधन समिति'(BLRMC) को कंपनी के जोखिम शासन ढांचे, जोखिम मूल्यांकन और जोखिम प्रबंधन ढांचे, दिशानिर्देशों, नीतियों और प्रक्रियाओं की समीक्षा करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निदेशक मंडल / BLRMC नियमित रूप से प्रमुख जोखिम वाले क्षेत्रों की समीक्षा करता है।

कंपनी के सामने आने वाले प्रमुख जोखिमों का विश्लेषण ''जोखिम प्रबंधन संचालन समिति'' (RMSC) द्वारा विस्तार से किया जाता है, जो जोखिम प्रबंधन ढांचे को अपनाने और लागू करने एवं कंपनी में जोखिम प्रबंधन पहल का नेतृत्व करने के लिए जिम्मेदार है। मुख्य जोखिम अधिकारी (सीआरओ), बीएलआरएमसी और आरएमएससी के संयोजक, निदेशक मंडल / बीएलआरएमसी जोखिम प्रबंधन पर आवधिक रिपोर्टिंग के लिए उत्तरदायी हैं ।

यूनिट स्तर पर जोखिम प्रबंधन समितियां अपने–अपने क्षेत्रों से संबंधित जोखिमों का विश्लेषण करती हैं, शमन योजना तैयार कर, उनका कार्यान्वयन सुनिश्चित करती हैं और आवश्यकता पड़ने पर शीर्ष प्रबंधन को भी सूचित करती हैं।

कंपनी के सामने आने वाले कुछ प्रमुख जोखिम और उनके शमन के लिए संबंधित रणनीति नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित हैं;–

जोखिम का विवरण	शमन नीति
ऑनलाइन डाटा एवं सूचना की सुरक्षा भंग होने के कारण हानि एवं जटिल सूचना संरचना का ब्रेकडाउन	• सभी इंटरनेट ट्रेफिक की मोनिटरिंग के लिए सभी इंटरनेट गेटवेस को साइबर (सुरक्षा संचालन केंद्र) से जोड़ा गया है • साइबर एसओसी में ट्रेंड माइक्रो कंट्रोल मैनेजर (TMCM) का एकीकरण करने से, केंद्रीत उपयोगकर्ता आधारित सुरक्षा प्रबंधन प्रदान करता है जिसने कंपनी की सुरक्षा स्थिति के समग्र दृष्टिकोण का पता चलता है । • डेटा गोपनीयता भंग होने की संभावना को कम करने के लिए इंटरनेट गेटवे का समेकन • बेहतर अनुपालन, साइबर सुरक्षा, सामान्य नीतियों, प्रक्रियाओं और प्रारूपों के कार्यान्वयन हेतु आईएसएमएस का एकीकरण
अतिरिक्त घरेलू विनिर्माण क्षमताओं तक पहुंच, नीतिगत बदलावों के कारण व्यवसाय मिश्रण में बदलाव और प्रतिस्पर्धा बढ़ने के कारण आर्डर बुक में गिरावट	• 'मेक इन इंडिया' के लिए बीएचईएल की सुविधाओं और क्षमताओं का लाभ उठाने के लिए वैश्विक मूलभूत उपकरण निर्माताओं को निमंत्रण • गैर–कोयला आधारित व्यापार के विकास पर ध्यान केंद्रित • नए क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए रणनीतिक गठजोड़ करना
वर्तमान एवं भविष्य की व्यापारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए प्रौद्योगिकी तत्परता	• नए उत्पादों/ प्रौद्योगिकी का स्वदेशी विकास • उपयुक्त भागीदारों के साथ प्रौद्योगिकी सहभागिता समझौते
बढ़ते देनदार	• चालू और कमीशन की गई परियोजनाओं के लिए प्रत्येक स्तर पर देनदारों से धन संग्रह में तेजी लाने के लिए विशेष समूहों का गठन • देनदारों और प्रबंधन द्वारा प्रावधानों की निरंतर समीक्षा • ग्राहकों के साथ पंच प्वाइंट का तेजी से बंद होना • राज्य उपयोगिताओं के मामले में सरकार के साथ मुद्दों को चिह्नित करना

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लि. निदेशक मंडल की ओर से

डॉ. नलिन सिंघल
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक: 28.08.2020

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक– II

कॉर्पोरेट अभिशासन

2.1 कॉर्पोरेट अभिशासन पर हमारे दर्शन

बीएचईएल एक सुदृढ़ शासन प्रणाली तंत्र के अंतर्गत कार्य करता है, जो शासन की गुणवत्ता, प्रकटीकरण में पारदर्शिता, हितधारकों के मूल्य में लगातार वृद्धि और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। बीएचईएल अपने शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और बड़े पैमाने पर समाज के विश्वास के निर्माण पर लगातार ध्यान केंद्रित करते हुए, शासन प्रणाली की बुनियादी और नियामक आवश्यकताओं पर खरा उतरने का प्रयास करता है। बीएचईएल की कॉर्पोरेट अभिशासन प्रणाली, पारदर्शिता, पूर्ण प्रकटीकरण, स्वतंत्र निगरानी और निष्पक्षता, विशेष रूप से अल्पसंख्यक शेयरधारकों, के आधार पर विद्यमान है।

निम्नलिखित कारक बीएचईएल के कॉर्पोरेट अभिशासन को सुदृढ़ता प्रदान करते हैं:

- निदेशक मंडल की स्वतंत्रता एवं बहुमुखी प्रतिभा
- सभी कर्मचारियों की सत्यनिष्ठा और नैतिक व्यवहार
- सभी हितधारकों – शेयरधारकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और समाज के प्रति दायित्वों का बोध
- प्रकटीकरण और पारदर्शिता का उच्च स्तर
- कंपनी जिन क्षेत्रों में कार्यरत है, उन सभी क्षेत्रों में पूर्ण वैध और नियामक अनुपालन
- जनता और पर्यावरण के प्रति उदारता के साथ लक्ष्यों की प्राप्ति

कंपनी, कॉर्पोरेट अभिशासन प्रक्रियाओं और आचार संहिता का पालन करते हुए अपने व्यवसाय का संचालन करने में विश्वास रखती है। प्रत्येक बुनियादी मूल्यों का उदाहरण प्रस्तुत करती है, जिसके परिणामस्वरूप कंपनी अपने शेयरधारकों को दीर्घकालिक रिटर्न, ग्राहकों के लिए अनुकूल परिणाम, कर्मचारियों को आकर्षक अवसर, आपूर्तिकर्ताओं को कंपनी की प्रगति और समाज के संवर्धन में भागीदार बनाती है।

2.2 निदेशक मंडल

1. निदेशकों की संरचना एवं वर्ग

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 2 (45) के अनुसार, बीएचईएल एक 'सरकारी कंपनी' है और कंपनी की कुल प्रदत्त शेयर पूंजी में 63.17 प्रतिशत की हिस्सेदारी, भारत के महामहिम राष्ट्रपति के माध्यम से केंद्र सरकार की है।

निदेशक मंडल की स्वतंत्रता को बनाए रखने और निदेशक मंडल की गतिविधियों को अलग एवं नियंत्रण में रखने के लिए, बीएचईएल के निदेशक मंडल की संरचना में कार्यकारी निदेशकों का एक उपयुक्त मिश्रण है, जिनमें अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक सहित कार्यकारी निदेशक और सरकार द्वारा नामित गैर–कार्यकारी निदेशक, स्वतंत्र निदेशक सम्मिलित हैं।

मार्च 31, 2020 को निदेशक मंडल की संरचना इस प्रकार है:

निदेशकों की श्रेणी	निदेशक मंडल की संरचना	31 मार्च, 2020 तक वास्तविक संख्या
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक	1	1
पूर्णकालिक कार्यकारी निदेशक (कार्यकारी)	5	5
भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करने वाले अंशकालिक सरकारी निदेशक (सरकार के द्वारा नामित)	2	2
अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशक	8	5
कुल	**16**	**13**

31 मार्च, 2020 तक, बीएचईएल निदेशक मंडल में अंशकालिक गैर–आधिकारिक (स्वतंत्र) निदेशकों (कम से कम एक स्वतंत्र महिला निदेशक सहित) तीन पद रिक्त हैं। इन रिक्तियों को भरने का मामला भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग, भारी उद्योग एवं लोक उद्यम मंत्रालय के विचाराधीन है।

2. 2019–20 और पिछली वार्षिक बैठक के दौरान आयोजित निदेशक मंडल मीटिंग में प्रत्येक निदेशक की उपस्थिति

निदेशक का नाम सर्वश्री	निदेशक मंडल की बैठकों की संख्या		दि. 19.09.2019 को आयोजित पिछली एजीएम
	आयोजित	भाग लिया	
कार्यकारी निदेशक			
डॉ नलिन सिंघल, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (8 जुलाई, 2019 से)	6	6	हाँ
अतुल सोबती, अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक (30 जून, 2019 तक)	2	2	'
डी. बंद्योपाध्याय, निदेशक (मा.सं.) / (31 अगस्त, 2019 तक)	6	6	'
सुबोध गुप्ता, निदे'ाक (वित्त)	9	9	हाँ
एस. बालाकृष्णन, निदेशक (आई एस एंड पी)	9	8	हाँ
मनोज कुमार वर्मा, निदेशक (पॉवर)	9	8	हाँ
कमलेश दास, निदेशक (ई, आर एंड डी)	9	9	हाँ
अनिल कपूर, निदेशक (मा. सं.) (15 अक्टूबर 2019 से)	2	2	'

चूक/अनियमितताएं सिद्ध हुईं, उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्यवाही और प्रणालीगत सुधारों की अनुशंसा की गई। वर्ष के दौरान, जिन सतर्कता प्रकरणों की जांच को अंतिम रूप दिया गया उनमें 57 दंड (23 साधारण और 34 कठोर) दिये गए। इसके अतिरिक्त, 19 चेतावनी/परामर्श पत्र भी जारी किए गए थे। 228 शिकायतों (वर्ष के दौरान प्राप्त 202) में से 213 शिकायतों का निपटारा किया गया और शेष निपटान के विभिन्न चरणों में हैं। विजिलेंस की सलाह पर विभिन्न एजेंसियों, कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों से 5.78 करोड़ (लगभग) की वसूली की गई है।

केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार, बीएचईएल की सभी विनिर्माण इकाइयों, कॉर्पोरेट कार्यालय, पावर सेक्टर क्षेत्रों और परियोजना स्थलों पर "ईमानदारी–एक जीवन शैली" विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 28 अक्टूबर से 2 नवंबर, 2019 तक मनाया गया। सप्ताह के दौरान, सभी हितधारकों जैसे कर्मचारियों, आपूर्तिकर्ताओं, विद्यालयों व महाविद्यालयों के छात्रों तथा जनसामान्य के बीच जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम पर एक अखिल बीएचईएल ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित किया गया था। प्रश्नोत्तरी 5 दिनों तक आयोजित की गई और प्रत्येक दिन तीन कर्मचारियों की एक शीर्ष टीम का चयन किया गया था। ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में कुल 1320 कर्मचारियों ने भाग लिया।

संगठन के कर्मचारियों, विभिन्न विद्यालयों (16 राज्यों में 43 स्कूलों के 9804 छात्र), महाविद्यालयों (11 राज्यों में 25 कॉलेजों के 3910 छात्र) तथा जनसामान्य (6 ग्राम सभाओं से 480 नागरिक) के लिए कई विभिन्न कार्यक्रम जैसे प्रश्नोत्तरी, वाद–विवाद, निबंध लेखन प्रतियोगिता, वक्तव्य, पैनल चर्चा, व्याख्यान, प्रशिक्षण कार्यक्रम, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा प्रतियोगिता, वॉकथॉन, मैराथन, साइकिल रैली, मानव श्रृंखला गठन आदि भी आयोजित किए गए। इकाइयों में विक्रेताओं/उप–ठेकेदारों के लिए 10 शिकायत निवारण शिविर आयोजित किए गए।

बीएचईएल के सतर्कता अधिकारियों को सक्षमता निर्माण के लिए सीबीआई, आईएसटीएम एवं एजेंसियों द्वारा आयोजित विशेष सतर्कता प्रशिक्षण कार्यक्रमों में नामित किया गया था। इसके अतिरिक्त, बीएचईएल की विभिन्न इकाइयों/क्षेत्रों के लगभग 40 सतर्कता अधिकारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीएचईएल, भोपाल में 21 जनवरी, 2020 से 22 जनवरी, 2020 तक और एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीएचईएल हैदराबाद में 30 अगस्त, 2019 को किया गया था जिसमें प्रभावी निरीक्षण, सत्यापन और जांच करने की विधि/ तकनीक से अवगत कराया गया।

सतर्कता विभाग क्रय नीति, नियमों और प्रक्रियाओं आदि के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने, समय–समय पर सीवीसी और भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों/दिशानिर्देशों का प्रसार करने और सर्वोत्तम प्रणालियों, केस स्टडी व लेखों को साझा करने के उद्देश्य से त्रैमासिक ई–न्यूजलेटर 'दिशा' प्रकाशित करता है। इस ई–न्यूजलेटर के 2013 से अब तक सत्ताईस अंक प्रकाशित हो चुके हैं और इस साल भी चार अंक प्रकाशित हुए। ई–न्यूजलेटर को व्यापक प्रचार दिया जाता है और ई–मेल के माध्यम से सभी कर्मचारियों को भेजा जाता है और बीएचईएल की इकाइयों/क्षेत्रों इंट्रानेट वेबपेज पर भी होस्ट किया जाता है।

7.3क स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण (एचएसई)

कर्मचारियों और अन्य हितधारकों की सहभागिता बढ़ाने और एचएसई से संबंधित विषयों और स्वच्छता के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से, स्वच्छता पखवाड़ा, अग्नि सुरक्षा जागरूकता पखवाड़े, सुरक्षा दिवस/सप्ताह/पखवाड़े, पर्यावरण जागरूकता पखवाड़े और सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह सहित कई अभियान चलाए गए। सभी दिल्ली/एनसीआर स्थित कार्यालयों के लिए अग्नि सुरक्षा ऑडिट किए गए। बहुआयामी प्रयासों से, तृतीय पक्ष ऑडिट के बाद बीएचईएल की 14 टाउनशिप में से 12 को ''सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री'' घोषित किया गया।

बीएचईएल के सुरक्षा निष्पादन में सुधार एवं पर्यावरण संवर्धन के प्रति प्रयासों को काफी सराहा गया है और इन प्रयासों की मान्यता के रूप में कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। वर्ष के दौरान निम्नलिखित पुरस्कार प्राप्त हुए:

- श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदर्शन वर्ष 2017 के लिए 9 राष्ट्रीय सुरक्षा पुरस्कार (एनएसए) जो किसी भी संगठन द्वारा जीते गए पुरस्कारों में अधिकतम संख्या है।
- इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) से सेफ्टी इनोवेशन अवार्ड 2019
- 360 डिग्री सोलराइजेशन एक्रॉस वैल्यू चेन' शीर्षक परियोजना के लिए एसकेओसीएच ऑर्डर–ऑफ–मेरिट अवार्ड 2019
- इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स, नई दिल्ली से 'गोल्डन पीकॉक एनवायरनमेंट मैनेजमेंट अवार्ड' 2019
- अपेक्स इंडिया फाउंडेशन द्वारा व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण प्रबंधन में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए रजत पुरस्कार
- सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन, नई दिल्ली द्वारा "एचएसई में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए 6वां एक्सीड ओएचएस पुरस्कार"
- तमिलनाडु सरकार से 5 राज्य सुरक्षा पुरस्कार, बीएचईएल त्रिची को एनएससी तमिलनाडु चैप्टर से ''आवर्ड ऑफ ऑनर"
- भारत सरकार द्वारा एचपीबीपी त्रिची के कर्मचारियों में से एक को प्रतिष्ठित जीवन रक्षक पदक 2018 से सम्मानित किया गया।
- हीप हरिद्वार इकाई के सुरक्षा अधिकारियों में से एक को सर्वश्रेष्ठ सुरक्षा अधिकारी (उत्तराखंड) का पुरस्कार मिला है।

निदेशक मंडल की ओर से और के लिए
भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2020

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुलग्नक–VIII

फार्म एओसी–1

(कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 5 के साथ पठित धारा 129 की उपधारा (3) के पहले प्रावधानों के अनुसरण में)

सहायक कंपनियों/सहभागी कंपनियों/संयुक्त उद्यमों के वित्तीय विवरण की प्रमुख विशेषताएं :

भाग "क" सहायक कंपनियां

(प्रत्येक सहायक कंपनी का विवरण करोड़ रूपए की राशि में)

1. क्रम संख्या	01
2. सहायक कंपनी का नाम	बीएचईएल इलेक्ट्रिकल्स मशीन्स लिमिटेड
3. उस तारीख से जब सहायक कंपनी का अधिग्रहण किया गया था।	19 जनवरी, 2011
4. संबंधित सहायक कंपनी के लिए रिपोर्टिंग अवधि, यदि होल्डिंग कंपनी के रिपोर्टिंग समय से भिन्न हो।	लागू नहीं
5. विदेशी सहायक कंपनियों के मामले में प्रासंगिक वित्तीय वर्ष की अंतिम तिथि पर रिपोर्टिंग मुद्रा और विनिमय दर।	लागू नहीं
6. शेयर पूंजी	10.50
7. आरक्षित और अधिशेष	(29.01)
8. कुल संपति	21.31
9. कुल देनदारिया	39.82
10. निवेश	शून्य
11. कारोबार	3.95
12. कराधान से पूर्व लाभ	(6.37)
13. कराधान के लिए प्रावधान	(1.58)
14. कराधान के बाद लाभ	(4.79)
15. प्रस्तावित लाभांश	शून्य
16. शेयर धारिता का प्रतिशत	51 प्रतिशत

कोष्ठक में दिए गए अंक ऋणात्मक हैं ।

नोटः निम्न जानकारी विवरण के अंत में प्रस्तुत की जाएगीः

1. सहायक कंपनियों के नाम जिन्होंने अब तक परिचालन शुरू नहीं किया है ।	शून्य
2. सहायक कंपनियों के नाम, जिन्हें वर्ष के दौरान परिसमाप्त किया गया या बेचा गया ।	शून्य

निदेशक मण्डल की दिनांक 29 मई, 2018 को आयोजित बैठक में केरल सरकार (GoK) को कंपनी की 51 प्रतिशत हिस्सेदारी के हस्तांतरण (भारत सरकार के भारी उद्योग विभाग के अनुमोदन के अधीन) को मंजूरी दी गई। केरल सरकार द्वारा स्वीकृत अंतिम समझौते को बीएचईएल ने भारी उद्योग विभाग/भारत सरकार को अनुमोदन के लिए प्रस्तुत किया है।

भाग ''ख'': सहयोगी कंपनियों और संयुक्त उद्यम

सहयोगी कंपनियो एवं संयुक्त उद्यमों से संबंधित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 129 (3) के अनुसार विवरण

(रुपए करोड़ में)

संयुक्त उद्यम के नाम	बीएचईएल– जीई गैस टरबाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड	एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड	रायचूर पावर कारपोरेशन लिमिटेड
1. नवीनतम अंकेक्षित तुलन पत्र की तारीख	31.03.20	31.03.19	31.03.19
2. वह तारीख जिसमे संबद्ध या संयुक्त उद्यम का संबंद्धीकरण या अधिग्रहण किया गया था	5 मई,1997	28 अप्रैल,2008	15 अप्रैल, 2009
3. वर्ष के अंत में बीएचईएल के द्वारा धारित संयुक्त उद्यमों के शेयर			
संख्या	2379999	50000000	664039700
निवेश की राशि	2.38	50.00	664.04
होल्डिंग प्रतिशत की सीमा	50 प्रतिशत में एक शेयर कम	50 प्रतिशत	27.97 प्रतिशत
4 महत्वपूर्ण प्रभाव का विवरण	संयुक्त नियंत्रित इकाइयां		
5. सहयोगी/संयुक्त उद्यम समेकित न होने का कारण	लागू नहीं	लागू नहीं	लागू नहीं
6. नवीनतम अंकेक्षित तुलन पत्र के अनुसार शेयर धारिता के लिए कारण नेटवर्थ	158.70	शून्य	शून्य
7. वर्ष के लिए लाभ/हानि	इक्विटी पद्धति के अनुसार		
i. समेकन में विचार किया गया	25.72	शून्य	शून्य
ii. समेकन में विचार नहीं किया गया	–	(13.08)	(616.94)

कोष्ठक मे दिए गए अंक ऋणात्मक हैं। आरपीसीएल में, बीएचईएल द्वारा अपने नॉमिनी के नाम पर 300 शेयर भी रखे गए हैं।

मेसर्स दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड एवं मैसर्स पावर प्लांट परफॉर्मेस इंप्रूवमेंट लिमिटेड परिसमापन के अधीन है। इसलिए इन दोनों संयुक्त उद्यमों के समेकन पर विचार नहीं किया गया है। इन संयुक्त उद्यमों में क्रमशः रु. 4.93 करोड़ और रु. 2.00 करोड़ की राशि निवेश हेतु प्रदान की गई है।

निदेशक मंडल की ओर से और उनके लिए

(राजीव कालड़ा)	**(सुबोध गुप्ता)**	**(डॉ. नलिन सिंघल)**
कंपनी सचिव	**निदेशक (वित्त)**	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
एम. न. 14567	**डीआईए न 08113460**	**डीआईएनः 01176857**

समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

राज हर गोपाल एंड कंपनी	**तिवारी एंड एसोसिएट्स**	**महेश सी. सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउटेंट	चार्टर्ड अकाउटेंट	चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन . 002074छ	**एफआरएन . 002870छ**	**एफआरएन 006228सी**
(सी. ए. गोपाल कृष्ण)	**(सी. ए. कृष्ण कुमार)**	**(सी. ए. दीपेश शाह)**
पार्टनर	**पार्टनर**	**पार्टनर**
एम. न. 081085	**एम. न. 085415**	**एम. न. 404990**

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : जून 13, 2020

फार्म एओसी–2

(अधिनियम की धारा 134 की उपधारा (3) के खंड (ज) और कंपनी (लेखा) नियम, 2014 के नियम 8 (2) के अनुसरण में)

कंपनी अधिनियम, 2013 के खंड 188 के उपखंड (1) के संदर्भ मे तृतीय प्रावधान के अंतर्गत कुछ शर्तो के साथ हुए लेन–देन के साथ कंपनी के ठेकों/अनुलग्नकों (लेखों) के विवरणों के संबंध में प्रकटीकरण करने के प्रपत्र ।

1. ठेके/अनुलग्नकों/लेन–देन के विवरण, आर्म्स लेंथ आधार पर नहीं :

(क) संबंधित पक्ष का/के नाम एवं संबंध का स्वरूप	:	शून्य
(ख) ठेके/व्यवस्थाओं/लेन–देन का स्वरूप	:	शून्य
(ग) ठेकों या व्यवस्थाओं/लेन–देन की अवधि	:	शून्य
(घ) ठेकों या व्यवस्थाओं या लेन–देन की विशिष्ट शर्ते, मूल्य सहित अगर हो तो	:	शून्य
(ड) इन ठेकों या व्यवस्थाओं या लेन–देन का औचित्य	:	शून्य
(च) निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन की तिथि/तिथियां	:	शून्य
(छ) अग्रिम के तौर पर भुगतान की गई राशि, अगर हो तो	:	शून्य
(ज) वह तारीख जब आम सभा मे प्रस्ताव पारित हुआ, जैसा कि खंड 188 के अंतर्गत वांछित है	:	शून्य

2. सामग्री संबंधी ठेकों या अनुलग्नकों या लेन–देन के विवरण, आर्म्स लेंथ आधार पर

(क) संबंधित पार्टी के नाम एवं संबंध का स्वरूप	:	शून्य
(ख ठेकों/व्यवस्थाओं/लेन–देन का प्रकृति	:	शून्य
(ग) ठेकों या व्यवस्थाओं/लेन–देन की अवधि	:	शून्य
(घ) ठेकों या व्यवस्थाओं या लेन–देन की विशिष्ट शर्ते, मूल्य सहित अगर हो तो	:	शून्य
(च) निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदन की तिथि/तिथियां	:	शून्य
(छ) अग्रिम के तौर पर भुगतान की गई राशि, अगर हो तो	:	शून्य

निदेशक मंडल के लिए एवं की ओर से

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

डॉ.नलिन सिंघल

अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक: 28.09.2020

निदेशक मंडल की रिपोर्ट का अनुबंध– IX
स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

सेवा में

सदस्यगण,

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

एकल वित्तीय विवरण पर लेखा परीक्षा रिपोर्ट

हमने भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद यहॉं इसे ''धारक कंपनी'' के रूप में लिखा जाएगा) के संलग्न एकल वित्तीय विवरण की लेखा परीक्षा की है, जिसमें 31 मार्च 2020 को तुलन पत्र, इस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए लाभ–हानि विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तनों का समेकित विवरण एवं वर्ष के लिए नकदी प्रवाह का विवरण और महत्वपूर्ण लेखा नीतियां और अन्य व्याख्यात्मक सूचनाएं शामिल हैं, (इसके पश्चात इसे ''एकल वित्तीय विवरण'' कहा जाएगा)।

हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार तथा हमें दिए गए स्पष्टीकरणों के अनुरूप पूर्वोक्त वित्तीय विवरण, कंपनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') में अपेक्षित तरीके के अनुसार सूचना प्रदान करते हैं और यथा संशोधित कंपनीज (इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडर्ड) नियम 2015, के साथ पठित इस अधिनियम की धारा 133 के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानकों, (इंड एएस) एवं भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों के अनुपालन में 31 मार्च 2019 को कंपनी की स्थिति तथा इसी तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए हानि और कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तनों तथा नकदी प्रवाह को यथार्थ व उचित रूप से प्रस्तुत करते हैं।

राय का आधार

हमने कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत विनिर्दिष्ट लेखा परीक्षा मानकों (**SAs**) के अनुसार एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा की है। इन मानकों के अन्तर्गत हमारी जिम्मेदारियों को आगे हमारी रिपोर्ट के एकल वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षकों की जिम्मेदारियां खंड में वर्णित किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टड अकाउंटेंट द्वारा जारी आचार संहिता के साथ ही कंपनी अधिनियम, 2013 और इससे आधरित नियमों के प्रवधानों के अंतर्गत एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के लिये प्रासंगिक नैतिक आवश्यकताओं के अनुसार हम कंपनी से स्वतंत्र हैं और हमने इन आवश्कताओं और आचार संहिता के अनुसार अपनी अन्य नैतिक जिम्मेदारियों का पालन किया है। हमारा मानना है कि लेखा परीक्षा के जो साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं, वे कंपनी के एकल वित्तीय विवरण पर हमारी राय का आधार बनने के लिये पर्याप्त और उचित हैं।

मुख्य लेखा परीक्षा के विषय

मुख्य लेखा परीक्षा के विषय वे विषय हैं जो कि हमारे व्यावसायिक मतानुसार वर्तमान अवधि के वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के दौरान सबसे महत्वपूर्ण थे। इन विषयों पर राय बनाते हुए एकल वित्तीय विवरणों के लेखा परीक्षण के संबंध में पूर्णतः समाधान किया गया और हमें इन विषयों पर और कोई राय नहीं देनी है। हमने अपनी रिपोर्ट में सूचित किए जाने वाले प्रमुख लेखापरीक्षा विषयों के नीचे वर्णित मामलों का उल्लेख किया है।

मुख्य लेखा परीक्षा विषय	लेखा परीक्षक की प्रतिक्रिया
इंड एएस 115 के अंतर्गत ''ग्राहकों के साथ संविदा से राजस्व'' के सम्बंध मे राजस्व एवं अन्य शेषों की मान्यता, मापन, प्रस्तुति की सटीकता। **इन राजस्व लेखा मानकों के अनुप्रयोग में विशिष्ट निष्पादन दायित्वों का चिह्नित करना, चिह्नित विशिष्ट निष्पादन दायित्वों के लेन–देन मूल्य का निर्धारण, एक अवधि में मान्य राजस्व के मापन के आधार की उपयुक्तता, वित्तीय विवरणों में शेष के प्रस्तुतिकरण सहित प्रकटीकरण से संबंधित कतिपय मुख्य निर्णय शामिल हैं।** **आकलित प्रयास राजस्व निर्धारण करने का एक महत्वपूर्ण आकलन है क्योंकि इसके लिए अनुबंध की प्रगति, आज तक किए गए प्रयासों, शेष निष्पादन दायित्व को पूरा करने के लिए आवश्यक प्रयासों पर विचार करना आवश्यक है।** **एकल वित्तीय विवरण के नोट 49 को देखें।**	**लेखा परीक्षा की मूल प्रक्रियाएं** **आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल हैं:** • पूर्णता और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन की गई जानकारी रचना प्रक्रिया पर नियंत्रण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन किया गया। • मौजूदा जारी अनुबंधों और नए अनुबंधों में से एक सेंपल चुनकर विशिष्ट निष्पादन दायित्व और लेन–देन मूल्य का निर्धारण से संबधित आंतरिक नियंत्रण की परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया। • इंड एएस 115 के अनुरूप राजस्व के अभिलेखन एवं प्रकटीकरण में अनुप्रयुक्त लेखांकन प्रणालियों और अनुबंधों एवं इससे संबद्ध सूचनाओं में परिवर्तन के संगत सूचनाओं का परीक्षण किया, जिनका नए राजस्व लेखा मानकों के अनुसार का खुलासा करने और अभिलेखबद्ध करने में प्रयोग किया गया। • महत्वपूर्ण उपलब्धियां (Milestone) प्राप्त करने में संभावित देरी की पहचान के लिए अनुबंधों में से एक सेंपल चुन कर समीक्षा की गई, जिसमें कि शेष निष्पादन दायित्व को पूर्ण करने में आकलित प्रयासों को बदलने की आवश्यकता है। • तर्कसंगतता और अन्य संबंधित सामग्री मदों के ब्योरों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया।
इंड एएस 115 विनिर्मित और प्रेषण हेतु तैयार सामाग्री के लिए राजस्व की गणना में लेखांकन प्रक्रिया में परिवर्तन **कंपनी ने विनिर्मित और प्रेषण हेतु तैयार सामग्री के संदर्भ में राजस्व की गणना के लेखांकन प्रक्रिया में परिवर्तन के निम्नलखित दिशा निर्देशों को पूर्वप्रभाव से लागू किया है:** **समय के साथ राजस्व को मान्य करते समय परियोजनाओं के लिए विनिर्मित और प्रेषण हेतु तैयार सामग्री की लागत को इनपुट पद्धति के अंतर्गत प्रगति के मापन में भी लागत के रूप मे माना जाएगा।** **एकल वित्तीय विवरण के नोट 50 को देखें।**	**लेखा परीक्षा की मूल प्रक्रिया** **हमने नए राजस्व लेखांकन मानक को लागू करने के प्रभाव को चिहनित करने के लिए कंपनी की आंतरिक प्रक्रियाओं का आकलन किया।आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल है:** • बोर्ड स्तरीय ऑडिट कमेटी के दिनांक 11.02.220 के कार्यवृत में बोर्ड की ऑडिट कमेटी के अनुमोदन की जांच की। • कंपनी द्वारा आईसीएआई की विशेषज्ञ सलाहकार समिति की राय दिनांक 10.02.2020 की जांच की। • नए राजस्व लेखा प्रक्रियाओं को लागू करने से संबंधित आंतरिक नियंत्रण के डिजाइन का मूल्यांकन किया । • इनपुट पद्धति में समाविष्ट किए जाने हेतु चिन्हित वस्तुओं का चयन किया, और वस्तुओं को चिह्नित करने और मूल्य के निर्धारण से संबंधित आंतरिक नियंत्रण के परिचालन प्रभावशीलता का परीक्षण किया। • तर्कसंगतता और अन्य संबंधित मूर्त मदों विवरणों के लिए विश्लेषणात्मक प्रक्रियाएं और परीक्षण किए।

व्यापार प्राप्य एवं अनुबंध संपत्तियों का मूल्यांकन एवं वसूली की संभावना	लेखा परीक्षा की मूल प्रक्रिया
31 मार्च, 2020 के अंत में कंपनी के पास रु. 24093.05 करोड़ (निवल) की अनुबंध संपत्तियां तथा रु.12378.05 करोड़ के व्यापार प्राप्य बकाया हैं। यह शेष इंड एएस 115 ''ग्राहकों के साथ अनुबंधों से राजस्व'' के अनुसार पूर्ण हुए अनुबंधों और चालू अनुबंधो के लिए मान्य राजस्व से संबंधित हैं। इसके आकार और प्रबंधकीय निर्णय के उच्च स्तरीय होने कारण इसकी वसूली की संभावना का आकलन एक मुख्य लेखा विषय है। एकल वित्तीय विवरणों के नोट 6,9,11,17,49 को देखें।	अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य के राजस्व मान्यता और समीक्षा तंत्र के लिए हमने कंपनी की आतंरिक प्रक्रिया का आकलन किया है। आंतरिक नियंत्रण और प्रक्रियाओं के डिजाइन और संचालन प्रभावशीलता के परीक्षण से निहित हमारे लेखापरीक्षा दृष्टिकोण में निम्नलिखित शामिल है: • बीजक बनाने, सत्यापन करने तथा ग्राहकों के साथ पुनःमिलान की प्रक्रिया का मूल्यांकन किया। • परियोजनावार बकाया विवरण और प्रबंधन द्वारा इसके समीक्षा तंत्र की सूची को प्राप्त किया। • अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की क्षति पर कंपनी के दिशानिर्देशों और नीतियों की समीक्षा की। • सेंपल आधार पर वर्ष के अंत में अनुबंध संपत्तियों एवं व्यापार प्राप्य की एजिंग की सटीकता की जांच की। • तर्कसंगतता, वसूली की संभावनाऔर अन्य संबंधित सामग्रीमदोंके विवरणों पर विश्लेषणात्मक प्रक्रियाओं और परीक्षणों को किया

मामले की महत्ता

हम एकल वित्तीय परिणामों के लिए नोट 51 की ओर ध्यान आकर्षित करते हैं जिसमें कंपनी ने कोविड–19 महामारी से उत्पन्न प्रभाव का वर्णन किया है।

इस मामले के संबंध में हमारी रिपोर्ट को संशोधित नहीं किया गया है।

एकल वित्तीय विवरण और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट के अलावा अन्य जानकारी

कंपनी का निदेशक मंडल अन्य सूचनाएं तैयार करने के लिए उत्तरदायी है। अन्य जानकारी में प्रबंधकीय परिचर्चा व विश्लेषण में सम्मिलित की गई जानकारी, बोर्ड रिपोर्ट के अनुलग्नकों सहित बोर्ड रिपोर्ट, व्यावसायिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट, कॉर्पोरेट अभिशासन तथा शेयरधारकों की सूचना आती है परंतु एकल वित्तीय विवरण और इस पर लेखा परीक्षक की रिपोर्ट इसमें सम्मिलित नहीं होती है।वित्तीय विवरणों पर हमारी राय अन्य जानकारी को कवर नहीं करती है और हम इस पर कोई आश्वासन या निष्कर्ष नहीं देते हैं।

एकल वित्तीय विवरणों के हमारे लेखा परीक्षण के संबंध में, हमारी जिम्मेदारी अन्य सूचनाओं को पढ़ना और ऐसा करते हुए ध्यान रखना कि वित्तीय विवरणों के साथ अन्य सूचनाएं कहीं असंगत तो नहीं हैं अथवा लेखापरीक्षा में प्राप्त जानकारी अन्यथा भौतिक रूप से गलत प्रतीत होती है।

यदि, हमारे किए गए कार्य के आधार पर, हम इस निष्कर्ष पर पहुँचते हैं कि यह अन्य सूचना सारतः अनुचित है, तो हमें उस तथ्य की रिपोर्ट करना आवश्यक है। हमें इस संदर्भ में कुछ भी रिपोर्ट नहीं करना है।

एकल वित्तीय विवरणों के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का निदेशक मंडल कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 134(5) में वर्णित विषयों के संदर्भ में इन वित्तीय विवरणों को इस प्रकार तैयार किए जाने हेतु उत्तरदायी है, जो भारत में सामान्य रूप से स्वीकार्य लेखा सिद्धांतों और इंड एएस के अनुरूप कंपनी की वित्तीय स्थिति, वित्तीय प्रदर्शन, कुल व्यापक आय, इक्विटी में परिवर्तनों तथा नकदी प्रवाह का एक वास्तविक और सही विवरण प्रदान करते हों। इस उत्तरदायित्व में ऐसे पर्याप्त लेखांकन रिकॉर्ड का अनुरक्षण भी सम्मिलित है जो अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा हेतु और धोखाधड़ी व अन्य अनियमितताओं को पता लगाने और रोकने हेतु; उचित लेखांकन नीतियों का चयन और अनुप्रयोग; उचित और विवेकपूर्ण आकलन और निर्णय लेने; एवं धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले किसी भी प्रकार के मूर्त अनुचित कथन से मुक्त तथा वास्तविक और उचित दृष्टिकोण प्रस्तुत कराने वाले वित्तीय विवरणों के निर्माण और प्रस्तुतीकरण हेतु पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों, जो कि लेखांकन रिकॉर्ड की सटीकता और पूर्णता को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम कर रहे थे, का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव हेतु प्रासंगिक हों।

समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने में, समूह को एक उन्नतिशील व्यावसायिक इकाई के रूप में बनाए रखने के लिए समूह की योग्यता का आकलन करने, क्रियाशील इकाई से संबन्धित जांकारियाँ यथा आवश्यक प्रकटीकरण करने और जब तक प्रबंधन समूह के परिसमापन या परिचालन रोकने की मंशा न रखती हो अथवा इसके अतिरिक्त कोई यथार्थ कारण न हो, तब तक समूह को लेखांकन का आधार बनाने के लिए कंपनी के निदेशक मण्डल उत्तरदायी है।

निदेशक मंडल कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग प्रक्रिया की देखरेख के लिए जिम्मेदार हैं।

एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में लेखा परीक्षक की जिम्मेदारियां

हमारा उद्देश्य इस बारे में तर्कसंगत आश्वासन प्राप्त करना है कि क्या वित्तीय विवरण धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण होने वाले सारतःत्रुटिपूर्ण कथन से समग्र रूप में मुक्त है और लेखा परीक्षक की रिपोर्ट जारी करना, जिसमें हमारी राय शामिल हो। तर्कसंगत आश्वासन उच्च स्तर का आश्वासन है, लेकिन यह गारंटी नहीं है कि लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार किया गया लेखा परीक्षण सदैव किसी सारतः त्रुटिपूर्ण कथन का पता लगा ही लेगा, यदि कोई हो तो। त्रुटिपूर्ण कथन धोखाधड़ी या त्रुटि से उत्पन्न हो सकते हैं और इन्हें संदेहास्पद माना जाता है, यदि, एकल रूप में या कुल मिलाकर, वे इन एकल वित्तीय विवरणों के आधार पर उपयोगकर्ताओं के आर्थिक निर्णयों को यथोचित रूप में प्रभावित करना प्रत्याशित है।

लेखा परीक्षा मानकों के अनुसार एक लेखा परीक्षण के भाग के रूप में, पूरे लेखा परीक्षण के दौरान हम पेशेवर तरीके से निर्णय लेते हैं और पेशेवर संशयात्मकता को बनाए रखते हैं। हम यह भी करते हैं:

- वित्तीय विवरणों के सारतः गलत कथन, चाहे वे धोखाधड़ी के कारण हों या त्रुटि के कारण, की पहचान करना और जोखिमों को आंकना और इन जोखिमों के अनुक्रियाशील लेखा परीक्षण प्रक्रियाओं का पूरा करना, और लेखा परीक्षण साक्ष्यों को प्राप्त करना जोकि हमारी राय के लिए पर्याप्त और उचित हों। धोखाधड़ी के परिणाम स्वरूप सारतः गलत कथन कोन खोज पाने का जोखिम, गलती के परिणामस्वरूप से कहीं ज्यादा होता है, क्योंकि धोखाधड़ी में मिलीभगत, जाल–साजी, जानबूझकर की गई चूकें, गलत बयानी या आंतरिक नियंत्रणों को अधिभावी (override) किया जाता है।

- परिस्थितियों के अनुसार लेखा परीक्षा प्रक्रियाओं को डिजाइन करने के लिए लेखा परीक्षण के संगत आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143 (3) (i) के अनुसार, हम इस बात पर अपनी राय व्यक्त करने के लिए भी जिम्मेदार हैं कि क्या कंपनी के पास पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली है और इस तरह के नियंत्रणों के संचालन में प्रभावशीलता है।

- उपयोग की गई लेखांकन नीतियों की उपयुक्तता और प्रबंधन द्वारा किए गए लेखांकन आकलनों और संबंधित प्रकटन की तर्कसंगतता का मूल्यांकन करें।

- लेखांकन की चिंता के आधार के प्रबंधन के उपयोग की उपयुक्तता पर निष्कर्ष निकाला है, और प्राप्त लेखा परीक्षण साक्ष्य के आधार पर, क्या कुछ ऐसी अनिश्चितता मौजूद है जो कंपनी की क्षमता पर गंभीर संदेह पैदा कर सकती है, जो एक चिंता का विषय है। यदि हम यह निष्कर्ष निकालते हैं कि कोई सामग्री अनिश्चितता (material uncertainty) मौजूद है, तो हमें अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में वित्तीय विवरणों में संबंधित प्रकटन पर ध्यान आकर्षित करना होगा या हमारी राय को संशोधित करने के लिए इस तरह के प्रकटन अपर्याप्त हैं। हमारे निष्कर्ष,तारीख तक हमारे लेखा परीक्षक की रिपोर्ट से प्राप्त लेखा परीक्षा साक्ष्य पर आधारित हैं। हालांकि, भविष्य में होने वाली घटनाएं या स्थितियां कंपनी की चिंता का विषय बनी रह सकती है।

- प्रकटन सहित एकल वित्तीय विवरण की समग्र प्रस्तुति, संरचना और सामग्री का मूल्यांकन करें, और क्या एकल वित्तीय विवरण अंतर्निहित लेनदेन और व्यवसाय को उचित रूप में दर्शाते हैं।

- भौतिकत्व (Materiality) एकल वित्तीय विवरणों में गलत बयानी का परिमाण है जो, व्यक्तिगत रूप से या कुल मिलाकर, वित्तीय विवरणों के एक उचित जानकार उपयोगकर्ता के आर्थिक निर्णय प्रभावित कर सकता हैं। हम (i) अपने लेखा परीक्षा कार्य के दायरे (Scope) की योजना बनाने और परिणामों का मूल्यांकन करने में; और (ii) वित्तीय विवरणों में पाई गई किसी गलत बयानी के प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए भौतिकत्व (Materiality) और गुणात्मक कारकों (qualitativefactors) पर विचार करते हैं।

हम अन्य मामलों में, लेखा परीक्षण के प्लान किए स्कोप तथा समय और महत्वपूर्ण लेखा परीक्षण निष्कर्षों के साथ, आंतरिक नियंत्रण में पहचानी गई कमियों को शामिल करते हैं, जो लेखा परीक्षण के दौरान हमारी नज़र में आती हैं ।

हम उन आरोपों को भी इस उल्लेख के साथ गवर्नेंस प्रदान करते हैं कि हमने स्वतंत्रता से संबंधित संगत नैतिक अपेक्षाओं का अनुपालन किया है, और उन सभी संबंधों और अन्य मामलों, जो हमारी स्वतंत्रता जहां लागू हो, वहां सुरक्षा संबंधी उपायों पर निर्भर करते हैं, को संप्रेषित करते हैं।

बताए गए मामलों में से जिन मामलों में गवर्नेंस पर आरोप लगाए गए हैं, हम उन मामलों को मौजूदा अवधि के एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण मामलों के रूप निर्धारित करते हैं। हम अपने लेखा परीक्षक की रिपोर्ट में इन मामलों को तब तक रखते हैं जब तक कि कानून या विनियमन इस मामले के बारे में सार्वजनिक प्रकटीकरण नहीं करता है या अत्यंत असाधारण परिस्थितियों में, जब हम यह निर्धारित करते हैं कि हमारी रिपोर्ट में किसी मामले का जिक्र नहीं किया जाना चाहिए क्योंकि ऐसा करने के प्रतिकूल परिणाम होंगें और इस तरह के जिक्र से लोकहित प्रभावित होगा ।

अन्य विषयः

हमने कंपनी के एकल वित्तीय विवरण में शामिल 10 (दस) वित्तीय विवरणों/सूचनाओं का लेखा परीक्षण नहीं किया था जिनका वित्तीय विवरण/वित्तीय जानकारी 31 मार्च 2020 को रु. 36782 करोड़ की कुल संपत्ति और उस तारीख को समाप्त हुए वर्ष के लिए रु. 11651 करोड़ के कुल राजस्व को दर्शाते हैं, जैसा कि एकल वित्तीय विवरण में दर्शाया गया था। इन शाखाओं के वित्तीय विवरणों/जानकारियों की शाखा लेखा परीक्षकों द्वारा लेखा परीक्षा की गई जिनकी रिपोर्ट हमें भेजी गई और ऐसे शाखा लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित इन शाखाओं के संबंध में शामिल राशियों और प्रकटन पर हमारी राय प्रस्तुत की गई।

हमारी राय इस मामले के संबंध में संशोधित नहीं है।

अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्टः

1) अधिनियम के खंड 143 के उपखंड (11) के संदर्भ में भारत सरकार द्वारा जारी कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश, 2016 ("आदेश") के संदर्भ में अपेक्षानुसार हम आदेश के पैराग्राफ 3 और 4 में विनिर्दिष्ट मामलों पर "अनुबंध क" प्रस्तुत करते हैं।

2) **अधिनियम के खंड 143 (3) के संदर्भ में अपेक्षानुसार हम रिपोर्ट देते हैं किः**

   क) जहां तक हमें जानकारी और विश्वास है, हमने लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक जानकारियां एवं विवरण प्राप्त कर लिए हैं।

   ख) हमारे विचार से, कंपनी ने विधि के अनुसार लेखा बहियां रखी हैं, जैसा कि हमें इन बहियों की जांच में मिला है और हमारे द्वारा दौरा न की गई शाखाओं से हमारी लेखापरीक्षा के प्रयोजन के लिए आवश्यक पर्याप्त जानकारी प्राप्त हो गई है।

   ग) शाखा लेखा परीक्षकों के द्वारा अधिनियम की धारा 143 (8) के तहत लेखापरीक्षित कंपनी के शाखा कार्यालयों के लेखा की रिपोर्ट हमें प्रेषित की गई है और रिपोर्ट करते समय हमारे साथ सही तरीके से विचार विमर्श किया गया है।

   घ) इस रिपोर्ट में हमारे द्वारा जांचे गए तुलन पत्र (अन्य व्यापक आय) सहित लाभ एवं हानि खाता विवरण तथा इक्विटी लेन–देन में परिवर्तन और हमारे द्वारा इस दौरान की

गई शाखाओं से प्राप्त जानकारियों के अनुसार है।

ड.) हमारी राय में, उक्त वित्तीय विवरण अधिनियम की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों का अनुपालन करते हैं, जो कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम,2015 के साथ पढ़ा जाता हैं।

च) एक सरकारी कंपनी होने के नाते, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 (2) जो इस बारे में है कि किसी निदेशक को निदेशक के रूप में नियुक्त किए जाने से अयोग्य घोषित किया जा सकता है, अधिसूचना जी.एस.आर 463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के मद्देनजर कंपनी पर लागू नहीं है।

छ) कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की उचितता के संबंध में और इस तरह के प्रचालन प्रभाव के संबंध में नियंत्रण, ''अनुबंध ख'' में हमारी अलग रिपोर्ट देखें।

ज) अन्य विषयों के संबंध में हमारी सर्वोत्तम जानकारी और हमें दिए गए स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी (लेखापरीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 में लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट में शामिल किए गए हैं:

i. कंपनी ने अपने एकल वित्तीय विवरण में अपनी वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटन किया है – वित्तीय विवरणों पर टिप्पणी 41 का संदर्भ लें।

ii. कंपनी ने व्युत्पन्न अनुबंध सहित लंबी अवधि के अनुबंध पर, सामग्री के संभावित नुकसान (यदि कोई हो) के लिए लागू कानून और लेखा मानकों के तहत आवश्यकता के अनुसार प्रावधान किया है। वित्तीय विवरणों पर नोट 48 का संदर्भ लें।

iii. कंपनी द्वारा कंपनी अधिनियम 2013 तथा इसके तहत नियमों के अनुसार निवेशक शिक्षा एवं सुरक्षा फंड में स्थानांतरित की जाने वाली राशि को स्थानांतरित करने में कोई देरी नहीं हुई है।

3) इस अधिनियम की धारा 143 (5) में अपेक्षित, हमने, भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा जारी निर्देशों पर विचार किया है, उसके बाद उसी के अनुसार कार्य किया है और उसका प्रभाव कंपनी के लेखा एवं वित्तीय विवरण ''अनुबंध ग'' पर आया है।

कृते राज हर गोपाल एंड कंपनी	कृते तिवारी एंड एसोसिएट्स	कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट	चार्टर्ड अकाउंटेंट	चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 002074N	**FRN - 002870N**	**FRN - 006228C**
(सी गोपाल कृष्ण)	(कृष्ण कुमार)	(सीए दीपेश शाह)
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सदस्य सं. **081085**	सदस्य सं. **085415**	सदस्य सं. **404990**
UDIN:20081085AAAAFS7960	UDIN:20085415AAAAAI1679	UDIN:20404990AAAAAA7876

स्थानः नई दिल्ली / इंदौर
दिनांकः 13 जून 2020

स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट का ''अनुबंध – क''

(भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (कंपनी) की 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लेखों की समसंख्यक दिनांक की हमारी जो 'अन्य विधिक और विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्ट' शीर्षक के अंतर्गत दी गई है, के पैरा–1 में यथा उल्लिखित)

i) (क) कंपनी ने सामान्यतः मात्रात्मक विवरण और अपनी स्थायी परिसंपत्तियों की स्थिति सहित पूर्ण विवरण दर्शाते हुए उचित रिकार्ड रखा है।

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार प्रबंधन द्वारा तीन वर्ष की अवधि में सभी अचल परिसंपत्तियों सहित सभी संपत्ति, संयंत्र एवं उपकरण को शामिल करते हुए निर्धारित कार्यक्रम के अधीन चरणबद्ध कार्यक्रम के अनुसार स्थायी परिसंपत्तियों का प्रत्यक्ष सत्यापन कराया जा रहा है, जो हमारी राय में कंपनी के आकार और व्यवसाय के स्वरूप की दृष्टि से समुचित समझा जाता है और वर्ष के दौरान कराए गए सत्यापन में कोई मूर्त विसंगति नहीं देखी गई।

(ग) कंपनी के नाम से धारित नहीं की गई अचल संपत्ति के विलेख के विवरण वित्तीय विवरण के नोट न. 3.1 (क से च) में दिए गए हैं।

ii) हमे जैसा स्पष्ट किया गया है, कुछ यूनिटों में चालू कार्य के भंडार और तैयार माल, जहां ऐसी यूनिटों के उत्पादन योजना विभाग का निरीक्षण तथा उत्पादन रिपोर्टों के संदर्भ में इनका वर्ष के अंत में सत्यापन किया जाता है, को छोड़कर वर्ष के दौरान नियमित अंतरालों पर स्थायी मालसूची कार्यक्रम के अधीन प्रबंधन द्वारा मालसूची का प्रत्यक्ष सत्यापन किया गया है। संविदाकारों/फैब्रीकेटरों और अन्य पक्षों के पास पड़े हुए स्टॉक के संबंध में केवल कुछ मामलों में पुष्टियां प्राप्त हुई थीं। हमारी राय में सत्यापन की आवृत्ति उचित है। सामग्री के संबंध में कोई विसंगति प्राप्त नहीं हुई है।

iii) हमें दी गई सूचना के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम की धारा 2013 की धारा 189 के अधीन रखे गए रजिस्टर में शामिल कंपनियों, फर्मों के सीमित दायित्व भागीदारों अथवा किसी अन्य पक्षों को प्रतिभूत अथवा अप्रतिभूत ऋण नहीं दिया है। अतः चालू वर्ष के लिए कंपनी (लेखा परीक्षक रिपोर्ट) आदेश पैरा 3 के खंड (iii) क,(iii) ख, एवं (iii) ग कंपनी पर लागू नहीं होते हैं।

iv) कंपनी ने ऋण निवेश, गारंटी और प्रतिभूति के संबंध में कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 185 और 186 के उपबंधों का अनुपालन किया है।

v) कंपनी के रिकार्ड की जांच के आधार पर और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार कंपनी ने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 73 से 76 अथवा अन्य संगत प्रावधानों और कंपनी (जमाराशि की स्वीकृति) नियम, 2014 के अनुसार वर्ष के दौरान आम जनता से कोई जमा राशि स्वीकार नहीं की है।

vi) हमने कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 148(1) के तहत केंद्र सरकार द्वारा विहित कंपनी (लागत रिकाड्र्स एवं लेखा) नियम, 2014 के अनुसरण में, कंपनी द्वारा रखी गई लेखा पुस्तिकाओं तथा कंपनी के रिकार्डों का व्यापक निरीक्षण किया और हमारी राय में कंपनी ने निर्धारित लेखा एवं रिकाड्र्स को संरक्षित रखा है। तथापि, इन लेखों और लागत रिकार्डों की विस्तृत जांच की न तो हमारी अपेक्षा है और न ही हमने की है।

vii) (क) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार और प्रस्तुत की गई तथा हमारे द्वारा जांची गई बहियों और रिकार्ड के अनुसार, हमारी राय में, कंपनी सामान्यतः नियमित रूप से भविष्य निधि, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, धन कर, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, उपकर और उपयुक्त प्राधिकारियों पर यथा लागू कोई अन्य वास्तविक सांविधिक देयताओं सहित अविवादित सांविधिक देय राशियों को जमा कर रही है।

(ख) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार भुगतान की तारीख से 6 महीने से अधिक माह की अवधि हेतु 31 मार्च, 2020 को भविष्य निधि, निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि, कर्मचारी राज्य बीमा, आयकर, बिक्री कर, धन कर, सेवा कर, उत्पाद शुल्क, सीमा शुल्क, उपकर और अन्य सांविधिक देयता बकाया राशि विवादित नहीं थीं।

(ग) हमें दी गई सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार जिस बिक्री कर, आयकर, उत्पाद शुल्क, सेवा कर, सीमा शुल्क और उपकर को विवाद के कारण जमा नहीं किया है, वह निम्न प्रकार है:

(रुपए करोड़ में)

क्र. सं.	सांविधिक प्रावधान का नाम	देयताओं की प्रकृति	लंबित राशि	विरोध के अधीन की गई राशि	विरोध के अधीन की गई राशि
1	केंद्रीय बिक्री कर अधिनियम, विभिन्न राज्यों के मूल्य वर्धित कर और बिक्री कर अधिनियम	बिक्री कर, वैट	11.39	5.70	आकलन अधिकरी
			497.09	60.39	उपायुक्त / संयुक्त आयुक्त/ आयुक्त (अपील)
			335.44	137.91	अपीलीय अधिकरण
			35.37	20.90	उच्च न्यायालय
			4.84	4.84	सर्वोच्च न्यायालय
			325.40	1.78	विभिन्न अपीलीय प्राधिकारी
2	केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944	उत्पाद शुल्क	43.79	-	आकलन अधिकरी
			32.53	0.02	आयुक्त (अपील)
			55.85	4.39	अपीलीय अधिकरण
			29.04	1.00	उच्च न्यायालय
			0.55	0.55	सर्वोच्च न्यायालय

(रुपए करोड़ में)

क्र. सं.	सांविधिक प्रावधान का नाम	देयताओं की प्रकृति	लंबित राशि	विरोध के अधीन की गई राशि	विरोध के अधीन की गई राशि
3	वित्त अधिनियम, 1994 के अधीन	सेवा कर	1.18	-	आकलन अधिकरी
			18.51	0.57	आयुक्त (अपील)
			769.08	12.86	अपीलीय अधिकरण
			4.86	-	विभिन्न अपीलीय प्राधिकारी
4	सीमा शुल्क अधिनियम, 1962	सीमा शुल्क	5.80	5.80	उच्च न्यायालय

viii) हमारे द्वारा कंपनी के रिकार्ड की जांच और हमें दी गई सूचना एवं स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी ने सूचना और स्पष्टीकरण के अनुसार, कंपनी द्वारा वित्तीय संस्थानों, बैंकों से लिए गए ऋण या लोन की अदायगी में चूक नहीं हुई है। कंपनी ने कोई डिबेंचर जारी नहीं किया है।

ix) हमारे द्वारा कंपनी के रिकार्ड की जांच और हमें दी गई वर्ष के दौरान कोई धनराशि आरंभिक सार्वजनिक प्रस्ताव या भावी सार्वजनिक प्रस्ताव शामिल या सावधि ऋण के माध्यम से कोई धन प्राप्त नहीं किया है।

x) कंपनी केरिकार्ड और बहियों के बारे में हमारी जांच के दौरान, भारत मे आम तौर पर स्वीकृत लेखा परीक्षा पद्धति के अनुसार, कंपनी द्वारा कोई भी धोखाधड़ी या उसके अधिकारियों या कर्मचारियों द्वारा कंपनी पर कोई भी धोखाधड़ी नहीं पाई या बताई गई है।

xi) एक सरकारी कंपनी होने के नाते कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 197 प्रबंधकीय पारिश्रमिक के संबंध में अधिसूचना सं जीएसआर 463 (ई) दिनांक 05.06.2015 के मद्देनजर कंपनी पर लागू नहीं है।

xii) निधि कंपनी नहीं होने के कारण, कंपनी पर निधि कंपनी से संबंधित खंड सं 3 (xii) के प्रावधान लागू नहीं हैं।

xiii) हमे दिए गए स्पष्टीकरण और जानकारी और हमारे द्वारा कंपनी के रिकार्ड की जांच के अनुसार, संबंधित पक्ष का लेन–देन कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 177 और 188 के अनुसार है और इसका वित्तीय विवरण में उल्लेख किया गया है।

xiv) हमारी जांच और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, वर्ष के दौरान आंशिक रूप से परिवर्तनीय डिबेंचर या पूरी तरह या शेयरों के प्राइवेट प्लेसमेंट या अधिमान्य आवंटन से संबंधित खंड सं (xiv) के प्रावधान वर्ष के दौरान प्राइवेट प्लेसमेंट ने जगह ली या अधिमान्य आवंटन किसी रूप में कंपनी पर लागू नहीं है।

xv) हमारी जांच और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, कंपनी के निदेशकों या उसके साथ जुड़े व्यक्तियों के साथ कोई भी गैर–नकदी लेन–देन नहीं किया है।

xvi) हमारी जांच और हमें दी गई जानकारी और स्पष्टीकरण के आधार पर, कंपनी का भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अनुभाग 45 – आई ए के तहत पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है।

कृते राज हर गोपाल एंड कंपनी	कृते तिवारी एंड एसोसिएट्स	कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चाटर्ड अकाउंटेंट	चाटर्ड अकाउंटेंट	चाटर्ड अकाउंटेंट
FRN - 002074N	FRN - 002870N	FRN - 006228C
(सी गोपाल कृष्ण)	(कृष्ण कुमार)	(सीए दीपेश शाह)
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सदस्य सं. 081085	सदस्य सं. 085415	सदस्य सं. 404990
UDIN:20081085AAAAFS7960	UDIN:20085415AAAAAI1679	UDIN:20404990AAAAAA7876

स्थान: नई दिल्ली / इंदौर
दिनांक: 13 जून 2020

''अनुबंध–ख''

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के एकल वित्तीय विवरणों पर समसंख्यक दिनांक को स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट कंपनी अधिनियम 2013 (अधिनियम) की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (1) के तहत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट:

हमने समसंख्यक तिथि को समाप्त वर्ष के लिए एकल वित्तीय विवरणों की लेखा परीक्षा के साथ भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (''कंपनी'') की 31 मार्च 2020 तक वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की लेखापरीक्षा की है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लिए प्रबंधन की जिम्मेदारी

कंपनी का प्रबंधन भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक संस्थान द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण लेखापरीक्षा पर गाइडेंस नोट में उल्लिखित आंतरिक नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करते हुए कंपनी द्वारा स्थापित रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक नियंत्रण पर आधारित आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। इन उत्तरदायित्वों में शामिल हैं – पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का डिजाइन, कार्यान्वयन और पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का रखरखाव, जिसके तहत क्रमबद्धता सुनिश्चित करने के लिए जो कि अपने व्यापार का कुशल एवं प्रभावी ढंग से संचालन किया जा रहा था, जिसमे सम्मिलित हैं – कंपनी की नीतियों का पालन, अपनी संपत्ति की सुरक्षा, रोकथाम और धोखाधड़ी और त्रुटियां, सटीकता और लेखा अभिलेखों की पूर्णता का पता लगाना और कंपनी अधिनियम 2013, के तहत अपेक्षानुसार विश्वसनीय वित्तीय जानकारी की समय पर तैयारी करना।

लेखापरीक्षकों की जिम्मेदारी

हमारी जिम्मेदारी हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करने के लिए है। हम अपना लेखा परीक्षण लेखापरीक्षा मानकों और वित्तीय रिपोर्टिंग (गाइडेंस नोट) पर लेखा परीक्षण के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर गाइडेंस नोट के अनुसार संचालित करते हैं, जो इंस्टीट्यूट आफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स आफ इंडिया द्वारा जारी और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण के लिए लागू, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण की सीमा लागू करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित समझी गई हों और आईसीएआई द्वारा जारी की गई हों। उन मानकों और गाइडेंस नोट की अपेक्षा है कि हम नैतिक अपेक्षाओं की पूर्ति करें और लेखापरीक्षा की योजना इस बात को ध्यान में रखकर बनाएं तथा लेखापरीक्षा करें, उचित आश्वासन प्राप्त करें कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और व्यवस्थित किया गया था और सभी भौतिक पहलुओं में इस तरह का प्रभावी ढंग से नियंत्रण संचालित है।

हमारी आंतरिक वित्तीय लेखापरीक्षा वित्तीय रिपोर्टिंग को नियंत्रित करती है, जिसमें वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की समझ प्राप्त करना शामिल है, जिसमें सामग्री दोष के जोखिम का निर्धारण करना और निर्धारित जोखिम के आधार पर डिजाइन का परीक्षण और मूल्यांकन तथा आंतरिक नियंत्रण का प्रभावी प्रचालन शामिल है। चुनी हुई प्रतिक्रियाएं लेखा परीक्षक के फैसले पर निर्भर करती हैं जिनमें वित्तीय विवरण को गलत दर्शाए जाने के जोखिम का निर्धारण भी शामिल है, चाहे कारण धोखाधड़ी या त्रुटि हो।

हम मानते हैं कि जो लेखा परीक्षण साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं और अन्य मामले पैराग्राफ में नीचे दी गई अन्य लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट के संदर्भ में उनके द्वारा प्राप्त किया गया लेखापरीक्षा साक्ष्य वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली पर हमारी लेखा परीक्षण राय के लिए एक आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर वित्तीय रिपोर्टिंग का अर्थ

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक डिजाइन की गई प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करती है और आम तौर पर स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुसार बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी करती है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर एक कंपनी का आंतरिक वित्तीय नियंत्रण वह प्रक्रिया है, जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के संबंध में पर्याप्त आश्वासन प्रदान करने और सामान्य रूप से स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार बाह्य प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए डिजाइन की गई है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं शामिल है, जो (1) ऐसे रिकार्ड के रखरखाव से संबंधित हैं, जिसमें कंपनी की सम्पत्तियों का विवरण पर्याप्त, सही और उचित रूप में दर्शाया गया है। (2) उचित आश्वासन देते हैं कि लेन–देन आम तौर पर स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति के लिए दर्ज हो रहे हैं और प्राप्तियां और व्यय केवल कंपनी के प्रबंधन और कंपनी के निदेशक प्राधिकार के अनुसार किया जा रहा है और (3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान का समय पर पता लगाने या रोकथाम के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करें जो वित्तीय विवरणों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं

चूंकि वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं हैं, जिनमें मिलीभगत या अनुचित प्रबंधन और नियंत्रण का ओवरराइड भी शामिल है। इसलिए त्रुटि या जालसाजी के कारण गलत विवरण होने तथा उनका पता न लग पाने की आशंका है। इसके अलावा, भविष्य के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के किसी भी मूल्यांकन का अनुमान रहे। इस जोखिम के अधीन है कि स्थितियों में बदलाव के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त हो सकता है या नीतियों के अनुपालन की डिग्री या प्रक्रियाएं खराब हो सकती हैं

राय

हमारी राय में, कंपनी में सभी प्रत्यक्ष मामलों में 31 मार्च 2020 को वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली और वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रभावी ढंग से काम कर रही है, जो इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकांउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा जारी की गई आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के आवश्यक घटकों पर विचार करके कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक नियंत्रण मानदंड पर आधारित है।

कृते राज हर गोपाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 002074N

(सी गोपाल कृष्ण)
भागीदार
सदस्य सं. **081085**
UDIN:20081085AAAAFS7960

कृते तिवारी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 002870N

(कृष्ण कुमार)
भागीदार
सदस्य सं. **085415**
UDIN:20085415AAAAAI1679

कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 006228C

(सीए दीपेश शाह)
भागीदार
सदस्य सं. **404990**
UDIN:20404990AAAAAA7876

स्थानः नई दिल्ली / इंदौर
दिनांकः 13 जून 2020

''अनुबंध–ग'' स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (एकल) के वर्ष 2019–20 के वार्षिक लेखों की लेखा परीक्षा (ऑडिट) के दौरान सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा जांच किए जाने वाले क्षेत्रों के बारे में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(5) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक द्वारा जारी किए गए निर्देश।

क्र.सं.	जांच किए गए क्षेत्र	सुझाए गए उत्तर
1	क्या कंपनी में सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्र.ाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लि, सिस्टम है। यदि हाँ, तो आईटी प्र.ाली के बाहर लेखांकन लेनदेन के प्रसंस्करण का वित्तीय लेनदेन सहित खातों की यथार्थता पर प्रभाव, यदि कोई हो तो बताएं।	हां, कंपनी के पास सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली के माध्यम से सभी लेखांकन लेनदेन को संसाधित करने के लिए सिस्टम है।
2	क्या कंपनी द्वारा कर्ज चुकाने में अक्षमता के कारण किसी ऋणदाता द्वारा वर्तमान ऋण का कोई रि–स्ट्रक्चरिंग किया गया है या देनदारी, ऋण, ब्याज आदि को बट्टा खाते में लिखा है /छूट के प्रकरण हैं? यदि हाँ, तो वित्तीय प्रभावों का उल्लेख करें।	हमें दी गई सूचनाओं और स्पष्टीकरण के अनुसार और कंपनी के रिकॉर्ड की हमारी जांच के आधार पर, कंपनी द्वारा ऋण चुकाने में असमर्थता के कारण ऋणदाता द्वारा ऋण की कोई रि–स्ट्रक्चरिंग/वेवर/राइट ऑफ नहीं किया गया है / ब्याज नहीं लगाया गया है।
3	क्या किसी केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लिए प्राप्त निधि का नियम और शर्तों के अनुसार सही तरीके से उपयोग किया गया है? जिन मामलों में भिन्नता हो उनका उल्लेख करें।	केंद्रीय/राज्य एजेंसियों से विशिष्ट योजनाओं के लि, प्राप्त की गई निधि को उसके नियमों और शर्तों के अनुसार उचित रूप से उपयोग किया गया है।

कृते राज हर गोपाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 002074N

(सी गोपाल कृष्ण)
भागीदार
सदस्य सं. **081085**
UDIN:20081085AAAAFS7960

कृते तिवारी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 002870N

(कृष्ण कुमार)
भागीदार
सदस्य सं. **085415**
UDIN:20085415AAAAAI1679

कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउंटेंट
FRN - 006228C

(सीए दीपेश शाह)
भागीदार
सदस्य सं. **404990**
UDIN:20404990AAAAAA7876

स्थानः नई दिल्ली / इंदौर
दिनांकः 13 जून 2020

गोपनीय

संख्या.:DGA (Energy)/Rep/Acs/BHEL/2020-21/ 92

सत्यमेव जयते

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
OFFICE OF THE
DIRECTOR GENERAL OF AUDIT (ENERGY)
DELHI

दिंनाक/Dated: 11.08.2020

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबंध-निदेशक,
भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
नई दिल्ली

महोदय,

विषय:-31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड , नई दिल्ली के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

मैं, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड , नई दिल्ली के 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लेखाओं पर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित कर रहा हूँ।

कृपया इस पत्र की संलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

भवदीय,

संलग्नक:- यथोपरि।

डी.के. शेखर

(डी. के. शेखर)
महानिदेशक

छठा एवं सातवाँ तल, ऐनेक्सी बिल्डिंग, 10, बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली - 110002
6th & 7th floor, Annexe Building, 10 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi -110002
Tel: 011-23239227, Fax: 011-23239211, E-mail: pdaenergydl@cag.gov.in

COMMENTS OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA UNDER SECTION 143(6)(b) OF THE COMPANIES ACT, 2013 ON THE FINANCIAL STATEMENTS OF BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2020

The preparation of financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2020 in accordance with the financial reporting framework prescribed under the Companies Act, 2013 (Act) is the responsibility of the management of the company. The statutory auditors appointed by the Comptroller and Auditor General of India under section 139 (5) of the Act are responsible for expressing opinion on the financial statements under section 143 of the Act based on independent audit in accordance with the standards on auditing prescribed under section 143(10) of the Act. This is stated to have been done by them vide their Audit Report dated 13 June 2020.

I, on behalf of the Comptroller and Auditor General of India, have conducted a supplementary audit of the financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2020 under section 143(6)(a) of the Act. This supplementary audit has been carried out independently without access to the working papers of the statutory auditors and is limited primarily to inquiries of the statutory auditors and company personnel and a selective examination of some of the accounting records.

On the basis of my supplementary audit nothing significant has come to my knowledge which would give rise to any comment upon or supplement to statutory auditors' report under section 143(6)(b) of the Act.

For and on behalf of the
Comptroller & Auditor General of India

(D.K. Sekar)
Director General of Audit (Energy),
Delhi

Place: New Delhi
Dated: 11 August 2020

वित्तीय विवरण

एकल वित्तीय विवरण 164

तुलन पत्र, 31 मार्च, 2020 को

(रु. करोड़ों में)

विवरण	नोट	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
क. परिसंपत्तियाँ					
1. गैर चालू संपत्तियाँ					
(क) संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	3क		2735.47		2883.92
(ख) पूंजीगत चालू कार्य	3ख		306.74		223.21
(ग) अमूर्त संपत्ति	4क		78.61		83.07
(घ) विकासशील अमूर्त संपत्ति	4ख		7.26		12.23
(ढ) वित्तीय सम्पत्तियां					
(i) निवेश	5	669.51		669.36	
(ii) व्यापार से प्राप्य	6	5270.43		3935.20	
(iii) ऋण	7	83.17	6023.11	82.82	4687.38
(च) आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध देनदारियां)	8		2756.21		3497.37
(छ) अन्य गैर चालू सम्पत्तियां	9		16660.49		14671.78
कुल गैर चालू संपत्तियां			28567.89		26058.96
2 चालू संपत्तियां					
(क) माल सूची	10		8905.46		7797.29
(ख) वित्तीय परिसंपत्तियां					
(i) व्यापार प्राप्य	11	7107.62		11860.80	
(ii) नकदी व नकदी समतुल्य	12	1402.86		795.60	
(iii) नकदी व नकदी समतुल्य के अतिरिक्त बैंक बैंलस	13	5015.70		6707.74	
(iv) ऋण	14	134.99		157.45	
(v) अन्य वित्तीय परिसंपत्तियां	15	123.85	13785.02	162.19	19683.78
(ग) चालू कर सम्पत्ति (शुद्ध)	16		229.02		-
(घ) अन्य चालू संपत्ति	17		9784.03		10891.02
कुल चालू संपत्ति			32703.53		38372.09
कुल संपत्ति			61271.42		64431.05
ख. इक्विटी और देयता रू					
3 इक्विटी					
(क) इक्विटी शेयर पूंजी	18		696.41		696.41
(ख) अन्य इक्विटी	18ए		28484.80		30735.39
कुल इक्विटी			29181.21		31431.80

तुलन पत्र, 31 मार्च, 2020 को

(रु. करोड़ों में)

विवरण	नोट	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
देनदारियां					
4 गैर चालू देनदारियां					
(क) वित्तीय देनदारियां					
(i) उधार	19	75.37		95.45	
(ii) व्यापार देय	20				
(i) सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का कुल बकाया		8.25		-	
(ii) उद्यमों के अतिरिक्त लेनदारों का कुल बकाया		999.62		702.98	
(iii) अन्य वित्तीय देनदारियां	21	159.02	1242.26	91.53	889.96
(ख) प्रावधान	22		5247.89		5463.14
(ग) गैर चालू अन्य देनदारियां	23		2952.65		3615.88
कुल गैर चालू देनदारियां			9442.80		9968.98
5 चालू देनदारियां					
(क) वित्तीय देनदारियां					
(i) उधार	24	4933.39		2431.74	
(ii) व्यापार देय	25				
(i) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों की कुल देनदारियां		492.12		764.91	
(ii) सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों के अतिरिक्त लेनदारों का कुल बकाया		8399.86		10610.20	
(iii) अन्य वित्तीय देनदारियां	26	1482.72	15308.09	2068.14	15874.99
(ख) प्रावधान	27		3081.78		2485.51
(ग) वर्तमान कर देनदारियां (शुद्ध)	16		-		91.40
(घ) अन्य वर्तमान देनदारियां	28		4257.54		4578.37
कुल वर्तमान देनदारियां			22647.41		23030.27
कुल देनदारियां			32090.21		32999.25
कुल इक्विटी और देनदारियां			61271.42		64431.05
तैयारी का आधार ए मापन और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां	2				

साथ में दिए गए नोट इन वित्तीय विवरणों का एक अभिन्न भाग हैं

निदेशक मंडल की ओर से और उनके लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
एम. न. 14567

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईए न 08113460

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 01176857

समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

राज हर गोपाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन . 002074छ

तिवारी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन . 002870छ

महेश सी. सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन 006228सी

(सी. ए. गोपाल कृष्ण)
पार्टनर
एम. न. 081085

(सी. ए. कृष्ण कुमार)
पार्टनर
एम. न. 085415

(सी. ए. दीपेश शाह)
पार्टनर
एम. न. 404990

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : जून 13, 2020

लाभ हानि विवरण

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

(रु. करोड़ों में)

विवरण	नोट	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए		31 मार्चए 2019 को समाप्त वर्ष के लिए	
आय					
परिचालन से राजस्व	29		**21486.06**		30422.68
अन्य आय	30		**580.58**		677.64
कुल आय			**22066.64**		31100.32
व्यय					
सामग्री खपत, निर्माण और इंजिनीयरिंग व्यय	31		**15079.94**		19248.97
तैयार माल की इनवेंट्री में परिवर्तन और कार्य प्रगति पर	32		**(1015.53)**		(990.80)
कर्मचारी लाभों पर व्यय	33		**5403.47**		5501.60
निर्माणए प्रशासन, बिक्री और वितरण पर व्यय	34		**1995.60**		2693.57
प्रावधान	35		**255.46**		1837.38
वित्तीय व्यय	36		**506.95**		287.29
मूल्यह्रास और परिशोधन	3.1/4.1		**502.86**		474.81
कुल व्यय			**22728.75**		29052.82
कर पूर्व लाभ			**(662.11)**		2047.50
कर पर व्यय	37				
क) वर्तमान कर		**1.52**		735.07	
ख) आस्थगित कर		**809.34**	**810.86**	103.78	838.85
1. साथ में दिए गए विवरणों में एक सहयोगी कंपनी के लेखा परीक्षित वित्तीय परिणाम/विवरण सम्मिलित हैं, जिनके वित्तीय विवरण/परिणाम 31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष की समूह के शुद्ध लाभ का अंश 25.72 करोड़ रुपये और अन्य व्यापक आय 0.13 करोड़ रुपये को दर्शाते है, इन्हें संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई का समेकित वित्तीय विवरण माना जाता है। इन वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षण अन्य लेखा परीक्षकों द्वारा किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रबंधन ने हमें दी है और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक इसका संबंध राशि और प्रकटीकरण से है और अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, जहां तक उक्त कथित संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में है, पूरी तरह से अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर आधारित है।
2. हमने संयुक्त रूप से नियंत्रित दो इकाइयों के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया था। समेकित वित्तीय विवरणों में उस संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों में से समूह की शुद्ध हानि और अन्य व्यापक हानियों का अंश सम्मिलित नहीं हैं क्योंकि समूह ने पहले से ही इन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों के संबंध में अपने वित्तीय विवरणों में निवेश की लागत के बराबर संचित घाटे को मान्यता दी है। इन वित्तीय विवरणों का लेखापरीक्षण नहीं किया गया है, जिसकी रिपोर्ट प्रबंधन ने हमें दी है और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक इसका संबंध राशि और प्रकटीकरण से है, और अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, जहां तक उक्त कथित संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में है, पूरी तरह से बिना लेखा परीक्षित वित्तीय विवरणों पर आधारित है। ये वित्तीय विवरण समूह के लिए मूर्त नहीं हैं।
3. हमने एक सहायक कंपनी के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया था। समेकित वित्तीय वक्तव्यों में एक सहायक कंपनी के लेखा परीक्षण पूर्व वित्तीय परिणाम/विवरण सम्मिलित हैं जिनके वित्तीय विवरण/परिणाम में 31 मार्च, 2020 तक निवल परिसंपत्तियां 21.31 करोड़ रूपय और शुद्ध परिसंपत्तियां ऋणात्मक 18.51 करोड़ रुपये, इसी दिनांक की समाप्त वर्ष के लिए कुल राजस्व 3.97 करोड़ रूपये और शुद्ध नकदी प्रवाह 0.11 करोड़ रूपय था जैसा की समेकित वित्तीय विवरणों में दिखाया गया है। इन वित्तीय जानकारियों का लेखा अपरीक्षण नहीं किया गया हैं और प्रबंधन द्वारा हमें यह प्रस्तुत की गई है संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों पर हमारी रिपोर्ट, जहां तक इसका संबंध राशि और प्रकटीकरण से है, और अधिनियम की धारा 143 की उप–धाराओं (3) और (11) के संदर्भ में हमारी रिपोर्ट, जहां तक उक्त कथित सहयोगी कंपनी के संदर्भ में है, पूरी तरह से लेखा परीक्षण पूर्व के वित्तीय विवरणों पर आधारित है। ये वित्तीय विवरण समूह के लिए मूर्त नहीं हैं।
4. बीएचईएल के एक संयुक्त उद्यम–पावरप्लांट परफॉरमेंस इम्प्रूवमेंट्स लिमिटेड के खातों को समेकित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त कंपनी परिसमापन के अधीन है और इक्विटी निवेश की पूरी राशि प्रदान कर दी गई है। दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड के खातों को भी समेकित नहीं किया गया है क्योंकि उक्त कंपनी परिसमापन के अधीन है और निवेश प्रदान कर दिया गया है।

हमारे द्वारा किए गए कार्य और प्रबंधन द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा पूर्व वित्तीय विवरणों और अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्टों पर निर्भरता के संबंध में समेकित वित्तीय वक्तव्यों पर हमारी राय, और नीचे दी गई अन्य कानूनी और विनियामक आवश्यकताओं पर हमारी रिपोर्ट, उपरोक्त विषयों के सापेक्ष संशोधित नहीं की गई है ।

अन्य विधि एवं विनियामक अपेक्षाओं पर रिपोर्टः

1) अधिनियम के खंड 143 के अनुसार आवश्यक हमारी लेखा परीक्षा के आधार पर और

"अन्य विषय" पैराग्राफ में विनिर्दिष्ट सहायक कंपनी, संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई की लेखा परीक्षा रिपोर्ट पर विचार करने पर, लागू सीमा तक, हम रिपोर्ट करते हैं कि:

क) हमारी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के आधार पर हमने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरणों कि लेखा परीक्षा के लिए आवश्यक जानकारियां एवं स्पष्टीकरण मांगे और प्राप्त कर लिए हैं;

ख) हमारे विचार से, कंपनी ने उक्त कथित समेकित वित्तीय विवरण बनाने के संबंध में विधि के अनुसार लेखा बहियां बनाई हैं,जहां तक हमारे द्वारा इन बहियों की जांच से और अन्य लेखा परीक्षकों कि रिपोटों से प्रतीत होता है;

ग) इस रिपोर्ट के साथ व्यावह्रत समेकित बैलेंस शीट, लाभ और हानि का समेकित विवरण (अन्य व्यापक आय सहित), इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण और समेकित नकदी प्रवाह विवरण; समेकित वित्तीय विवरण तैयार करने के उद्देश्य से बनाई गई संगत लेखा पुस्तिकाओं के अनुबंध में है;

घ) हमारी राय में, पूर्वोक्त समेकित वित्तीय विवरण, अधिनियम की धारा 133 सहपाठित कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 यथासंशोधित, के अंतर्गत विनिर्दिष्ट भारतीय लेखा मानकों और भारत में सामान्यत; स्वीकार्य अन्य लेखांकन सिद्धांतों का अनुपालन करते हैं;

ङ) कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 164 (2) के प्रावधानों के अंतर्गत निदेशकों की अयोग्यता के संबंध में कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सं.: जी.एस.आर. 463 (ई) दिनांक 05–06–2015 कंपनी पर लागू नहीं है;

च) भारत में निगमित धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाईयों की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और ऐसे नियंत्रणों की संचालन प्रभावशीलता के संबंध में "अनुलग्नक ।" में हमारी पृथक रिपोर्ट का अवलोकन करें;

छ) कंपनी (लेखा परीक्षा और लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के नियम 11 के अनुसरण में, लेखा परीक्षा रिपोर्ट में सम्मिलित किए जाने वाले अन्य विषयों को, हमारी राय में और हमारी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार और हमें प्रदत्त स्पष्टीकरण के अनुरूप और सहायक कंपनी एवं संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों की अन्य वित्तीय जानकारी के रूप में पृथक वित्तीय विवरणों पर अन्य लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट पर विचार के आधार पर, "अन्य विषयों" पैराग्राफ में उल्लेखित किया गया है;

i. समेकित वित्तीय विवरण समूह और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाईओं की समेकित वित्तीय स्थिति पर लंबित मुकदमों के प्रभाव का प्रकटीकरण करते हैं – समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 42 देखें;

ii. दीर्घकालिक अनुबंधों में मूर्त निकटवर्ती हानि, यदि हो तो, के लिए समेकित वित्तीय विवरणों में प्रावधान किया गया है जैसा कि लागू कानून या भारतीय लेखांकन मानकों के अंतर्गत आवश्यक है– ऐसे मदों के संदर्भ में समेकित वित्तीय विवरणों की टिप्पणी 51 देखें क्योंकि इनका संबंध समूह और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों से है और;

iii. भारत में निगमित धारक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों हो और उसकी सहायक कंपनियों के द्वारा इंवेस्टर एजुकेशन एंड प्रोटेक्शन फ़ंड में स्थानांतरित की जाने वाली राशि को स्थानांतरित करने में कोई विलंब नहीं किया गया है

कृते राज हर गोपाल एंड कंपनी	**कृते तिवारी एंड एसोसिएट्स**	**कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउंटेंट	**चार्टर्ड अकाउंटेंट**	**चार्टर्ड अकाउंटेंट**
एफआरएन - 002074N	**एफआरएन - 002870N**	**एफआरएन - 006228C**
(सी गोपाल कृष्ण)	**(कृष्ण कुमार)**	**(सीए दीपेश शाह)**
भागीदार	**भागीदार**	**भागीदार**
सदस्य सं. 081085	**सदस्य सं. 085415**	**सदस्य सं. 404990**
यूडीआईएन : 20081085AAAAFS7960	यूडीआईएन: 20085415AAAAAI1679	यूडीआईएन : 0404990AAAAAA7876

स्थानः नई दिल्ली / इंदौर
दिनांकः 13 जून 2020

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल लिमिटेड की भा.ले.मा. के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरण पर स्वतंत्र लेखा परीक्षकों की संसंख्यक रिपोर्ट का अनुलग्नक "ए"

कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 143 की उपधारा 3 के खंड (i) के अंतर्गत आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर रिपोर्ट

31 मार्च, 2020 को समाप्त हुए वर्ष के लिए कंपनी के भा.ले.मा. के अनुरूप समेकित वित्तीय विवरणों की हमारी लेखा परीक्षा के संजोजन के रूप में, हमने इसी दिनांक पर भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (इसके बाद में इसे "होल्डिंग कंपनी" के रूप में संदर्भित किया गया है।") की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का लेखा परीक्षण किया है। हमने एक सहायक कंपनी और तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों के वित्तीय विवरणों का लेखा परीक्षण नहीं किया, जिसमें से एक संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई का अन्य लेखा परीक्षक द्वारा लेखा परीक्षण किया गया है और दो संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाईयां और एक सहायक कंपनी का लेखा परीक्षण नहीं किया गया है।

आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लिए प्रबंधन का उत्तरदायित्व

धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां, जो भारत में निगमित की गई कंपनियां हैं, के संगत निदेशक मण्डल इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशा निर्देश नोट मेंकथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुये कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग मानदंड पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के आधार पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित करने और इसे बनाए रखने के लिए उत्तरदायी है।

कंपनी अधिनियम, 2013 केअंतर्गत आवश्यक विश्वसनीय वित्तीय जानकारी का समयबद्ध बनाया जाना, लेखांकन अभिलेखों की शुद्धता और संपूर्णता, त्रुटियों व धोखाधड़ी का पता लगाना और रोकथाम, कंपनी की परिसंपत्तियों की सुरक्षा, संबंधित कंपनी की नीतियों का दृढ़ता से पालन सहित अपने व्यवसाय के व्यवस्थित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी रूप से क्रियाशील पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों का डिजाइन, कार्यान्वयन और रखरखाव इन जिम्मेदारियों में सम्मिलित है।

लेखापरीक्षकों का उत्तरदायित्व

हमारी लेखापरीक्षा के आधार पर वित्तीय रिपोर्टिंग पर कंपनी के आंतरिक वित्तीय नियंत्रण पर एक राय व्यक्त करना हमारा उत्तरदायित्व है। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशानिर्देश नोट ("दिशानिर्देश नोट") एवं आईसीएआई द्वारा जारी लेखा परीक्षा मानकों और आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण के लिए लागू, आंतरिक वित्तीय नियंत्रण के लेखा परीक्षण की सीमा लागू करने के लिए कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143 (10) के अंतर्गत निर्धारित समझी गईं हों, के अनुरूप हम अपना लेखा परीक्षण करते हैं। उन मानकों और गाइडेंस नोट की अपेक्षा है कि हम नैतिक अपेक्षाओं की पूर्ति करें और इस तथ्य पर यथोचित आश्वासन प्राप्त करने के लिए कि क्या वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण स्थापित और अनुरक्षित था और यह नियंत्रण सभी मूर्त पहलुओं पर प्रभावी रूप से संचालित था, लेखा परीक्षा योजना बनाएं तथा लेखापरीक्षा करें।

हमारी लेखापरीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली की पर्याप्तता और इसकी संचालन प्रभावशीलता के बारे में लेखा परीक्षा साक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रक्रियाओं को निष्पादित करना सम्मिलित है। वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की हमारी लेखा परीक्षा में वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की समझ प्राप्त करना, किसी मूर्तनिर्बलता के होने के संकट का आकलन और आकलित संकट के आधार पर आंतरिक नियंत्रण की संचालन प्रभावशीलता एवं डिजाइन का मूल्यांकन व परीक्षण करना सम्मिलित है। वित्तीय विवरणों की मूर्त मिथ्या कथन, चाहे वह धोखाधड़ी या त्रुटि के कारण हो, का संकट के आकलन सहित लेखा परीक्षकों के निर्णय पर प्रक्रियाएं चयनित की जाती हैं।

हमें विश्वास है कि जो लेखापरीक्षा साक्ष्य हमने प्राप्त किए हैं और अन्य लेखा परीक्षकों ने अपनी रिपोर्ट के संदर्भ में जो लेखा परीक्षा साक्ष्य अन्य विषय पैराग्राफ में नीचे दिए हैं, वह कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली हेतु लेखा परीक्षा राय का आधार प्रदान करने के लिए पर्याप्त और उचित है।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण का अर्थ

किसी कंपनी की वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण एक प्रक्रिया है जो वित्तीय रिपोर्टिंग की विश्वसनीयता के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करने के लिए और सामान्यतः स्वीकृत लेखांकन सिद्धांतों के अनुरूप बाहरी प्रयोजनों के लिए वित्तीय विवरणों की तैयारी करने हेतु डिजाइन की जाती है।

कंपनी के वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण में वे नीतियां और प्रक्रियाएं सम्मिलित हैं, जो (1) ऐसे अभिलेखों के रखरखाव से संबंधित हैं, जिसमें कंपनी की सम्पत्तियों के लेनदेनों और निपटान का यथार्थ और उचित रूप में युक्तियुक्त विवरण दर्शाया गया है।

(2) उचित आश्वासन देते है कि लेनदेन सामान्यतः स्वीकृत लेखाकरण सिद्धांतों के अनुसार वित्तीय विवरणों की तैयारी की अनुमति के लिए दर्ज हो रहे है और कंपनी की प्राप्ति यां और व्यय केवल कंपनी प्रबंधन और कंपनी के निदेशक प्राधिकरण के अनुसरण में हो रही है; और

(3) कंपनी की परिसंपत्तियों के अनधिकृत अधिग्रहण, उपयोग, या निपटान; जो वित्तीय विवरणों पर मूर्त प्रभाव डाल सकते हैं, का समय पर पता लगाने या रोकथाम के बारे में उचित आश्वासन प्रदान करें।

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण की निहित सीमाएं

वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की अंतर्निहित सीमाओं जिनमें मिली भगत की संभावना, नियंत्रण अधिभाव का अनुचित प्रबंधन सम्मिलित है, कारण त्रुटियां धोखाधड़ी से मूर्त मिथ्या कथनी हो सकती है जिसका पता नहीं लगता है। इसके अतिरिक्त, भविष्य की अवधि के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के किसी भी मूल्यांकन के अनुमान इस जोखिम के अधीन हैकि स्थितियों में परिवर्तन के कारण अथवा नीतियों या प्रक्रियाओं के अनुपालन के स्तर में कमी के कारण वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण अपर्याप्त होसकता है।

अन्य विषय

अधिनियम की धारा 143 (3) (i) के अंतर्गत वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों की पर्याप्तता और संचालन प्रभावशीलता पर हमारी उपरोक्त रिपोर्ट, जहां तक एक सहायक कंपनी और तीन संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाइयों, जो कि भारत में निगमित कंपनियाँ है, से संबंधित है, भारत में निगमित एक संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाई की संगत लेखा परीक्षक रिपोर्ट पर और दो संयुक्त रूप से नियंत्रित इकाईयों एवं एक सहायक कंपनी के प्रबंधन प्रमाण पत्र पर आधारित है।

राय

हमारी राय में, धारक कंपनी, इसकी सहायक कंपनी और संयुक्त रूप से नियंत्रित कंपनियां में, जो भारत में निगमित गई कंपनियां हैं, इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) द्वारा जारी वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रणों के लेखा परीक्षण दिशा निर्देश नोट में कथित आंतरिक नियंत्रण के वांछित घटकों पर विचार करते हुये कंपनी द्वारा स्थापित वित्तीय रिपोर्टिंग पर आंतरिक वित्तीय नियंत्रण मानदंड के आधार पर, सभी मूर्त पहलुओं के सापेक्ष वित्तीय रिपोर्टिंग पर पर्याप्त आंतरिक वित्तीय नियंत्रण प्रणाली स्थापित थी और 31 मार्च, 2020 को प्रभावशाली रूप से संचालित थी ।

कृते राज हर गोपाल एंड कंपनी	कृते तिवारी एंड एसोसिएट्स	कृते महेश सी सोलंकी एंड कंपनी
चाटर्ड अकाउंटेंट	चाटर्ड अकाउंटेंट	चाटर्ड अकाउंटेंट
एफआरएन - **002074N**	एफआरएन - **002870N**	एफआरएन - **006228C**
		
(सी गोपाल कृष्ण)	(कृष्ण कुमार)	(सीए देवेश शाह)
भागीदार	भागीदार	भागीदार
सदस्य सं. **081085**	सदस्य सं. **085415**	सदस्य सं. **404990**
यूडीआईएन : 20081085AAAAFS7960	यूडीआईएन: 20085415AAAAAI1679	यूडीआईएन : 0404990AAAAAA7876

स्थानः नई दिल्ली / इंदौर
दिनांकः 13 जून 2020

गोपनीय

संख्या.:DGA (Energy)/Rep/Acs/CFS-BHEL/2020-21/06

सत्यमेव जयते

INDIAN AUDIT & ACCOUNTS DEPARTMENT
OFFICE OF THE
DIRECTOR GENERAL OF AUDIT (ENERGY)
DELHI

दिंनाक/Dated: 11.08.2020

सेवा में,

अध्यक्ष एवं प्रबंध-निदेशक,
भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
नई दिल्ली

महोदय,

विषय: 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के समेकित वित्तीय विवरण (Consolidated Financial Statements) पर कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 143(6)(b) एवं धारा 129(4) के अन्तर्गत भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ।

मैं, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, नई दिल्ली के 31 मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के समेकित वित्तीय विवरण (Consolidated Financial Statements) पर कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 143(6)(b) एवं धारा 129(4) के अंतर्गत भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक की टिप्पणियाँ अग्रेषित कर रहा हूँ। कृपया इस पत्र की संलग्नकों सहित प्राप्ति की पावती भेजी जाए।

भवदीय,

संलग्नक:- यथोपरि।

डी.के. शेखर

(डी. के. शेखर)
महानिदेशक

छठा एवं सातवाँ तल, ऐनैक्सी बिल्डिंग, 10, बहादुरशाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली - 110002
6th & 7th floor, Annexe Building, 10 Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi -110002
Tel: 011-23239227, Fax: 011-23239211, E-mail: mabnewdelhi3@cag.gov.in

COMMENTS OF THE COMPTROLLER AND AUDITOR GENERAL OF INDIA UNDER SECTION 143(6) (b) READ WITH SECTION 129 (4) OF THE COMPANIES ACT, 2013 ON THE CONSOLIDATED FINANCIAL STATEMENTS OF BHARAT HEAVY ELECTRICALS LIMITED FOR THE YEAR ENDED 31 MARCH 2020

The preparation of consolidated financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2020 in accordance with the financial reporting framework prescribed under the Companies Act, 2013 (Act) is the responsibility of the management of the company. The statutory auditors appointed by the Comptroller and Auditor General of India under section 139 (5) read with section 129 (4) of the Act are responsible for expressing opinion on the financial statements under section 143 read with section 129 (4) of the Act based on independent audit in accordance with the standards on auditing prescribed under section 143(10) of the Act. This is stated to have been done by them vide their Audit Report dated 13.06.2020.

I, on behalf of the Comptroller and Auditor General of India, have conducted a supplementary audit of the consolidated financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited for the year ended 31 March 2020 under section 143(6)(a) read with section 129(4) of the Act. We conducted a supplementary audit of the financial statements of Bharat Heavy Electricals Limited, but did not conduct supplementary audit of the financial statements of companies mentioned in Annexure-I for the year ended on that date. Further, Section 139(5) and 143(6)(a) of the Act are not applicable to the BHEL-GE Gas Turbine Services Limited being private entity, for appointment of their Statutory Auditor and for conduct of supplementary audit. Accordingly, Comptroller & Auditor General of India has neither appointed the Statutory Auditor nor conducted the supplementary audit of this company. This supplementary audit has been carried out independently without access to the working papers of the statutory auditors and is limited primarily to inquiries of the statutory auditors and company personnel and a selective examination of some of the accounting records.

On the basis of my supplementary audit nothing significant has come to my knowledge which would give rise to any comment upon or supplement to statutory auditors' report under section 143(6)(b) of the Act.

For and on behalf of the
Comptroller & Auditor General of India

(D. K. Sekar)
Director General of Audit (Energy),
Delhi

Place: New Delhi
Dated: 11 August 2020

ANNEXURE I

List of subsidiaries, associate companies and jointly controlled entities whose financial statements were not audited by the Comptroller and Auditor General of India

Subsidiaries Companies

1. BHEL Electrical Machines Limited

Joint Venture Companies

1. NTPC-BHEL Power Projects Private Limited
2. Raichur Power Corporation Limited

समेकित बैलेंस शीट. 31 मार्च, 2020 को

(रु. करोड़ में)

विवरण		नोट	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
क.	परिसंपत्तियाँ					
1.	गैर चालू संपत्तियाँ	3क		2738.51		2887.39
(क)	संपत्ति, संयंत्र और उपकरण	3ख		306.74		223.21
(ख)	पूंजीगत चालू कार्य	4क		78.61		83.07
(ग)	अमूर्त संपत्ति	4ख		7.26		12.23
(घ)	विकासशील अमूर्त संपत्ति	5		158.97		149.42
(ढ)	वित्तीय सम्पत्तियां					
(i)	निवेश	5ख	3.09		2.94	
(ii)	व्यापार से प्राप्य	6	5270.43		3935.09	
(iii)	ऋण	7	83.17	5356.69	82.82	4020.85
(च)	आस्थगित कर परिसंपत्ति (शुद्ध देनदारियां)	8		2765.87		3505.45
(छ)	अन्य गैर चालू सम्पत्तियां	9		16660.49		14671.78
कुल गैर चालू संपत्तियां				28073.14		25553.40
(2)	वर्तमान परिसंपत्तियाँ					
(क)	मॉल सूची	10		8908.23		7800.04
(ख)	वित्तीय परिसंपत्तियां					
(i)	कारोबार प्राप्त राशि	11	7108.60		11863.14	
(ii)	नगद एवं नगद समकक्ष	12	1402.86		795.74	
(iii)	नगद एवं नगद समकक्ष के अतिरिक्त बैंक में जमा	13	5015.73		6707.80	
(iv)	ऋण	14	135.24		157.71	
(v)	वित्तीय परिसंपत्तियां	15	127.50	13789.93	165.40	19689.79
(ग)	वर्तमान कर परिसंपत्तियां (शुद्ध) वर्तमान कर	16		229.07		
(घ)	अन्य चालू परिसंपत्तियां	17		9783.95		10891.08
कुल वर्तमान परिसंपत्तियां				32711.18		38380.91
कुल परिसंपत्तियां				60784.32		63934.31
ख.	इक्विटी और दायित्वः					
3	इक्विटी					
(क)	इक्विटी शेयर पूंजी	18		696.41		696.41
(ख)	अन्य इक्विटी	18ए		27964.31		30207.93
				28660.72		30904.34
	गैर नियंत्रित ब्याज			(9.07)		(6.73)
	कुल इक्विटी			28651.65		30897.60

समेकित बैलेंस शीट. 31 मार्च, 2020 को

(रु. करोड़ में)

विवरण	नोट	31 मार्च, 2020 को		31 मार्च, 2019 को	
दायित्व					
4 गैर – चालू देयताएं					
(क) वित्तीय देयताएँ					
(i) उधार	19	**75.37**		95.45	
(ii) कारोबार देयताएँ	20				
(i) सूक्ष्म उद्यमों और छोटे उद्यमों का कुल बकाया		**8.25**		-	
(ii) सूक्ष्म उद्यमों और छोटे उद्यमों के अलावा लेनदारों का कुल बकाया		**999.62**		702.87	
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	21	**159.02**	**1242.26**	91.29	889.61
(ख) प्रावधान	22		**5260.92**		5476.03
(ग) अन्य गैर – मौजूद देयताएं	23		**2952.65**		3615.88
कुल गैर – चालू दायित्व			**9455.83**		9981.52
5 चालू दायित्व					
(क) वित्तीय देयताएँ					
(i) उधारी	24	**4947.92**		2444.57	
(ii) कारोबार देयताएँ	25				
(i) सूक्ष्म उद्यमों और छोटे उद्यमों का कुल बकाया		**492.12**		764.91	
(ii) वर्तमान कर दायित्व (शुद्ध)		**8405.40**		10616.07	
(iii) अन्य वित्तीय देयताएँ	26	**1487.29**	**15332.73**	2070.24	15895.79
(ख) प्रावधान	27		**3085.76**		2488.97
(ग) वर्तमान कर दायित्व (शुद्ध)	16		**-**		91.34
(घ) अन्य वर्तमान देनदारियां	28		**4258.35**		4579.08
कुल वर्तमान दायित्व			**22676.84**		23055.19
कुल देनदारियां			**32132.67**		33036.71
कुल इक्विटी एवं देयताएं			**60784.32**		63934.31
तैयारी, माप और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का आधार	2				

साथ में दी गई टिप्पणियाँ इन वित्तीय वक्तव्यों का एक अभिन्न हिस्सा हैं

निदेशक मंडल की ओर से और उनके के लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
एम. न. 14567

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईए न 08113460

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 01176857

समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

राज हर गोपाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 002074एन

तिवारी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 002870एन

महेश सी. सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 006228सी

(सी. ए. गोपाल कृष्ण)
पार्टनर
एम. न. 081085

(सी. ए. कृष्ण कुमार)
पार्टनर
एम. न. 085415

(सी. ए. दीपेश शाह)
पार्टनर
एम. न. 404990

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : जून 13, 2020

लाभ और हानि का समेकित विवरण

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

(रु. करोड़ों में)

विवरण	नोट	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए		31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए	
आय					
प्रचालन से राजस्व	29		21490.01		30441.38
अन्य आय	30		564.30		661.52
कुल आय			22054.31		31102.90
व्यय					
सामग्री खपत, निर्माण और इंजिनीयरिंग खर्च	31		15081.72		19261.32
तैयार माल की इनवेंट्री में परिवर्तन और कार्य प्रगति पर	32		(1015.56)		(989.31)
कर्मचारी लाभों पर व्यय	33		5408.71		5509.25
निर्माण, प्रशासन, बिक्री और वितरण पर व्यय	34		1996.53		2698.13
प्रावधान	35		255.98		1834.06
वित्तीय खर्च	36		508.45		288.37
मूल्यह्रास और परिशोधन खर्च	3.1/4.1		503.27		475.74
कुल व्यय			22739.10		29077.56
इक्विटी विधि व कर द्वारा निवेश के शुद्ध लाभ / हानि के नुकसान के अंशदान का लाभ/ हानि			(684.79)		2025.34
इक्विटी विधि द्वारा संयुक्त उद्यमों के लिए शुद्ध लाभ/ हानि का अंशदान			25.72		(185.60)
कर . पूर्व लाभ			(659.07)		1839.74
कर व्यय	37				
क) वर्तमान कर		1.52		735.07	
ख) आस्थगित कर		807.76	809.28	102.25	837.32
वर्ष (क) का लाभ			(1468.35)		1002.42
अन्य व्यापक आय	38				
वे मदें जिनको लाभ अथवा हानि के लिए पुनर्वर्गीकृत नही किया जाएगा (कर का शुद्ध)					
निर्धारित कर्मचारी लाभों का पुनर्मापन			(273.87)		(119.17)
इक्विटी पद्धति द्वारा जेवी के ओसीआई का का अंशदान			0.13		0.02
(ख) वर्ष के लिए अन्य व्यापक आय			(273.74)		(119.15)
(क+ख) वर्षों के लिए कुल व्यापक आय			(1742.09)		883.27
अन्य कारकः					
मूल के इक्विटी धारक			(1739.75)		885.95
गैर नियंत्रित ब्याज			(2.34)		(2.68)

लाभ और हानि का समेकित विवरण

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

(रु. करोड़ों में)

विवरण	नोट	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
		(1742.09)	883.27
वर्ष के लिए कुल अन्य व्यापक आय			
अन्य कारक			
मूल के इक्विटी धारक		**(273.74)**	(119.15)
गैर – नियंत्रित ब्याज		**-**	-
		(273.74)	(119.15)
वर्ष के लिए कुल आय			
मूल के इक्विटी धारक		**(1466.01)**	1005.10
गैर . नियंत्रित ब्याज		**(2.34)**	(2.68)
		(1468.35)	1002.42
प्रति इक्विटी शेयर आय	**39**		
(1) मूल (प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रूपये)		**(4.22)**	2.76
(2) मिश्रित (प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रूपये)		**(4.22)**	2.76
तैयारी, माप और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का आधार	**2**		

साथ में दी गई टिप्पणियाँ इन वित्तीय वक्तव्यों का एक अभिन्न हिस्सा हैं

निदेशक मंडल की ओर से और उनके के लिए

(राजीव कालड़ा)	**(सुबोध गुप्ता)**	**(डॉ. नलिन सिंघल)**
कंपनी सचिव	**निदेशक (वित्त)**	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
एम. न. 14567	**डीआईए न 08113460**	**डीआईएनः 01176857**

समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

राज हर गोपाल एंड कंपनी	**तिवारी एंड एसोसिएट्स**	**महेश सी. सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउटेंट	चार्टर्ड अकाउटेंट	चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 002074एन	**एफआरएन – 002870एन**	**एफआरएन – 006228सी**
(सी. ए. गोपाल कृष्ण)	**(सी. ए. कृष्ण कुमार)**	**(सी. ए. दीपेश शाह)**
पार्टनर	**पार्टनर**	**पार्टनर**
एम. न. 081085	**एम. न. 085415**	**एम. न. 404990**

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : जून 13, 2020

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

31, मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

क. इक्विटी शेयर कैपिटल

(रु. करोड़ में)

2 रु. प्रत्येक के जारी किए गए पूरी तरह से भुगतान किए गए इक्विटी शेयर	शेयरों की संख्या		राशि	
	2019-20	2018-19	2019-20	2018-19
अवधि की शुरूआत में शेष	**3482063355**	3671400000	**696.41**	734.28
घटाएं : वापस खरीदे गए शेयर	**-**	189336645	**-**	37.87
अवधि के अंत में शेष	**3482063355**	3482063355	**696.41**	696.41

ख. अन्य इक्विटी

31, मार्च 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

(रु. करोड़ में)

विवरण	कोष और अधिशेष				अन्य व्यापक आय की अन्य मदें	कुल अन्य इक्विटी	अनियंत्रित ब्याज
	रिजर्व पूंजी	ऋणमुक्त पूंजी कोष	सामान्य कोष	प्रतिधारित आय			
01, अपैल 2019 तक शेष राशि	35.18	37.87	30476.66	(200.62)	(141.16)	30207.93	(6.73)
जोड़ें : वर्ष की कुल व्यापक आय	-	-	-	(1466.01)	(273.87)	(1739.88)	(2.34)
घटाएं : वित्तीय वर्ष 2018.19 के लिए (नोट 40) अंतिम लाभांश	-	-	-	417.85	-	417.85	-
घटाएं : लाभांश वितरण कर (नोट 40)	-	-	-	85.89	-	85.89	-
31, मार्च 2020 को शेष	35.18	37.87	30476.66	(2170.37)	(415.03)	27964.31	(9.07)

इक्विटी में परिवर्तन का समेकित विवरण

31, मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए

31, मार्च 2019 को समाप्त वर्ष में शेष राशि (रु. करोड़ में)

विवरण	कोष और अधिशेष				अन्य व्यापक आय की अन्य मदें	कुल अन्य इक्विटी	अनियंत्रित ब्याज
	रिजर्व पूंजी	ऋणमुक्त पूंजी कोष	सामान्य कोष	प्रतिधारित आय			
01, अपैल 2018 तक शेष राशि	**35.18**	**-**	**32104.96**	**(478.72)**	**(21.98)**	**31639.44**	**(4.05)**
जोड़ें इंड एएएस .115 पारगमन समायोजन	-	-	-	126.49	-	126.49	-
घटाएँः समायो. ;वित्त वर्ष 2017.18 के लिए ऑडिटेड बनाम अनऑडिटेड घाटा)	-	-	-	57.87	-	57.87	-
जोड़ेंः वर्ष के लिए कुल व्यापक आय	-	-	-	1005.10	(119.18)	885.92	(2.68)
घटाएँः पूंजी ऋणमुक्ति कोष मे स्थानांतरण	-	37.87	(37.87)	-	-	-	-
घटाएँः बायबैक से संबंधित लेनदेन लागत (नोट 18)	-	-	-	8.32	-	8.32	-
घटाएँः बायबैक पर भुगतान की गई राशि (नोट 18)	-	-	1590.43	-	-	1590.43	-
घटाएँः वित्त वर्ष 2017.18 के लिए अंतिम लाभांश (नोट 40)	-	-	-	374.49	-	374.49	-
घटाएँः वित्त वर्ष 2017.18 के लिए अंतरिम लाभांश (नोट 40)	-	-	-	278.57	-	278.57	-
घटाएँः लाभांश वितरण कर (नोट 40)	-	-	-	134.24	-	134.24	-
31 मार्च, 2019 को शेष राशि	**35.18**	**37.87**	**30476.66**	**(200.62)**	**(141.16)**	**30207.93**	**(6.73)**

निदेशक मंडल की ओर से और उनके के लिए

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव
एम. न. 14567

(सुबोध गुप्ता)
निदेशक (वित्त)
डीआईएन 08113460

(डॉ. नलिन सिंघल)
अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
डीआईएनः 01176857

समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

राज हर गोपाल एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 002074एन

तिवारी एंड एसोसिएट्स
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 002870एन

महेश सी. सोलंकी एंड कंपनी
चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 006228सी



(सी. ए. गोपाल कृष्ण)
पार्टनर
एम. न. 081085

(सी. ए. कृष्ण कुमार)
पार्टनर
एम. न. 085415

(सी. ए. दीपेश शाह)
पार्टनर
एम. न. 404990

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : जून 13, 2020

समेकित नकदी प्रवाह विवरण

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु

(रु. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
क. परिचालन गतिविधियों से नकद प्रवाह		
कर पूर्व लाभ	**(659.07)**	1839.74
निम्नलिखित के लिए समायोजनः		
प्रावधान और बट्टे खाते में डाले गए व्यय	**244.44**	1978.98
मूल्यह्रास और परिशोधन	**503.27**	475.74
वित्त लागत (ब्याज की छूट सहित)	**508.45**	288.37
ब्याज से आय	**(509.19)**	(599.44)
संयुक्त उद्यमों और निवेशों में (लाभ) / हानि का हिस्सा	**(25.72)**	185.60
अन्य	**(15.73)**	(19.25)
कार्यशील पूंजी परिवर्तन से पूर्व परिचालन से प्राप्त नकदी	**46.45**	4149.74
कार्यशील पूंजी में परिवर्तन के लिए समायोजनः		
व्यापारिक प्राप्तियाँ	**3371.34**	264.78
अनुबंध परिसंपत्तियाँ	**(1618.29)**	(4966.31)
माल सूची	**(1095.12)**	(1868.65)
ऋण, अग्रिम और अन्य संपत्ति	**391.93**	(79.41)
उप योग	**1049.86**	(6649.59)
व्यापारिक देयता	**(2178.46)**	981.65
ग्राहकों से प्राप्त अग्रिम जमा और अन्य	**(1841.48)**	(1112.41)
प्रावधान	**354.04**	(808.74)
उप योग	**(3665.91)**	(939.50)
शुद्ध नगदी (उपयोग की गई) / कार्यशील पूंजी से	**(2616.04)**	(7589.09)
परिचालन से प्राप्त नगद	**(2569.59)**	(3439.36)
आय कर से वापसी	**-**	408.68
आय कर का भुगतान	**(321.93)**	(829.47)
परिचालन गतिविधियों उत्पन्न कुल नगदी प्रवाह	**(2891.52)**	(3860.15)
ख. निवेश गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
बैंक जमा का नगदीकरण (छूट) / परिपक्वता) जिसकी मूल परिपक्वता 3 माह से अधिक है)	**1700.03**	1700.22
प्राप्त ब्याज	**538.77**	592.00
संयुक्त उद्यमों से प्राप्त राशि	**0.27**	17.30
म्युचुअल फ़ंड से प्राप्त लाभ	**6.43**	17.00
संयुक्त उद्यमों से प्राप्त लाभांश	**16.30**	16.18
संपत्तिए संयंत्र और उपकरणों के विक्रय से आय	**9.30**	2.25
संपत्तिए संयंत्र और उपकरणों का क्रय	**(434.50)**	(426.11)
शुद्ध नगदी (उपयोग की गई) / निवेश गतिविधियों से	**1836.60**	1918.85

समेकित नकदी प्रवाह विवरण

31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष हेतु

(रु. करोड़ में)

विवरण	31 मार्च, 2020 को समाप्त वर्ष के लिए	31 मार्च, 2019 को समाप्त वर्ष के लिए
ग. वित्तीय गतिविधियों से नकदी प्रवाह		
अल्पकालिक ऋण से आय	**2503.35**	2,434.29
पट्टे की देयता से आय / चुकौती ;मूलधन)	**(8.95)**	68.20
पट्टे की देयता से आय / चुकौती (ब्याज)	**(17.32)**	(13.75)
इक्विटी शेयरों का पुनः क्रय (प्रीमियम और व्यय सहित)	**-**	(1636.62)
लाभांश भुगतान (लाभांश वितरण कर सहित)	**(504.56)**	(786.99)
ब्याज का भुगतान	**(310.48)**	(96.77)
वित्तीय गतिविधियों से शुद्ध नगदी (उपयोग की गई) / (बिंदु 3 देंखे)	**1662.04**	(31.63)
घ. नगदी व नगदी समतुल्य में शुद्ध वृद्धि / (ह्रास)	**607.12**	(1972.94)
नगदी व नगदी समतुल्य का प्रारंभिक शेष	**795.74**	2768.68
नगदी व नगदी समतुल्य का अंतिम शेष (नोट 12 देखें)	**1402.86**	795.74

(1) भारतीय लेखा मानक. नगदी प्रवाह विवरण में यथाविनिर्दिष्ट अप्रत्यक्ष पद्धति के आधार पर नगदी प्रवाह विवरण तैयार किया गया है।

(2) जहाँ भी आवश्यक है, पिछले वर्ष के आँकड़े पुनः समूहबद्ध) / वर्गीकृत कर दिये गए हैं।

(3) वित्तीय गतिविधियों से नगदी प्रवाह में वर्ष के दौरान कोई गैर नगदी मद नहीं है

(4) नगदी व एक्सचेंज वेरिएशन ट्रांसलेशन लाभ सहित नगदी समतुल्य का 31 मार्च 2020 को अंतिम शेष रू. 1.15 करोड़ है (पिछले वर्ष रु. 0.02 करोड़)

निदेशक मंडल की ओर से और उनके के लिए

(राजीव कालड़ा)	(सुबोध गुप्ता)	(डॉ. नलिन सिंघल)
कंपनी सचिव	**निदेशक (वित्त)**	अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक
एम. न. 14567	**डीआईए न 08113460**	**डीआईएनः 01176857**

समान तिथि की हमारी रिपोर्ट के अनुसार

राज हर गोपाल एंड कंपनी	**तिवारी एंड एसोसिएट्स**	**महेश सी. सोलंकी एंड कंपनी**
चार्टर्ड अकाउटेंट	चार्टर्ड अकाउटेंट	चार्टर्ड अकाउटेंट
एफआरएन – 002074एन	**एफआरएन – 002870एन**	**एफआरएन – 006228सी**
(सी. ए. गोपाल कृष्ण)	**(सी. ए. कृष्ण कुमार)**	**(सी. ए. दीपेश शाह)**
पार्टनर	**पार्टनर**	**पार्टनर**
एम. न. 081085	**एम. न. 085415**	**एम. न. 404990**

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक : जून 13, 2020

टिप्पणी (1) : कंपनी के बारे में सूचना

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ("बीएचईएल" या "कंपनी") भारत में स्थित एक सार्वजनिक लिमिटेड कंपनी है और इसका पंजीकृत कार्यालय बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली –110049 में है।

यह निगमित विद्युत संयंत्र उपस्कर निर्माता कंपनी है जो अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों जैसे विद्युत, पारेषण, उद्योग, परिवहन, नवीकरणीय ऊर्जा, तेल एवं गैस और रक्षा हेतु व्यापक श्रेणी के उत्पादों एवं सेवाओं के डिजाइन, इंजीनियरिंग, विनिर्माण, परीक्षण, कमीशनिंग एवं सर्विसिंग का कार्य कर रही है।

इस कंपनी की बीएचईएल–इलेक्ट्रिकल मशीन लिमिटेड के नाम से एक सहायक कंपनी है और बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज लिमिटेड, एनटीपीसी– बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड, रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड, पावर प्लांट परफॉर्मेंस इंप्रूवमेंट लिमिटेड और दादा धुनीवाले खंडवा पावर लिमिटेड इसकी संयुक्त उद्यम कंपनियां हैं।

नोट (2) तैयारी, माप और महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियों का आधार

1. वित्तीय विवरण तैयार करने का आधारः

क) अनुपालन का विवरण

वित्तीय विवरण कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 और उसके बाद के संशोधनों तथा कंपनी अधिनियम, 2013 में और उसके संशोधनों के अनुसार वित्तीय विवरण के लिए लागू अतिरिक्त अपेक्षाओं के अधीन कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित भारतीय लेखा मानकों (इंड–एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं।

ख) माप का आधार

वित्तीय विवरण एक क्रियाशील इकाई और अक्रूअल लेखांकन प्रणाली के आधार पर तैयार किया गया है। जब तक पॉलिसी में अन्यथा उल्लेखित न हो वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए ऐतिहासिक लागत का उपयोग किया जाता है।

ग) कार्यात्मक (Functional) और प्रस्तुति (Presentation) मुद्राः

वित्तीय विवरण भारतीय रुपयों में तैयार किए जाते हैं, जो कंपनी की फंक्शनल करेंसी (कार्यकारी मुद्रा) है।

घ) लागत अनुमान और निर्धारण का उपयोग

इंड एएस के अनुरूप वित्तीय विवरण तैयार करने के लिए प्रबंधन को मूल्यांकन करने और अनुमान लगाने की आवश्यकता होती है जो लेखांकन नीतियों और परिसंपत्तियों, देनदारियों, आय और व्यय की रिपोर्ट की गई राशि को प्रभावित करते हैं। वास्तविक परिणाम इन अनुमानों से अलग हो सकते हैं। अनुमानों की समीक्षा निरंतर आधार पर की जाती है। तदनुसार, लेखांकन अनुमानों में पूर्व प्रभाव से पुनरीक्षण किया जाता है।

लेखांकन नीतियों को लागू करने में महत्वपूर्ण अनुमान और मूल्यांकन

वित्तीय विवरणों में उल्लिखित राशियों पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालने वाली लेखांकन नीतियों को लागू करने में किए गए अनुमान और मूल्यांकन इस प्रकार हैंः

i.) राजस्व

कंपनी निर्माण ठेकों/अनुबंधों के लिए राजस्व लेखांकन में अपनाए गए लागत दृष्टिकोण के आधार पर इनपुट पद्धति का उपयोग करती है। इनपुट पद्धति के उपयोग के लिए कंपनी को अपने निष्पादन दायित्व की संतुष्टि के लिए कुल अपेक्षित लागत के सापेक्ष लागत का अनुमान लगाना अपेक्षित होता है। अनुबंध की अवधि के दौरान अनुमानों का लगातार मूल्यांकन किया जाता है और कंपनी निर्धारित समयांतराल में प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में अपने प्रदर्शन दायित्वों की पूर्ण संतुष्टि की दिशा में अपनी प्रगति का पुनः आकलन करती है।

कंपनी रिपोर्टिंग अवधि के अंत में मौजूद परिस्थितियों और रिपोर्टिंग अवधि के दौरान परिस्थितियों में बदलाव का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि में अपने अनुमानित लेनदेन मूल्य को अपडेट करती है।

ii) संपत्ति, संयंत्र और उपस्कर

आवधिक मूल्यह्रास के संबंध में प्रभार का आकलन संपत्ति की अपेक्षित उपयोगी अवधि एवं इसकी समाप्ति के बाद अपेक्षित अवशिष्ट मूल्य का अनुमान करने के बाद किया जाता है। कंपनी की परिसंपत्तियों के मूल्यह्रास विधि, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों का अनुमान प्रबंधन द्वारा परिसंपत्ति के अधिग्रहण के समय लगाया जाता है एवं इसकी समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान की जाती है।

iii) कर्मचारी लाभ योजनाएं

कर्मचारी परिभाषित लाभ योजनाएं और दीर्घकालिक लाभ योजनाएं बीमांकिक मान्यताओं के आधार पर मापी जाती हैं। हालाँकि, इन मान्यताओं में किसी भी प्रकार के परिवर्तन का प्रभाव बताए गए दायित्वों और व्यय पर पड़ सकता है।

iv) प्रावधान और आकस्मिकताएँ

प्रावधानों और आकस्मिकताओं की पहचान हेतु सम्पन्न आकलन वर्तमान उपलब्ध सूचना के आधार पर प्रबंधन के सर्वोत्तम निर्धारण के अनुसार किए गए हैं।

2. संपत्ति संयंत्र और उपकरण (पीपीई)

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों का अनुमान संचित मूल्यह्रास और संचित इम्पेयरमेंट हानि के नुकसान, यदि कोई हो तो, पर किया जाता है। कंपनी, अधिनियम, 2013 की अनुसूची II में निर्धारित उपयोगी लाभप्रदता काल–खंड के अनुसार, संपत्ति, संयंत्र और उपकरण (अनुबंध के तहत विदेश में उपयोग किए गए अन्य के अलावा) पर मूल्यह्रास निम्नलिखित मदों में, जहां उपयोगी लाभप्रदता कालखंड आधारित है, को छोड़कर तकनीकी रूप से अनुमानित उपयोगी जीवन का आकलन करने परः–

संपत्ति श्रेणी	(वर्ष)
निर्माण उपस्कर, कैपिटल टूल्स एवं टैकल	5
जल निकासी, सीवरेज और जल आपूर्ति	30
सर्वर और नेटवर्क	5
सौर ऊर्जा उत्पादन संयंत्र	25

मूल्यह्रास विधियां, उपयोगी जीवन और अवशिष्ट मूल्यों की समीक्षा प्रत्येक वित्तीय वर्ष में की जाती है और परिवर्तन, यदि कोई हो, को संभावित रूप से हिसाब में लिया जाता है। जब तक कंपनी लीज अवधि के अंत तक स्वामित्व प्राप्त नहीं कर लेगी, तब तक उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियाँ लीज अवधि के छोटे और उनके उपयोगी लाभप्रदता वाले समयांतराल से अधिक हो जाती हैं। फ्री होल्ड जमीन का मूल्यह्रास नहीं होता है।

प्रॉपर्टी प्लांट और उपकरण जिनकी लागत रु. 10,000 /– या उससे कम है और जिनका वर्ष की शुरुआत में लिखित मूल्य 10,000 /– रुपए या उससे कम है, का पूरी तरह से मूल्यह्रास होता है।

निर्माण / परियोजना स्थलों परः सड़कों, पुलों और पुलियों की लागत अनुबंध के कार्यकाल पर पूरी तरह से परिशोधित होती है, जबकि शेड, रेलवे साइडिंग, विद्युत प्रतिष्ठान और अन्य समान सक्षम कार्यों (अस्थायी संरचनाओं के अलावा) के कार्यकाल में मूल्यह्रास किया जाता है। अवशिष्ट मूल्य को बनाए रखने के बाद अनुबंध, यदि कोई हो।

भारत के बाहर लंबी अवधि के अनुबंधों के लिए उपयोग की जाने वाली परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास अनुबंध की प्रारंभिक अवधि में होता है।

निर्माण के वर्ष में अस्थायी संरचनाएं पूरी तरह से ह्रासमान हैं।

अलग–अलग उपयोगी जीवन के साथ महत्वपूर्ण घटकों को अलग से हिसाब में लेकर मूल्यह्रास किया जाता है।

बीएचईएल –जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में

सीमित परिसंपत्तियों के अनुमानित उपयोगी काल खंड पर सीधी रेखा पद्धति पर मूल्यह्रास प्रदान किया जाता है, जो कि कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के तहत निर्धारित दरों से बराबर / कम है। परिसंपत्तियों के वास्तविक उपयोग को दर्शाने के लिए, अनुमानित उपयोगी जीवन संपत्ति का मूल्यांकन तकनीकी मूल्यांकन पर आधारित है।

संपत्ति श्रेणी	अनुमानित उपयोगी अवधि (वर्षों में)
प्लांट – मशीनरी	2-15
इलेक्ट्रिकल इंस्टालेशन	3-10
फर्नीचर – फिक्सचर्स	1-8
कम्प्यूटर्स	3
कार्यालयीन उपकरण	3-5

वित्तीय पट्टे के तहत परिसंपत्तियां पट्टे की अवधि अथवा उसके उपयोगी बने रहने तक जो भी पहले हो परिशोधित की जाती हैं।

रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के मामले में

मूल्यह्रास सीईआरसी विनियमन 2009 में निर्दिष्ट दरों पर स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर प्रदान किया जाता है। जिन परिसंपत्तियों के संबंध में सीईआरसी विनियमों में दरें निर्दिष्ट नहीं की गई हैं, उनका मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची II के तहत निर्दिष्ट दरों पर होगा।

परिसंपत्तियों का मूल्यह्रास लागत की 90% सीमा तक किया जाता है और 10% को अवशेष मूल्य के रूप में रखा जाता है। परिसंपत्तियों में हुई वृद्धि पर पूरे वर्ष के लिए मूल्यह्रास का प्रावधान है, भले ही वृद्धि किसी भी तारीख को हुई हो। बेची गई/ रद्दी में डाली गई/ नष्ट की गई परिसंपत्ति का बेचे जाने/ रद्द किए जाने/ नष्ट किए जाने के वर्ष में मूल्यह्रास नहीं किया जाएगा। 5000 रु. तक की निजी परिसंपत्ति पर उपयोग में न लाए जाने के वर्ष में पूरी तरह से मूल्यह्रास लगाया जाता है।

एनटीपीसी–बीएचईएल पावर प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के संबंध में

संपत्ति, संयंत्र और उपकरणों पर मूल्यह्रास कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची–II में निर्धारित उपयोगी कार्य अवधि के अनुसार स्ट्रेट लाइन पद्धति पर किया जाता है।

3. पट्टे

व्यवस्था के आरंभ में ही कंपनी यह सुनिश्चित करती है कि उक्त व्यवस्था पट्टा है अथवा इसमें पट्टा शामिल है।

प्रारंभिक मान्यता के बाद लीज़/पट्टे पर ली गई परिसंपत्तियों को लागत पर परिसंपत्ति के राइट–ऑफ़–यूज़ के तहत पूंजीकृत किया जाता है, जिसमें वर्तमान मूल्य पर लीज़ देयता का प्रारंभिक निर्धारण, प्रोत्साहन के बिना प्रारंभिक पट्टा भुगतान, निहित परिसंपत्ति को नष्ट किए जाने और हटाने की प्रारंभिक प्रत्यक्ष लागत शामिल हैं।

पट्टों के तहत किए गए पट्टा भुगतान वित्त व्यय और बकाया लीज देयता में की गई कमी के मध्य सेट/स्थिर किया जाता है। लीज अवधि के दौरान प्रत्येक अवधि के लिए वित्त व्यय आवंटित किया जाता है ताकि दायित्व/देयता के अधिशेष पर लगातार आवधिक दर का उत्पादन किया जा सके। वित्त पट्टे पर दी गई संपत्ति के लिए, कंपनी प्रभावी ब्याज दर पद्धति का उपयोग करके पट्टा अवधि में वित्तीय आय को मान्यता देती है। आरंभिक प्रत्यक्ष लागतें वित्त पट्टा प्राप्य के प्रारंभिक निर्धारण में शामिल हैं और पट्टे की अवधि में मान्य आय को कम करती हैं। पट्टा परिचालन से होने वाली आय को स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर पट्टे की अवधि में आय के रूप में जाना जाता है, जहां पट्टे के किराये में आवधिक वृद्धि अपेक्षित सामान्य मुद्रास्फीति के अनुरूप है।

4. अमूर्त परिसंपत्ति

रु. 10000 / – से अधिक की कीमत वाली अमूर्त वस्तुओं को कम संचित परिशोधन और संचित हानि, यदि कोई हो, पर पूँजीकरण के लिए मूल्यांकन किया जाता है।

अमूर्त संपत्ति को जो उपयोग के लिए उपलब्ध हैं, को स्टेटमेंट ऑफ प्रॉफिट और लॉस में स्ट्रेट लाइन पद्धति में अनुमानित तारीख से उपयोगी लाभप्रदता काल हेतु संशोधित किया जाता है अमूर्त संपत्ति के लिए अनुमानित उपयोगी जीवन निम्नानुसार हैं:

सॉफ्टवेयर	3 साल
अन्य	10 साल

वर्ष की शुरुआत में 10000/– या उससे कम डब्ल्यूडीवी की अमूर्त संपत्ति का पूरी तरह से परिशोधन किया जाता है।

परिशोधन अवधि और परिशोधन के तरीकों की प्रत्येक वित्तीय वर्ष में समीक्षा की जाती है और परिवर्तन, यदि कोई हो, का लेखा–जोखा संभावित रूप से किया जाता है।

अनुसंधान गतिविधियों पर व्यय, लाभ और हानि के रूप में मान्यता प्राप्त है। विकास गतिविधियों पर व्यय तभी पूंजीकृत होता है जब व्यय को मज़बूती से मापा जा सकता है, उत्पाद या प्रक्रिया तकनीकी और व्यावसायिक रूप से संभव है, भविष्य के आर्थिक लाभ संभावित हैं और कंपनी के पास विकास कार्य कराने एवं संपत्ति के उपयोग अथवा विक्रय के पर्याप्त संसाधन हैं। खर्च की गई पूंजी में सामग्री की लागत, प्रत्यक्ष श्रम, ओवरहेड लागत शामिल हैं जो कि स्थिति के अनुसार इसके इच्छित उपयोग एवं उधार लेने की लागत के लिए संपत्ति तैयार करने के लिए सीधे जिम्मेदार हैं।

अनुसंधान और विकास हेतु अधिग्रहीत संपत्ति को पूंजीकृत किया जाता है।

5. उधार लागत

अर्हक परिसंपत्तियों के अधिग्रहण, निर्माण या उत्पादन से संबंधित प्रत्यक्ष उधार लागत को ऐसी परिसंपत्तियों की लागत में जोड़ा गया है।

जिस परिपरिसंपत्ति में उपयोग या बिक्री हेतु तैयार होने में आवश्यक रूप से अधिक समय लगता है, जैसे कि बारह महीने से ज्यादा, उसे इस प्रयोजन के लिए अर्हक परिसंपत्ति माना जाता है।

अन्य सभी उधार लागतों को उस अवधि के लाभ – हानि के स्टेटमेंट में दर्शाया गया है, जिसमें वे खर्च हुए हैं।

6. सूची

इन्वेंटरी की कीमत लागत अथवा शुद्ध वसूली योग्य मूल्य, जो भी कम हो, पर निकाली

जाती है। तैयार माल और कार्य–प्रगति के मूल्यांकन के संदर्भ में, लागत का मतलब कारखाना लागत है। कच्चे माल, घटकों, फुटकर उपकरणों, दुकानों और पुर्जों की लागत के संदर्भ में लागत का अर्थ भारित औसत लागत है।

7. राजस्व मान्यता

जिन वस्तुओं या सेवाओं के लिए ग्राहकों से वादा किया गया है, उनके अंतरण को दर्शाने के लिए राजस्व को ऐसी राशि में दर्शाया गया है, जो उस प्रतिफल को दर्शाती है, जिसे वह संस्था उन वस्तुओं या सेवाओं के बदले में प्राप्त करने के लिए हकदार होने की उम्मीद रखती है।

निर्माण और दीर्घकालिक सेवा अनुबंधों के संबंध में, कंपनी माल या सेवाओं का नियंत्रण ग्राहक को स्थानांतरित करती है और कुछ समय के बाद राजस्व का निर्धारण करती है। राजस्व का निर्धारण लागत दृष्टिकोण पर आधारित इनपुट पद्धति से किया जाता है। समय के साथ संतुष्ट निष्पादन बाध्यता की पूर्ण संतुष्टि की प्रगति को रिपोर्टिंग अवधि के अंत में फिर से मापा जाता है।

माल और सेवाओं की बिक्री से प्राप्त राजस्व के निर्धारण नियंत्रण को ग्राहक को हस्तांतरित करते समय और अनुबंध के तहत निष्पादन दायित्वों की संतुष्टि के आधार पर किया गया है।

अन्य आय

- लाभ और हानि विवरण /स्टेटमेंट में कंपनी को भुगतान प्राप्ति हेतु निर्धारित तिथि को लाभांश से प्राप्त आय मान्य है।
- ब्याज आय, प्रभावी ब्याज दर पद्धति के उपयोग द्वारा मान्य है।
- निर्यात प्रोत्साहन / शुल्क कमियों, शुल्क वापसी और बीमा के लिए दावों का हिसाब अकूअल आधार पर किया जाता है।
- बीएचईएल –जीई गैस टर्बाइन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मामले में

भागों (पाट्‌र्स) की बिक्री

सामान्य गतिविधियों के दौरान, गैस टरबाइन की बिक्री से प्राप्त राजस्व को प्राप्त या प्राप्य के प्रतिफल के उचित मूल्य पर तथा बिक्री पर मापा जाता है। ग्राहकों को उन उत्पादों या सेवाओं के बदले में प्राप्त होने वाले विचार को प्रतिबिंबित करने वाली राशि में ग्राहकों को वादा किए गए उत्पादों या सेवाओं के नियंत्रण के हस्तांतरण पर मान्यता प्राप्त है।

अभियान्त्रिकी सेवाएं

नियत–मूल्य, निश्चित–समय–सीमा अभियान्त्रिकी और आपूर्ति अनुबंधों से प्राप्त राजस्व, जहां प्रदर्शन दायित्वों को समय के साथ संतुष्ट किया जाता है और जहां माप या विचार की सामूहिकता के रूप में कोई अनिश्चितता नहीं है, प्रतिशत–पूरा होने की विधि के अनुसार मान्यता प्राप्त है।

अनुरक्षण सेवाएं

मरम्मत सेवाओं के मामले में, राजस्व को ग्राहक के साथ किए गए अनुबंध की शर्तों के अनुसार दर्शाया गया है। मरम्मत सेवा अनुबंध के तहत आपूर्ति किए गए पुर्जों की बिक्री को बड़ा जोखिम और स्वामित्व ग्राहक को हस्तांतरित होने के बाद दर्शाया गया है तथा इसमें शुद्ध बिक्री कर एवं बिक्री प्रतिफल शामिल नहीं हैं।

रायचूर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (RPCL) के संबंध में

- ठेकेदारों को दिए गए अग्रिम कार्यों पर ब्याज से उत्पन्न होने वाली आय को प्राप्ति/ स्वीकृति के आधार पर दर्शाया गया है।
- इनफर्म एनर्जी की बिक्री से हुई आय और अन्य विविध प्राप्तियों को सीईआरसी/ केईआरसी के दिशानिर्देशों के अनुसार, पूंजीगत लागत के रूप में कम करके हिसाब में लिया गया है।
- केईआरसी के दिशानिर्देशों के अनुसार ऊर्जा की बिक्री से प्राप्त राजस्व को केईआरसी (जनरेशन टैरिफ के निर्धारण के लिए नियम और शर्तें) विनियम 2014 के दिशानिर्देशों के अनुसार दर्शाया गया है।

8. विदेशी मुद्रा अंतरण (विनिमय)/ लेन–देन

विदेशी मुद्राओं में लेन–देन को लेन–देन की तिथि को लागू विनिमय दर पर दर्ज किया गया है।

विदेशी मुद्रा वाली वित्तीय परिसंपत्तियों और देनदारियों को प्रत्येक रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लागू विनिमय दरों पर कार्यात्मक मुद्रा में परिवर्तित किया जाता है। निपटान और अंतरण से होने वाले विदेशी मुद्रा लाभ अथवा हानि को लाभ एवं हानि विवरण में दर्शाया जाता है।

ऐतिहासिक लागत पर मापी गई एवं विदेशी मुद्रा में दर्शायी गई गैर–मौद्रिक परिसंपत्तियों और गैर–मौद्रिक देनदारियों को, लेनदेन की तारीख को लागू विनिमय दर पर परिवर्तित (अदल–बदल) किया जाता है।

9. कर्मचारी लाभ

निर्धारित योगदान योजना

कंपनी द्वारा कर्मचारियों हेतु पेंशन एवं फेमिली पेंशन फंड में किया गया योगदान अंशदायी योजना के अंतर्गत आता है तथा कर्मचारियों द्वारा प्रदत्त सेवा–काल हेतु लाभ एवं हानि विवरणिका में इसे कर्मचारी लाभ व्यय के नाम से जाना जाता है।

निर्धारित लाभ योजनाएं

कंपनी की ग्रेच्युटी योजना, भविष्य निधि योजना, सेवानिवृत्ति पर यात्रा का दावा और सेवानिवृत्ति के बाद की चिकित्सा सुविधा योजना परिभाषित लाभ योजनाओं के अंतर्गत आती हैं।

इस परिभाषित लाभ योजना के संबंध में बैलेंस शीट में दर्शाई गई देयता रिपोर्टिंग अवधि के अंत में योजित संपत्तियों के उचित मूल्य के साथ वर्तमान लाभ देयता है। परिभाषित लाभ दायित्व प्रतिवर्ष अनुमानित क्रेडिट यूनिट का उपयोग करके स्वतंत्र एक्ट्यूरीज द्वारा गणना की जाती है। परिभाषित लाभ दायित्व का वर्तमान मूल्य एक उपयुक्त सरकारी बॉन्ड दर का उपयोग करके अनुमानित भविष्य के नकदी बहिर्वाह को छूट देकर निर्धारित किया जाता है, जिसमें संबंधित दायित्व की शर्तों के लिए परिपक्वता की शर्तें होती हैं।

बिमांकिक लाभ और हानि के साथ–साथ योजना परिसंपत्तियों पर वापसी और शुद्ध परिभाषित लाभ देयता (परिसंपत्ति) पर शुद्ध ब्याज में शामिल राशियों के बीच अंतर को अन्य व्यापक आय (आयकर के शुद्ध) के रूप में दर्शाया गया है।

परिभाषित लाभ योजनाओं से संबंधित अन्य खर्चों को लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया गया है।

दीर्घकालिक अवकाश देयता

कंपनी संचित क्षतिपूरित अनुपस्थिति की अनुमानित लागत का परिकलन रिपोर्टिंग अवधि के अंत में संचित अप्रयुक्त हकदारी के परिणामस्वरूप प्रदान की जाने के लिए अपेक्षित अतिरिक्त राशि के रूप में करती है। गैर–संचित क्षतिपूरित अनुपस्थिति पर व्यय को उस अवधि में दर्शाया गया है जिसमें अनुपस्थिति होती है। कंपनी अनुमानित यूनिट क्रेडिट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर संचित शेष राशि के लिए एक देयता दर्ज करती है। दीर्घकालिक लाभ योजनाओं से संबंधित पुनर्मापन

एवं अन्य व्यय को लाभ एवं हानि सबंधी विवरणिका में दर्शाया गया है।

10. प्रावधान

(i) कंपनी के विरुद्ध निर्णीत हरजाने के दावों को, समान लेन–देन के अनुभव से उपलब्ध जानकारी के संदर्भ में प्रबंधन द्वारा संभावित परिणाम के आकलन के आधार पर वित्तीय विवरणों में दर्शाया जाता है।

(ii) निर्माण अनुबंधों के लिए, कंपनी राजस्व को मान्यता प्रदान करते ही इसके 2.5% की दर से उत्तरोत्तर वारंटी लागत प्रदान करती है और वारंटी अवधि के दौरान इसे बनाए रखती है। अन्य अनुबंधों के लिए, वर्ष के अंत में वारंटी के तहत अनुबंधों के संबंध में संविदागत देयताओं के लिए संविदा मूल्य के 2.5% का प्रावधान जारी रखा जाता है। एकल उत्पाद की आपूर्ति से संबंधित अनुबंधों के मामले में, प्रत्येक तैयार उत्पाद के मूल्य का 2.5% प्रदान किया जाता है।

(iii) जब यह संभावित हो कि कुल अनुबंध लागत कुल अनुबंध राजस्व से अधिक हो जाएगी, तो अनुमानित नुकसान का तुरंत पता लगाया जाता है।

(iv) यदि किसी पिछली घटना के परिणामस्वरूप अन्य प्रावधानों को मान्यता दी जाती है, तो कंपनी पर वर्तमान कानूनी या निर्माण संबंधी देयता होती है जिसका अनुमान विश्वसनीय रूप से लगाया जा सकता है, और यह संभव है कि देयता के निपटान के लिए आर्थिक लाभ को खर्च करने की जरूरत पड़े।

तथापि, जहां धन के कालिक मूल्य का प्रभाव प्रत्यक्ष रूप में हो, वहां जहां भी लागू हो, प्रावधानों को भविष्य के अनुमानित नकदी प्रवाह को छोड़कर निर्धारित किया जाता है।

11. सरकारी अनुदान

सरकारी अनुदानों को तभी मान्यता दी जाती है जब आश्वासन मिलता है कि उनसे जुड़ी शर्तों का अनुपालन किया जाएगा, और अनुदान प्राप्त किया जाएगा। गैर मौद्रिक अनुदानों को परिसंपत्तियों के उचित मूल्य के रूप में देखा जाता है और इसे आस्थगित आय के रूप में माना जाता है। आस्थगित आय को संपत्ति के उपयोगी लाभप्रदता काल पर व्यवस्थित और तर्कसंगत आधार पर लाभ – हानि विवरण में दर्शाया जाता है। राजस्व से संबंधित सरकारी अनुदान को संबंधित लागतों के साथ मिलान हेतु आवश्यक अवधियों पर लाभ और हानि के विवरण में एक व्यवस्थित आधार पर मान्यता दी जाती है, जिसकी वे क्षतिपूर्ति करना चाहते हैं।

12. आय–कर

आयकर व्यय में वर्तमान कर और आस्थगित कर शामिल हैं। आयकर व्यय को लाभ और हानि के विवरण में दर्शाया जाता है, किंतु अन्य व्यापक आय या प्रत्यक्ष इक्विटी मदों से संबंधित आयकर को छोड़कर। वर्तमान कर वर्ष के लिए कर योग्य आय पर देय कर है, जो रिपोर्टिंग अवधि के अंत में लागू कर दरों (कर कानूनों) का उपयोग करते हुए निर्धारित किया गया है और इसमें पिछले वर्षों के कर को भी समायोजित किया गया है।

आस्थगित कर बैलेंस शीट पद्धति का उपयोग करके निर्धारित किया गया है, जो बैलेंस शीट में परिसंपत्ति या देयता की राशि और उसके कर आधार के बीच के अस्थायी अंतर के लिए प्रावधान किया गया है।

आस्थगित कर का परिकलन उन कर दरों पर किया जाता है, जिनका अस्थायी अंतर को रिपोर्टिंग अवधि के अंत तक लागू विधियों के आधार पर प्राप्त किए जाने अथवा निपटाए जाने पर लागू होना अपेक्षित है।

आस्थगित कर परिसंपत्ति उतनी दर्शायी जाती है, जिससे कि भविष्य में इतना कर योग्य लाभ उपलब्ध हो कि उसके साथ अस्थायी अंतर को समायोजित किया जा सके।

  - 700 मेगावाट न्यूक्लियर पावर प्लांटों (परमाणु ऊर्जा संयंत्रों) के लिए
  - 12.5 मेगावाट के समुद्री अनुप्रयोग
  - औद्योगिक कंडेंसर्स
  - रक्षा अनुप्रयोगों के लिए कंडेनसर
  - फ़ीड वॉटर हीटर (एचपी हीटर, एलपी हीटर, ड्रेन कूलर, डुप्लेक्स हीटर, डी–सुपर हीटर, आदि)
  - थर्मलः 7 से 500 मेगावाट (सब क्रिटिकल) और 300–800 मेगावाट (सिंगल स्ट्रीम के सुपर क्रिटिकल)
  - परमाणु ऊर्जा संयंत्रों (236 मेगावाट, 500 मेगावाट और 700 मेगावाट परमाणु सेट) के लिए मोइश्चर सेप्रेटर और रीहीटर (एमएसआर) और अन्य फीड वॉटर हीटर।
  - नॉन–बीएचईएल सैटों के लिए रिपलेसमेंट फीड वाटर हिटर्स
- लाइव स्टीम रिहीटर (एलएसआर):
  - 500 मेगावाट फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (एफबीआर) परमाणु सेट
- टर्बो और हाइड्रो जेनरेटर केलिए सहायक हीट एक्सचेंजर्स:
- एयर कूलर (फ्रेम और ट्यूब प्रकार के)
- ऑयल कूलर (शेल और ट्यूब प्रकार और प्लग–इन प्रकार के)
- हाइड्रोजन कूलर (फ्रेम और ट्यूब प्रकार के)
- ट्रांसफॉर्मर के लिए सहायक हीट एक्सचेंजर्स:
  - ऑयल कूलर (शेल और ट्यूब टाइप सिंगल ट्यूब या कंसेंट्रिक डबल ट्यूब टाइप) (फ्रेम और ट्यूब टाइप)
  - सामान्य अनुप्रयोगों के लिए सहायक हीट एक्सचेंजर्स
  - पानी – वाटर कूलर (शेल और ट्यूब प्रकार)
- गलैंड स्टीम कंडेन्सर्स
  - औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए 7 मेगावाट से 150 मेगावाट तक के
  - 500 मेगावाट तक के थर्मल प्लांट
  - 700 मेगावाट तक के परमाणु संयंत्र
- एफ़आर–9 ई तक के गैस टर्बाइन केलिए एयर कूल्ड हीट एक्सचेंजर्स और सभी रेटिंग्स के कंप्रेसर एप्लिकेशन/अनुप्रयोग
- 150 मेगावाट तक के कंडेनसर के लिए स्टीम जेट एयर इजेक्टर
- 7 मेगावाट से 800 मेगावॉट तक केडीए रेटर
- कंप्रेसर अनुप्रयोगों के लिए गैस कूलर
- ऑयल कूलर– 150 मेगावाट तक एसटीजी के लिए, एफआर 9ई तक के जीटीजी के लिए जनरेटर एयर कूलर 150 मेगावाट एसटीजी और जीटीजी 9 एफए तक के
- परमाणु प्राइमरी साइकिल (प्राथमिक चक्र) केलिए $डी_2$ओ और मॉडरेटर हीट एक्सचेंजर्स
- रिफाइनरी अनुप्रयोगों के लिए एयर कूल्ड हीट एक्सचेंजर्स
- रिफाइनरी अनुप्रयोगों के लिए हीट एक्सचेंजर्स

पम्पस

- 1000 मेगावाट क्षमता तक के विभिन्न यूटिलिटी बिजली संयंत्र अनुप्रयोगों के लिए पंप:
  - बॉयलर फीड पंप (मोटर या स्टीम टरबाइन चालित) और बॉयलर फीड बूस्टर पंप।
  - कंडनसैट एक्सट्रैक्सन पम्प ड्रिप पंपों सहित
  - सर्कुलेटिंग वॉटर पंप (जिन्हें कूलिंग वाटर पंप के नाम से भी जाना जाता है)
  - कंक्रीट वोल्यूट कूलिंग वाटर पंप
  - परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के सेकंडरी साइड (माध्यमिक पक्ष) केलिए पम्पस

कंप्रेसर्स

- विभिन्न गैसों (वायु, CO_2, N_2, H_2, NH_3, प्राकृतिक गैस, वेट गैस, प्रोपलीन आदि) के लिए और रिफाइनरियों, उर्वरक, पेट्रोकेमिकल्स, तेल और गैस, इस्पात, विद्युत और प्राकृतिक गैस परिवहन क्षेत्रों में अनुप्रयोगों के लिए मल्टी स्टेज सैंटरीफ्यूगल कंप्रेसर्स, ड्राइवस सहित (स्टीम टर्बाइन, इलेक्ट्रिक मोटर और गैस टर्बाइन) और सहायक प्रणालियाँ 300000 घन मीटर प्रति घंटा की क्षमता वाली।
  - 40 बार तक के प्रेशर के लिए डिजाइन होरिजेंटली स्प्लिट टाइप
  - 350 बार तक के प्रेशर के लिए डिजाइन वर्टिकली स्प्लिट टाइप

सोलर फोटोवोल्टिक्स

- मोनो/मल्टी क्रिस्टालाइन सोलर सेल्स
- मोनो/मल्टी क्रिस्टालाइन पीवी मॉड्यूल (330 डबल्यूपी तक के)
- पावर कंडीशनिंग यूनिट (1.25 मेगावाट तक)
- ट्रैक्शन ग्रिड (0.85 मेगावाट) अनुप्रयोगों के लिए सिंगल फेज पावर कंडीशनिंग यूनिट
- आऊटडोर, ड्राई टाइप 1 एमवीए/25 केवी सिंगल फेज इनवर्टर ट्रांसफार्मर
- पावर ट्रांसफार्मर (15 एमवीए और इससेअधिक)
- पैसिव सोलर ट्रेकिंग सिस्टम
- स्पेस ग्रेड सोलर ट्रेकिंग पैनल्स

स्वचालन और नियंत्रण प्रणाली

- स्वचालन और नियंत्रण प्रणालियों के लिए
  - बॉयलर सुरक्षा सहित स्टीम जनरेटर/बॉयलर कंट्रोल्स
  - स्टीम टर्बाइन कंट्रोल्स
  - बॉयलर फीड पंप (बीएफ़पी) ड्राइव टर्बाइन कंट्रोल
  - स्टेशन कंट्रोल एवं इंस्ट्रूमेंटेशन/डीसीएस
  - ऑफसाइट/ऑफ बेस कंट्रोल्स/बैलेंस ऑफ प्लांट कंट्रोल्स
    - ऐश हैंडिलिंग प्लांट (एएचपी)
    - कोल हैंडिलिंग प्लांट (सीएचपी)
    - विद्युत संयंत्रों के जल प्रणालियाँ
    - मिल रिजेक्ट सिस्टम (एमआरएस)
    - कंडनसेट ऑन–लोड ट्यूब क्लिनिंग सिस्टम (सीओएलटीसीएस)
    - गैस बूस्टर कम्प्रेसर (जीबीसी)
    - कंडनसेट पोलिशिंग यूनिट (सीपीयू)
    - हीटिंग, वेंटीलेशन और एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी)
    - फ्यूल ऑयल अनलोडिंग सिस्टम (एफ़ओयूएस)
  - हाइड्रो पावर प्लांट कंट्रोल सिस्टम
  - गैस टर्बाइन कंट्रोल सिस्टम
  - परमाणु ऊर्जा संयंत्र प्राइमरी साइकिल कंट्रोल सेंटर इंस्ट्रूमेंटेशन पैकेज (सीसीआईपी)
  - न्यूक्लियर पावर प्लांट टर्बाइन और सेकेंडरी साइकिल कंट्रोल सिस्टम
  - सोलर थर्मल पावर प्लांट के पावर ब्लॉक
  - इंडस्ट्रियल ऑटोमेशन

- नॉन–स्टेशन ऑटोमेशन (एसएएस)
- नॉन–एफएसटी एचवीडीसी नियंत्रण पैनल
- रिफाइनरियों के लिए इलेक्ट्रिकल कंट्रोल सिस्टम (ईसीएस)
- पावर प्लांटों के लिए एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम (ईएमएस)
- एमवी/एलवी स्विच गियरों के लिए इलेक्ट्रिकल इंटरफेस सिस्टम

ट्रांसमिशन सिस्टम कंट्रोल

- ईएचवी और यूएचवी सब–स्टेशन/स्विचयार्ड एआईएस और जीआईएस दोनों प्रकार के जिनकी, रेंज 33kV से 765kV तक हैं।
- एचवीडीसी ट्रांसमिशन सिस्टम
- फ्लेक्सिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम (एफएसीटीएस) सोल्यूशन
  - फ़िक्स्ड सिरीज़ कॉमपनसेशन (एफएससी)
  - स्टेटिक वीएआर कॉमपनसेशन (एसवीसी)
  - एसटीएटीसीओएम
  - कंट्रोल्ड शंट रिएक्टर (सीएसआर)
  - फेज शिफ्टिंग ट्रांसफॉरमर (पीएसटी)
- एचवीडीसी और एफएसीटीएस केलिए कन्वर्टर वाल्व और कंट्रोल्स

सॉफ़्टवेयर सिस्टम समाधान

- मेरिट ऑर्डर रेटिंग
- थर्मल यूटिलिटीज के लिए निष्पादन विश्लेषण, निदान और अनुकूलन (पीएडीओ)
- निष्पादन गणना, अनुकूलन प्रणाली और रियल टाइम प्रफ़ोर्मेंस डाटा मॉनिटरिंग सिस्टम
- रिमोट मॉनिटरिंग एवं डायग्नोस्टिक सर्विसिस (आरएमडीएस)
- डीसीएस से थर्ड पार्टी सिस्टम में ओपीसी कनेक्टिविटी
- एंटरप्राइज एसेट मैनेजमेंट सिस्टम (ईएएमएस)
- ऑपरेटर ट्रेनिंग सिमुलेटर

स्विचगीयर

- मध्यम वोल्टेज वैक्यूम स्विचगियर, इनडोर और आउटडोर अनुप्रयोगों के लिए, वोल्टेज रेटिंग 36 केवी के लिए और गैस इंसुलेटिड स्विचगीयर्स 420 केवी तक के।
- इनडोर स्विचगीयर
  - थर्मल, परमाणु, पनबिजली और कम्बाईंड साइकिल (संयुक्त चक्र) पावर प्लांट परियोजनाओं के लिए 12 केवी, 50 केए और 4000 एएमपी तक के
  - उद्योगों, सौर ऊर्जा संयंत्र और रिफाइनरियों के लिए 36 केवी, 31.5 केए, 2500 एएमपी तक के
- वितरण प्रणाली के लिए कॉम्पैक्ट स्विचगियर 12 केवी, 25 केए, 1250 एएमपी के
- आउटडोर वैक्यूम सर्किट ब्रेकर
  - डिस्ट्रीब्यूशन सेगमेंट के लिए 12केवी, 25केए, 125 एएमपी.
  - ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन सेगमेंट के लिए 36केवी, 25केए, 2000 एएमपी.
  - ट्रैक साइड रेलवे अनुप्रयोगों के लिए 25केवी, 25केए, 1600 एएमपी.
- 12 केवी ग्रामीण क्षेत्रों के लिए आउटडोर पोल माउंटेड कैपेसिटर स्विच (ऑटोरिक्लोजर/सेक्शेनेलाइजर)
- गैस इंसुलेटिड स्विचगियर्स
- रिफाइनरी, शहरी क्षेत्र के लिए 36 केवी, 40केए, 1600 एएमपी.
- ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के लिए 145केवी, 31.5केए, 2500 एएमपी.
- ट्रांसमिशन सेक्टर (हाइड्रो स्टेशन/मैट्रो) के लिए 420केवी, 40केए, 3150 एएमपी.
- एसएफ़6 सर्किट ब्रेकर्स (145केवी, 40केए, 3150 ए), (420केवी, 50केए, 4000 ए)

ऑन लोड टैप चेंजर्स (ओएलटीसी)

- पावर ट्रांसफार्मर, फर्नेस ट्रांसफार्मर, स्टेशन ट्रांसफार्मर, रेक्टिफायर ट्रांसफार्मर आदि जैसे विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए ऑन लोड टैप चेंजर 765 केवी क्लास ट्रांसफार्मर और ऑफ सर्किट टैप स्विच 765 केवी क्लास ट्रांसफार्मर ।

एलटी स्विचगियर और बस डक्ट्स

- ऐसे यूटिलिटीज़ जिनके जनरेटर की पावर आउटपुट क्षमता 800 मेगावाट तक है उनके लिए अनुरूप उपकरणों सहित बस डक्ट्स।
- थर्मल पावर प्लांट, हाइड्रो, न्यूक्लियर, सीपीपी और स्टील उद्योग के लिए 415 वोल्ट एलटी स्विचगियर।

ट्रांसफार्मर्स और रिएक्टर्स

- 1200 केवी, वोल्टेज तक के लिए पावर ट्रांसफार्मर
- जनरेटर ट्रांसफार्मर (600 एमवीए, 420 केवी, 3 पीएच/400 एमवीए, 765 केवी, 1 पीएच/500 एमवीए, 420 केवी, 1 पीएच तक के)
- ऑटो ट्रांसफार्मर (1000 एमवीए, 400 केवी, 3 पीएच/600 एमवीए, 400 केवी, 1 पीएच/500 एमवीए, 765 केवी, 1 पीएच/1000 एमवीए, 1200 केवी, 1 पीएच तक के)
- एचवीडीसी ट्रांसमिशन केलिए कनवर्टर ट्रांसफॉर्मर/स्मूथिंग रिएक्टर (600 एमवीए, . 800 केवी तक के)/ (254 एमवीएआर, .500 केवी तक के)।
- शंट रिएक्टर (150 एमवीएआर, 420 केवी, 3 पीएच/110 एमवीएआर, 765 केवी, 1 पीएच) तक के।
- फ्लेक्सिबल एसी ट्रांसमिशन सिस्टम अनुप्रयोगों के लिए कंट्रोल्ड शंट रिएक्टर्स (200 एमवीएआर, 420 केवी, 3 पीएच/200 एमवीएआर, 420 केवी, 1 पीएच/200 एमवीएआर, 765 केवी, 1 पीएच) तक के।
- ट्रांसमिशन लाइनों के लिए फेज शिफ्टिंग ट्रांसफॉर्मर (500 एमवीए, 400 केवी, 3 पीएच तक के/ 500 एमवीए 400 केवी 1 पीएच तक के)
- इन्स्ट्रूमेंट ट्रांसफॉर्मर्स
- करंट ट्रांसफॉर्मर्स 400 केवी तक के
- इलेक्ट्रो–मैग्नेटिक वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर्स 220 केवी तक के
- कैपेसिटर वोल्टेज ट्रांसफॉर्मर्स (33 केवी से1200 केवी)
- एचवीडीसी परियोजनाओं के लिए 24 केवी पीआर क्लास करंट ट्रांसफॉर्मर्स
- स्पेशल ट्रांसफॉर्मर्स
- रेक्टिफायर ट्रांसफॉर्मर (120 केए, 132 केवी तक के)
- फर्नेस ट्रांसफॉर्मर (33 केवी, 60 एमवीए तक के)
- ईएसपी ट्रांसफॉर्मर 95 केवीपी, 1600 एमए तक के
- स्मूथिंग रिएक्टर्स 3.3 एमएच, 2700 एएमपी. तक के
- ड्राई टाइप रिएक्टर्स 300 एमएच, 120 एएमपी. तक के
- डीसी चोक 0.5 एमएच, 4600 एएमपी. तक के
- ड्राई टाइप ट्रांसफॉर्मर 15 एमवीए, 33केवी तक के
- पावर ट्रांसफॉर्मर्स के लिए कम्पोजिट मॉनिटरिंग सिस्टम

कैपेसिटर्स

- एच.टी. कैपेसिटर्स
  - पावर फैक्टर करेक्शन के लिए मोटर्स कैपेसिटर्स (3.3 से 11 केवी डेल्टा कनेक्टेड

कैपेसिटर्स बैंक)
- शंट, सीरीज और एसवीसी (स्टेटिक वीएआर कंपनसेशन), हार्मोनिक फिल्टर और एचवीडीसी अनुप्रयोग (3.3केवी से500 केवी, 1 पीएच/3 पीएच कैपेसिटर बैंक)

- सीवीटी के लिए कैपेसिटर डिवाइडर
- ट्रांसमिशन लाइन के लिए कपलिंग कैपेसिटर (33केवी से 800 केवी, 4400 पीएफ़ से 13200 पीएफ)
- जनरेटर और ट्रांसफॉर्मर की सुरक्षा के लिए सर्ज कैपेसिटर (11 केवी से 40 केवी)
- ट्रेक्शन लोकोमोटिव के लिए रूफ कैपेसिटर
  - 1200 केवी तक केसीवीटी केलिए कैपेसिटर डिवाइडर
  - 400 केवी तक केपीएलसीसी केलिए कपलिंग कैपेसिटर
  - फ्यूज–लेस कैपेसिटर

बुशिंग्स

- ट्रांसफॉर्मर अनुप्रयोगों के लिए ऑयल इम्परग्नेटेड पेपर (ओआईपी) कंडेनसर बुशिंग्स 52 से 525 केवी
- 25 केवी लोकोमोटिव बुशिंग्स

कंट्रोल गीयर

- उद्योगों/बिजली संयंत्रों में ईएसपी के लिए इलेक्ट्रॉनिक कंट्रोलर
- डिजिटल स्टेटिक एक्साइटेशन कंट्रोल सिस्टम (2000 ए, 400 वी डीसी के साथ रिडंडंट थाइरिस्टर स्टैक्स और डीसी फील्ड ब्रेकर)
- पीएलसी आधारित डिजिटल कंट्रोल्स सहित लार्ज करंट रेक्टिफायर्स
- ईएचवी ट्रांसमिशन परियोजनाओं के लिए कंट्रोल और प्रोटेक्शन पैनल्स (400 केवी तक के)
- एससीएपी, थाइरिस्टर, आरएपीसीओएन और एसटीएटीसीओएन पैनल्स

इंसुलेटर्स

- पोर्सलेन इंसुलेटर्स
- स्वच्छ और प्रदूषित वायुमंडल के लिए एसी/डीसी अनुप्रयोगों हाई टेंशन पोर्सलेन डिस्क इंसुलेटर, इलेक्ट्रो–मैकेनिकल स्ट्रेंथ तक की रेंज 70 केएन से 420 केएन तक, 1200केवी एसी और 800केवी एचवीडीसी ट्रांसमिशन लाइन और सब–स्टेशनों तक के अनुप्रयोगों के लिए उपयुक्त।
- •ट्रांसफॉर्मर और एसएफ–6 सर्किट ब्रेकर्स के लिए 765 kV तक के होलो इंसुलेटर्स।
- •सबस्टेशन अनुप्रयोगों के लिए, बस पोस्ट और आईसोलेटर्स के लिए 400 केवी तक के सॉलिड कोर इंसुलेटर्स
- कम्पोजिट लॉन्ग रॉड इंसुलेटर्स
  - एचवीडीसी अनुप्रयोगों के लिए +/- 800 केवी, 420केएन तक के
  - एचवीएसी अनुप्रयोगों के लिए 765केवी, 210केएन तक के
  - भारतीय रेलवे के लिए ट्रैक्शन इंसुलेटर्स स्टे आर्म, ब्रैकेट और 9 टन इंसुलेटर्स।
- थर्मल पावर प्लांट और ऐश स्लरी अनुप्रयोगों के लिए सेरामिक लाइनिंग (सेरालीन) वीयर रेजिस्टेंट मैटेरियल।
- औद्योगिक और स्पेशल सेरामिक्स
  - बॉयलर ड्रम में वाटर लेवल मॉनिटरिंग के लिए प्रयोग होने वाले ईडबल्यूएलआई–इलेक्ट्रोनिक वाटर लेवल इंडिकेटर (बीएचईएल–विजन सिस्टम)
  - क्रिसमस ट्री वाल्व के लिए सिरेमिक और टंगस्टन कार्बाइड फ्लोबीन्स।
  - थर्मल पावर प्लांट में पल्वराइजिंग के लिए ग्राइंडिंग मीडिया

इलेक्ट्रिकल मशीन्स

- सुरक्षित क्षेत्र अनुप्रयोगों के लिए एसी मशीनें
  - स्क्वेरल केज इंडक्शन मोटर – 150 किलोवाट से 22000 किलोवाट
  - स्लिप रिंग इंडक्शन मोटर – 150 किलोवाट से 10000 किलोवाट
  - सिंक्रोनस मोटर – 1000 किलोवाट से 25000 किलोवाट
  - वेरिएबल स्पीड मोटर – 150 किलोवाट से 22000 किलोवाट (स्क्वेरल केज मोटर)
  - वेरिएबल स्पीड मोटर – 1000 किलोवाट से 25000 किलोवाट (सिंक्रोनस मोटर)
- हजार्डस (खतरनाक) क्षेत्र अनुप्रयोगों के लिए एसी मोटर (फ़िक्स्ड स्पीड या वीएफडी के साथ)
  - फ्लेम–प्रूफ स्क्वेरल केज इंडक्शन मोटर (150 किलोवाट से 1500 किलोवाट)
  - नॉन–स्पार्किंग स्क्वेरल केज इंडक्शन मोटर (150 किलोवाट स 4000 किलोवाट (मांग होने पर इससे भी उच्च क्षमता)
  - इंक्रीज्ड सेफ्टी स्क्वेरल केज इंडक्शन मोटर – (150 किलोवाट से 4000 किलोवाट (मांग होने पर इससे भी उच्च क्षमता)
  - प्रेशराइज्ड स्क्वेरल केज इंडक्शन मोटर – (150 किलोवाट से 22000 किलोवाट)
  - प्रेशराइज्ड सिंक्रोनस मोटर – (1000 किलोवाट से 25000 किलोवाट)
- औद्योगिक अल्टरनेटर (स्टीम टरबाइन, गैस टरबाइन और डीजल इंजन चालित) (3000 केवीए से 25000 केवीए)
- परमाणु ऊर्जा संयंत्रों के, प्राइमरी कूलेंट पंपों के लिए वर्टिकल मोटर
- मिनी/माइक्रो हाइड्रो प्लांट के लिए इंडक्शन जनरेटर (300 केवीए से 6000 केवीए)
- 2 पोल एयर कूल्ड स्टीम/गैस टर्बाइन चालित जनरेटर (3 मेगावाट से 160 मेगावाट)
- 4 पोल एयर कूल्ड स्टीम/गैस टर्बाइन चालित जनरेटर (3 मेगावाट से 0 मेगावाट)
- 2 पोल हाइड्रोजन कूल्ड स्टीम/गैस टर्बाइन चालित जनरेटर 36 मेगावाट से 70 मेगावाट तक के
- 5 मेगावॉट तक के स्थायी चुंबक आधारित जनरेटर।
- 270 मेगावाट तक के गैस टरबाइन जनरेटर
- 2 मेगावाट तक के सिंगल बीयरिंग वाले औद्योगिक अनुप्रयोगों के लिए अल्टरनेटर।

रेल परिवहन/ट्रांसपोर्टेशन

- परिवहन प्रणाली
- एसी इलेक्ट्रिक इंजन (6000 एचपी, 25 केवी एसी तक के)
- एसी–डीसी ड्यूल वोल्टेज इलेक्ट्रिक इंजन
- एसीईएमयू कोच
- मेट्रो कोच
- ट्रैक्शन प्रोपल्शन सिस्टमः
  - 9000 एचपी आईजीबीटी आधारित एसी लोकोमोटिव
  - 6000 एचपी आईजीबीटी आधारित एसी लोकोमोटिव
  - 6000–एचपी लोकोमोटिव केलिए आईजीबीटी आधारित कम्पोजिट प्रोपल्शन सिस्टम
  - 3–फेज आईजीबीटी आधारित एसी इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट्स (ईएमयूएस)
  - वातानुकूलित एसीईएमयू
  - डीसी ड्राइव केलिए इलेक्ट्रिक एसीईएमयू
  - 16000 एचपी आईजीबीटी आधारित डीईएमयू

  - 3 फेज आईजीबीटी आधारित एमईएमयू
  - 16000 एचपी मल्टी–जनसेट लोकोमोटिव
- डबल्यूएजी–7 लोकोमोटिव के डीसी प्रोपल्सन सिस्टम (प्रणोदन प्रणाली) के लिए रीजनरेशन सिस्टम
- डीजल इलेक्ट्रिक टावर कार
- डीजल–इलेक्ट्रिक शंटिंग लोकोमोटिव (1400 एचपी तक)
- बैटरी पावर्ड लोकोमोटिव
- ओएचई रिकॉर्डिंग–कम–टेस्ट कार
- बैटरी पावर्ड रोड व्हिकल्स
- डायनामिक ट्रैक स्टेबलाइजर्स
- रेल–कम–रोड व्हिकल

परिवहन उपकरण

- ट्रैक्शन कन्वर्टर और सहायक कनवर्टर
- वाहन नियंत्रण इलेक्ट्रॉनिक्स
- होटल लोड कनवर्टर
- ट्रैक्शन कन्वर्टर और होटल लोड कनवर्टर सहित कम्पोजिट कनवर्टर
- ट्रैक्शन ट्रांसफार्मर
  - पारंपरिक इंजनोंकेलिए 5400 केवीए तक के
  - 3 फेज ड्राइव लोकोमोटिव के लिए 7775 केवीए तक के
  - परंपरागत एसी ईएमयू/एमईएमयूएस 1050 केवीए तक के
  - 3 फेज ईएमयू के लिए 1578 केवीए तक के
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए 3 फेज एसी ट्रैक्शन मोटर्स (1200 किलोवाट तक)
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए डीसी ट्रैक्शन मोटर्स (630 किलोवाट तक)
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए एसी ट्रैक्शन अल्टर्नेटर (3860 किलोवाट तक)
- डीसी ट्रैक्शन जेनरेटर 2000 किलोवाट तक
- डायनेमिक (गतिशील) ब्रेकिंग सिस्टम के लिए डीसी ब्लोअर मोटर्स (50 किलोवाट तक)
- सहायक आवश्यकताओं के लिए मोटर जनरेटर सैट (25 किलोवाट तक)
- लोकोमोटिव और ईएमयू के लिए ट्रैक्शन गियर्स और पीनियन
- वैगन (28 एक्शल (धुरी), 296 टन तक के)

डिफेंस और एयरोस्पेस

- नौसेना के जहाजों के लिए सुपर रैपिड गन माउंट (एसआरजीएम) 76/62 गन (बंदूक)
- नौसेना के जहाजों के लिए एकीकृत प्लेटफार्म प्रबंधन प्रणाली (आईपीएमएस)
- इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम (आईबीएस)
- स्टेटिक मैन मोटर जनरेटर (एसएमएमजी)
- कंट्रोल्स के साथ रोटरी मैन मोटर जनरेटर (आरएमएमजी)
- वाहनों, प्लेटफॉर्म, रडार, हथियारों, मिसाइलों के लिए ट्रेनिंग (प्रशिक्षण) सिम्युलेटर और सभी **रक्षा और अर्ध–सैन्य बलों के लिए कंप्यूटर आधारित प्रशिक्षण (सीबीटी)**
- टी –72 टैंक केलिए टरेट (बुर्ज) कास्टिंग
- जहाजों के लिए कास्टिंग और फोर्जिंग
- विभिन्न विमान प्लेटफार्मों के लिए कॉम्पैक्ट हीट एक्सचेंजर्स
- स्थायी चुंबक आवृत्ति (परमानेंट मैगनेट फ्रिक्वेंसी) कन्वर्टर्सड्राइव यूनिट केसाथ
- रिजर्व प्रोपल्शन मोटर ड्राइव यूनिट के साथ
- कॉम्पैक्ट ब्रशलेस अल्टरनेटर
- लॉन्च (प्रक्षेपण) वाहनों और उपग्रहों के लिए ईंधन टैंक और अन्य घटक
- प्रक्षेपण (लॉन्च) वाहनों और उपग्रहों के लिए स्पेस (अंतरिक्ष) ग्रेड बैटरी

एनर्जी स्टोरेज सिस्टम और ई–मोबिलिटी

- इलेक्ट्रिक बस
- मोटर वाले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए पावर ट्रेन
- इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर
- पॉवर कंडीशनिंग यूनिट (पीसीयू) और एससीएडीए (स्काडा) सहित बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम

ऑयल फील्ड उपकरण

- ऑयल रिग्स – 9,000 मीटर की गहराई तक ड्रिलिंग के लिए ऑन–शॉर ड्रिलिंग रिग एसी–वीएफडी और एसी–एससीआर तकनीक के साथ, 6,100 मीटर की गहराई तक कार्य करने के लिए वर्क–ओवर रिग, 3,000 मीटर की गहराई तक ड्रिलिंग के लिए मोबाइल रिग्स। मैचिंग वाले ड्रॉ–वर्क्स और होस्टिंग उपकरणों सहित:
  - मास्ट और सब–स्ट्रक्चर
  - रोटेटिंग उपकरणः ड्रा वर्क्स, रोटरी, स्विवेल्स, ट्रेवलिंग ब्लॉक
  - इंडेपेंडेंट रोटरी ड्राइव यूनिट
  - पंपों सहित मड सिस्टम
  - बीएचईएल और गैर–बीएचईएल द्वारा निर्मित ऑयल रिग्स का नवीनीकरण और उन्नयन
  - 3–फेज ऑयल रिग मोटर 1150 एचपी तक के
  - डीसी ऑयल रिग मोटर 1000 एचपी तक (ड्रा वर्क्स, मड पंप, ड्रिलिंग)
  - ऑयल रिग अल्टर्नेटर्स 1750 केवीए तक के
  - ई 760, ई 1400, ई 2000 और ई 3000 रिग के लिए एसी/डीसी पावर कंट्रोल रूम
  - डीजी सेट्स के लिए 1430 केवीए तक का एसी पावर पैक
    - एसी कंट्रोल मॉड्यूल
    - डीसी कंट्रोल मॉड्यूल
  - ड्रिलर कंसोल 3 मड पंपों तक, आईआरडी और ड्रा–वर्क कंट्रोल और मॉनिटरिंग, लोड रेटिंग (0–1800 ए, 0–1000 वी)
  - मोबाइल लाइटनिंग टावर, रिग लाइटनिंग टावर
  - एसी रिग्स के लिए एसी–वीएफ़डी कंट्रोल्स
  - एसी एससीआर रिग्स में पावर फैक्टर सुधार के लिए स्टेटकॉम (एसटीएटीसीओएम)
- वैल हैड्स और क्रिसमस ट्री 10,000 पीएसआई तक के, मड लाइन सस्पेंशन, चोक और किल मैनिफोल्ड, सीबीएम वैल हैड्स, डीपीएसएम एच–मैनीफोल्ड असेंबली, मड वाल्व

फैब्रिकेटिड उपकरण और मैकेनिकल पैकेज

- क्रायोजेनिक एयर सेप्रेशन यूनिट (वायु पृथक्करण इकाइयाँ)
- क्रायोजेनिक स्टोरेज टैंक, माउंडेड स्टोरेज सिस्टम और स्टोरेज स्फेयर्स
- प्रेशर वेसल, कॉलम, रिएक्टर/सेपरेटर, हीट एक्सचेंजर्स
- फायर्ड हीटर
- पर्ज गैस रिकवरी यूनिट

शब्दावली और संक्षिप्तीकरण

एसीएस	ऑक्जेलरी कंट्रोल सिस्टम
एपीजीईएनको	आंध्र प्रदेश पावर जनरेशन कार्पोरेशन
एपीपीडीसीएल	आंध्र प्रदेश पावर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड
एएसएमई	अमेरिकन सोसाइटी ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स
एएसटीएम	अमेरिकन सोसायटी फॉर टेस्टिंग एंड मैटेरियल
बीपीसीएल	भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
बीएसई	मुम्बई स्टॉक एक्सचेंज
सी एंड आई	कंट्रोल एण्ड इंस्ट्रुमेंटेशन
सीईए	केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण
सीएफबीसी	सर्कुलेटिंग फल्युडाइज्ड बैड कम्बस्टन
सीएलडब्ल्यू	चितरंजन लोकोमोटिव वर्क्स
सीपीएसई	केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम
सीएसआर	कार्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व
सीबीसी	केंद्रीय सर्तकता आयुक्त
सीवीटी	कैपेसिटिव वोल्टेज ट्रांसफार्मर
डीडीयूजीजेवाई	दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना
डीईटीसी	डीजल इलेक्ट्रिकल टावर कार
डीईएमयू	डीजल इलेक्ट्रिकल मल्टीपल यूनिट
डीएचडीटी	डीजल हाईड्रोट्रीटिंग
डीएलडब्ल्यू	डीजल लोकोमोटिव वर्क्स
डीएमडब्ल्यू	डीजल लोको आधुनिकीकरण कार्यशाला
डीपीई	लोक उद्यम विभाग
डीएसआईआर	वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान विभाग
ईडी	कार्यपालक निदेशक
ईईपीसी	इंजीनियरिंग एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल
ईई आर एंड एम	ऊर्जा दक्ष नवीनीकरण और आधुनिकीकरण
ईएचवी	एक्ट्रा हाई वोल्टेज
ईएमयू	इलेक्ट्रिकल मल्टिपल यूनिट
ईपीसी	इंजीनियरिंग, विक्रय तथा निर्माण
ईएसपी	इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रेसिपिटेटर
एफएसीटीएस	फलेक्सिसबल अल्टरनेटिगं करन्ट ट्रांसमिशन सिस्टम
एफ़एएमई	फास्टर अडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ ;हाइब्रिडद्ध और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स
एफजीडी	फ्लू गैस डिसल्फुराइजेशन
जीआईएस	गैस इंसुलेटिड सबस्टेशन
जीटीजी	गैस टरबाईन जनरेटर
जीटीओ	गेट टर्म ऑफ थायरिस्टर
जीव्हीए	ग्रास वैल्यू एडिड
एचईपी	हाइड्रो इलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट
एचएफसीएल	हिंदुस्तान फर्टीलाईजर कार्पोरेशन लिमिटेड
एचपीटी	हाई प्रेशर टरबाईन
एचआरएसजी	हीट रिकवरी स्टीम जनरेटर
एचवीडीसी	हाई वोलटेज डायरेक्ट करेंट
एचवीओएफ	हाई विलोसिटी ऑक्सीजन फ्यूल
आईसीएफ	इंटेग्रल कोच फैक्ट्री
आईडी फेन	इंड्यूस्ड ड्राफ्ट फेन
आईजीबीटी	इंसुलेटेड.गेट बाइपोलर ट्रांसिस्टर
आईजीसीएआर	इंदिरा गांधी परमाणु अनुसंधान केन्द्र
आईओसीएल	इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड
आईपीडीएस	इंटिग्रटिड पावर डेवलपमेंट स्कीम
आईपीएमएस	इंटिग्रेटिड प्लेटफार्म मेनेजमेंट सिस्टम
आईपीआर	बौद्धिक सम्पदा अधिकार
आईआर	इंडियन रेलवे
आईआरईपीएस	इंडियन रेलवे ई.प्रोक्योरमेंट सिस्टम
आईएसओ	अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन
इसरो	भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
केपीसीएल	कर्नाटक पावर कॉर्परेशन लिमिटेड
एलसीए	लाईट कॉम्बेट एयरक्राफ्ट
एलआईएस	लिफ्ट इरिगेशन स्कीम
एलपी टरबाईन	लो प्रेशर टरबाईन
एम एवं ए	मर्जर एवं अधिग्रहण
एमईआईएल	मेघा इंजीनियरिंग व इंफ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड
एमईएमयू	मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट
एमएचआई व पीई	भारी उद्योग व सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम मंत्रालय
एमओयू	समझौता ज्ञापन
एमआरओ	रखरखाव, मरम्मत और ओवरहाल
एमयू	मिलियन यूनिट्स
एनडीटी	नॉन डिस्ट्रक्टिव टेस्टिंग
एनईएमएमपी	राष्ट्रीय इलेक्ट्रिक मोबिलिटी मिशन योजना
एनपीसीआईएल	न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
एनएसई	नेशनल स्टॉक एक्सचेंज
एनएसपीसीएल	एनटपीसी.सेल पावर कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
ओईएम	मूल उपकरण विनिर्माता
ओएचपीसी	ओडिशा हाईड्रो पावर कॉर्पोरेशन
ओएनजीसी	ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
ओटीसी	ओवर एण्ड काउंटर
पीसीएफसी	विदेशी मुद्रा में पैकिंग क्रेडिट ऋण
पीसीयू	पावर कंडीशनिंग यूनिट
पीजीसीआईएल	पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड
पीएलएफ	प्लांट लोड फैक्टर
पीएलएम	उत्पाद जीवन चक्र प्रबंधन
पीपीए	पावर परचेज एग्रीमेंट
पीपीजीसीएल	प्रयागराज विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड
पीएसई	सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम
आर एंड डी	अनुसंधान एवं विकास
आर एंड एम	नवीकरण एवं आधुनिकीकरण
आरडीएसओ	अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन
आरएफ़क्यू	कोटेशन के लिए अनुरोध
आरएफ़पी	प्रस्ताव के लिए अनुरोध
आरएच	री.हीटर
आरपीसीएल	रायचूर पावर कंपनी लिमिटेड
आरयूपीपीएल	रिलायंस यूटिलिटी एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड
एससीओपीई	स्टेंडिंग कॉफ्रेंस आफ पब्लिक एंटरप्राईजेज
एसआरआर	सेलेक्टिव केटालिस्टिक रिडक्शन
एसडी	सस्टनेबल डेवलपमेंट
सेबी	भारतीय प्रतिभूती एवं विनिमय बोर्ड
एसजी	स्टीम जनरेटर
एसएच	सुपर हीटर
एसएनसीआर	सिलेक्टिव नॉन कैटालिटक रिडक्शन
एसपीडीपी	स्क्रीन प्रोटेक्टेड ड्रिप प्रुफ
एसपीवी	सोलर फोटो वोल्टिक
एसआरजीएम	सुपर रैपिड गन माउंट
एसटीएटीसीओएम	स्टेटिक सिंक्रोनस कंपेनसेटर
एसटीपीपी	सुपर थर्मल पावर प्लांट
टीएएनजीईडीसीओ	तमिल नाडु जनरेशन और डिस्ट्रीब्यूशन कॉर्पोरेशन
टीबीसीबी	टैरिफ आधारित कॉम्पेटिटिव बिडिंग
टीसीएमएस	ट्रेन कंट्रोल एंड मैनेजमेंट सिस्टम
टीईटीवी	टोटली एनक्लोज्ड ट्यब वेंटिलेटिड
टीईएफसी	टोटली एनक्लोज्ड फेन कूल्ड
टीजी	टरबाइन व जनरेटर
टीएचडीसीआईएल	टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन इंडिया लिमिटेड
टीपीएस	ताप विद्युत संयंत्र
टीएसजीएनको	तेलंगाना राज्य पावर जनरेशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड
यूएचवी	अल्ट्रा हाई वोल्टेज
यूएचवीएसी	अल्ट्रा हाई वोल्टेज एसी
यूपीआरवीयूएनएल	उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम
वीसीयू	व्हीकल कंट्रोल यूनिट
वीएफडी	वैरियबल फ्रीक्वंसी ड्राईव
वीजीओ	वेक्यूम गैस ऑयल
डब्ल्यूजी	ब्राड गेज, एसी ट्रेक्शन, गुड्स ड्यूटी

शब्दावली (वित्तीय पारिभाषिक पद)

लेखांकन नीतियां: लेखांकन नीतियां विशिष्ट लेखांकन सिद्धांत एवं इनके अनुप्रयोग की विधियां है जिन्हें कंपनी द्वारा वित्तीय विवरण तैयार करने व प्रस्तुत करने हेतु अपनाया गया है।

उपचय: वित्तीय विवरण व्यापारिक प्रणाली पर तैयारी किया गया है। संव्यवहार व अन्य घटनाओ के प्रभावों को उनके होने पर मान्यता दी जाती है व लेखांकन अभिलेखों में इनकी गणना की जाती है एवं संबंधित समयावधि के वित्तीय विवरण में इनका उल्लेख किया जाता है।

परिशोधन: एक अमूर्त परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास योग्य राशि सुव्यवस्थित रूप से आबंटित करना परिशोधन है ।

तुलन पत्र: एक तुलन पत्र एक इकाई की वित्तीय स्थिति का विवरण है जो किसी समय विशेष पर परिसंपत्तियों, दायित्वों एवं स्वामी की ईक्विटी को दर्शाता है।

बोनस अंश: बोनस अंश एक शेयरधारक के स्वामित्व वाले अंशों के आधार पर, निर्बंध आरक्षित अंशों में वर्तमान शेयरधारक को बिना किसी अतिरिक्त लागत के प्रदत्त अतिरिक्त अंश है।

बही मूल्य: वह राशि जो लेखा बही अथवा वित्तीय विवरण में किसी मद के लिए दर्शाई गई है।

अंशों की पुनः खरीद: पुनः खरीद अंशों की पुनर्क्रय के रूप मे. भी जाना जाता है जब एक कंपनी खुले बाजार मे अपने अंशों की उपलब्धता कम करने हेतु उसके स्वयं के बकाया अंश क्रय करती है।

प्रयुक्त पूंजी की गणना इकाई की निवल संपत्ति से CWIP और आस्थगित कर परिसंपत्तियों को घटाकर की जाती है।

आरक्षित पूंजी: किसी इकाई की आरक्षित पूंजी वह है जो लाभांश के रूप मे वितरित की जाने हेतु उपलब्ध हो।

पूंजी मोचन आरक्षित निधि: कंपनी ने अपनी सामान्य आरक्षित निधि से इक्विटी अंशों के क्रय पर पूंजी मोचन आरक्षित निधि को मान्यता दी है। पूंजी मोचन आरक्षित निधि की राशि पुनः क्रय किए गए इक्विटी अंशों की राशि के तुल्य है।

नकदी व नकदी समतुल्य: नकद में नकद एवं मांग जमा राशियां सम्मिलित है। नकद समकक्ष अल्पकालिक, अत्यधिक तरल निवेश हैं जो सरलता से ज्ञात नकद राशि में परिवर्तनीय हैं और जो मूल्य में परिवर्तन के एक तुच्छ जोखिम के अधीन हैं।

अनुबंधित परिसंपत्तियां: अनुबंधित परिसंपत्तियां (आस्थिगित देनदार व अगण्य राजस्व) उन राशियों का प्रतिनिधित्व करता है जो ग्राहक के साथ अनुबंध शर्तों/तय कार्यक्रम पर सहमति के अनुसार अभी भुगतान हेतु देय नहीं है। यह अनुबंधतः संबंधित गतिविधियों/तय शुदा चरणों के पूरा होने पर देय होगा।

अनुबंध देयता: एक इकाई का दायित्व एक ग्राहक के लिए वस्तुओं या सेवाओं को स्थानांतरित करना है जिसके लिए ग्राहक से इकाई को प्रतिफल (या राशि बकाया है) प्राप्त हो चुका है।

आकस्मिक देयताएं है:

(क) भूतपूर्व घटनाओं से उत्पन्न होने वाले संभावित दायित्व और जिनके अस्तित्व की पुष्टि केवल एक या अधिक अनिश्चित भविष्य की घटनाओं के होने या न होने से होगी, जो इकाई के पूर्ण नियंत्रण में नहीं हैं। अथवा

(ख) पूर्व घटनाओं से उत्पन्न वर्तमान देयता जिसे मान्यता नहीं दी गई क्योंकि:

(1) यह संभाव्य नहीं है कि दायित्वों के निपटान हेतु आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले स्त्रोतों का बहिर्वाह आवश्यक होगा। अथवा

(2) देयताओं की राशि पर्याप्त विश्वसनीयता के साथ आंकलित कर पाना संभव नहीं है।

समेकित वित्तीय विवरण (सीएफएस): समेकित वित्तीय विवरण किसी समूह के वित्तीय विवरण होते हैं जिनमें किसी मूल कंपनी व उसकी सहायिकाओं के लिए परिसंपत्तियां, देयताएं, ईक्विटी, तरलता, आय, व्यय एवं नकद प्रवाह को एक आर्थिक इकाई के रूप में प्रस्तुत किया जाता है।

ऋण जोखिम: जोखिम एक पार्टी का वित्तीय लिखित में अन्य पार्टी को देयताएं का निर्वहन में विफल होने के कारण होने वाली वित्तीय हानि है

चालू अनुपात: चालू अनुपात एक तरलता अनुपात है जो एक वर्ष के भीतर की देयताएं एवं अल्पकालीन दायित्वों के भुगतान की योग्यता का आंकलन करता है। इसकी गणना वर्तमान परिसंपत्तियों को वर्तमान दायित्वों से विभाजित करके की जाती है।

वर्तमान परिसंपत्तियां: एक संपत्ति को वर्तमान परिसंपत्ति में वर्गीकृत किया जाता है जब:

1) संपत्ति को उसके सामान्य परिचालन चक्र में वास्विक माना जा सके, या विक्रय या उपभोग का प्रयोजन हो सके।

2) प्राथमिक तौर पर इसे व्यापारिक उपयोग हेतुरखा हो

3) सूचित समयकाल से 12 माह के भीतर इसे वास्तविक माने जाने की अपेक्षा की जाती है, अथवा

4) परिसंपत्ति नकद या नकद समतुल्य है जब तक कि परिसंपत्ति को परिर्तित किए जाने से प्रतिबंधित नहीं किया जाता है या रिपोर्टिंग अवधि के बाद कम से कम बारह महीनों के लिए देयता का निपटान करने के लिए उपयोग किया जाता है।

वर्तमान देयताएं: एक दायित्व को वर्तमान दायित्वों में वर्गीकृत किया जाता है जब:

1) यह आपेक्षित हो कि दायित्व को उसके सामान्य परिचालन चक्र में ही निपटाया जाए।

2) प्राथमिक तौर पर इसे व्यापारिक उपयोग हेतु रखा हो

3) सूचित समयकाल से 12 माह के भीतर इसे वास्तविक माने जाने की अपेक्षा की जाती है, अथवा

4) इसे सूचित समयकाल से कम से कम 12 माह तक देयताओं के भुगतान को टालने का बिना शर्त अधिकार नहीं होगा।

वर्तमान कर व्ययः वर्तमान कर किसी अवधि के लिए कर योग्य लाभ (हानि) के संदर्भ में देय (वसूली योग्य) आयकर की राशि है

अस्थगित कर्जः अस्थिगित कर्ज वे कर्ज हैं जो अनुबंध शर्तों के अनुसार चिन्हित उपलब्धियों जैसे ट्रायल ऑपरेशन,पीजी टेस्ट इत्यादि पर देय बन जाऐंगे।

अस्थगित करः आस्थगित कर की गणना तुलन पत्र की तारीख को अधिनियमित या पर्याप्त रूप से अधिनियमित कर कानूनों व दरों का उपयोग कर की जाती है।

आस्थगित कर परिसंपत्तिः आस्थगित कर परिसंपत्ति कटौती योग्य अस्थाई अंतर, आगे अग्रेषित अप्रयुक्त कर हानि एवं आगे अग्रेषित अप्रयुक्त कर जमाओं के संदर्भ में भविष्य की अवधि में वसूली योग्य आयकर की राशियां हैं।

आस्थगित कर दायित्वः आस्थगित कर दायित्व कर योग्य अस्थाई अंतर के संदर्भ में देय आयकर की राशियाँ है।

पारिभाषित लाभ योजनाएं:

परिभाषित लाभ योजनाएँ परिभाषित अंशदान योजनाओं के अतिरिक्त रोजगारोपरांत लाभ योजनाएं है। परिभाषित अंशदान योजनाएँ ऐसी रोजगारोपरांत लाभ योजनाएं हैं। परिभाषित योगदान योजनाएं रोजगार के बाद की लाभ योजनाएं हैं, जिसके तहत एक इकाई एक अलग इकाई (एक फंड) में निश्चित योगदान का भुगतान करती है और इस पर आगे कोई योगदान देने के लिए कोई कानूनी या रचनात्मक दायित्व नहीं, होगा यदि फंड वर्तमान और पूर्व की अवधि की कर्मचारी सेवा के लिए सभी कर्मचारी लाभों से संबंधित भुगतान करने के लिए पर्याप्त संपत्ति नहीं रखता है ।

प्रति अंश लाभांशः इसकी गणना वर्ष के लिए कुल लाभांश (लाभांश वितरण कर को हटा कर) को कुल बकाया ईक्विटी अंशों की संख्या से विभाजित कर जाती है।

मूल्यह्रासः मूल्यह्रास एक परिसंपत्ति के उपयोगी जीवनकाल पर मूल्यह्रास योग्य राशि के व्यवस्थित आबंटन है ।

लाभांश वितरण करः यह कंपनी द्वारा लाभांश के रूप में किसी भी राशि के घोषित, वितरित अथवा भुगतान किए जाने पर कपनी द्वारा भुगतान किया गया अतिरिक्त आयकर है।

ईबीआईडीटीए से अर्थ है ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन के पूर्व अर्जित आय। परिचालन ईबीआईडीटीए का निर्धारण अन्य आय कोई बीआईडी टीए से घटा कर किया जाता है।

ईबीआईडीटीए सीमा (%) : लाभप्रदता निष्पादन अनुपात की गणना कर पूर्व आय, मूल्यह्रास एवं कर को टर्नओवर से विभाजित कर की जाती है।

प्रति अंश आय (EPS): यह वर्ष के दौरान प्रति अंश आय को दर्शाता है, जिसकी गणना कर अदायगी बाद लाभ को कुल बकाया ईक्विटी अंशों की संख्या से विभाजित कर की जाती है।

ईक्विटी पद्धतिः लेखांकन की ईक्विटी पद्धति का उपयोग किसी कंपनी के संयुक्त उद्यम में विनिवेश आकार के अनुपात में संयुक्त उद्यम से अर्जित कुल आय के निर्धारण हेतु किया जाता है। इक्विटी पद्धति लेखांकन की एक पद्धति जिसमें निवेश को पहले लागत पर मान्यता दी जाती है और उसके बाद निवेशक की कुल परिसंपत्तियों के अंश में अधिग्रहण के बाद परिवर्तन हेतु समायोजित किया जाता है।

अपेक्षित ऋण हानिः अनुबंध के अनुसार किसी इकाई को देय सभी अनुबंधित नकद प्रवाह और एक इकाई द्वारा प्रभावी मूल ब्याज दर पर प्राप्त, छूट लेने पर अपेक्षित नकदी प्रवाह का अंतर है।

उचित मूल्यः उचित मूल्य वह मूल्य है जो किसी परिसंपत्ति को बेचने पर प्राप्त किया जाएगा या माप तिथि पर बाजार प्रतिभागियों के बीच एक क्रमबद्ध लेन देन में देयता को स्थानांतरित करने के लिए भुगतान किया जाएगा।

वित्तीय पट्टाः वित्तीय पट्टा एक प्रकार का पट्टा है जो सभी जोखिमों एवं आकस्मिक प्रतिफलों को वस्तुतः किसी परिसंपत्ति के स्वामित्व में परिवर्तित करता है। स्वामित्वधिकार अंततः परिवर्तित हो सकता है और नहीं भी।

वित्तीय परिसंपत्तिः एक संपत्ति जो, अ) नकद हो, ब) इक्विटी उपस्कर या अन्य इकाई, स) किसी अन्य इकाई से नकद या अन्य वित्तीय संपत्ति प्राप्त करने या किसी अन्य इकाई के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयता का आदान–प्रदान करने का सं. विदात्मक अधिकार, द) एक अनुबंध जो किसी इकाई के स्वयं के ईक्विटी उपस्करों में तय होगा या हो सके।

वित्तीय दायित्वः कोई भी दायित्व जो, अ) किसी अन्य इकाई से नकद या अन्य वित्तीय संपत्ति प्रदान करने या किसी अन्य इकाई के साथ वित्तीय परिसंपत्तियों या वित्तीय देयता का आदान–प्रदान करने का संविदात्मक दायित्व, ब) एक अनुबंध जो किसी इकाई के स्वयं के ईक्विटी उपस्करों में तय होगा या हो सके।

वित्तीय लिखतः कोई भी अनुबंध जो किसी इकाई की वित्तीय परिसंपत्ति एवं अन्य इकाई की वित्तीय दायित्व अथवा ईक्विटी उपस्कर को बढाएं।

वित्तीय गतिविधियांः ऐसी गतिविधियां जिनके कारण किसी इकाई के अंशदत्त इक्विटी और ऋणों के आकार व संयोजन में परिवर्तन

होते हैं।

सामान्य आरक्षित निधिः सामान्य आरक्षित निधि किसी कंपनी की संचित आय हैं जो भविष्य की आवश्यकताओं (ज्ञात या अज्ञात) की पूर्ति हेतु अलग से रख दी जाती है।

कार्यशील संस्थाः इसका अर्थ उस इकाई से है जिसका निकट भविष्य मे परिचालन बंद करने का कोई प्रयोजन न हो।

धारक/नियंत्रक कंपनीः ''धारक/ नियंत्रक कंपनी'', एक या अन्य अधिक कंपनियों के संबंध में''धारक/ नियंत्रक कंपनी''का अर्थ ऐसी कंपनी से है जिसकी ये कंपनियां सहायिका हैं।

इंपेरमेंट लॉसः इंपेरमेंट लॉस वह राशि है जो किसी संपत्ति अथवा नकदी निर्माता इकाई से उसकी वसूली योग्य राशि से अधिक है। किसी संपत्ति अथवा नकदी निर्माता इकाई की वसूली योग्य राशि निपटान की लागत कम करके उचित मूल्य और इसकी उपयोगी मूल्य में से जो अधिक हो वह राशि है।

भारतीय लेखांकन मानक (संक्षेप में भा एएस): भाएएस कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय द्वारा यथा अधिसूचित विततीय विवरण तैयार करने के लिए प्रयुक्त लेखांकन मानक हैं ।

अमूर्त संपत्तिः अमूर्त संपत्ति अभिज्ञेय गैर–मौद्रिक अभौतिक वस्तु है।

दिनों की संख्या में इंवेंट्री : यह इंवेन्ट्री को टर्नओवर से विभाजित कर इसका गुणा वर्ष में दिनों की संख्या से कर ज्ञात किया जाता है।

संयुक्त उद्यमः एक संयुक्त उद्यम एक संयुक्त व्यवस्था है जिसके तहत व्यवस्था के संयुक्त नियंत्रण वाले संगठकों के पास व्यवस्था की निवल संपत्ति के अधिकार हैं।

तरलता जोखिमः वह जोखिम जो एक इकाई जब और जैसे अपेक्षित वित्तीय देयताओं से जुड़े दायित्वों के निवर्हन में अनुभव कर सकती है।

बाजार जोखिमः बाजार मूल्य में परिवर्तन के कारण किसी वित्तीय विलेख के उचित दाम और भावी नकद प्रवाह में होने वाले उतार–चढाव का जोखिम। बाजार जोखिम तीन प्रकार के होते हैः मुद्रा जोखिम, ब्याज दर जोखिम,और अन्य कीमत जोखिम

शुद्ध वसूली योग्य मूल्यः शुद्ध वसूली योग्य मूल्य व्यापार के सामान्य दौर में अनुमानित विक्रय मूल्य को अनुमानित पूर्णता की लागत व विक्रय के लिए आवश्यक अनुमानित लागत से घटा कर ज्ञात किया जाता है।

कुल मूल्यः किसी इकाई की निवल परिसंपत्तियो के बही मूल्य का इसकी देयताओं से अधिकता कुल मूल्य है। यह अंश धारकों की निधि के रूप में भी जाना जाता है।

प्रति अंश कुल कीमतः प्रति अंश कुल कीमत की गणना कुल मूल्य को बकाया ईक्विटी अंशों की संख्या से विभाजित कर किया जाता है।

अनियंत्रित ब्याज (एनसीआई): यह मूल कंपनी को सहायक होने वाली एक सहायिका के ईक्विटी स्वाममित्व का भाग है, जो

नियंत्रण ब्याज (50 प्रतिशत से अधिक परंतु 100 प्रतिशत से कम) वाली मूल कंपनी की सहायिका न होने योग्य एक सहायक कंपनी में इक्विटी स्वामित्व का भाग है, जो सहायिका के वित्तीय परिणामों को स्वयं के वित्तीय परिणामों के साथ समेकित करती है।

गैर चालू संपत्तियांः गैर चालू संपत्ति एक ऐसी संपत्ति है जो तुलन पत्र की तिथि से एक वर्ष के भीतर अप्रतिबंधित नकदी में परिवर्तित नहीं होने वाली है।

गैर चालू देयताएंः गैर चालू देयताएं वे दायित्व है जो एक वर्ष के भीतर निपटान हेतु देय नहीं है।

परिचालन पट्टाः परिचालन पट्टा एक प्रकार का अनुंबंध है जो किसी संपत्ति के उपयोग को अनुमत करता है परन्तु उसके स्वामित्व का अधिकार नहीं प्रदान करता है। परिचालन पट्टा तुलन पत्र से बाहर किसी संपत्ति के वित्तपोषण का प्रतिनिधित्व करता है, जिसमें पट्टे की संपत्तियां और उससे जुड़ी भावी किराया भुगतान देयताओं को कंपनी के तुलन पत्र में सम्मिलित नहीं किया जाता है।

अन्य व्यापक आयः (ओसीआई): अन्य व्यापक आय में वे आय और व्यय (पुर्नवर्गीकृत समायोजन को मिलाकर) सम्मिलित हैं जो अन्य भारतीय लेखा मानक के द्वारा लाभ या हानि के रूप में मान्य न करने हेतु आवश्यक हैं अथवा अनुमत की गई हैं।

परिचालन गतिविधियांः परिचालन गतिविधियां किसी इकाई की प्रमुख राजस्व उत्पादक गतिधियां है एवं अन्य गतिविधियां जो निवेश अथवा वित्त पोषण गतिविधियां नहीं है।

परिचालन लाभ सीमा (प्रतिशत): लाभप्रदता निष्पादन अनुपात का उपयोग कंपनी के द्वारा उसके परिचालनों से उत्पन्न लाभ का प्रतिशत की गणना हेतु किया जाता है। इसे करपूर्व लाभ, कर व अन्य आय (एमओयू के अनुसार) को परिचालनों से प्राप्त राजस्व को विभाजित कर परिकलित किया जाता है।

परिसंपत्ति, प्लांट व उपकरण (पीपीई): परिसंपत्ति, प्लांट व उपकरण (पीपीई) वे मूर्त मदें जोः

क) उत्पादन, माल अथवा सेवा की आपूर्ति, अन्य को किराए पर देने, अथवा प्रशासनिक उद्देश्यों के उपयोग हेतु रखी हो, और

ख) जिसे एक से अधिक अवधि के दौरान उपयोग किए जाने की अपेक्षा हो

लाभ सीमा (प्रतिशत): यह टर्नओवर से उत्पन्न प्रतिशत के रूप में लाभ के द्वारा दर्शाया जाता है, इसे कर पूर्व लाभ (पीबीटी) को टर्न ओवर से विभाजित कर परिकलित किया जाता है।

परिचालनों से राजस्वः एक इकाई की सामान्य गतिविधियों के दौरान उत्पन्न होने वाली अवधि में आर्थिक लाभ का सकल प्रवाह इक्विटी में जो वृद्धि करते है, इक्विटी प्रतिभागियों से अंशदान से

संबंधित वृद्धि के अलावा।

शुद्ध मूल्य पर प्रतिफल (प्रतिशत): शुद्ध मूल्य पर वापसी किसी कंपनी की लाभप्रदता आंकलन का एक मापक है, जिसकी गणना शुद्ध लाभ को औसत शुद्ध मूल्य (ओसीआई को हटाकर) से विभाजित करके की जाती है।

सहायिका कंपनी: सहायिका कंपनी एक ऐसी कंपनी जिसका स्वामित्व व नियंत्रण किसी अन्य कंपनी के द्वारा किया जाता है, जो कि मूल कंपनी या धारक कंपनी कहलाती है।

कुल व्यापार प्राप्य: प्राप्य राशियां एक इकाई के लिए विचाणीय है जो कि बिना शर्त है। विचार किए जाने का अधिकार बिना शर्त के है यदि केवल उस विचार के देय भुगतान के पूर्व समय का व्यतीत होना आवश्यक है।

दिनों के आधार पर व्यापार प्राप्तः इसे व्यापारिक प्राप्तियों को परिचालन राजस्व (जीएसटी सहित) से विभाजित कर वर्ष में दिनों की संख्या से गुणा करके परिकलित किया जाता है।

प्रति कर्मचारी टर्नओवर: यह वर्ष के दौरान प्रति कर्मचारी अर्जित किया गया टर्नओवर है, इसे टर्नओवर को कुल कर्मचारियों की संख्या से विभाजित कर परिकलित किया जाता है।

मूल्यांकन समायोजन: लंबी अवधि के निर्माण अनुबंधों में, राजस्व को पूर्णता पद्धति के प्रतिशत पर मान्यता प्राप्त है, हालांकि बिलिंग ग्राहक के साथ सहमत बीबीयू (बिलिंग ब्रेकअप) के अनुसार की जाती है। टर्नओवर और बिलिंग के बीच अंतर को मूल्यांकन समायोजन के रूप में मान्यता दी जाती है।

कार्यशील पूंजी: किसी संस्था के दिन–प्रतिदिन के संचालन के लिए उपलब्ध धन। इसके अलावा यह वर्तमान देनदारियों से अधिक वर्तमान परिसंपत्तियों की अधिकता का प्रतिनिधित्व करता है।

सजगतापूर्ण विवरण

वार्षिक रिपोर्ट में विवरण, कंपनी के उद्देश्य, अपेक्षा या अनुमानों का वर्णन करते हुए लागू कानूनों और विनियमों के अर्थ में देखते हैं। वास्तविक परिणाम आर्थिक विकास, सरकार की नीतियों और अन्य आकस्मिक कारकों के आधार पर व्यक्त या निहित से भिन्न हो सकते हैं।

भारत हेवी इलेट्रिकल्स लिमिटेड

(सीआईएनः L74899DL1964GOI004281)
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल, हाउस, सीरी फार्ट, नई दिल्ली –110049
फोन– 011–66337000, फैक्सः 011–66337428
बेवसाईटः www.bhel.com, ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि भारत हेवी इलेट्रिकल्स लिमिटेड के सदस्यों की 56वीं वार्षिक आम सभा 28 सितम्बर, 2020 प्रातः 10 बजे वीडियो/अन्य ऑडियो विजुअल (वीसी) माध्यमों से निम्नालिखित कार्य निष्पादन हेतु आयोजित की जाएगी।

सामान्य कार्य

1. 31 मार्च 2020 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए लेखापरीक्षा किए हुये एकल एवं समेकित विवरणों के साथ निदेशक रिपोर्ट व उस पर लेखापरीक्षा की रिपोर्ट को प्राप्त, विचार एवं स्वीकृत करना।

2. श्री मनोज वर्मा (डीआईएनः 08308714) के स्थापन पर एक निदेशक नियुक्त करना जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्ति हो रहें है और पात्र होने पर स्वयं की पुनः नियुक्ति हेतु प्रस्ताव दे रहें है।

3. श्री कमलेश दास (डीआईएनः 08376769) के स्थापन पर एक निदेशक नियुक्त करना जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त हो रहें है और पात्र होने पर स्वयं की पुनः नियुक्ति हेतु प्रस्ताव दे रहें है।

4. वर्ष 2020–21 के लिए लेखा परीक्षकों का पारिश्रमिक तय करने हेतु निदेशक मण्डल को प्राधिकृत करना।

विशेष कार्य

5. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   "संकल्प किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के प्रावधानों तथा अन्य लागू प्रावधानों एवं कंपनी (लेखापरीक्षा एवं लेखापरीक्षक) अधिनियम 2014 (किसी भी संवैधानिक सुधारों तथा इसके पुनः प्रवर्तन सहित वर्तमान में लागू) के अनुपालन में निदेशक मण्डल द्वारा नियुक्त लेखापरीक्षकों को 31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष में कंपनी के व्ययों का लेखापरीक्षा करने हेतु पारिश्रमिक दिया जाएगा, जैसा कि इस बैठक की सूचना के साथ विवरण संलग्न किया गया है और कंपनी के शेयर होल्डर द्वारा इसकी पुष्टि की गई है।"

   "यह भी संकल्प किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल को एतद द्वारा इस तरह के सभी कार्यों को करने एवं ऐसे सभी उपाय अपनाने हेतु प्राधिकृत किया जाता है, जो इस संकल्प को प्रभाव में लाने हेतु आवश्यक, उचित या प्रभावी हो सकते हैं।"

6. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   यह संकल्प किया जाता है कि श्री शशांक प्रिय (डीआईएनः 08538400) जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149 व 161 (1) के साथ पाठित अनुच्छेद 67(iv) के अनुसार दिनांक 04.10.2019 से इस वर्ष की आम सभा होने तक अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जिनके संबंध में कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160(1) के अनुसरण में स्वयं निदेशक की लिखित सूचना प्राप्त हुई है, को एतद्द्वारा द्वितीय कार्यकाल हेतु कंपनी का स्वतंत्र निदेशक पुनः नियुक्त किया जाता है, जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे।

7. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   "यह संकल्प किया जाता है कि श्री अनिल कपूर (डीआईएनः 08587329) जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 161(1) के साथ पाठित अनुच्छेद 67(iv) के अनुसार दिनांक 15.10.2019 से इस वर्ष की आम सभा होने तक अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जिनके संबंध में कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160(1) के अनुसरण में स्वयं निदेशक की लिखित सूचना प्राप्त हुई है, को एतद् द्वारा कंपनी का निदेशक नियुक्त किया जाता है, जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे।"

8. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करनाः

   "यह संकल्प किया जाता है कि श्री राज कमल बिंदल (डीआईएनः 07423392) जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 149 व 161 (1) के साथ पाठित अनुच्छेद 67(iv) के अनुसार दिनांक 31.01.2020 से इस वर्ष की आम सभा होने

तक अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जिनके संबंध में कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के अनुसरण में स्वयं निदेशक की लिखित सूचना प्राप्त हुई है, को एतद् द्वारा कंपनी का स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया जाता है।"

9. सामान्य संकल्प के रूप में निम्नलिखित संकल्प पर विचार करना एवं उचित समझे जाने पर संशोधन सहित अथवा रहित उसे पारित करना:

"यह संकल्प किया जाता है कि श्री मनीष कपूर (डीआईएन: 02405818) जिन्हें कंपनी अधिनियम, 2013 के अनुच्छेद 161(1) के साथ पठित अनुच्छेद 67 (iv) के अनुसार दिनांक 31.01.2020 से इस वर्ष की आम सभा होने तक अपर निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था और जिनके संबंध में कंपनी को कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 (1) के अनुसरण में स्वयं निदेशक की लिखित सूचना प्राप्त हुई है, को एतद् द्वारा कंपनी का निदेशक नियुक्त किया जाता है, जो चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होंगे।"

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)

कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली

दिनांक: 28.08.2020

टिप्पणियाँ:–

1. वर्तमान कोविड–19 महामारी को देखते हुए, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (एमसीए) ने दिनांक 08.05.2020 और 13.04.2020 के साथ पठित परिपत्र दिनांक 05.05.2020 (समग्र रूप से "एमसीए परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के द्वारा सार्वजनिक स्थान पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग/अन्य ऑडियो विजुअल (वीसी) माध्यमों से वार्षिक आम सभा का आयोजन करने की अनुमति दी है। एमसीए परिपत्रों के, कंपनी अधिनियम, 2013 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूची निर्धारण और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (सेबी लिस्टिंग विनियम), के प्रावधानों के अनुरूप कंपनी की वार्षिक आम सभा वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है। वार्षिक आम सभा का आयोजन स्थल कंपनी का पंजीकृत कार्यालय माना जाएगा।

2. एमसीए परिपत्रों और सेबी परिपत्र दिनांक 12.05.2020 के अनुपालन में, वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 सहित वार्षिक आम सभा की सूचना इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से केवल उन्हीं सदस्यों को भेजी जा रही है, जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। सदस्य ध्यान दें कि सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2019–20 कंपनी (www.bhel.com), बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com) की वेबसाइटों और कंपनी के रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट, के. फिन टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड की वेबसाईट https://evoting.karvy.com पर भी उपलब्ध होगी।

3. कंपनी से सभी सूचनाएँ (सूचना, वार्षिक रिपोर्ट तथा यूज़र आईडी एवं पासवर्ड के साथ ई–वोटिंग निर्देश) इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्राप्त करने के लिए:

i) सूचना, वार्षिक रिपोर्ट एवं ई–वोटिंग निर्देशों की प्राप्ति हेतु ई–मेल पते के अस्थायी पंजीकरण हेतु:

अ) लिंक https://ris@kfintech.com/email_registration/ पर जाएं।

आ) कंपनी का नाम अर्थात भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड को सिलेक्ट करें।

इ) डीपीआईडी–क्लाइंट आईडी (यदि शेयर को इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखा जाता है)/भौतिक फोलियो नं. (यदि शेयरों को भौतिक रूप में रखा जाता है) एंटर करें।

ई) यदि पैन का विवरण सिस्टम में उपलब्ध नहीं है, तो सिस्टम रिकॉर्डों को अद्यतन करने के लिए पैन कार्ड की स्व–सत्यापित प्रतिलिपि अपलोड करने के लिए प्रेरित करेगा।

ए) यदि शेयर भौतिक रूप में रखे जाते हैं और पैन रिकॉर्डों में उपलब्ध नहीं है, तो कृपया धारित शेयरों के संदर्भ में किसी एक शेयर प्रमाणपत्र सं. को एंटर करें।

ऐ) ई–मेल पता एवं मोबाइल नंबर एंटर करें। सिस्टम डीपीआईडी–क्लाइंट आईडी/भौतिक फॉलियो नंबर तथा पैन/प्रमाण पत्र सं., जैसी भी स्थिति हो, की प्रामाणिकता की जांच करेगा और वैधता के लिए पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ–साथ ई–मेल पते पर भी ओटीपी भेजेगा।

ओ) वैधता प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए एसएमएस एवं ई–मेल द्वारा प्राप्त किए गए ओटीपी को एंटर करें। कृपया ध्यान दें कि ओटीपी सिर्फ 5 मिनट के लिए वैध रहेगा।

औ) कंपनी अपने रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट, केफिनटेक के माध्यम से दिए गए ई–मेल पते पर यूज़र आईडी एवं पासवर्ड के साथ सूचना, वार्षिक रिपोर्ट एवं ई–वोटिंग निर्देशों को प्रेषित करेगी।

ii) अपने ई–मेल पते को कंपनी में स्थायी रूप से दर्ज/अपडेट कराने तथा इलेक्ट्रॉनिक रूप से सभी सूचनाओं को प्राप्त करने के लिए:

क. भौतिक मोड के शेयर धारक सदस्य अपने ई–मेल पते को पंजीकृत कराने हेतु केफिनटेक को सक्षम बनाने के लिए प्रथम शेयरधारक (ई–मेल पता एवं मोबाइल नंबर दर्शाते हुए) द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित अनुरोध पत्र की स्कैन की हुई प्रतिलिपि, पैन की स्व–सत्यापित प्रतिलिपि एवं शेयर प्रमाणपत्र की प्रतिलिपि के साथ shareholderquery@bhel.in या madhusudhan.ms@kfintech.com/einward.ris@kfintech.com को ई–मेल अनुरोध प्रेषित करें।

ख. अभौतिक मोड के शेयर धारक सदस्यों से अनुरोध हैं कि अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अपने ई–मेल पते को पंजीकृत/अद्यतन कर लें।

अ) भौतिक मोड के शेयर धारक सदस्य जिन्होंने कंपनी में अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं किया है, उनसे अनुरोध है इसके पंजीकृत/अद्यतन के लिए shareholderquery@bhel.in या कंपनी के रजिस्ट्रार व ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स के.फिन टेक्नालॉजी प्राईवेट लिमिटेड के madhusudhan.ms@kfintech.com/einward.ris@kfintech.com को अपने फोलियो नंबर विवरण के साथ पैन कार्ड की एक स्व–सत्यापित प्रति संलग्न करके ईमेल लिखें।

आ) अभौतिक मोड के शेयर धारक सदस्यों से अनुरोध है की संगत डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अपना ईमेल पंजीकृत/अद्यतन कर लें।

4. कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, सदस्य वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने और मतदान करने, सदस्य अपनी ओर से उपस्थित होने और उसके स्थान पर मतदान करने के लिए प्रतिनिधि नियुक्त करने का पात्र होता है और प्रतिनिधि को कंपनी का सदस्य होने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह वार्षिक आम सभा एमसीए परिपत्रों के अनुपालन में वीसी के माध्यम से आयोजित की जा रही है, सदस्यों की भौतिक उपस्थिति की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। तदनुसार, वार्षिक आम सभा के लिए सदस्यों को प्रतिनिधि की नियुक्ति की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी और इसलिए प्रतिनिधि फॉर्म और उपस्थिति सूची इस सूचना के साथ अनुलग्नित नहीं हैं।

5. चूंकि यह वार्षिक आम सभा वीसी के माध्यम से आयोजित की जाएगी, बैठक स्थल का मानचित्र भी इसके साथ अनुलग्नित नहीं हैं।

6. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 103 के अनुसार वीसी के माध्यम से सदस्यों की उपस्थिति वार्षिक आम सभा की गणपूर्ति (कोरम) के प्रयोजन हेतु मान्य की जाएगी।

7. कॉर्पोरेट/संस्थागत सदस्यों (अर्थात व्यक्तियों, अविभाजित हिन्दू परिवार, एनआरआई, आदि के अतिरिक्त) को अधिकृत प्रतिनिधि (ओं) के विधिवत सत्यापित नमूना हस्ताक्षर (ओं) सहित बोर्ड के रिज़ॉल्यूशन/अथॉरिटी लेटर आदि की स्कैन की हुई प्रमाणित सत्य प्रति (पीडीएफ फाइल) स्क्रूटिनीज़र का ssachin@companylawworld.com पर भेजना और evoting@karvy.com को कॉपी करना आवश्यक है।

8. संस्थागत निवेशकों की श्रेणी के कंपनी के सदस्यों को वार्षिक आम सभा में उपस्थित होने और मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

9. उपरोक्त वर्णित विशेष कार्यों के संबंध में कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102 (1) के अनुपालन में प्रासंगिक व्याख्यात्मक विवरण भी इसके साथ अनुलग्नित है।

10. श्री मनोज कुमार वर्मा और श्री कमलेश दास, निदेशक, चक्रानुक्रम से सेवानिवृत्त होते हैं और पात्र होने पर स्वयं को पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करते हैं। हालांकि, उनकी नियुक्ति शर्तों के अनुसार, कंपनी के निदेशक के रूप में श्री मनोज कुमार वर्मा और कमलेश दास का कार्यकाल उनकी सेवानिवृत्ति पर क्रमशः 31.01.2021 और 31.07.2021 को समाप्त होगा। पुनः नियुक्ति के लिए प्रस्तावित प्रत्येक निदेशक का संक्षिप्त जीवन वृत सूचना के अनुलग्नक में दिया गया है।

11. कोविड–19 और असाधारण परिस्थितियों के कारण, निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2019–20 के लिए अंतिम लाभांश की अनुशंसा नहीं की है।

12. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 125 के साथ पठित कंपनी अधिनियम की धारा 124 के अनुपालन में 7 वर्षों की अवधि तक अदत्त/अदावाकृत लाभांश राशि को केन्द्र सरकार द्वारा गठित "निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि" में अंतरित

करना अपेक्षित है। तदनुसार, वित्ती य वर्ष 2012–13 के लिए अंतिम लाभांश एवं वित्तीतय वर्ष 2013–14 के अंतरिम लाभांश, जो अदावाकृत रहता है, को उक्त खाते में क्रमशः दिनांक 21.10.2020 तथा 11.03.2021 को अंतरित किया जाना प्रस्ता वित है।

सदस्य, जिन्होंने दिनांक 31.03.2013 को समाप्त अथवा उसके बाद किसी वित्तीय वर्ष (वर्षों) के लिए अभी तक अपने अंतिम लाभांश का दावा/ नकदीकरण नहीं किया है, निर्दिष्ट 7 वर्ष की अवधि की समाप्ति से पूर्व उसके भुगतान प्राप्त करने हेतु कंपनी से संपर्क कर सकते हैं।

13. सेबी लिस्टिंग विनियमों के अनुपालन में, सभी सूचीबद्ध कंपनियां लाभांश भुगतान के लिए आरबीआई द्वारा अनुमोदित भुगतान सुविधा जैसे कि ईसीएस / एनईसीएस / डायरेक्ट क्रेडिट आदि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मोड का उपयोग करेंगी। सदस्यों को सलाह दी जाती है कि वे अपना नेशनल इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस/इलेक्ट्रॉनिक क्लीयरिंग सर्विस (एनईसीएस) अधिकार पत्र हेतु विधिवत भरा हुआ व हस्तांक्षरित फार्म (वार्षिक रिपोर्ट में अन्यत्र दिया गया) जमा करें ताकि कंपनी द्वारा ईसीएस के माध्यम से धनराशि खातों में जमा की जा सके।

14. सदस्यों से अनुरोध है कि वे पता और एनईसीएस/ईसीएस विवरण सहित अन्य संबंधित पत्राचार में किसी भी परिवर्तन को तत्काल सूचित करें और स्थायी खाता संख्या (पैन) प्रस्तुत करें: –

i. अपने इलेक्ट्रोनिक शेयर खातों के संबंध में अपने डिपोसिट्री भागीदार (डीपी) को, और (ii) अपने वास्त्विक शेयर के संदर्भ, यदि कोई हो तो, के लाभांश वारंट की त्वरित और सुरक्षित प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए अपनी फोलियो संख्या, बैंक का नाम और खाता संख्या का उल्लेख करते हुए कंपनी के पंजीकृत कार्यालय या रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट मैसर्स कार्वी फिनटेक प्राइवेट लि. (कार्वी सिलेनियम टॉवर, बी. प्लाट 31–32, गांचीबाउली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक, नानकरामगुडा, हैदराबाद–500032) को भेजें।

15. सदस्य कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 72 के अनुरूप ऐसे किसी व्यक्ति को मनोनीत करते हुए नामांकन की सुविधा का लाभ लेसकते हैं जिन्हें, उनकी मृत्यु की दशा में, कंपनी में उनके शेयर विहित होंगे।

16. कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 142 (1) के साथ पठित धारा 139 (5) के अनुसरण में भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक द्वारा किसी सरकारी कंपनी के लेखा परीक्षक नियुक्त किए जाते है और उनका पारिश्रमिक वार्षिक आम बैठक में कंपनी द्वारा नियत किया जाता है। शेयर धारक मण्डल को 2020–21 के लेखापरीक्षकों का उपयुक्त पारिश्रमिक जो मण्डल द्वारा उचित समझा जाए, नियत करने के लिए निदेशक मंडल को प्राधिकृत कर सकते है।

17. वार्षिक आम सभा के दौरान सदस्यों द्वारा निरीक्षण के लिए निदेशकों और प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों एवं इनकी शेयर धारिता का रजिस्टर अधिनियम की धारा 170 के अंतर्गत, अनुबंधों या व्यवस्थाओं, जिसमें निदेशक रुचि रखते हैं का रजिस्टर अधिनियम की धारा 189 के अंतर्गत बनाया गया है, और सूचना में संदर्भित प्रासंगिक दस्तावेज इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपलब्ध होंगे। नोटिस में उल्लिखित सभी दस्तावेज इस नोटिस के जारी होने की दिनांक से वार्षिक आम सभा की दिनांक तक सदस्यों द्वारा निःशुल्क निरीक्षण हेतु इलेक्ट्रॉनिक रूप में उपलब्ध होंगे। इन दस्तावेजों का निरीक्षण करने के इच्छुक सदस्य shareholderquery@bhel.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

18. वार्षिक आम सभा में रखे जाने किसी विषय या खातों के संबंध में कोई भी जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक सदस्यों से अनुरोध किया जाता है कि वे कंपनी को शुक्रवार, 18 सितंबर, 2020 तक या इससे पूर्व ईमेल shareholderquery@bhel.in के माध्यम से लिखें। इसका उत्तर कंपनी द्वारा उपयुक्त रूप से दिया जाएगा।

19. कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 की धारा 20 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा सूचीयन विनियम के उपबंध 44 के अनुसरण में कंपनी को अपने सदस्यों को वार्षिक आम सभा में पारित किए जाने वाले प्रस्तावित संकल्पों के लिए अपने मताधिकर का प्रयोग इलक्ट्रोनिक विधि से करने की सुविधा मैसेर्स के.फिन टेक्नोलोजीस प्राईवेट लिमिटेड के माध्यम से उपलब्ध करवा रही है। जिन सदस्यों के नाम सोमवार, 21 सितंबर, 2020 (अंतिम तिथि) को सदस्यों के रजिस्टर/लाभार्थी स्वामियों की सूची में है, वे ई–वोटिंग/एजीएम में मतदान करने हेतु पात्र होंगे और ऐसे व्यक्ति जो अंतिम तिथि को सदस्यं नहीं है वे इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्यु से लें। ई–वोटिंग का समयावधि बृहस्पतिवार, 24 सितम्बर, 2020, प्रातः 09.00 से आरंभ होगी और रविवार, 27 सितम्बर, 2020 सायं 05.00 बजे समाप्त होगी। ई–वोटिंग मॉड्यूल 27 सितंबर, 2020 को सायं 05.00 बजे बंद हो जाएगा। शेयरधारक द्वारा किसी संकल्प पर एक बार मतदान किए जाने के उपरांत, बाद में शेयरधारक को इसमें परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। शेयरधारकों को मतदान का अधिकार अंतिम तिथि 12 सितंबर, 2019 की स्थिति के अनुरूप कंपनी की प्रदत्त शेयर पूंजी में उनके अंश के समानुपात में होगा।

20. जिन सदस्यों ने वार्षिक आम सभा से पहले दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाल चुके हैं, वे भी वीडियो–कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन पुनः अपना वोट डालने के पात्र नहीं होंगे।

21. इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान (तात्क्षणिक मतदान) करने की सुविधा वार्षिक आम सभा में उपलब्ध कराई जाएगी और सुविधा वार्षिक आम सभा में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे तात्क्षणिक मतदान के माध्यम से बैठक में मतदान कर सकेंगे।

22. कंपनी ने मेसर्स अग्रवाल एस एंड एसोसिएट कंपनी के सचिव श्री सचिन अग्रवाल जोकि एक पेशेवर कंपनी सचिव हैं, को दूरस्थ ई–वोटिंग और तात्क्षणिक मतदान में निष्पक्ष तथा पारदर्शिता मतदान प्रक्रिया की जांच करने हेतु संवीक्षक के रूप में नियुक्त किया है। संवीक्षक वार्षिक आम सभा में मतदान के समापन के तुरंत बाद, बैठक (तात्क्षणिक मतदान) में डाले गए मत और दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से डाले गए मत को समेकित करके पक्ष या विपक्ष, यदि कोई हो तो, में डाले गए कुल मतों पर संवीक्षक रिपोर्ट बनाएगा और अध्यक्ष को प्रस्तुत करेगा। बैठक के समापन के 48 घंटों के भीतर अध्यक्ष या उनके द्वारा नामित किसी व्यक्ति द्वारा संवीक्षक रिपोर्ट सहित परिणाम घोषित किया जाएगा और यह परिणाम कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) और ई–वोटिंग एजेंसी की वेबसाइट (https://evoting.karvy.com) पर उपलब्ध होगा। परिणाम की घोषणा के तुरंत बाद परिणाम स्टॉक एक्सचेंजों को भी तत्काल अग्रेषित कर दिए जाएंगे।

23. वीसी के माध्यम से वार्षिक आम सभा में शामिल होने, दूरस्थ ई–वोटिंग एवं बैठक में (तात्क्षणिक मतदान) की प्रक्रिया के साथ इससे संबन्धित शिकायतों की सुनवाई के लिए संपर्क विवरण सूचना के साथ अनुलग्नित निर्देशों में उपलब्ध कराये गए हैं।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28.08.2020

सूचना का अनुलग्नक

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 102(1) के अनुपालन में व्याख्यात्मक विवरण

मद क्रमांक 5 से 9 में उल्लिखित निम्नलिखित व्याख्यात्मक विवरणों को संलग्न सूचना दिनांक 28.08.2020 के मुख्य कार्यों से संबन्धित मूर्त तथ्य के रूप में निर्धारित किया गया है:

मद क्रमांक 5

कंपनी (लेखा परीक्षा एवं लेखा परीक्षक) नियम, 2014 के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 148 के अनुसार निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदित एवं उसके बाद सदस्यों द्वारा पुष्टि किया जानेवाला पारिश्रमिक दिया जाना आवश्यक है।

लेखा परीक्षा समिति की अनुशंसा के आधार पर निदेशक मंडल की 28.08.2020 को आयोजित बैठक में 7 कम लागत लेखापालों/फर्मोकेनामोंकी नियुक्ति के लिए अनुशंसा की गई है जिनका कुल पारिश्रमिक 15.01 लाख रुपये इस प्रकार से है:–

(₹ लाखों में)

क्र.सं.	लागत लेखा परीक्षक का नाम	इकाई	वित्त वर्ष 2020–21 के लिए पारिश्रमिक
1	मैसर्स सोमी एंड बनर्जी, दिल्ली (मुख्य लागत परीक्षक)	अंकेक्षण रिपोर्ट का समेकन	0.96
		झांसी	0.77
		एचईआरपी वाराणसी	0.38
		भोपाल	1.91
2	मैसर्स आर. जे. गोयल एंड कंपनी, दिल्ली	एचईईपी हरिद्वार	1.91
		सीएफएफपी हरिद्वार	0.38
3	मैसर्स केआरजे एंड एसोशिएट्स, हैदराबाद	हैदराबाद	1.91
4	मैसर्स एम. कृष्णा स्वामी एंड एसोशिएट्स, चेन्नई	त्रिची	2.54
		बीएपी रानीपेट	1.27
5	मैसर्स जे.एच. एंड एसोशिएट्स, बैंगलुरु	ईपीडी बैंगलुरु	0.5
		ईडीएन बैंगलुरु	0.64
6	मैसर्स के.बी. सक्सेना एंड एसोशिएट्स, लखनऊ	आईवीपी गोंइदवाल	0.38
		एफएसआईपी जगदीशपुर	0.58
		सीएफपी रुद्रपुर	0.38
7	मैसर्स उपालापति एंड एसोशिएट्स, विशाखापट्टनम	एचपीवीपी विशाखापट्टनम	0.5
		Total	15.01

तदनुसार सदस्यों से अनुरोध है कि 31 मार्च, 2020 की वर्षांत वित्त वर्ष के लिए लागत लेखा परीक्षकों को भुगतान किए जाने वाले पारिश्रमिक की पुष्टि करें।

कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कर्मी या उनक रिश्तेदार किसी प्रकार से मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से वित्तीय या अन्यथा प्रकार से संबंधित नहीं हैं और न इसमें उनकी कोई रूचि है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों के द्वारा अनुमोदित करने हेतु संकल्प की अनुशंसा की है।

नोट: लागत लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक के संबंध में आवश्यक विवरण वित्त वर्ष 2020–21 के लिए लागत लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के प्रस्ताव के अनुमोदन में सम्मिलित किया जाएगा, निदेशक मण्डल के अनुमोदन हेतु पृथक रूप से प्रस्तुत किया जा रहा है।

मद संख्या 6

श्री शशांक प्रिय (डीआईएन 08538400), आयु 54 वर्ष को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में 4 अक्टूबर, 2019 को अंशकालिक आधिकारिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री शशांक प्रिय भारतीय राजस्व सेवा (सीमा शुल्क और जीएसटी) 1988 बैच के सिविल सेवक हैं। वे वर्तमान में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव व वित्त सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं।

इनके पास अप्रत्यक्ष कर और विश्व व्यापार संगठन से संबंधित विषयों में कार्य करने का 30 से अधिक वर्षों का अनुभव है। इन्होंने जीएसटी से संबंधित विषयों पर विभिन्न पदों जैसे संयुक्त सचिव, जीएसटी परिषद; अतिरिक्त महानिदेशक (जीएसटी) और आयुक्त, जीएसटी में काम किया है।

इनके पास विश्व व्यापार संगठन के विषयों पर काम करने का एक दशक का अनुभव है। इन्होंने विश्व व्यापार संगठन के अध्ययन केंद्र भारतीय विदेश व्यापार संस्थान में प्रोफेसर के रूप में पांच वर्ष तक काम किया और विश्व व्यापार संगठन और व्यापार सरलीकरण से संबंधित विषयों में व्यापक स्तर पर कार्य किया है। उन्होंने वाणिज्य विभाग के व्यापार नीति प्रभाग में उप सचिव/निदेशक के रूप में 5 वर्षों तक काम किया। उन्होंने कैनकुन, जिनेवा और हांगकांग के साथ–साथ कई डब्ल्यूटीओ समिति की बैठकों में विश्व व्यापार संगठन मंत्रिस्तरीय सम्मेलन वार्ताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

उन्होंने सीमा व केंद्रीय उत्पाद शुल्क के विभिन्न अंगो जैसे केंद्रीय उत्पाद प्रभाग, एंटी–स्मगलिंग, अपीयरिंग, सतर्कता और निर्यात संवर्धन में भी काम किया है।

उन्होंने कई प्रतिष्ठित संस्थानों के लिए एक बाह्य संकाय व्यक्ति के रूप में भूमिका निभाई है और भारत और विदेशों में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दर्शकों के समक्ष जीएसटी और विश्व व्यापार संगठन के विषयों पर कई प्रस्तुतियां दी हैं। वह 2011 और 2012 में विश्व व्यापार संगठन, जिनेवा के सहयोग से विश्व व्यापार संगठन अध्ययन केंद्र द्वारा एशिया प्रशांत देशो के लिए आयोजित दीर्घकालिक विश्व व्यापार संगठन क्षेत्रीय व्यापार नीति पाठ्यक्रम के अकादमिक समन्वयक थे।

उन्होंने समाचार पत्रों/पत्रिकाओं में विश्व व्यापार संगठन के मुद्दों पर लेख लिखे हैं और रिव्यू ऑफ ट्रेड पॉलिसी ऑफ इंडियास मेजर ट्रेडिंग पैटर्नस" एवं ट्रेड फेसिलिटेशन गैप एनालिसिस फॉर बॉर्डर क्लियरेंस प्रोसीजर इन इंडिया" नामक दो पुस्तकें लिखी हैं, उन्होंने यूएन ईएससीएपी, बैंकॉक के लिए 'क्रॉस–बॉर्डर पेपरलेस ट्रेड' पर एक पेपर भी लिखा।

वे द स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, एमएमटीसी लिमिटेड, इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर लिमिटेड, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन, एचएमटी लिमिटेड और इन्वेस्ट इंडिया के निदेशक मण्डल में अंशकालिक आधिकारिक निदेशक का पद भी धारण करते हैं। वे द स्टेट ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन और एमएमटीसी लिमिटेड की लेखा परीक्षा समिति के भी सदस्य हैं।

बीएचईएल के निदेशक मण्डल में भारत सरकार के नामित होने के नाते, श्री शशांक

प्रिय बीएचईएल से कोई पारिश्रमिक प्राप्त नहीं करते हैं।

श्री शशांक प्रिय का बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक /प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों के साथ कोई संबंध नहीं है।

श्री शशांक प्रिय ने वित्त वर्ष 2019–20 में उनके कार्यकाल के दौरान आयोजित दो (तीन मेंसे) बोर्ड मीटिंग में भाग लिया है।

आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, श्री शशांक प्रिय आगामी वार्षिक आम बैठक तक पद पर रहेंगे और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी के निदेशक पद हेतु श्री शशांक प्रिय की अभ्यर्थता का प्रस्ताव करते हुए, कंपनी को लिखित रूप से सूचना मिली है।

श्री शशांक प्रिय को छोड़ कर, नियुक्त होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय या अन्यथा किसी भी प्रकार से, मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से संबन्धित या इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों की पुष्टि हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा करता है।

मद संख्या 7

श्री अनिल कपूर को निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में बीएचईएल के संचालक मण्डल में दिनांक 15.10.2019 से नियुक्त किया गया है।

वे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रूड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उन्होंने भारतीय सांख्यकीय संस्थान, मद्रास से स्टेटिकल क्वालिटी कंट्रोल व ऑपरेशन्स रिसर्च में सर्टिफिकेट कोर्स भी किया है।

श्री कपूर को एचईईपी, हरिद्वार एवं कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली इकाईयों के मानव संसाधन प्रबंधन के साथ गुणता, प्रोद्योगिकी एवं उत्पादन गतिविधियों का 37 वर्षों का सैद्धांतिक कार्यात्मक कार्यानुभव प्राप्त है।

श्री कपूर ने कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में अपने कैरियर का आरंभ किया और उसके बाद हेवी इलेक्ट्रिकल ईक्विपमेट प्लांाट, हरिद्वार में पदस्थ हुए जहॉं उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में अलग अलग क्षमताओं पर अपना योगदान दिया। हीप, हरिद्वार में एक समृद्ध कालखण्ड बिताने के बाद, 2015 में इनका कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में महाप्रबंधक (मानव संसाधन व कॉर्पोरेट संचार) के रूप में स्थानांतरण किया गया।

निदेशक (मानव संसाधन) के पदभार को ग्रहण करने से पूर्व, वे कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन व कॉर्पोरेट संचार), कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली के रूप में मानव संसाधन समूह का नेतृत्व कर रहे थे और मानव संसाधन प्रक्रियाओं के सभी पहलूओं जिनमें मा.सं में प्रतिभा का अर्जन व प्रबंधन, कर्मचारी भर्ती, औद्योगिक संबंध, मा.सं. नीति, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व, चिकित्सा, राजभाषा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण, ज्ञानार्जन व विकास एवं कॉर्पोरेट संचार जैसे परिवर्तनशील एवं मुख्य क्षेत्र सम्मिलित हैं, का कार्यभार संभाले हुए थे।

श्री कपूर लोकान्मुख प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं और भारत सरकार द्वारा कल्पित विभिन्न अभिनव और प्रमुख परियोजनाओं जैसे कौशल विकास, उदयन शालिनी, स्वच्छ भारत, और कैशलेस अभियान के कार्यान्वयन में सहायक रहे हैं। इनके नेतृत्व में बीएचईएल को सुरक्षा, कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (स्कोच,बीटी, टाईम्स) एवं मा.सं. उत्कृष्टता (गोल्डन पिकॉक, ग्रीन टेक्नालॉजी, आईसीसी–पीएसई, आईपीई, एफआईसीसीआई) जैसे विभिन्न पुरस्कार व प्रसंशाओं से सम्मानित किया गया है। इन्हें अभिनव प्रौद्योगिकी विकास हेतु दो बार बीएचईएल एक्सेल अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

श्री अनिल कपूर की वेतनमान रु. 1,80,000 – 3,40,000 प्रति माह पर नियुक्ति भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 31.01.2022 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, पर की गई है।

श्री अनिल कपूर का बीएचईएल में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक /प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

श्री अनिल कपूर ने वित्त वर्ष 2019–20 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित दो बोर्ड बैठकों में भाग लिया है।

आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, श्री अनिल कपूर आगामी वार्षिक आम बैठक तक पद पर रहेंगे और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी के निदेशक पद हेतु श्री अनिल कपूर की अभ्यर्थता का प्रस्ताव करते हुए, कंपनी को लिखित रूप से सूचना मिली है।

श्री अनिल कपूर को छोड़कर, नियुक्त होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय या अन्यथा किसी भी प्रकार से, मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से संबन्धित या इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों की पुष्टि हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा करता है।

मद क्रमांक 8

श्री राज कमल बिंदल (डीआईएनः 07423392), आयु 44 वर्ष, को दिनांक 31 जनवरी, 2020 से बीएचईएल के निदेशक मण्डल में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है।

श्री राज कमल बिंदल दिल्ली विश्वविद्यालय से कॉमर्स स्नातक हैं और भारत के चार्टर्ड एकाउंटेंट्स संस्थान के फैलो सदस्य हैं। उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय से एम. कॉम और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय से एमबीए भी किया है।

श्री बिंदल को सार्वजनिक नीति, वित्त, रिस्क मैनेजमेंट, इनवेस्टमेंट, प्राईवेटी इक्विटी, कॉर्पोरेट गवर्नेंस, ट्रान्स्फोर्मिंग बिजनेस, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पावर सेक्टर और रेलवे के क्षेत्रों में विविध और व्यापक अनुभव हैं।

श्री बिंदल ने अपने अर्न्स्ट एंड यंग इंडिया, डेलॉइट टूशे टोहमात्सू इंडिया, आईसीआरए मैनेजमेंट कंसल्टिंग और आईसीएआई अकाउंटिंग रिसर्च फाउंडेशन के सेवाकाल के दौरान, सलाहकार के रूप में, भारत सरकार के अंतर्गत रेल मंत्रालय तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय, छत्तीसगढ़ और राजस्थान राज्यों की सरकारों, बांग्लादेश सरकार, विश्व बैंक, अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम, डीएफ़आईडी यूके और एशियाई विकास बैंक में सेवाएं प्रदान की है।

श्री बिंदल को भारत, दक्षिण एशिया और दक्षिण–पूर्व एशिया में सरकारों, बहुपक्षीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के साथ व्यापार विकास का व्यापक अनुभव है।

श्री बिंदल अविका कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, नमः शिवाय वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड और राज कमल बिंदल फाउंडेशन में निदेशक हैं।

श्री राज कमल बिंदल की नियुक्ति दिनांक 27.01.2023 या अगला आदेश जारी होने, जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है और वे स्वतंत्र निदेशक होने के नाते निदेशक मण्डल एवं बोर्ड स्तरीय समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए शुल्क के पात्र है।

श्री राज कमल बिंदल का कंपनी मेंकोई शेयर नहीं हैऔर उनका कंपनी केअन्य निदेशकों/प्रबंधक/प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

श्री राज कमल बिंदल ने वित्त वर्ष 2019–20 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित एक बोर्ड मीटिंग में भाग लिया है।

आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, श्री राज कमल बिंदल आगामी वार्षिक आम बैठक तक पद पर रहेंगे हैं और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी के निदेशक पद हेतु श्री राज कमल बिंदल की अभ्यर्थता का प्रस्ताव करते हुए, कंपनी को लिखित रूप से सूचना मिली है।

कंपनी को श्री राज कमल बिंदल से एक घोषणा प्राप्त हुई है कि वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) और सेबी लिस्टिंग नियमों के विनियमन 16 के अंतर्गत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करती है। उनके विस्तृत ज्ञान और विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए, यह कंपनी के हित में होगा कि श्री राज कमल बिंदल को एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए। बोर्ड की राय में, श्री राज कमल बिंदल कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं एवं कंपनी प्रबंधन से स्वतंत्र है।

श्री राज कमल बिंदल को छोड़कर, नियुक्त होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय या अन्यथा किसी भी प्रकार से, मद क्रमांक 8 में पारित संकल्प से संबन्धित या इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों की पुष्टि हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा करता है।

मद क्रमांक. 9

श्री मनीष कपूर (डीआईएनः 02405818), आयु 53 वर्ष, को दिनांक 31 जनवरी, 2020 से बीएचईएल के निदेशक मण्डल में स्वतंत्र निदेशक नियुक्त किया गया है।

श्री मनीष कपूर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक एवं इंस्टिट्यूट ऑफ़चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ़ इंडिया के सदस्य हैं। उन्होंने एसवीपी नेशनल पुलिस अकादमी, हैदराबाद में 4जी फाउंडेशन कोर्स भी पूरा किया है।

श्री कपूर के विशेषज्ञता के क्षेत्र वित्त, विपणन व विक्रय और प्रशासन हैं। उनका 24 से अधिक वर्षों का लंबा अनुभव है और विभिन्न संगठनों में विभिन्न पदों पर रह चुके हैं। वे मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, इलाहाबाद के गवर्नर्स बोर्ड के सदस्य हैं।

श्री मनीष कपूर जिनेक्स लाइफकेयर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हैं।

श्री मनीष कपूर की नियुक्ति दिनांक 27.01.2023 या अगला आदेश जारी होने, जो भी पहले हो, तक के लिए की गई है और वे स्वतंत्र निदेशक होने के नाते निदेशक मण्डल एवं बोर्ड स्तरीय समिति की बैठकों में उपस्थित होने के लिए शुल्क के पात्र है।

श्री मनीष कपूर का कंपनी में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/ प्रबंधक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

श्री मनीष कपूर ने वित्त वर्ष 2019–20 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित एक बोर्ड मीटिंग में भाग लिया है।

आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन के आर्टिकल 67 (iv) के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 161 के आधार पर, श्री मनीष कपूर आगामी वार्षिक आम बैठक तक पद पर रहेंगे हैं और नियुक्ति के लिए पात्र हैं। कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 160 की आवश्यकता के अनुसार, कंपनी के निदेशक पद हेतु श्री मनीष कपूर की अभ्यर्थता का प्रस्ताव करते हुए, कंपनी को लिखित रूप से सूचना मिली है।

कंपनी को श्री मनीष कपूर से एक घोषणा प्राप्त हुई है कि वह कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 149 (6) और सेबी लिस्टिंग नियमों के विनियमन 16 के अंतर्गत निर्धारित स्वतंत्रता के मानदंडों को पूरा करते है। उनके विस्तृत ज्ञान और विशेषज्ञता को ध्यान में रखते हुए, यह कंपनी के हित में होगा कि श्री मनीष कपूर को एक स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया जाए। बोर्ड की राय में, श्री मनीष कपूर कंपनी के स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्ति हेतु कंपनी अधिनियम, 2013 एवं इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों में निर्दिष्ट शर्तों को पूरा करते हैं एवं कंपनी प्रबंधन से स्वतंत्र है।

श्री मनीष कपूर को छोड़ कर, नियुक्त होने के नाते, कंपनी का कोई भी निदेशक या प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिक या उनके रिश्तेदार वित्तीय या अन्यथा किसी भी प्रकार से, मद क्रमांक 6 में पारित संकल्प से संबन्धित या इच्छुक नहीं है।

निदेशक मंडल शेयरधारकों की पुष्टि हेतु प्रस्ताव की अनुशंसा करता है।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2020

पुनः नियुक्ति हेतु निदेशकों का विवरण

श्री मनोज कुमार वर्मा

श्री मनोज कुमार वर्मा (डीआईएनः 08308714), आयु 59 वर्ष, को दिनांक 19 दिसंबर, 2018 को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में निदेशक नियुक्त किया गया था।

वह एसजीएसआईटीएस, इंदौर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं तथा उन्होंने भोपाल विश्वविद्यालय से एमबीए विपणन विषय में किया है। निदेशक (पावर) बनने के पूर्व, वे कार्यपालक निदेशक के रूप में पावर सेक्टर–दक्षिणी क्षेत्र, चेन्नई के प्रमुख रहे। पावर सेक्टर–दक्षिणी क्षेत्र प्रमुख विद्युत परियोजनाओं का निष्पादन कर रहा है और बीएचईएल के पावर सेक्टर में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान कर रहा हैं ।

श्री मनोज कुमार वर्मा को ऊर्जा, औद्योगिक प्रणालियां और अधोसंरचना उद्योग के क्षेत्रों का 36 वर्ष का सैद्वांतिक व कार्यात्मक कार्यानुभव प्राप्त है जिसमें प्रमुख कार्य क्षेत्र जैसे उत्पादन, वाणिज्य प्रबंधन, विपणन व व्यवसाय विकास, अनुबंध प्रबंधन, नियोजन व विकास, सूचना प्रौद्योगिकी तथा रणनीतिक प्रबंधन सम्मिलित हैं।

श्री मनोज कुमार वर्मा ने बीएचईएल के ट्रांसफार्मर प्लांट झांसी में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में कार्यग्रहण किया था और तदुपरांत वे एचईपी भोपाल स्थानांतरित हुए जहां उन्होंने विभिन्न पदों पर सेवाएं दी और उसके बाद उनका स्थानांतरण उद्योग क्षेत्र नई दिल्ली में महाप्रबंधक के रूप में हुआ।

बीएचईएल में अपने कार्यकाल के दौरान वे तत्कालीन सेरामिक बिजनिस यूनिट, बैंगलुरू के अंतर्गत आने वाले तत्कालीन इलेक्ट्रोपोर्सलीन प्रभाग (ईपीडी) बैंगलुरू एवं तत्कालीन इंसुलेटर प्लांट (आईपी) जगदीशपुर के प्रमुख भी रहे हैं।

श्री मनोज कुमार वर्मा रायचूर कार्पोरेशन लिमिटेड में अंशकालिक नामांकित अध्यक्ष के पद पर हैं।

श्री मनोज कुमार वर्मा की वेतनमान रु 1,80,000 – 3,40,000 प्रति माह पर नियुक्ति भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 31.01.2021 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो पर की गई है।

श्री मनोज कुमार वर्मा का कंपनी में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक / प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

श्री मनोज कुमार वर्मा ने वित्त वर्ष 2019–20 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित नौ बोर्ड मीटिंग में से आठ में भाग लिया है।

श्री कमलेश दास

श्री कमलेश दास (डीआईएनः 08376769), आयु 59 वर्ष, को दिनांक 01 मार्च, 2019 को बीएचईएल के निदेशक मण्डल में निदेशक (इजीनियरिंग, रिसर्च एंड डेवेलपमेंट) के रूप में नियुक्त किया गया था।

श्री कमलेश दास ने कलकत्ता विश्वविद्यालय से अभियांत्रिकी में स्नातक और प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्राप्त किया है।

निदेशक (ई,आर एंड डी) बनाने से पूर्व श्री कमलेश दास कार्यपालक निदेशक थे और उन्होंने कंपनी के विविधिकरण व संवृद्धि पहलों के क्रियान्वयन के लिए उत्तरदायी बीएचईएल के उद्योग क्षेत्र में विभिन्न व्यावसायिक कार्य क्षेत्रों का नेतृत्त्व किया है। उनके प्रमुख व्यावसायिक कार्य क्षेत्रों में नवीनीकरण ऊर्जा, औद्योगिक प्रणालियां, इलेक्ट्रिकल तथा ट्रांसमिशन उत्पाद हैं।

उन्होंने 1982 में बीएचईएल की इंसुलेटर प्लांट इकाई में अभियंता प्रशिक्षु के रूप में कार्य ग्रहण किया था। श्री दास को ऊर्जा, ट्रांसमिशन तथा औद्योगिक प्रणालियों का 36 वर्षो से भी अधिक का सैद्धान्तिक व कार्यात्मक अनुभव प्राप्त है। बीएचईएल में कार्यकाल के दौरान उन्होंने विपणन, अभियांत्रिकी, उत्पा दन, वाणिज्य, परियोजना प्रबंधन, मानव संसाधन व औद्योगिक संबंध, वैधानिक प्रबंधन, परियोजना वित्त स्ट्रेटेजिक प्रबंधन जैसे महत्त्वपूर्ण कार्य क्षेत्रों में व्यापक दक्षताओं को विकसित व प्रदर्शित किया है। पूर्व में, वे बीएचईएल की विभिन्न निर्माण इकाइयों जैसे कि कंपोनेंट फेब्रीकेशन प्लांट रूद्रपुर, सेरामिक बिजनिस यूनिट, बैंगलुरू के अंतर्गत आने वाले इलेक्ट्रो पोर्सलीन प्रभाग (ईपीडी) बैंगलुरू एवं इंसुलेटर प्लांट (आईपी) जगदीशपुर के प्रमुख भी रहे हैं।

श्री कमलेश दास बीएचईएल–जीई गैस टर्बाइन लिमिटेड एवं बीएचईएल इलेक्ट्रिकल मशीन लिमिटेड में अंशकालिक नामांकित अध्यक्ष के पद पर हैं।

श्री कमलेश दास की वेतनमान रु. 1,80,000 – 3,40,000 प्रति माह पर नियुक्ति भारत सरकार द्वारा अनुमोदित नियमों और शर्तों पर 31.01.2021 तक या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, पर की गई है।

श्री कमलेश दास का कंपनी में कोई शेयर नहीं है और उनका कंपनी के अन्य निदेशकों/प्रबंधक /प्रमुख प्रबंधकीय कार्मिकों से कोई संबंध नहीं है।

श्री कमलेश दास ने वित्त वर्ष 2019–20 में अपने कार्यकाल के दौरान आयोजित सभी नौ बोर्ड मीटिंग में भाग लिया है।

निदेशक मण्डल के आदेश से

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

स्थानीयः नई दिल्ली
दिनांकः 28.08.2020

वार्षिक आम सभा में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, रिमोट ई–वोटिंग से जुड़ने और वोटिंग करने की प्रक्रिया (इंस्टा पोल)

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा वार्षिक आम सभा से जुड़ने की प्रक्रिया :

कंपनी वार्षिक आम सभा में भाग लेने के लिए अपने सदस्यों को वीसी की सुविधा उपलब्ध करवाएगी।

1) सभी सदस्य अपने ई–वोटिंग लॉगिन द्वारा इस लिंक https://emeetings.kfintech.com से जुड़कर वीसी के माध्यम से वार्षिक आम सभा में भाग ले सकेंगे। सदस्यों से अनुरोध है कि वे नीचे दी गई प्रक्रिया का पालन करें:

i. दिए गए यूआरएल https://emeetings.kfintech.com को टाइप करके इन्टरनेट ब्राउज़र (क्रोम/फायरफॉक्स/सफारी) को लांच करें।

ii. अपना लॉग–इन परिचय डालें (जो कि ई–वोटिंग केलिए यूजर (उपयोगकर्ता) आईडी और पासवर्ड है)

iii. लॉग–इन करने के बाद,"विडियो कॉन्फ्रेंस" के विकल्प को क्लिक करें।

iv. फिर, बैठक में भाग लेने के लिए भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, एजीएम ईवेंट के सामने दिखने वाले कैमरा आइकन पर क्लिक करें।

2) जिन सदस्यों के पास ई–वोटिंग के लिए यूजर (उपयोगकर्ता) आईडी और पासवर्ड नहीं है या यूजर (उपयोगकर्ता) आईडी और पासवर्ड भूल गए हैं, वे इसे रिमोट ई–वोटिंग के लिए निर्देशित प्रक्रिया का पालन करके पुनः प्राप्त कर सकते हैं।

3) वे सदस्य जो एजीएम के दौरान अपने विचार व्यक्त करना चाहते हैं या प्रश्न पूछना चाहते हैं,वे स्वयं को https://emeetings.kfintech.com पर लॉग ऑन करके अपना पंजीकरण करा सकते हैं और लॉग इन करने के बाद स्क्रीन पर उपलब्ध विकल्प "स्पीकर पंजीकरण" पर क्लिक करें। स्पीकर पंजीकरण बुधवार, 23 सितंबर, 2020 (9.00 पूर्वाह्न) से गुरुवार, 24 सितंबर, 2020 तक (5.00 अपराह्न) तक खुला होगा। एजीएम के सुचारू संचालन और समय की उपलब्धता के आधार प्रश्न पूछने और बोलने वालों की संख्या को सीमित/प्रतिबंधित करने का अधिकार बीएचईएल के पास सुरक्षित रहेगा।

4) सदस्यों को वीसी के माध्यम से एजीएम में भाग लेने की अनुमति पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी।

5) बैठक में शामिल होने की सुविधा एजीएम के निर्धारित समय से 15 मिनट पहले खोली जाएगी और पूरी एजीएम कार्यवाही के दौरान बैठक से जुड़ा जा सकता है।

6) जिन सदस्यों को एजीएम से पहले या एजीएम के दौरान किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो, वे KFinTech से emeetings@kfintech.com पर संपर्क करें या टोल फ्री नंबर 1800–345–4001 पर कॉल करें। कृपया संपर्क के समय अपना नाम, डीपी आईडी–क्लाइंट आईडी/फोलियो नंबर और अपना ई–वोटिंग इवेंट नंबर बताएं।

- **रिमोट ई–वोटिंग और एजीएम में वोटिंग के लिए प्रक्रिया (इंस्टा पोल):**

कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम 2014 यथा संशोधित, सपठित कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 108 एवं सेबी लिस्टिंग विनियमों के नियम 44 के प्रावधानों, तथा अन्य किसी लागू प्रावधान, के अनुपालन में, कंपनी अपने सदस्यों को एजीएम में पारित किए जाने वाले संकल्पों पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों (ई–वोटिंग) द्वारा प्रदान कर रही है। सदस्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली का उपयोग करके निम्नलिखित तारीखों पर (दूरस्थ ई–मतदान) से अपने वोट को डाल सकते हैं:–

दूरस्थ ई–वोटिंग का प्रारम्भ	गुरुवार, 24 सितंबर 2020, प्रातः 9 बजे से
ई–वोटिंग का समापन	रविवार, 27 सितंबर 2020 को शाम 5 बजे तक

दूरस्थ ई–वोटिंग पूर्वोक्त तय तिथि के अंदर ही की जाएगी और तय समय के बाद दूरस्थ ई–वोटिंग मॉड्यूल को KFinTech द्वारा आगे निष्क्रिय कर दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, बैठक के दौरान भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली (इंस्टा पोल) के माध्यम से मतदान की सुविधा होगी। जिन सदस्यों ने रिमोट इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है और वे बैठक में उपस्थित हैं तो ई–वोटिंग इंस्टा पोल के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। कंपनी ने ई–वोटिंग की सुविधा प्रदान करने वाली एजेंसी के रूप में केएफ़आईएन टेक्नोलोजीज प्राइवेट लिमिटड (KFin Technologies Private Limited) की सेवाएं ली हैं। डिमटेरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है उनके लिए दूरस्थ ई–वोटिंग का तरीका नीचे दिए गए निर्देशों में है।

किसी सदस्य/लाभार्थी को वोटिंग अधिकार (इलेक्ट्रॉनिक शेयरहोल्डिंग केमामले में) कट–ऑफ डेट यानी दिनांक 21 सितंबर, 2020, सोमवार को कंपनी की पेड–अप इक्विटी शेयर पूंजी में उसके शेयर के अनुपात के अनुसार होगा। कंपनी के निदेशक मंडल ने मेसर्स अग्रवाल एस. एंड एसोसिएट्स के पेशेवर कंपनी सचिव श्री सचिन अग्रवाल को रिमोट ई–वोटिंग और इंस्टा पोल प्रक्रिया की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करने के लिए संवीक्षक का काम सौंपा है। इस नियुक्ति को स्वेच्छा से स्वीकार करते हुए उन्होंने आवश्यकतानुसार उपलब्ध होने की हामी भरी है।

ई–वोटिंग से संबंधित जानकारी और निर्देश निम्नानुसार हैं:

1. जिन सदस्यों ने दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है वे भी बैठक में शामिल हो सकते हैं, लेकिन उन्हें फिर से वोट डालने का अधिकार नहीं होगा। किसी प्रस्ताव पर एक सदस्य द्वारा एक बार वोट डाला जाता है, चाहे आंशिक रूप से या अन्यथा, उसके बाद सदस्य को इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. कोई सदस्य प्रति ई–वोटिंग के लिए केवल एक ही मोड चुन सकता है ईवेंट नंबर (ईवीएन), यानी दूरस्थ ई–वोटिंग या बैठक में (इंस्टा पोल) मतदान के माध्यम से। यदि कोई सदस्य दोनों मोड द्वारा वोट डालता है तो दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से किए गए मतदान को सही माना जाएगा और बैठक में डाले गए वोट को अमान्य/निरस्त माना जाएगा।

3. जिन सदस्यों का नाम डिपॉजिटरी द्वारा कट–ऑफ डेट पर, यानी सोमवार, 21 सितंबर 2020 को सदस्यों के रजिस्टर या रखे गए लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर में दर्ज है

केवल वे ही दूरस्थ ई–वोटिंग की सुविधा प्राप्त करने या एजीएम में भागीदारी करनेऔर इंस्टा पोल के माध्यम से मतदान करने के पात्र होंगे। जो व्यक्ति कट–ऑफ दिनांक को सदस्य नहीं है, वे इस जानकारी को केवल सूचना मानें।

4) कोई भी व्यक्ति जो एजीएम नोटिस भेजने के बाद कंपनी का सदस्य बनता है और कटऑफ दिनांक यानि 21 सितंबर, 2020 को शेयर होल्डर हैं वे यूजर आईडी और पासवर्ड KFinTech से नीचे दिए गए तरीके से प्राप्त कर सकते हैं।

i) यदि सदस्य का मोबाइल नंबर, फोलियो नंबर/डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी के साथ पंजीकृत है, तो सदस्य 9212993399 पर एसएमएस भेज सकता है: MYEPWD ई–वोटिंग इवेंट नंबर + फोलियो नंबर या डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी, NSDL के लिए उदाहरण: MYEPWD IN12345612345678, CDSL के लिए उदाहरण: MYEPWD 1402345612345678, मूर्त के लिए उदाहरण: MYEPWDXXXX1234567890.

ii) यदि सदस्य का ई–मेल पता या मोबाइल नंबर, फोलियो नंबर/डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी के साथ पंजीकृत है तो होम पेज https://evoting.karvy.com पर सदस्य, "फोर्गोट पासवर्ड" पर क्लिक करें। और फ़ोलियो नंबर या डीपी आईडी, क्लाइंट आई डी और पैन कार्ड संख्या दर्ज कर पासवर्ड जनरेट करें।

iii सदस्य KFinTech के टोल–फ्री नंबर 1800–345–4001 पर (प्रातः 9:00 बजे से शाम 6:00 बजेतक) कॉल कर सकते हैं।

iv सदस्य किसी अनुरोध के लिए madhusudhan.ms@kfintech.com पर ई–मेल भेज सकते हैं।

v यदि सदस्य KFinTech के ई–वोटिंग प्लेटफॉर्म के साथ पहले से पंजीकृत है, तो वह अपने वर्तमान लॉगिन परिचय का उपयोग करके लॉग–इन कर सकते हैं।

5 कंपनी ने बैठक के दौरान नोटिस में प्रस्तावित संकल्पों पर विचार एवं मतदान हेतु केवल ऐसे उपस्थित सदस्यों को जिन्होनें दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से अपना वोट नहीं डाला है तथा कट–ऑफ दिनांक को शेयरहोल्डर हैं और के लिए वही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग प्रणाली प्रदान करने का विकल्प चुना है, जो कि दूरस्थ ई–वोटिंग केदौरान उपयोग किया था।

6. दूरस्थ ई–मतदान के लिए निर्देश:

(A) एक ऐसे मामले में जिसमें सदस्य को कंपनी से एक ई–मेल प्राप्त होता है/KFinTech उन सदस्यों के लिए जिनके ई–मेल पते पंजीकृत हैं कंपनी/डिपॉजिटरी प्रतिभागी (ओं) के साथ,:

(a) यूआरएल https://evoting.karvy.com टाइप करके इंटरनेट ब्राउजर को लॉन्च करें।

(b) लॉगिन परिचय दर्ज करें(ईमेल आईडी में दिए गए उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड)। ई–वोटिंग इवेंट नंबर + फोलियो नंबर या डीपी आईडी क्लाइंट आईडी आपकी यूजर आईडी होगी। हालांकि, अगर आप पहले से ही हैंई–वोटिंग के लिए KFinTech के साथ पंजीकृत, तोआप लॉग इन करने केलिए वर्तमान पासवर्ड का उपयोग कर सकते हैं। यदि आवश्यक हो, तो कृपया देखें: https://evoting.karvy.com या टोल–फ्री नंबर 1800–345–4001 पर (सुबह 9:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) आपके वर्तमान पासवर्ड के लिए संपर्क करें।

(c) इन विवरणों को उचित रूप से दर्ज करने के बाद, "लॉगिन" पर क्लिक करें।

(d) अब आप पासवर्ड चेंज मेनू पर पहुंचेंगे, जिसमें आपको पहली बार लॉग इन करने पर अनिवार्य रूप से अपना पासवर्ड बदलना होगा। नए पासवर्ड में कम से कम एक कैपिटल लैटर (A-Z), एक स्माल लैटर (A-Z), एक संख्या (0–9) और एक विशेष लैटर (@, #), +, आदि) के साथ न्यूनतम 8 वर्ण शामिल होंगे। सिस्टम आपको पहले लॉगिन पर अपना पासवर्ड बदलने और अपने संपर्क विवरण जैसे मोबाइल नंबर, ई–मेल पता आदि को अपडेट करने के लिए प्रेरित करेगा। यदि आप इसे भूल जाते हैं तो आप अपना पासवर्ड प्राप्त करने के लिए अपनी पसंद का कूट प्रश्न और उत्तर भी दर्ज कर सकते हैं। यह दृढ़ता से अनुशंसा की जाती है कि आप अपना पासवर्ड किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा न करें और पासवर्ड गोपनीय रखने के लिए अत्यंत सावधानी बरतें।

(e) आपको नए परिचय के साथ फिर से लॉगिन करने की आवश्यकता है।

(f) सफल लॉगिन पर, सिस्टम आपको भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड के लिए ई–वोटिंग इवेंट नंबर (ईवीएन) चयन करने के लिए कहेगा।

(g) मतदान पृष्ठ पर, कटऑफ दिनांक के अनुसार शेयरों की संख्या दर्ज करें। या तो "फॉर" या "अगेंस्ट" या वैकल्पिक रूप से, आप आंशिक रूप से "फॉर" /"अगेंस्ट", के अंतर्गत किसी भी नंबर को दर्ज कर सकते हैं लेकिन "फॉर" /"अगेंस्ट", केअंतर्गत कुल संख्या कट–ऑफ डेट को आपके द्वारा ली गई आपकी कुल हिस्सेदारी से अधिक नहीं होनी चाहिए। आप (ABSTAIN) को भी चुन सकते हैं जिससे आपके वोट की गिनती कहीं भी नहीं होगी।

(h) कई फोलियो/डीमैट खातों के अंतर्गत शेयर रखने वाले सदस्य प्रत्येक फोलियो/डीमैट खातों के लिए अलग से मतदान की प्रक्रिया में भाग लेंगे।

(i) नोटिस के प्रत्येक प्रस्ताव के लिए अलग से मतदान किया जाना है। यदि आप किसी विशिष्ट प्रस्ताव पर अपना वोट डालने की इच्छा नहीं रखते हैं, तो इसे (ABSTAINED) माना जाएगा।

(j) अब आप एक उपयुक्त विकल्प का चयन करके और "SUBMIT" पर क्लिक कर अपना वोट डाल सकते हैं।

(k) एक पुष्टिकरण बॉक्स दिखाया जाएगा। पुष्टि करने के लिए "ओके" पर क्लिक करें, और संशोधित करने के लिए (CANCEL) पर । एक बार पुष्टि करने के बाद, आपको अपना वोट संशोधित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(l) कॉर्पोरेट/संस्थागत सदस्य (व्यक्तियों के अतिरिक्त अन्य एचयूएफ, एनआरआई आदि) को प्राधिकृत प्रतिनिधि के प्रमाणित नमूना हस्ताक्षर की स्कैन की गई प्रति के साथ बोर्ड संकल्प/अधिकार पत्र की सत्यापित प्रति (पीडीएफ प्रारूप में) को स्क्रूटिनाइज़र की ई–मेल sachin@companylawworld.com एवं इसकी प्रतिलिपि evoting@karvy.com को भेजना आवश्यक है। अनुरोध है कि पूर्वोक्त स्कैन किए गए दस्तावेज़ को ई–वोटिंग मॉड्यूल में अपने लॉग–इन में अपलोड करें । पूर्वोक्त स्कैन किए गए

दस्तावेज़ का नामकरण प्रारूप (BHEL EVENT NO.) करना आवश्यक है।

(B) ऐसे सदस्य जिसका ई–मेल कंपनी/KFinTech/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के पास पंजीकृत/अपडेट नहीं है, कृपया अपनी लॉगिन विवरण बनाने के लिए निम्नलिखित चरणों का पालन करें:

(a) कृपया लॉगिन विवरण प्राप्त करने के लिए एजीएम नोटिस के पैरा 3 को देखें।

(b) कृपया अपना वोट डालने के लिए क्रमांक A के बिंदु (a) से (k) के सभी चरणों का पालन करें।

7) आप फ़ोलियो उपयोगकर्ता प्रोफ़ाइल विवरण में अपना मोबाइल नंबर और ई–मेल आईडी भी अपडेट कर सकते हैं जिसका उपयोग आगे सभी प्रकार के संचार केलिए किया जा सकता है।

8) किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा आंशिक रूप से या अन्यथा एक बार वोट डाले जाने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने या फिर से वोट डालने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

9) ई–वोटिंग से संबंधित किसी भी प्रश्न/शिकायत के होने पर, सदस्य ई–वोटिंग के लिए KFINTech की वेबसाइट https://evoting.karvycom के "डाउनलोड" भाग में एक ड्रॉपडाउन मेनू के माध्यम से "सहायता" और "FAQs" अनुभाग/ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका का उपयोग कर सकते हैं, या नीचे बिंदु दिए गए क्रमांक (ग) के अंतर्गत विवरण के अनुसार KFinTech से संपर्क करें।

10) सदस्यों से अनुरोध है कि वे ई–वोटिंग शिकायतों के समाधान के लिए निम्नलिखित संपर्क विवरणों को नोट कर लें:

सुश्री लक्ष्मी राज्यम, उप प्रबंधक,
केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31–32, गाचीबोवली, वित्तीय जिला, नानकग्रामगुडा, हैदराबाद 500032
फोन नं.: +91 40 67161564 टोल–फ्री नं.: 1800–345–4001
ई–मेलः संगउपण्तंरलंउ/ापिदजमबीण्बवउ

11) **इंस्टा पोल के लिए निर्देशः** बैठक में इंस्टा पोल की घोषणा होते ही इंस्टा पोल के माध्यम से वोट डालने की सुविधा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग स्क्रीन पर उपलब्ध होगी।

12) स्क्रूटिनीज़र, बैठक में ई–वोटिंग के समापन के बाद, बैठक में डाले गए वोटों (इंस्टा पोल) एवं दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से डाले गए वोटों की जांच करेगा और इन्हें समेकित कर एक स्क्रूटिनीज़र रिपोर्ट बनाकर अध्यक्ष महोदय को प्रस्तुत करेगा। ई–वोटिंग का परिणाम बैठक के समापन के अड़तालीस घंटों के भीतर घोषित किया जाएगा और इसी के साथ, समेकित स्क्रूटिनीज़र की रिपोर्ट, कंपनी की वेबसाइट (www.bhel.com) और KFinTech वेबसाइट https://Foting.karvy.com पर डाल दी जाएगी। परिणाम उसी समय स्टॉक एक्सचेंजों को सूचित किया जाएगा।

13) अपेक्षित संख्या में वोटों की प्राप्ति के अधीन, नोटिस में प्रस्तावित प्रस्तावों को बैठक की तिथि पर, अर्थात् 28 सितंबर, 2020 को पारित माना जाएगा।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड
(सीआईएन : एल74899डीएल1964जीओआई004281)
पंजीकृत कार्यालयः बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली : 110049
फोनः 011–66337000, फ़ैक्सः 011–66337428
वेबसाइटः www.bhel.com ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

प्रिय शेयरधारक (को)

संदर्भ : राष्ट्रीय इलेक्ट्रोनिक समाशोधन सेवाओं (एनईसीएस)/इलेक्ट्रोनिक समाशोधन सेवाओं (ईसीएस) के माध्यम से लाभांश का भुगतान

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता (लिस्टिंग) बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियम, 2015 के अनुसरण में सभी सूचीबद्ध कंपनियाँ लाभांश के भुगतान के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा स्वीकृत किसी भी इलेक्ट्रोनिक मोड जैसे ईसीएस/एनईसीएस/डाएरेक्ट क्रेडिट आदि के भुगतान की पद्धति को अपनाएंगे।

यदि आपने पहले से हमारे रजिस्ट्रार यानि मैसर्स केफिन टेक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड या डिपोजिटरी प्रतिभागी (डीमैट होल्डिंग के मामले में), एनईसीएस/ईसीएस/बैंक खाता विवरण प्रेषित नहीं किए हैं, तो आपसे हमारा अनुरोध है कि नीचे दिए गए फॉर्मेट में उक्त विवरण उपलब्ध कराएं, ताकि कंपनी द्वारा घोषित होने वाले लाभांश का त्वरित, सुरक्षित एवं सही भुगतान किया जा सके।

कृपया सुनिश्चित करें कि रजिस्ट्रारों/ डिपोजिटरी प्रतिभागी को आपके द्वारा प्रस्तुत किए गए विवरण सही हों, क्योंकि उनमें कोई त्रुटि होने पर लाभांश की राशि गलत खाते में जमा हो जाएगी।

कृपया आपकी बेहतर सेवा करने में हमें सहयोग करें।

भवदीय

(राजीव कालड़ा)
कंपनी सचिव

विशेष टिप्पणीः यदि आपके पास डीमैट रूप में शेयर हैं तो अपने डिपोजिटरी प्रतिभागी को आपके बैंक खाता विवरणों/एनईसीएस/ईसीएस/सीधे क्रेडिट अधिदेश पर ध्यान देने का परामर्श दें।

....

एनईसीएस/ईसीएस अधिदेश/बैंक खाता विवरणों के लिए फॉर्म

मैं/हम..एतदद्वारा बीएचईएल/अपने डिपोजिटरी प्रतिभागी कोः

– मेरे/हमारे लाभांश वारंट पर निम्न विवरण छापने

– एनईसीएस/ईसीएस द्वारा बैंक खाते में मेरे लाभांश राशि जमा करने हेतु प्राधिकृत करता हूं/करने हैं

(जो लागू न हो कृपया उसे काट दें)

मेरा/हमारा फोलियो सं............................ अथवा डीपी आईडी सं. ....ग्राहक सं.................................

बैंक खाते का विवरणः

- क. बैंक का नाम ....
- ख. शाखा का नाम ....
  (केवल अधिदेश के लिए पता)
- ग. एमआईसीआर चैक में दिए गए बैंक और शाखा के 9 अंको की कोड संख्या ....
- घ. आईएफ़एससी कोड ....
- ङ. खाते का प्रकार (बचत/चालू) ....
- च. बैक बुक मेंदिए गए अनुसार खाता सं. ....
- छ. शेयरधारक का एसटीडी कोड एवं फोन न. ....

यदि एनईसीएस/ईसीएस कार्यान्वित न हो सकी अथवा बैंक एनईसीएस/ईसीएस को किसी कारण से समाप्त कर देता है, तो मैं/हम कंपनी को जिम्मेदार नहीं ठहराऊंगा/ठहराएंगे ।

Mail to

मैसर्स केफिन टेक्नोलोजी प्राइवेट लिमिटेड
इकाईः बीएचईएल
सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट न. 31–32
गाछीवावली फ़िनान्शियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा
हैदराबाद–500008

____
शेयरधारक के हस्ताक्षर

कृपया (1) 9 अंको की कोड सं. की यथार्थता के सत्यापन हेतु आपके उक्त खाते से संबन्धित आपके बैंक द्वारा जारी चैक या खाली रद्द किए गए चैक की प्रति और (2) अपने पैन कार्ड की एक प्रति इस फॉर्म के साथ संलग्न करें।

बैंकर, लेखा परीक्षक और शेयर अंतरण एजेंट

बैंकर

इलाहाबाद बैंक
आंध्रा बैंक
बैंक ऑफ बड़ौदा
केनरा बैंक
सेंट्रल बैंक
कॉर्पोरेशन बैंक
एग्ज़िम बैंक
आईडीबीआई बैंक
इंडियन बैंक
इंडियन ओवरसीज़ बैंक
पंजाब नेशनल बैंक
भारतीय स्टेट बैंक
सिंडिकेट बैंक
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया
यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया
ऐक्सिस बैंक
एचडीएफसी बैंक
आईसीआईसीआई बैंक
इंडसइंड बैंक
कोटक महिंद्रा बैंक
आरबीएल बैंक
दि फेडरेशन बैंक लिमिटेड
यस बैंक
सीआईटीआई बैंक एन.ए.
ड्यूश बैंक एजी
स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक
दि हांगकांग एंड शंघाई बैंकिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड

लेखापरीक्षक

राज हर गोपाल एंड कं., नई दिल्ली
तिवारी एंड एसोशिएट्स, नई दिल्ली
महेश सी. सोलंकी एंड कं., भोपाल
पोनराज एंड कं., त्रिची
राव एंड कुमार, हैदराबाद
एस.आर.आर.के. शर्मा एसोशिएट्स, बैंगलुरु
एम. श्रीनिवासन एंड एसोशिएट्स, चेन्नई

लागत लेखापरीक्षक

सोमी एंड बनर्जी, दिल्ली
आर. जे. गोयल एंड कं., दिल्ली
केआरजे एंड एसोशिएट्स, हैदराबाद
एम. कृष्णास्वामी एंड एसोशिएट्स, चेन्नई
जे. एच. एंड एसोशिएट्स, बैंगलुरु
के.बी. सक्सेना एंड एसोशिएट्स, लखनऊ
उप्पालापति एंड एसोशिट्स, विशाखापट्टनम

शेयर अंतरण एजेंट

केफिन टेक्नोलॉजिज् प्रा. लि.
यूनिटः बीएचईएल
दिल्लीः 305, नई दिल्ली हाउस, 27, बाराखंबा रोड,, नई दिल्ली–110 001, फोनः 011–43681700, फैक्सः 011–43681710

हैदराबादः सेलेनियम टॉवर बी, प्लॉट 31–32, गाचीबोवली, फाइनेंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, हैदराबाद–500 032
फोनः 040–67162222, फैक्सः 040–23001153
ई–मेलः madhusudhan.ms@kfintech.com; einward.ris@kfintech.com
वेबसाइटः www.kfintech.com

पंजीकृत कार्यालय
बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 (भारत)
सीआईएनः L74899DL1964GOI004281
फोनः 011–66337000, फैक्सः 011–66337428
वेबसाइटः www.bhel.com ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

टिप्पणी

रक्षा और एयरोस्पेस में आत्मनिर्भर!

में आत्मनिर्भर!

बीएचईएल तीन दशकों से रक्षा और एयरोस्पेस क्षेत्र केलिए रणनीतिक उपकरणों और सेवाओं का एक विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता बना हुआ है।

बीएचईएल 1992 से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पुराने साझेदारों में से एक है। इसरो द्वारा लॉन्च किए गए अधिकांश उपग्रह जीसैट 30, जिसमें एक 500 वर्गमीटर स्पेस ग्रेड सौर पैनल की आपूर्ति बीएचईएल ने की गई थी, और अन्य उपग्रहों के साथ ही, भारत के सब से भारी संचार उपग्रह जीसैट –11, बीएचईएल निर्मित सौर पैनलों और लिथियम आयन बैटरी द्वारा संचालित है। बीएचईएल नेचंद्रयान –2 के लिए स्पेस ग्रेड सोलर पैनल और बैटरी की भी आपूर्ति की है।

बीएचईएल देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में और योगदान करते हुए, इसरो को टाइटेनियम मिश्र धातु आधारित अंतरिक्ष यान प्रोपलेंट टैंक उपकरणों की आपूर्ति कर रहा है।

ऐसे 100 से अधिक प्रोपलेंट टैंक उपकरण हैं, जो चंद्रयान –1 व 2, एवं मंगलयान सहित भारतीय उपग्रहों के साथ लगे स्वदेशी प्रोपलेंट टैंक का 90 प्रतिशत से अधिक है, की आपूर्ति अब तक की जा चुकी है। बीएचईएल दुनिया की उन कुछ चुनिंदा फर्मों में से एक है, जिनके पास सैन्य विमानों के लिए हीट एक्सचेंजर्स को डिजाइन और निर्माण करने की क्षमता है।

भारत हेवी इलेक्ट्रीकल्स लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: बीएचईएल हाउस, सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049 भारत

सी आई एन : L74899DL1964GOI004281

www.bhel.com

हमें इन पर फॉलो करें

BHELOfficial | BHEL_India | BHEL_India | bhel.india | company/bhel